**I.3.48** 2017-18 के दौरान सभी साधारण बीमाकर्ताओं की निवेश आय रु.25007 करोड़ रुपये थी (2016-17 में रु.21730 करोड़ रुपये थी) जिसने पिछले वर्ष के 13.90 प्रतिशत के मुकाबले 15.08 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं की निवेश आय उल्लेखनीय रूप में क्रमशः 18.57 प्रतिशत और 23.89 प्रतिशत बढ़ी है। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं की निवेश आय में क्रमशः 9.53 प्रतिशत और 6.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**सारणी I.37**
**साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं की निवेश आय**

(करोड़ रुपये)

| बीमाकर्ता | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|
| सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता | 13241.00<br>9.00% | 15699.85<br>18.57% |
| निजी क्षेत्र बीमाकर्ता | 7083.91<br>24.62% | 7759.21<br>9.53% |
| स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता | 312.32<br>29.41% | 386.93<br>23.89% |
| विशेषीकृत बीमाकर्ता | 1093.05<br>8.81% | 1160.71<br>6.19% |
| **कुल जोड़** | **21730.28<br>13.90%** | **25006.71<br>15.08%** |

**टिप्पणी:** प्रतिशत में आंकड़े संबंधित बीमाकर्ताओ की वृद्धि दर (प्रतिशत में) दर्शाते हैं।

### साधारण बीमाकर्ताओं का कर के बाद लाभ (पीएटी)

**I.3.49** वर्ष 2017-18 के दौरान साधारण बीमा उद्योग का कुल पीएटी, 2016-17 में विद्यमान रु.845 करोड़ के लाभ की तुलना में रु.6909 करोड़ था। सरकारी क्षेत्र की कंपनियों ने 2016-17 में रु.2551 करोड़ की हानि की तुलना में रु.2543 करोड़ का कर के बाद लाभ सूचित किया। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने 2016-17 में दर्ज रु.2763 करोड़ के पीएटी के मुकाबले रु.3798 करोड़ का पीएटी सूचित किया तथा विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने 2016-17 के रु.606 करोड़ के पीएटी की तुलना में रु.670 करोड़ के पीएटी की सूचना दी जबकि स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने 2016-17 में दर्ज रु.27 करोड़ रुपये के कर के बाद लाभ की तुलना में रु.102 करोड़ की हानि सूचित की।

**I.3.50** वर्ष 2017-18 के दौरान सरकारी क्षेत्र के चार बीमाकर्ताओं में से तीन ने हानि की सूचना दी। न्यू इंडिया ने 2016-17 के रु.1008 करोड़ के पीएटी की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान रु.2201 करोड़ का पीएटी सूचित किया और इस प्रकार 118% वृद्धि की। नेशनल इंश्योरेंस ने वर्ष 2016-17 में दर्ज रु.46 करोड़ के कर के बाद लाभ की तुलना में रु.2171 करोड़ की हानि सूचित की, ओरियन्टल ने 2016-17 के रु.1691 करोड़ के कर के बाद लाभ की तुलना में 2017-18 के दौरान रु.1510 करोड़ की कर के बाद लाभ सूचित किया। युनाइटेड इंडिया ने 2016-17 के दौरान दर्ज रु.1914 करोड़ की हानि के मुकाबले 2017-18 के दौरान रु.1003 करोड़ की कर के बाद लाभ की सूचना दी।

**I.3.51** 2017-18 के दौरान इक्कीस निजी साधारण बीमा कंपनियों में से जबकि चौदह ने पीएटी की सूचना दी, शेष सात कंपनियों ने हानियाँ उठाईं। वर्ष 2017-18 के दौरान बजाज अलायंज़ का पीएटी वर्ष 2016-17 के रु.728 करोड़ के पीएटी के मुकाबले रु.921 करोड़ था। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का पीएटी वर्ष 2016-17 के रु.702 करोड़ के पीएटी की तुलना में 2017-18 के दौरान रु.862 करोड़ था। कर के बाद हानियों की सूचना जिन बीमाकर्ताओं ने दी, वे थे एक्को जनरल, भारती अक्सा, डीएचएफएल जनरल, एडेलवेइस जनरल, गो डिजिट, कोटक महिन्द्रा और लिबर्टी। छह स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं में से वर्ष 2017-18 के दौरान तीन ने हानि सूचित की और तीन ने पीएटी सूचित किया। वर्ष 2017-18 के दौरान जिन तीन स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने पीएटी सूचित किया, वे थे अपोलो म्यूनिख, मैक्स बूपा और स्टार हेल्थ। अपोलो म्यूनिख, मैक्स बूपा और स्टार हेल्थ ने वर्ष 2017-18 के दौरान क्रमशः रु.15 करोड़, रु.23 करोड़ और रु.170 करोड़ के पीएटी की सूचना दी। विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2017-18 के दौरान रु.670 करोड़ का पीएटी सूचित किया।

### शेयरधारकों को प्रतिलाभ

**I.3.52** सरकारी क्षेत्र की चार साधारण बीमा कंपनियों में से केवल न्यू इंडिया ने वर्ष 2016-17 में दर्ज शून्य लाभांश के भुगतान की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान रु.309 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया है। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं में वर्ष 2017-18 के दौरान पाँच कंपनियों ने लाभांश का भुगतान किया है। एचडीएफसी एरगो ने रु. 121 करोड़ का लाभांश अदा किया, श्रीराम जनरल ने रु.102.71 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने रु.68 करोड़ का लाभांश अदा किया, चोलमंडलम एमएस ने रु.18 करोड़ का लाभांश अदा किया तथा रिलायंस जनरल ने रु.6 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया।

जीआईसी ने वर्ष 2016-17 के दौरान दर्ज शून्य लाभांश के मुकाबले वर्ष 2017-18 के दौरान रु.1002 करोड़ का भुगतान किया। ईसीजीसी ने वर्ष 2016-17 में अदा किये गये रु.73 करोड़ के लाभांश की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान किसी लाभांश का भुगतान नहीं किया। एआईसी द्वारा वर्ष 2017-18 के लिए किसी लाभांश का भुगतान नहीं किया गया।

### पॉलिसीधारकों की अदावी राशि

**I.3.53** सरकार ने अधिसूचना एफ. सं. 13/20/2014/एनएस- दिनांक 18 मार्च 2016 के द्वारा वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि नियम, (एससीडब्ल्यूएफ), 2016 अधिसूचित किये हैं। तदुपरांत अधिसूचना एफ.सं. 13/20/2014/एनएस- दिनांक 11.04.2017 के अनुसार इन नियमों में किये गये संशोधन ने जीवन, साधारण और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए यह अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाया है कि वे 10 वर्ष के बाद अदावी राशियों का अंतरण उक्त वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि (एससीडब्ल्यूएफ) में करें। इन नियमों के अनुसार, प्रत्येक बीमा कंपनी अदावी राशियों की पहचान करेगी तथा प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 30 सितंबर तक अदावी राशि के विवरण से युक्त खातों की सूची तैयार करेगी और प्रत्येक वर्ष मार्च के पहले दिन को या उससे पहले एससीडब्ल्यूएफ में अंतरण करेगी। इन नियमों को लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 पहला वर्ष है। 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार रु. 81.63 करोड़ की अदावी राशि उक्त वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि में अंतरित की गई है जिसके अंतर्गत रु. 48.95 करोड़ जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित है और रु. 32.68 करोड़ गैर-जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित है।

**सारणी I.38**
**साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का कर के बाद लाभ**

(करोड़ रुपये)

| बीमाकर्ता | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|
| सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता | -2,551.00 | 2542.70 |
| निजी क्षेत्र बीमाकर्ता | 2763.00 | 3798.33 |
| स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता | 27.00 | -102.19 |
| विशेषीकृत बीमाकर्ता | 606.00 | 669.95 |
| **कुल जोड़** | **845.00** | **6908.80** |

**टिप्पणी:** पिछले वर्ष के आंकड़ों में बीमाकर्ता द्वारा पुनःवर्गीकरण / पुनःसमूहन, यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया गया है।

**सारणी I.39 भुगतान किया गया लाभांश**
**साधारण, स्वास्थ्य और पुनर्बीमाकर्ता**

(करोड़ रुपये)

| बीमाकर्ता | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|
| **साधारण बीमाकर्ता** | | |
| सरकारी क्षेत्र | - | 309 |
| निजी क्षेत्र | 258 | 316 |
| **उप-जोड़** | **258** | **625** |
| **स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता** | | |
| सरकारी क्षेत्र | लागू नहीं | लागू नहीं |
| निजी क्षेत्र | - | - |
| **उप-जोड़** | **-** | **-** |
| **विशेषीकृत बीमाकर्ता** | | |
| सरकारी क्षेत्र | 73 | - |
| निजी क्षेत्र | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **उप-जोड़** | **73** | **-** |
| **पुनर्बीमाकर्ता** | | |
| सरकारी क्षेत्र | - | 1002 |
| निजी क्षेत्र | - | - |
| विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाएँ | - | - |
| **उप-जोड़** | **-** | **1002** |
| **कुल जोड़** | **331** | **1627** |

उपर्युक्त आंकड़ों में प्रस्तावित अंतिम लाभांश और अंतरिम लाभांश भी शामिल हैं।
टिप्पणीः पिछले वर्ष के आंकड़ों में बीमाकर्ता द्वारा पुनःवर्गीकरण / पुनःसमूहन, यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया गया है।

बॉक्स मद 2

## भारत में बीमा क्षेत्र में इंड एएस का कार्यान्वयन

### बीमा क्षेत्र में इंड एएस पर प्रेस प्रकाशनी

प्रेस प्रकाशनी दिनांक 18 जनवरी 2016 में एमसीए ने बीमा क्षेत्र के लिए इंड एएस के कार्यान्वयन हेतु रूपरेखा निर्धारित की है। वह बीमाकर्ताओं/ बीमा कंपनियों से अपेक्षा करती है कि वे 31 मार्च 2018 को समाप्त अवधि और उसके बाद की अवधियों के लिए तुलनात्मक आंकड़ों के साथ 1 अप्रैल 2018 से प्रारंभ होनेवाली लेखांकन अवधियों के लिए इंड एएस आधारित वित्तीय विवरण तैयार करें।

इंड एएस संबंधी कार्यान्वयन दलः प्राधिकरण ने इंड एएस हेतु बीमा उद्योग को तैयार करने और जहाँ भी आवश्यक हो वहाँ उपयुक्त दिशानिर्देश देने के लिए 17 नवंबर 2015 के आदेश के द्वारा एक कार्यान्वयन दल गठित किया था। बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण तैयार करने से संबंधित विनियमों के प्रारूप के साथ उक्त कार्यान्वयन दल की रिपोर्ट आईआरडीएआई की वेबसाइट पर 30 दिसंबर 2016 को प्रकाशित की गई है।

### प्रोफार्मा और एएस वित्तीय विवरण

प्राधिकरण ने 1 मार्च 2016 के परिपत्र के द्वारा निर्देश दिया है कि बीमाकर्ताओं को इंड एएस संबंधी कार्यान्वयन दल द्वारा संस्तुत फार्मेटों के प्रारूपों का उपयोग करते हुए 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही से लेकर आगे प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने होंगे।

बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे इंड एएस के कार्यान्वयन की दिशा में प्रणालियों और प्रक्रियाओं के लिए अपेक्षित परिवर्तनों की योजना बनाएँ तथा बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति के पर्यवेक्षण के अधीन कार्यान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्यात्मक क्षेत्रों से सदस्यों को लेकर अपनी संबंधित संस्थाओं के अंदर संचालन समिति का गठन करें। यह अपेक्षित है कि इंड एएस कार्यान्वयन के लिए कार्यनीति और इस संबंध में की गई प्रगति का प्रकटीकरण वित्तीय वर्ष 2015-16 से लेकर कार्यान्वयन होने तक किया जाए।

### आईएफआरएस 17 बीमा संविदाएँ

अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (बोर्ड) ने 18 मई 2017 को बहुप्रतीक्षित आईएफआरएस 17 बीमा संविदाएँ जारी किया है जो आईएफआरएस 4 को प्रतिस्थापित करता है जो एक अंतरिम मानक के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

आईएफआरएस 17 की घोषणा के अनुसरण में आईआरडीएआई ने 31 मई 2017 को आयोजित अपनी बैठक में इंड एएस के कार्यान्वयन, विशेष रूप से इंड एएस 104 (जो आईएफआरएस 4 के समान है) से संबंधित स्थिति की समीक्षा की।

एक अल्प अवधि के लिए एक अंतरिम मानक के कार्यान्वयन के गुण-दोष का मूल्यांकन करने के बाद प्राधिकरण ने भारत में बीमा क्षेत्र की विशेषताओं, खास तौर से इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि भारत के पास वित्तीय लिखतों : निर्धारण और मापन संबंधी आईएएस 39 का मानक समकक्ष नहीं है।

कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियम, 2016 के नियम 4 के अनुसार जो कहता है कि 'बैंकिंग कंपनियाँ और बीमा कंपनियाँ क्रमशः भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) एवं बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा अधिसूचित रूप में इंड एएस को लागू करेंगी', प्राधिकरण ने विनियामक प्रत्यादेश (ओवरराइड) का अनुमोदन किया जिसके द्वारा भारत में बीमा क्षेत्र में इंड एएस के कार्यान्वयन को दो वर्ष की अवधि के लिए आस्थगित किया गया है तथा इसे 2020-21 से प्रभावी रूप में कार्यान्वित किया जाएगा।

बीमा संविदाओं संबंधी नये मानक के शीघ्र अंगीकरण पर कार्य प्रारंभ करने के लिए बीमा संविदा पर नये मानक (आईएफआरएस 17 के समकक्ष) संबंधी एक कार्य-दल का गठन दिनांक 21 अगस्त 2017 के अनुसार किया गया।

उक्त कार्य-दल ने भारत में बीमा संविदाओं संबंधी नये मानक को अधिसूचित करने में आईसीएआई के साथ घनिष्ठतापूर्वक कार्य किया। हितधारकों से टिप्पणियाँ प्राप्त करने के लिए इंड एएस 117 का एक्सपोज़र प्रारूप आईसीएआई द्वारा 12 फरवरी 2018 को जारी किया गया है। उक्त कार्य-दल एएस का अनुपालन करनेवाले वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति संबंधी फार्मेटों के प्रारूपों के साथ अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए कार्य कर रहा है।

## कार्यालयों की संख्या

**I.3.54** 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार साधारण बीमा कंपनियाँ देश भर में वित्तीय वर्ष 2016-17 के 10547 कार्यालयों की तुलना में 10,425 कार्यालयों (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) से परिचालन कर रही थीं। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 122 कार्यालयों की कमी है। सारे भारत में स्थित कार्यालयों का क्षेत्र-वार और राज्य-वार वितरण क्रमशः सारणी सं. .40 और .41 में दिया गया है।

## जिला स्तरीय व्याप्ति साधारण बीमाकर्ता

**I.3.55** साधारण बीमा में, देश के 640 जिलों में से 553 जिलों में (अर्थात देश में कुल जिलों के 86.4% में) सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के कार्यालय हैं। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) 235 जिलों (अर्थात देश में कुल जिलों का 36.72%) को समाविष्ट करते हैं। देश में 87 जिलों में साधारण बीमाकर्ताओं के कोई कार्यालय नहीं हैं।

**सारणी I.40 साधारण बीमाकर्ताओं के कार्यालयों की संख्या (31 मार्च की स्थिति के अनुसार)**

| क्षेत्र | 2017 | 2018 |
|---|---|---|
| सरकारी | 8518 | 8296 |
| निजी | 1946 | 2043 |
| विशेषीकृत | 83 | 86 |
| **कुल** | **10547** | **10425** |

*इन आंकड़ों में स्टैंडअलोन स्वास्थ्य कार्यालय शामिल नहीं हैं।

**सारणी I.41**
**31.03.2018 को साधारण बीमा कार्यालयों का राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार वितरण**

| राज्य/संघराज्य क्षेत्र | कार्यालयों की सं. | राज्य/संघराज्य क्षेत्र | कार्यालयों की सं. |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 493 | नगालैंड | 13 |
| अरुणाचल प्रदेश | 12 | ओडिशा | 323 |
| असम | 233 | पंजाब | 454 |
| बिहार | 275 | राजस्थान | 533 |
| छत्तीसगढ़ | 168 | सिक्किम | 9 |
| गोवा | 57 | तमिलनाडु | 1183 |
| गुजरात | 642 | तेलंगाना | 333 |
| हरियाणा | 303 | त्रिपुरा | 39 |
| हिमाचल प्रदेश | 112 | उत्तर प्रदेश | 983 |
| जम्मू व कश्मीर | 111 | उत्तराखंड | 102 |
| झारखंड | 198 | पश्चिम बंगाल | 520 |
| कर्नाटक | 653 | अंदमान व निकोबार द्वीप | 11 |
| केरल | 538 | चंडीगढ़ | 59 |
| मध्य प्रदेश | 456 | दादरा व नगर हवेली | 3 |
| महाराष्ट्र | 1177 | दमण व दीव | 3 |
| मणिपुर | 13 | दिल्ली | 336 |
| मेघालय | 30 | लक्षद्वीप | 1 |
| मिजोरम | 13 | पुदुचेरी | 36 |
| | | **कुल जोड़** | **10425** |

टिप्पणी : इन आंकड़ों में स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालय शामिल नहीं हैं। .

सारणी I.42
31.03.2018 को साधारण बीमाकर्ताओं के कार्यालयों की संख्या स्तर-वार

| बीमाकर्ताओं की श्रेणी | वर्ष | स्तर-I | स्तर-II | स्तर-III | स्तर-IV | स्तर-V | स्तर-VI | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सरकारी क्षेत्र | 2017 | 4052 | 1103 | 1744 | 1470 | 100 | 49 | 8518 |
| | 2018 | 4087 | 1107 | 1693 | 1256 | 92 | 61 | 8296 |
| निजी क्षेत्र | 2017 | 1874 | 48 | 15 | 7 | 2 | 0 | 1946 |
| | 2018 | 1982 | 55 | 4 | 2 | 0 | 0 | 2043 |
| विशेषीकृत क्षेत्र | 2017 | 82 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 83 |
| | 2018 | 86 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 86 |
| **कुल** | **2017** | **6008** | **1152** | **1759** | **1477** | **102** | **49** | **10547** |
| | **2018** | **6155** | **1162** | **1697** | **1258** | **92** | **61** | **10425** |

टिप्पणी: स्तर-I: जनसंख्या 1,00,000 और अधिक; स्तर-II: जनसंख्या 50,000 से 99,999; स्तर-III: जनसंख्या 20,000 से 49,999; स्तर-IV: जनसंख्या 10,000 से 19,999; स्तर-V: जनसंख्या 5,000 से 9,999 स्तर-VI: जनसंख्या 5,000 से कम।

सारणी 1.43 साधारण बीमाकर्ताओं द्वारा जिलों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार व्याप्ति
(31 मार्च 2018 को)

| राज्य/ केन्दीय शासित प्रदेश | जिलों की संख्या | साधारण बीमा कार्यालयों से युक्त जिलों की संख्या | | | साधारण बीमा कार्यालयों से रहित जिलों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पीएसयू | निजी | सरकारी अथवा निजी | पीएसयू | निजी | कोई नहीं |
| आंध्र प्रदेश | 13 | 13 | 12 | 13 | 0 | 1 | 0 |
| अरुणाचल प्रदेश | 21 | 4 | 0 | 4 | 17 | 21 | 17 |
| असम | 33 | 26 | 4 | 26 | 7 | 29 | 7 |
| बिहार | 38 | 32 | 7 | 32 | 6 | 31 | 6 |
| छत्तीसगढ़ | 27 | 16 | 7 | 16 | 11 | 20 | 11 |
| गोवा | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| गुजरात | 33 | 26 | 19 | 26 | 7 | 14 | 7 |
| हरियाणा | 22 | 21 | 6 | 21 | 1 | 16 | 1 |
| हिमाचल प्रदेश | 12 | 10 | 4 | 10 | 2 | 8 | 2 |
| जम्मू व कश्मीर | 22 | 14 | 3 | 14 | 8 | 19 | 8 |
| झारखंड | 24 | 17 | 5 | 17 | 7 | 19 | 7 |
| कर्नाटक | 30 | 30 | 13 | 30 | 0 | 17 | 0 |
| केरल | 14 | 14 | 11 | 14 | 0 | 3 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 51 | 39 | 12 | 39 | 12 | 39 | 12 |
| महाराष्ट्र | 36 | 35 | 25 | 35 | 1 | 11 | 1 |
| मणिपुर | 16 | 3 | 1 | 3 | 13 | 15 | 13 |
| मेघालय | 11 | 5 | 1 | 5 | 6 | 10 | 6 |
| मिजोरम | 8 | 4 | 1 | 4 | 4 | 7 | 4 |
| नगालैंड | 11 | 4 | 0 | 4 | 7 | 11 | 7 |
| ओडिशा | 30 | 27 | 9 | 27 | 3 | 21 | 3 |

| राज्य/ केन्दीय शासित प्रदेश | जिलों की संख्या | साधारण बीमा कार्यालयों से युक्त जिलों की संख्या | | | साधारण बीमा कार्यालयों से रहित जिलों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पीएसयू | निजी | सरकारी अथवा निजी | पीएसयू | निजी | कोई नहीं |
| पंजाब | 22 | 20 | 10 | 20 | 2 | 12 | 2 |
| राजस्थान | 33 | 32 | 12 | 32 | 1 | 21 | 1 |
| सिक्किम | 4 | 2 | 1 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| तमिलनाडु | 32 | 32 | 16 | 32 | 0 | 16 | 0 |
| तेलंगाना | 31 | 10 | 7 | 10 | 21 | 24 | 21 |
| त्रिपुरा | 8 | 4 | 1 | 4 | 4 | 7 | 4 |
| उत्तर प्रदेश | 75 | 66 | 22 | 66 | 9 | 53 | 9 |
| उत्तराखंड | 13 | 9 | 3 | 9 | 4 | 10 | 4 |
| पश्चिम बंगाल | 23 | 19 | 12 | 19 | 4 | 11 | 4 |
| अंदमान व निकोबार द्वीप-समूह | 3 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 |
| चंडीगढ़ | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| दादरा व नगर हवेली | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| दमण व दीव | 2 | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 |
| दिल्ली | 11 | 9 | 5 | 9 | 2 | 6 | 2 |
| लक्षद्वीप | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| पुदुचेरी | 4 | 2 | 1 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| **कुल** | **718** | **553** | **235** | **553** | **165** | **483** | **165** |

*जनगणना 2011 के आंकड़ों के साथ-साथ उसके बाद बनाए गए नए जिलों के अनुसार जिलों की संख्या माना जाता है।

**चार्ट I.18. साधारण बीमाकर्ताओं के कार्यालयों की संख्या स्तर-वार 2017-18**




**I.3.56 मोटर अन्य पक्ष प्रीमियम दरों में संशोधन:**

1. आईआरडीएआई प्रति वर्ष मोटर अन्य पक्ष बीमा के लिए प्रीमियम दरें निर्धारित करता है।

2. तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, आईआरडीएआई ने पूर्व के अखिल भारतीय मोटर प्रशुल्क (टैरिफ) में निहित प्रत्येक वर्गीकरण कूट के लिए मोटर अन्य पक्ष प्रीमियम दरों के निर्धारण का कार्य संपन्न किया है। आईआरडीएआई ने दिनांक 07.03.2018 के एक्सपोज़र प्रारूप (आईआरडीएआई की वेबसाइट पर रखा गया है) पर सभी हितधारकों से टिप्पणियाँ माँगी हैं।

3. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए मोटर अन्य पक्ष बीमा प्रीमियम हेतु निर्णीत दरों की अनुसूची सभी हितधारकों के हितों पर विचार करने के बाद प्राधिकरण की दिनांक 28 मार्च 2018 की अधिसूचना सं. 'आईआरडीएआई/

एनएल/एनटीएफएन/एमओटीपी/053/ 03/ 2018' के द्वारा अधिसूचित की गई।

### I.3.57 मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के दायित्व

1. बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32डी का अनुपालन करने के लिए प्राधिकरण ने बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद मोटर बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के न्यूनतम दायित्व के लिए कार्यपद्धति बताते हुए 2 जून 2015 को आईआरडीएआई (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 अधिसूचित किये।
2. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए साधारण बीमाकर्ताओं के मोटर टीपी दायित्वों की समीक्षा की गई तथा यह पाया गया कि एक बीमाकर्ता ने अनुपालन नहीं किया।

### विशेषीकृत बीमाकर्ता

### भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लि.

**I.3.58** भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लि. (ईसीजीसी) एक विशेषीकृत बीमाकर्ता है जो निर्यात ऋण बीमा में व्यवसाय का जोखिम-अंकन करता है। इस कंपनी ने 2017-18 में रु.1240 करोड़ के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया तथा 2016-17 के रु.1268 करोड़ के मुकाबले 2.15

**सारणी I.44**
**मोटर जी.डी.पी. डेटा**

(₹ करोड़)

| बीमाकर्ता | वित्तीय वर्ष 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मोटर ओडी जीडीपी | मोटर अन्य पक्ष जीडीपी | कुल मोटर जीडीपी | कुल जीडीपी |
| बजाज अलायंज़ जनरल | 2119.7 | 2033.0 | 4152.7 | 9445.2 |
| भारती अक्सा जनरल | 693.9 | 380.0 | 1073.9 | 1753.6 |
| चोलमंडलम एमएस | 992.3 | 1648.4 | 2640.7 | 4102.6 |
| फ्यूचर जनराली इंडिया | 510.2 | 527.1 | 1037.3 | 1906.4 |
| एचडीएफसी एरगो जनरल | 1366.9 | 939.7 | 2306.6 | 7290.0 |
| आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल | 3062.2 | 2187.2 | 5249.5 | 12356.9 |
| इफ्को टोकियो जनरल | 1495.1 | 1507.3 | 3002.4 | 5631.9 |
| कोटक महिन्द्रा जनरल | 81.5 | 57.9 | 139.4 | 185.4 |
| लिबर्टी वीडियोकॉन | 358.0 | 195.8 | 553.8 | 816.5 |
| मैगमा एचडीआई | 150.3 | 263.2 | 413.4 | 526.7 |
| नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि. | 2816.2 | 4207.8 | 7024.0 | 16193.5 |
| दी न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि. | 3352.8 | 5742.1 | 9094.9 | 22718.8 |
| दी ओरियन्टल इंश्योरेंस कं. लि. | 1544.6 | 2812.9 | 4357.5 | 11452.0 |
| रहेजा क्यूबीई जनरल | 0.1 | 51.7 | 51.8 | 83.5 |
| रिलायंस जनरल | 1198.4 | 1286.1 | 2484.5 | 5069.1 |
| रॉयल सुंदरम जनरल | 1239.0 | 787.5 | 2026.5 | 2623.4 |
| एसबीआई जनरल | 648.4 | 329.7 | 978.2 | 3544.2 |
| श्रीराम जनरल | 586.5 | 1454.1 | 2040.6 | 2100.8 |
| टाटा एआईजी जनरल | 1608.8 | 1205.2 | 2814.0 | 5435.9 |
| युनाइटेड इंडिया | 2163.7 | 4918.0 | 7081.7 | 17430.0 |
| यूनिवर्सल सोम्पो | 333.6 | 313.6 | 647.3 | 2310.9 |
| **कुल जोड़** | **26322.2** | **32848.4** | **59170.6** | **132977.0** |

*टिप्पणी: छूट बीमाकर्ता शामिल नही है।*

प्रतिशत की गिरावट सूचित की। उक्त बीमाकर्ता ने पिछले वर्ष के रु.246 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की तुलना में रु.555 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की सूचना दी। इस बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम पिछले वर्ष के रु.872 करोड़ की तुलना में रु.839 करोड़ का है। कंपनी का कर के बाद लाभ पिछले वर्ष के रु.282 करोड़ से घटकर रु.74 करोड़ हुआ। उक्त बीमाकर्ता ने 2017-18 में 136% का उपगत दावा अनुपात (2016-17 में 121%) सूचित किया।

**भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि.**

**I.3.59** भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि. (एआईसी) एक विशेषीकृत बीमाकर्ता है जो कृषि बीमा में व्यवसाय का जोखिम-अंकन करता है। इस कंपनी ने 2016-17 के रु.6980 करोड़ की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि सूचित करते हुए वर्ष 2017-18 के दौरान रु.7893 करोड़ के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया। इस बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम पिछले वर्ष के रु.2003 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2017-18 के लिए रु.1780 करोड़ है। उक्त बीमाकर्ता ने 2016-17 में अर्जित रु.32 करोड़ के जोखिम-अंकन लाभ की तुलना में 2017-18 में रु.337 करोड़ का जोखिम-अंकन लाभ अर्जित किया। कंपनी का कर के बाद लाभ पिछले वर्ष के रु.324 करोड़ से बढ़कर रु.596 करोड़ हो गया। कंपनी का उपगत दावा अनुपात 2016-17 में विद्यमान 120% की तुलना में 2017-18 में 102% है।

एआईसी प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के लिए मुख्य बीमाकर्ता है। पीएमएफबीवाई के अलावा, एआईसी ने पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) और नारियल वृक्ष बीमा योजना (सीपीआईएस) के अंतर्गत किसानों को बीमा उपलब्ध कराया है। फ़सल बीमा के लिए कुछ आंतरिक उत्पाद भी (उपर्युक्त सरकार प्रायोजित योजनाओं के अतिरिक्त) उपलब्ध हैं।

**पुनर्बीमाकर्ताः**

**भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी)**

**I.3.60** जीआईसी राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता है, जो भारत में प्रत्यक्ष साधारण बीमा कंपनियों को पुनर्बीमा उपलब्ध कराता है। निगम का पुनर्बीमा कार्यक्रम घरेलू बाजार के अंदर एक्सपोज़र के लिए पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित करते हुए तथा पर्याप्त क्षमताएँ विकसित करते हुए, देश के अंदर प्रतिधारण को इष्टतम बनाने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अभिकल्पित किया गया है।

**I.3.61** जीआईसी द्वारा अंकित कुल निवल प्रीमियम 2016-17 में दर्ज रु. 30175 करोड़ से 2017-18 के दौरान रु. 37634 करोड़ तक 24.72 प्रतिशत बढ़ा। उक्त पुनर्बीमाकर्ता के निवल अर्जित प्रीमियम में 2016-17 के रु. 26715 करोड़ से 2017-18 के दौरान रु. 38096 करोड़ तक वृद्धि हुई। निवल उपगत दावा अनुपात 2016-17 के 81.03 प्रतिशत से घटकर 2017-18 में 86.50 प्रतिशत हो गया। उक्त कंपनी ने 2016-17 के रु. 3128 करोड़ के कर के बाद लाभ की तुलना में 2017-18 में रु. 3234 करोड़ के कर के बाद के लाभ की सूचना दी।

**आईटीआई आरई**

**I.3.62** वर्ष 2016-17 के दौरान प्राधिकरण ने आईटीआई रीइंश्योरेंस लिमिटेड, एक निजी बीमाकर्ता को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया। उक्त कंपनी को व्यवसाय अभी प्रारंभ करना है। कंपनी ने वर्ष 2017-18 में रु.17 करोड़ का कर के बाद लाभ (पीएटी) सूचित किया है।

**विदेशी पुनर्बीमा शाखाएँ**

**I.3.63** वर्ष 2017-18 के दौरान विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं द्वारा स्वीकृत पुनर्बीमा पर कुल प्रीमियम रु.6216 करोड़ था। इसमें से स्विस आरई के पास रु. 2047 करोड़ का सबसे बड़ा अंश था, जबकि म्यूनिख आरई और स्कोर एसई ने क्रमशः रु.1307 करोड़ और रु. 1186 करोड़ सूचित किया है।

**I.3.64** वर्ष 2017-18 के दौरान, विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं की समनुदेशित पूँजी में 31 मार्च 2017 को यथाविद्यमान रु. 1117.81 करोड़ से 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार रु.2570.35 करोड़ तक रु.1452.54 करोड़ की वृद्धि हुई।

**I.3.65** भारत में परिचालनरत सभी 9 विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं में से 3 ने कर के बाद लाभ सूचित किया है जबकि शेष 6 ने वर्ष 2017-18 में हानि की सूचना दी है। स्विस आरई ने रु.61

करोड़ का कर के बाद लाभ सूचित किया है जबकि अक्सा फ्रांस और लॉयड्स ने क्रमशः रु.7.67 करोड़ और रु.1.69 करोड़ का कर के बाद लाभ की सूचना दी है। समग्र रूप में सभी 9 विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं का हानी रु.323 करोड़ था।

### I.4 समीक्षा

### I.4.1 पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण

**I.4.1.1 पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण विनियम –** पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण का मूलभूत ढाँचा आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 में निहित है। 2002 के बाद अनेक परिवर्तन किये गये हैं जिनमें शामिल हैं बीमा मध्यवर्तियों की नई श्रेणियों का प्रारंभ, जैसे दलाल, वेब-संग्राहक, बीमा विपणन फर्म (आईएमएफ) आदि। आईजीएमएस, आईआरडीएआई शिकायत केन्द्र आदि को प्रारंभ करने के साथ ही शिकायत निवारण के माध्यमों में भी वृद्धि हुई है। जीवन बीमा पॉलिसियों के कथित अपविक्रय, साधारण बीमा में दावों के निपटान में विलंब, उत्पादों के स्रोतीकरण (सोर्सिंग), विक्रय और सर्विसिंग की प्रक्रिया के संबंध में बढ़ती हुई शिकायतों ने बेहतर पॉलिसीधारक संरक्षण के लिए विनियामक ढाँचे में तदनुरूपी परिवर्तन को आवश्यक बनाया है। अतः बदलते समय के अनुरूप उक्त 2002 विनियमों का परीक्षण करने की आवश्यकता अनुभव की गई। इस स्थिति के होते हुए, आईआरडीएआई ने आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2014 का प्रारूप जारी किया है और हितधारकों से अभिमत आमंत्रित किये हैं। प्रतिसाद के तौर पर प्राधिकरण को विभिन्न हितधारकों से विपुल मात्रा में अभिमत प्राप्त हुए हैं। तदुपरांत विनियामक परिवेश में कुछ परिवर्तन घटित हुए हैं, जैसे, बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 का अधिनियमन तथा प्राधिकरण द्वारा कई नये.विनियमों और दिशानिर्देशों की अधिसूचना। अतः पिछले प्रारूप पर हितधारकों की प्रतिसूचना (फीडबैक) को ध्यान में रखते हुए एक नया एक्सपोज़र प्रारूप विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई। तदनुसार, नया एक्सपोज़र प्रारूप अर्थात आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 विकसित किया गया है और हितधारकों के अभिमतों की अपेक्षा करते हुए प्राधिकरण की वेबसाइट पर रखा गया है, प्राप्त अभिमतों पर विचार किया गया है तथा उक्त प्रारूप बीमा सलाहकार समिति (आईएसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आईएसी द्वारा सुझाये गये परिवर्तनों की फैक्टरिंग करने के बाद प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया और अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बोर्ड द्वारा सुझाये गये परिवर्तन शामिल किये गये और उक्त प्रारूप 26.07.2017 को अधिसूचित किया गया।

आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 में विक्रय केन्द्र के स्तर, प्रस्ताव के स्तर और पॉलिसी के निर्गम के स्तर पर अनुसरण किये जाने के संबंध में बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए ढाँचा निहित है। उक्त विनियम निर्धारित करते हैं कि बीमाकर्ताओं के पास पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होनी चाहिए जिसमें बीमा जागरूकता को बढ़ाना, सेवा मानदंडों को परिभाषित करना, टर्नअराउंड समय, शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए क्रियाविधि, अपविक्रय (मिस-सेलिंग) और अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए कदम तथा संभावित ग्राहकों को उचित सूचना के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए की गई कार्रवाई शामिल होंगे। उक्त विनियम बीमाकर्ताओं के लिए यह भी निर्धारित करते हैं कि बीमा दावों के विलंबित निपटान पर उन्हें ब्याज का भुगतान करना होगा।

**I.4.1.2 छल-कपटपूर्ण कॉल** आईआरडीएआई और अन्य वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के नाम से छल-कपटपूर्ण कॉल बीमा उद्योग के लिए चिंता का विषय है। आईआरडीएआई ने विभिन्न संपर्क बिन्दुओं पर और मीडिया में भी छल-कपटपूर्ण कॉलों के विरुद्ध जनसाधारण को सतर्क करने के लिए कई सार्वजनिक सूचनाएँ, प्रेस प्रकाशनियाँ, अग्रणी टीवी चैनलों पर और समाचारपत्रों में विज्ञापन एवं बीमा कंपनियों को निदेश जारी किये हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपविक्रय और छल-कपटपूर्ण कॉलों के अंतर्गत सभी शिकायतों पर कार्रवाई सभी मामलों में बीमाकर्ताओं की निर्धारित नीति के अनुसार की जाए, सभी जीवन बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया कि वे अपविक्रय और छल-कपटपूर्ण कॉलों पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करने के संबंध में एक कंपनी विशिष्ट नीति बनाएँ।

सभी जीवन बीमाकर्ताओं ने अपनी कंपनी विशिष्ट नीति बनाई है और प्राधिकरण को प्रस्तुत की है।

**मोटार दुर्घटणा दावा ट्रिब्युनल (एम.ए.सी.टी.)**

**I.4.1.3** प्राधिकरण ने परिपत्र संदर्भः आईआरडीए/सीएडी/सीआईआर/एमआईएससी/194/11/ 2015 दिनांक 03.11.2015 जारी किया है जिसके द्वारा बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण) और बीमा लोकपाल के आदेशों का पालन आदेशों में विनिर्दिष्ट समय-सीमाओं के अनुसार अथवा उन मामलों में जहाँ आदेश में कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई हो, बीमाकर्ता द्वारा आदेश/ अधिनिर्णय की प्राप्ति से 60 दिन के अंदर करें। यदि बीमाकर्ता आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत करना चाहता है, तो आदेश के विरुद्ध ऐसी अपील लागू नियमों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के अंदर प्रस्तुत की जाएगी तथा ग्राहक को तदनुसार सूचित किया जाना चाहिए।

**पॉलिसीधारकों के संरक्षण हेतु पहलें**

**I.4.1.4** आईआरडीए (विज्ञापन और प्रकटीकरण) विनियम, 2000 और विज्ञापनों से संबंधित अन्य दिशानिर्देशों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी सूचना (इंटरनेट पर उपलब्ध सूचना सहित) जो प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अंततः पॉलिसी की बिक्री अथवा अपेक्षा के रूप में परिणत होती है, अनुचित अथवा भ्रामक नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें प्रस्तावित किये जानेवाले उत्पाद के बारे में उचित सूचना निहित होनी चाहिए ताकि ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार बीमा उत्पाद का चयन करने के बारे में सुविचारित निर्णय ले सके।

**I.4.1.5** बीमा अपेक्षा करने का विषय है तथा प्राधिकृत व्यक्ति अथवा संस्थाएँ बीमे की अपेक्षा करने में संबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल लाइसेंसप्राप्त व्यक्ति अथवा संस्थाएँ ही बीमा उत्पादों के संबंध में पूर्वेक्षण और विक्रय करने में संबद्ध हों, आईआरडीएआई ने लाइसेंसीकरण के लिए विनियम जारी किये हैं। ये विनियम हैं, आईआरडीएआई (बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 वैयक्तिक बीमा एजेंटों के लिए; आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 कॉरपोरेट एजेंटों के लिए; आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2018 बीमा दलालों के लिए; आईआरडीए (वेब संग्राहक) विनियम, 2017 वेब संग्राहकों के लिए; तथा आईआरडीएआई (बीमा विपणन फर्म का पंजीकरण) विनियम, 2015 बीमा विपणन फर्मों के लिए। ये विनियम एजेंटों, कॉरपोरेट एजेंटों, दलालों, वेब संग्राहकों और बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) के लिए उनमें निर्धारित आचरण-संहिता के पालन को अनिवार्य करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीमा व्यवसाय की अपेक्षा करनेवाले व्यक्ति पात्र व्यक्ति होने चाहिए तथा वे विक्रय के लिए प्रस्तावित बीमा उत्पादों के संबंध में आवश्यक सूचना का प्रसारण करें, बेची जा रही पॉलिसी को समझें और ग्राहकों की आवश्यकता के आधार पर उपयुक्त परामर्श देने में सक्षम हों जिससे प्रस्तावित / विक्रय की जा रही पॉलिसी संभावित ग्राहक की आवश्यकताएँ पूरी कर सके। उनसे यह भी अपेक्षित है कि वे बिक्री के बाद की सेवा, जैसे नवीकरण, दावा उत्पन्न होने पर लाभार्थियों को प्रलेखीकरण में सहायता आदि भी उपलब्ध कराएँ।

**I.4.1.6** बीमाकर्ताओं, कॉरपोरेट एजेंटों और दलालों के द्वारा टेली-कॉलिंग, एसएमएस, ई-मेल, इंटरनेट, डीटीएच, डाक मेल, और अन्य विधियों के माध्यम से पॉलिसियों की अपेक्षा (अग्रता उत्पादन सहित) जो व्यक्तिगत रूप से संचार के साथ संबद्ध नहीं हैं, का सहारा लेने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति के चलते एवं दूरस्थ विधि से बीमा उत्पादों की सूचना और बिक्री की अपेक्षा करते हुए ग्राहकों से प्राप्त हो रहे अनुरोधों को देखते हुए; आईआरडीए ने दूरस्थ विपणन दिशानिर्देश जारी किये हैं। विक्रय के प्रस्ताव, बातचीत और विक्रय के निर्णय के समय अनुपालन की जानेवाली अपेक्षाओं का उद्देश्य दूरस्थ विपणन माध्यमों का सहारा लेनेवाले संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों को संरक्षण देना है।

I.4.1.7 चूँकि बीमा का लाभ केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है यदि उपयुक्त उत्पादों का विक्रय किया जाए; अतः आईआरडीएआई ने दोनों जीवन और साधारण बीमा खंडों में उत्पादों के फाइल एण्ड यूज़ के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह आईआरडीएआई को आवेदन प्रस्तुत करने के द्वारा उत्पादों के लिए अनुमोदन माँगे। आवेदन के साथ बीमाकर्ता को पॉलिसी बांड का नमूना, प्रस्ताव फार्मों का नमूना, विक्रय से संबंधित साहित्य का नमूना एवं वित्तीय पूर्वानुमानों का विवरण प्रस्तुत करने चाहिए। शर्तों में परिवर्तन के लिए इसी प्रकार की प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। उस स्थिति में भी जब कोई बीमाकर्ता किसी उत्पाद को हटाना चाहता हो, तब भी वह आईआरडीएआई को सूचित करने के बाद ही और उत्पाद को हटाने के लिए कारण देने के बाद ही ऐसा कर सकता है। ये विनियम यह सुनिश्चित करते हैं कि जनता को केवल अनुमोदित उत्पाद ही बेचे जाएँ।

I.4.1.8 आईआरडीए (असंबद्ध उत्पाद) विनियम, 2013 और आईआरडीए (संबद्ध उत्पाद) विनियम, 2013 जो क्रमशः असंबद्ध और संबद्ध जीवन बीमा उत्पादों का नियंत्रण करते हैं, का उद्देश्य बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित उत्पादों और उनकी विशेषताओं के तौर पर सामंजस्य को सुनिश्चित करना है तथा लाभों के भुगतान के तौर पर पारदर्शिता लाना है जिसके द्वारा सही पॉलिसी का चयन करने में ग्राहकों को समर्थ बनाया जा सके।

I.4.1.9 आईआरडीए (स्वास्थ्य बीमा) विनियम 2016 उत्पाद की विशेषताओं, प्रस्ताव फार्म में मानक घोषणा, अधिकाधिक पारदर्शिता और विक्रय साहित्य में प्रकटीकरण तथा वेब पोर्टलों पर प्रकटीकरणों पर अधिकाधिक बल देते हैं जिससे निर्णय लेने आदि के लिए उपयुक्त सूचना का प्रसार किया जा सके। स्वास्थ्य बीमा में मानकीकरण संबंधी दिशानिर्देश स्वास्थ्य बीमा में अनेक पहलुओं का मानकीकरण प्रदान करते हैं जैसे, स्वास्थ्य पॉलिसियों में सामान्य रूप से प्रयुक्त शब्दों के लिए परिभाषाएँ, गंभीर बीमारियों के लिए नामावली और प्रक्रिया, पूर्व-प्राधिकरण और दावा फार्म, पॉलिसियों के लिए अस्पताल में भर्ती के लाभ में अपवर्जित व्यय, फाइल एण्ड यूज़ आवेदन, ग्राहक सूचना पत्रक तथा बीमाकर्ता और अन्य पक्ष प्रबंधक एवं बीमाकर्ता और सेवाप्रदाता (अस्पताल) के बीच करार। ये दिशानिर्देश अस्पष्टता को दूर करते हैं और अर्थनिर्णय में अधिकाधिक सामंजस्य को सुनिश्चित करते हैं, जो पॉलिसीधारकों के सामान्य हित में है।

I.4.1.10 बीमा लोकपाल की संस्था बीमा लोकपाल नियम, 2017 के अधीन कार्य कर रही है जो बीमा के व्यक्तिगत विषयों से संबंधित कुछ आधारों पर रु. 30 लाख के मौद्रिक मूल्य तक शिकायतों के निपटान के लिए एक सरल, सस्ती तथा शीघ्र समझौताकारी और मध्यस्थ व्यवस्था के रूप में कार्य करती है। बीमा लोकपाल की नियुक्ति का प्राधिकार एक चयन समिति के द्वारा संपन्न किया जाता है जिसकी अध्यक्षता आईआरडीएआई के अध्यक्ष करते हैं।

I.4.1.11 इस प्रकार, पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण विनियम, 2017 और उपर्युक्त उपाय

प्रवेश स्थान मानदंड, पंजीकरण, शोधक्षमता मार्जिनों का अनुरक्षण, निवेश मानदंड और सार्वजनिक प्रकटीकरण आदि जैसी अन्य विनियामक अपेक्षाओं तथा स्थान पर (ऑनसाइट) निरीक्षण और विनियामक विवरणियों के माध्यम से परोक्ष (ऑफ़-साइट) निगरानी, बाजार आसूचना, लेखा-परीक्षा आदि जैसी पर्यवेक्षी व्यवस्थाओं के लिए पूरक हैं।

### शिकायत निवारण और उपभोक्ता शिक्षण

I.4.1.12 आईआरडीएआई शिकायत निवारण की बीमाकर्ताओं की नीति की निगरानी करने के द्वारा पॉलिसीधारकों की शिकायतों के समाधान को सुसाध्य बनाता है तथा बीमा उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कई पहलें करता है। आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 में निर्धारित शिकायत निवारण प्रक्रिया

सभी बीमाकर्ताओं के लिए यह अनिवार्य करती है कि उनके पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित शिकायत निवारण नीति होनी चाहिए, वे प्रधान कार्यालय/ कॉरपोरेट कार्यालय/ प्रमुख कार्यालय में और प्रत्येक अन्य कार्यालय में एक शिकायत निवारण अधिकारी को पदनामित करें। बीमाकर्ता शिकायतों से संबंधित रिपोर्टें प्राप्त करने और उनका विश्लेषण करने के लिए कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुसार एक पॉलिसीधारक संरक्षण समिति भी गठित करेंगे।

**I.4.1.13** ऊपर निर्दिष्ट किये अनुसार बीमा ग्राहकों के हितों का संरक्षण करने के उद्देश्य से युक्त विभिन्न उपायों के अतिरिक्त, यदि किसी बीमाकर्ता द्वारा सेवा की कमी के संबंध में शिकायत के लिए कारण है, तो शीघ्र समाधान के लिए एक प्रणाली का होना अनिवार्य है। अपनी शिकायतों के समाधान के लिए बीमाकर्ताओं तक पहुँचने में ग्राहकों की सहायता करने के लिए आईआरडीएआई ने बीमाकर्ताओं के विरुद्ध अपनी शिकायतें उठाने हेतु ग्राहकों के लिए विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराये हैं। इनमें शामिल हैं, समन्वित शिकायत प्रबंध प्रणाली (आईजीएमएस) और एक निःशुल्क (टोल-फ्री) शिकायत कॉल सेंटर (155255)। आईआरडीएआई का शिकायत कॉल सेंटर (आईजीसीसी) एक निःशुल्क (टोल-फ्री) टेलीफोन संख्या और ई-मेल के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करता है तथा समाधान की स्थिति उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, शिकायतों का पंजीकरण करता है। समन्वित शिकायत प्रबंध प्रणाली (आईजीएमएस) न केवल शिकायतों का पंजीकरण और उनकी खोज करने के लिए एक प्रवेश-द्वार (गेटवे) है, बल्कि यह बीमाकर्ताओं द्वारा शिकायतों के निपटान की निगरानी करने के लिए आईआरडीएआई के लिए एक उद्योग-व्यापी शिकायत भंडार (रिपोजिटरी) के रूप में कार्य करती है।

**I.4.1.14** आईआरडीएआई संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों से बीमा कंपनियों पर शिकायतें प्राप्त करता है; तथा समाधान के लिए ये शिकायतें आईजीएमएस के माध्यम से बीमाकर्ताओं के पास उठाता है। संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों को सूचित किया जाता है कि वे पहले अपनी शिकायतें संबंधित बीमा कंपनियों के पास दाखिल करें। यदि बीमा कंपनियाँ 15 दिन के निर्धारित समय के अंदर शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करतीं अथवा शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह आईआरडीएआई के स्तर पर शिकायत को उठा सकता है/ सकती है। आईआरडीएआई संबंधित बीमा कंपनी के पास मामला उठाने के द्वारा समीक्षा/ पुनःजाँच के माध्यम से समाधान को सुसाध्य बनाता है।

**I.4.1.15** सीपीजीआरएएमएस, आईएनजीआरएएस जैसे सरकारी पोर्टलों पर पंजीकृत शिकायतों के समाधान को सुसाध्य बनाने के लिए आईआरडीएआई एक केन्द्रीय (नोडल) एजेंसी के रूप में भी कार्य करता है तथा प्रभावी शिकायत निवारण से संबंधित विषयों में सरकार के निदेशों का कार्यान्वयन भी करता है।

**I.4.1.16** आईआरडीएआई बीमा संबंधी जागरूकता को व्याप्त करने के उद्देश्य से उपभोक्ता शिक्षण में भी सक्रिय रूप से कार्यरत है। बीमा एक जटिल वित्तीय उत्पाद होने के कारण प्रस्तावित बीमा उत्पादों के स्वरूप, उनकी उपयोगिता, शर्तों और निबंधनों को समझने के लिए विशेष ज्ञान की अपेक्षा करता है। आईआरडीएआई के उपभोक्ता शिक्षण की पहलुओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ता अपनी आवश्यकताओं की पहचान करे, बीमा उत्पादों और उनके साथ संबद्ध जोखिमों को समझे, ताकि बीमा खरीदते समय वह एक सुविज्ञतापूर्ण निर्णय ले सके। आईआरडीएआई द्वारा बीमा जागरूकता अभियान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अर्थात अखबारों में विज्ञापन और पुस्तिकाओं/ कॉमिक बुकों के प्रकाशन, रेडियो/ टेलीविजन, इंटरनेट, सामाजिक वेबसाइटों जैसे यू ट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि सहित सभी संभव माध्यमों के द्वारा चलाये जाते हैं। उपभोक्ता शिक्षण वेबसाइट ... में जनसाधारण के लिए सरल भाषा में बीमा संबंधी विपुल रोचक सामग्री उपलब्ध है। इस सामग्री की पहुँच को बढ़ाने के लिए आईआरडीएआई ने एक हिन्दी साइट प्रारंभ किया है तथा प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में पुस्तकें तैयार की हैं ताकि देश भर में जनता को उनकी अपनी पसंद की भाषा में सूचना उपलब्ध कराई जा सके। आईआरडीएआई अब विकसित सामग्री के वितरण पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जिसके लिए आईआरडीएआई बीमा उद्योग, अन्य विनियामक निकायों, वित्तीय

साक्षरता केन्द्रों, सामान्य सेवा केन्द्रों आदि के साथ सहयोग कर रहा है तथा बीमा जागरूकता को व्याप्त करने हेतु सारे राष्ट्र में जनसाधारण तक पहुँचने के लिए प्रयुक्त सभी उपलब्ध वैकल्पिक माध्यमों का उपयोग कर रहा है और इसके द्वारा बीमा समावेशन के स्तरों को बढ़ाने के लिए माँग में वृद्धि कर रहा है। व्यक्ति के प्रारंभिक स्तरों से वित्तीय साक्षरता देने की दिशा में अन्य वित्तीय विनियमनकर्ताओं के साथ कार्य करने के द्वारा वित्तीय शिक्षण संबंधी राष्ट्रीय कार्यनीति का कार्यान्वयन करने में भी आईआरडीएआई एक सक्रिय सहभागी है।

### आईआरडीएआई की बीमा साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता संबंधी पहलें

**I.4.1.17** आईआरडीएआई को दिया गया अधिदेश बीमा पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण और भारत में बीमा क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास रहा है। आईआरडीएआई भारत के नागरिकों के बीच वित्तीय साक्षरता, विशेष रूप से बीमा विशिष्ट जागरूकता की व्याप्ति करने में सक्रिय रहा है। आईआरडीएआई संभावित पॉलिसीधारकों एवं वर्तमान पॉलिसीधारकों को बीमा रक्षा की उनकी आवश्यकता और जोखिम के कवरेज की पर्याप्तता की उचित समझ के साथ तथा उन आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त बीमा उत्पाद का चयन करने हेतु सुविज्ञ बनाने के लिए प्रयास करता रहा है।

यह जागरूकता निर्मित करने की दिशा में 2017-18 के लिए आईआरडीएआई की प्रचार और उपभोक्ता शिक्षण कार्यनीति रेडियो और प्रिंट अभियानों सहित, विभिन्न माध्यमों के उपयोग पर विशेष फोकस से युक्त नई संकल्पनाओं और विषयों का पता लगाने की परिकल्पना करता है। तदनुसार, आईआरडीएआई ने निम्नलिखित उपभोक्ता शिक्षण की पहलें की हैं तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान इन पहलुओं के लिए रु.34.17 करोड़ व्यय किये हैं। इस संबंध में किये गये कार्यकलापों और व्यय की गई राशि का एक विस्तृत विश्लेषित विवरण सारणी .45 में दी गई है।

**सारणी I.45**
**किये गये कार्यकलाप और व्यय की गई राशि - आईआरडीएआई की बीमा साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता संबंधी पहलें**

| क्रम सं. | विवरण | वित्तीय वर्ष 2016-17के लिए व्यय किया गया बजट (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रिंट मीडिया | 662 |
| 2 | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी और रेडियो) | 2617 |
| 3 | आईटी (उपभोक्ता शिक्षण वेबसाइट का रखरखाव और अद्यतनीकरण) | 5 |
| 4 | अनुसंधान कार्य | 10 |
| 5 | एनसीएफई व्यय (एनएसएफई के कार्यान्वयन के लिए अंशदान) | 123 |
| | **कुल** | **3417** |

**1. रेडियो अभियान:** आईआरडीएआई ने चार भाषाओं (हिन्दी, तमिल, तेलुगु और कन्नड) में नीचे सूचीबद्ध विभिन्न संकल्पनाओं पर छह तुकबंदियाँ विकसित की हैं। बीमा की आवश्यकता, अपविक्रय के बारे में चेतावनी, बीमा पॉलिसी का समय पर नवीकरण आदि पर जनता को शिक्षित करने पर इनके विषय केन्द्रित हैं। उक्त संकल्पनाएँ निम्नानुसार हैं :

i) जीवन बीमा

ii) आवास बीमा

iii) स्वास्थ्य बीमा

iv) मोटर बीमा

v) बीमा पॉलिसी का नवीकरण

vi) बीमे का अपविक्रय

ये तुकबंदियाँ आकाशवाणी और छह अन्य निजी एफएम चैनलों पर प्रसारित की गईं। उक्त प्रसारण की योजना इस प्रकार से बनाई गई कि अधिकतम लोगों तक पहुँचे तथा जनसाधारण पर अधिकतम प्रभाव निर्मित करे।

**2. एनसीएफई की कोर समिति के सदस्य के रूप में भूमिका:** वित्तीय शिक्षण के लिए राष्ट्रीय केन्द्र की कोर समिति के एक सदस्य के रूप में एक सक्रिय भूमिका अदा करना आईआरडीएआई

ने जारी रखा, जो वित्तीय शिक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति (एनएसएफई) के कार्यान्वयन के उद्देश्य से भारत में सभी वित्तीय क्षेत्र विनियमनकर्ताओं के प्रतिनिधियों से युक्त संस्था है। आईआरडीएआई ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान अपने अंश के तौर पर एनसीएफई को रु.1.23 करोड़ रुपये का अंशदान किया।

**3. आईआरडीएआई अनुसंधान अनुदान योजना:** आईआरडीएआई उक्त अनुसंधान अनुदान योजना के अंतर्गत प्रस्तावों को प्रायोजित करता है, जो बीमा के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए अवसर उपलब्ध कराती है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में दो अनुसंधान परियोजनाओं को प्रायोजित किया गया।

### I.4.2 बीमाकर्ताओं के शोधक्षमता मार्जिनों का अनुरक्षण

प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार एक अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन बनाये रखे। प्रत्येक बीमाकर्ता आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित राशि से अन्यून देयताओं की राशि की तुलना में आस्तियों के मूल्य का आधिक्य बनाये रखेगा, जो अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन के रूप में कहलाता है। आईआरडीएआई (जीवन बीमा व्यवसाय की आस्तियाँ, देयताएँ और शोधक्षमता मार्जिन) विनियम, 2016 और आईआरडीएआई (साधारण बीमा व्यवसाय की आस्तियाँ, देयताएँ और शोधक्षमता मार्जिन) विनियम, 2016 में अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन की संगणना की पद्धति विस्तार से वर्णित है।

#### जीवन बीमाकर्ता

**I.4.2.1** जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में, न्यूनतम अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन पचास करोड़ रुपये (पुनर्बीमाकर्ता के मामले में एक सौ करोड़ रुपये) है तथा इसकी गणना प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से की जाती है। बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 शोधक्षमता के नियंत्रण स्तर के रूप में ज्ञात शोधक्षमता मार्जन का एक स्तर विनिर्दिष्ट करता है, जिसका उल्लंघन करने पर प्राधिकरण बीमाकर्ता को निर्देश देगा कि छह महीने के अंदर एक विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर कमी को सुधारने के लिए कार्य-योजना निर्दिष्ट करते हुए एक वित्तीय योजना प्रस्तुत करे।

मार्च 2018 की समाप्ति पर सभी 24 जीवन बीमाकर्ताओं ने 1.5 के निर्धारित शोधक्षमता मार्जिन अनुपात का अनुपालन किया है।

#### साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता

**I.4.2.2** 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार, निजी क्षेत्र के सभी 27 साधारण बीमाकर्ताओं ने (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) 1.50 के निर्धारित शोधक्षमता मार्जिन का अनुपालन किया है।

वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण ने कृषि बीमा के आकार को देखते हुए 0.50 के कारक के साथ एक अलग खंड के रूप में कृषि बीमा को मान्यता दी है। यह कृषि बीमा व्यवसाय के लिए आवश्यक पूँजी को नीचे लाएगा।

वर्ष 2016-17 के दौरान प्राधिकरण ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि., युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. और ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लि. को 2016-17 से प्रारंभ होनेवाली 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा के आधार पर मोटर टीपी देयता का परिशोधन करने के लिए छूट प्रदान की थी। तथापि, ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लि. ने वर्ष 2016-17 में मोटर टीपी की समूची देयता के लिए हिसाब दिया था।

वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि. को वर्ष 2017-18 में शेष समूची मोटर टीपी देयता का परिशोधन करने तथा शोधक्षमता के प्रयोजन के लिए उचित मूल्य परिवर्तन खाते के 100% को मानने के लिए छूट प्रदान की थी।

प्राधिकरण ने युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. और ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लि. को शोधक्षमता के प्रयोजन के लिए उचित मूल्य परिवर्तन खाते के क्रमशः 20% और 30% को मानने की छूट प्रदान की थी।

उपर्युक्त छूट के साथ सभी चारों बीमाकर्ताओं ने 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार निर्धारित 1.50 के शोधक्षमता अनुपात का अनुपालन किया है।

**I.4.2.3** 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं अर्थात एआईसी और ईसीजीसी ने 31 मार्च 2017 को यथाविद्यमान 1.84 और 8.69 की तुलना में क्रमशः 2.04 और 9.86 के शोधक्षमता अनुपात की सूचना दी।

**पुनर्बीमाकर्ता**

**I.4.2.4** राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता, भारतीय साधारण बीमा निगम ने 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 1.70 का शोधक्षमता अनुपात सूचित किया (31 मार्च 2017 को यह 2.40 था), जबकि निजी पुनर्बीमाकर्ता, आईटीआई आरई ने 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 5.25 का शोधक्षमता अनुपात सूचित किया (31 मार्च 2017 को यह 4.10 था)।

आरजीए को छोड़कर सभी विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं के पास 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 1.50 से अधिक शोधक्षमता मार्जिन है। आरजीए के पास 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 1.20 का शोधक्षमता मार्जिन है।

### I.4.3 पुनर्बीमा की निगरानी

**I.4.3.1** पुनर्बीमा के संबंध में प्राधिकरण को दिया गया अधिदेश आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(1) और धारा 14(2) उप-धारा (एफ) एवं बीमा अधिनियम, 1938 की धाराओं 2(9)डी, 34एफ, 101ए, 101बी और 101सी के उपबंधों में निहित है। प्राधिकरण ने दोनों जीवन और गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के पुनर्बीमा विषयों से संबंधित विनियम बनाये हैं जो पुनर्बीमा व्यवसाय करने के लिए आधारभूत नियम निर्धारित करते हैं।

**I.4.3.2** बीमा अधिनियम, 1938 के उपबंधों के अधीन प्राधिकरण पुनर्बीमा सलाहकार समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद और केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से प्रत्येक वर्ष बाध्यकारी अध्यर्पण का प्रतिशत और शर्तें अधिसूचित करता है। यह अधिसूचना साधारण बीमा व्यवसाय करनेवाले सभी बीमाकर्ताओं और सभी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं पर लागू है।

**I.4.3.3** प्राधिकरण ने 2016 में साधारण बीमाकर्ताओं के लिए लागू पुनर्बीमा विनियम अधिसूचित किये हैं। इन विनियमों से यह अपेक्षित है कि प्रत्येक बीमाकर्ता के पास एक व्यापक और कुशल पुनर्बीमा कार्यक्रम होगा जो पर्याप्त क्षमता विकसित करते हुए, सर्वोत्तम संभव पुनर्बीमा संरक्षण प्राप्त करते हुए देश के अंदर प्रतिधारण को अधिकतम बनाने के मुख्य उद्देश्यों से युक्त होगा। उक्त विनियम यह निर्धारित करते हैं कि प्रत्येक बीमाकर्ता अपने पुनर्बीमा कार्यक्रम के लिए अपने बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करेगा। विनियामक ढाँचे में भी प्राधिकरण के पास अगले वित्तीय वर्ष के लिए पुनर्बीमा कार्यक्रम उक्त वर्ष के प्रारंभ से कम से कम 45 दिन पहले दाखिल करने के लिए व्यवस्था है। बीमाकर्ताओं से यह भी अपेक्षित है कि वे वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से 30 दिन के अंदर प्राधिकरण के पास पुनर्बीमा व्यवस्थाओं से संबंधित समझौता पर्चियाँ और कवर नोट दाखिल करें। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि बीमा कंपनी की शोधक्षमता की स्थिति का निर्धारण 'पुनर्बीमा को घटाने' के आधार पर किया जाता है।

**I.4.3.4** बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय करने हेतु भारत में अपनी शाखाएँ खोलने के लिए विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं और लॉयड्स की सोसाइटी को अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र, गुजरात-एसईजेड में अपने कार्यालय खोलने के लिए भी बीमाकर्ताओं को अनुमति दी है।

**I.4.3.5** विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के पास पुनर्बीमा स्थानन प्रत्यक्ष बीमाकर्ताओं द्वारा पुनर्बीमाकर्ता की क्रेडिट रेटिंग, दावा अनुभव, दावा भुगतान क्षमता और शोधक्षमता मार्जिन आदि पर विचार करने के बाद किये जाते हैं। तथापि, कुल पुनर्बीमा संबंधी सीमाएँ जो एक बीमाकर्ता विदेशी पुनर्बीमाकर्ता के पास रख सकता है, उक्त विनियमों के अंतर्गत निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त, आपाती जोखिमों के पुनर्बीमा के संबंध में सभी बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं को यह अधिदेश दिया गया है कि वे अपने पुनर्बीमा कार्यक्रम के साथ आपाती संचयनों के संबंध में पुनर्बीमा व्यवस्थाएँ प्राधिकरण के पास दाखिल करने से पहले विभिन्न यथार्थपरक आपदा परिदृश्य परीक्षण का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि उक्त पुनर्बीमा व्यवस्थाएँ पर्याप्त हैं तथा निदेशक बोर्ड द्वारा उनका अनुमोदन किया गया है।

**सीमापार पुनर्बीमाकर्ता**

**I.4.3.6** प्राधिकरण ने बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 14 के अंतर्गत 'सीमापार पुनर्बीमाकर्ता' संबंधी दिशानिर्देश जारी किये हैं। ये दिशानिर्देश 1 अप्रैल 2016 से प्रभावी थे जो 6 जनवरी 2012 को जारी किये गये पहले के दिशानिर्देशों का अधिक्रमण करते हैं। ये दिशानिर्देश उन 'सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं' (सीबीआर) पर लागू हैं जिनकी भारत में भौतिक उपस्थिति नहीं है, परंतु जो भारतीय बीमा कंपनियों के साथ पुनर्बीमा व्यवसाय करते हैं।

**I.4.3.7** प्राधिकरण ने इन दिशानिर्देशों के अनुसार सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं को यूआईएन के वार्षिक आबंटन की वर्तमान प्रक्रिया को समाप्त किया है। तथापि, सीमापार पुनर्बीमाकर्ता के लिए यह आवश्यक है कि वह प्रत्येक वर्ष एक बीमाकर्ता के माध्यम से प्राधिकरण को एक सूचना पत्रक प्रस्तुत करे। ऐसे सीमापार पुनर्बीमाकर्ता (सीबीआर) के साथ कोई भी स्थानन नहीं किया जा सकता, जिसे आईआरडीएआई पोर्टल के माध्यम से यूआईएन आबंटित नहीं किया गया हो। उक्त विनियमों के अनुसार सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं के पास पिछले तीन निरंतर वर्षों की अवधि के लिए एसएण्डपी अथवा समकक्ष अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी से प्राप्त कम से कम बीबीबी की क्रेडिट रेटिंग होनी चाहिए और उनका पिछला दावा निष्पादन संतोषजनक होना चाहिए। पुनर्बीमाकर्ताओं को अपने स्वदेश में विधिमान्य संस्था होनी चाहिए तथा उन्हें अपने स्वदेश के पर्यवेक्षक के द्वारा विनियमित होना चाहिए। पुनर्बीमाकर्ता की शोधक्षमता स्वदेश के विनियमनकर्ता/पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित मानकों से कम नहीं होनी चाहिए, जो उनकी वित्तीय शक्ति, प्रबंधन की गुणवत्ता और उनकी तकनीकी प्रारक्षण कार्यपद्धतियों की पर्याप्तता की निगरानी करता हो। प्राधिकरण पात्रता मानदंडों की पूर्ति की जाँच करने के बाद एक वित्तीय वर्ष के लिए विधिमान्य विलक्षण पहचान संख्या (यूआईएन) प्रदान कर सकता है, जिससे विदेशी पुनर्बीमाकर्ता भारतीय बीमाकर्ताओं / पुनर्बीमाकर्ताओं के साथ पुनर्बीमा व्यवसाय कर सके। यह भी आवश्यक है कि पुनर्बीमाकर्ता के देश ने भारत सरकार के साथ दोहरे कराधान परिवर्जन करार पर हस्ताक्षर किये हों। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में 362 यूआईएन और वित्तीय वर्ष 2017-18 में 367 यूआईएन जारी की हैं।

**I.4.3.8 भारतीय पुनर्बीमाकर्ता/ओं को बाध्यकर अध्यर्पण: अधिनियम के उपबंध**

क) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 101ए निर्धारित करती है कि प्रत्येक बीमाकर्ता भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के साथ, अधिनियम की धारा 101बी के अधीन गठित पुनर्बीमा सलाहकार समिति से परामर्श करने के बाद केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में प्रत्येक साधारण बीमा पॉलिसी पर बीमित राशि के प्रतिशत का पुनर्बीमा करेगा (जिसे 'बाध्यकर अध्यर्पण' अथवा 'सांविधिक अध्यर्पण' कहा जाता है)।

(ख) बीमा अधिनियम में यह भी व्यवस्था है कि प्राधिकरण अधिसूचना द्वारा भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास पुनर्बीमित की जानेवाली प्रत्येक पॉलिसी पर बीमित राशि के प्रतिशतों को विनिर्दिष्ट कर सकता है तथा विभिन्न वर्गों के बीमा के लिए विभिन्न प्रतिशत विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं बशर्ते कि इस प्रकार विनिर्दिष्ट कोई भी प्रतिशत ऐसी पॉलिसी पर बीमित राशि के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(ग) धारा 101ए(4) में व्यवस्था है कि बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 101ए की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना भी इस धारा के अधीन किये जाने के लिए अपेक्षित पुनर्बीमा के किसी भी व्यवसाय के संबंध में शर्तें निर्धारित कर सकती है तथा ऐसी शर्तें भारतीय पुनर्बीमाकर्ताओं और अन्य बीमाकर्ताओं पर बाध्यकारी होंगी।

**I.4.3.9 2017-18 के लिए भारतीय पुनर्बीमाकर्ता/ओं को बाध्यकर अध्यर्पण**

1. भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास पुनर्बीमित की जानेवाली प्रत्येक साधारण बीमा पॉलिसी पर बीमित राशि का प्रतिशत 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 तक के वर्ष के दौरान संबद्ध बीमाओं के संबंध में अधिसूचित रूप में 5% है।

2. बाध्यकर अध्यर्पण की दर वर्ष 2013-14 से 5% पर बनी हुई है।

### I.4.3.10 भारतीय पुनर्बीमाकर्ता

वर्तमान में प्राधिकरण के पास दो भारतीय पुनर्बीमाकर्ता पंजीकृत हैं, अर्थात जीआईसी आरई और आईटीआई आरई। आईटीआई आरई को अभी अपने परिचालन प्रारंभ करने हैं। जीआईसी आरई भारत में प्रत्यक्ष बीमा कंपनियों और विदेशी बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं को पुनर्बीमा की सहायता उपलब्ध कराता रहा है। एक्सपोज़र के लिए पर्याप्त बीमारक्षा सुनिश्चित करते हुए तथा घरेलू बाजार के अंदर पर्याप्त क्षमताएँ विकसित करते हुए निगम के पुनर्बीमा कार्यक्रम को इस प्रकार अभिकल्पित किया गया है कि वह देश के अंदर प्रतिधारण को इष्टतम बनाने के उद्देश्यों को पूरा करे। वह न्यूक्लियर पूल और आतंकवाद पूल का भी प्रबंधन करता है। जीआईसी आरई देशी बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई प्रत्येक बीमा पॉलिसी पर सांविधिक अध्यर्पण कुछ सीमाओं के अधीन प्राप्त करता है तथा इन कंपनियों के अधिकांश समझौता कार्यक्रमों और विकल्पी कार्यक्रमों का पथ-प्रदर्शन करता है।

| मैक्स बूपा | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 30 | 0 | 0 | 0 | 30 |
| रेलीगेर | 73 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 74 | 52 | 21 | 1 | 0 | 74 |
| स्टार हेल्थ | 357 | 28 | 45 | 4 | 0 | 0 | 434 | 153 | 204 | 77 | 0 | 434 |
| स्टैंअस्वाबी कुल | 694 | 31 | 46 | 4 | 0 | 0 | 775 | 407 | 287 | 81 | 0 | 775 |

स्तर - जनसंख्या 1,00,000 और अधिक महानगरीय: 10,00,000 और अधिक;
स्तर - जनसंख्या 50,000 से 99,999. शहरी: 1,00,000 से 9,99,999 तक;
स्तर - जनसंख्या 20,000 से 49,999. अर्ध-शहरी: 10,000 से 99,999 तक;
स्तर - जनसंख्या 10,000 से 19,999. ग्रामीण: 9999 तक जनसंख्या।
स्तर - जनसंख्या 5,000 से 9,999.
स्तर - जनसंख्या 5,000 से कम।

**चार्ट I.26**
**स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं कार्यालयों का स्तर-वार वितरण**




**चार्ट I.27**
**स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं कार्यालयों का भौगोलिक वर्गीकरण वार वितरण**




स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का राज्य और संघराज्य क्षेत्र वार वितरणः

स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कुल कार्यालयों (संख्या में 393) में से 53% कार्यालय पाँच राज्यों में हैं, इन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कुल कार्यालयों में से 90% 14 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों (यूटी) में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, 9 राज्य और संघराज्य क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ इस स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का कोई कार्यालय नहीं है।

**सारणी I.80**
**कार्यालयों की संख्या के अवरोही क्रम में व्यवस्थित स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालयों की राज्य-वार संख्या (31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | कार्यालयों की संख्या | क्रम सं. | राज्य का नाम | कार्यालयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 113 | 20 | बिहार | 7 |
| 2 | तमिलनाडु | 96 | 21 | झारखंड | 7 |
| 3 | केरल | 73 | 22 | गोवा | 4 |
| 4 | कर्नाटक | 61 | 23 | जम्मू व कश्मीर | 4 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 50 | 24 | पुदुचेरी | 3 |
| 6 | पश्चिम बंगाल | 45 | 25 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 7 | गुजरात | 43 | 26 | त्रिपुरा | 2 |
| 8 | दिल्ली (एनसीटी) | 37 | 27 | मेघालय | 1 |
| 9 | तेलंगाना | 33 | 28 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 10 | हरियाणा | 32 | 29 | मणिपुर | 0 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 31 | 30 | मिजोरम | 0 |
| 12 | राजस्थान | 29 | 31 | नगालैंड | 0 |
| 13 | आंध्र प्रदेश | 28 | 32 | सिक्किम | 0 |
| 14 | पंजाब | 27 | 33 | अंदमान व निकोबार | 0 |
| 15 | ओडिशा | 12 | 34 | दादरा और नगर हवेली | 0 |
| 16 | छत्तीसगढ़ | 10 | 35 | दमण और दीव | 0 |
| 17 | उत्तराखंड | 9 | 36 | लक्षद्वीप (संघराज्य क्षेत्र) | 0 |
| 18 | असम | 8 | | | |
| 19 | चंडीगढ़ | 8 | | कुल | 775 |

**स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालयों से युक्त/रहित जिलों की राज्य-वार संख्याः**

डेटा का जिला-वार विश्लेषण यह प्रकट करता है कि देश में 718 जिलों में से 228 जिलों में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालय हैं। इस स्थिति के होते हुए, स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालय देश में 32% जिलों में स्थित हैं। कुछ राज्यों और संघराज्य क्षेत्रों के मामले में जिलों के एक बड़े अनुपात में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालय हैं। वे हैं, केरल (14 में से 13), आंध्र प्रदेश (13 में से 11), दिल्ली एनसीटी (11 में से 8) और गोवा (2 में से 2)। दूसरी ओर, 9 राज्यों और संघराज्य क्षेत्रों अर्थात अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, अंदमान व निकोबार, दादरा व नगर हवेली, दमण और दीव एवं लक्षद्वीप के 490 जिलों में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का कोई कार्यालय नहीं है।

**सारणी I.81**
**स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कार्यालयों से युक्त/रहित जिलों की राज्य-वार संख्या (31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | जिलों की संख्या | कार्यालयों से युक्त जिलों की संख्या | कार्यालयों से रहित जिलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13 | 11 | 2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 21 | 0 | 21 |
| 3 | असम | 33 | 5 | 28 |
| 4 | बिहार | 38 | 3 | 35 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 27 | 4 | 23 |
| 6 | दिल्ली (एनसीटी) | 11 | 8 | 3 |
| 7 | गोवा | 2 | 2 | 0 |

| क्रम सं. | राज्य का नाम | जिलों की संख्या | कार्यालयों से युक्त जिलों की संख्या | कार्यालयों से रहित जिलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 8 | गुजरात | 33 | 15 | 18 |
| 9 | हरियाणा | 22 | 14 | 8 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 2 | 10 |
| 11 | जम्मू व कश्मीर | 22 | 1 | 21 |
| 12 | झारखंड | 24 | 3 | 21 |
| 13 | कर्नाटक | 30 | 16 | 14 |
| 14 | केरल | 14 | 13 | 1 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 51 | 11 | 40 |
| 16 | महाराष्ट्र | 36 | 18 | 18 |
| 17 | मणिपुर | 16 | 0 | 16 |
| 18 | मेघालय | 11 | 1 | 10 |
| 19 | मिजोरम | 8 | 0 | 8 |
| 20 | नगालैंड | 11 | 0 | 11 |
| 21 | ओडिशा | 30 | 5 | 25 |
| 22 | पंजाब | 22 | 9 | 13 |
| 23 | राजस्थान | 33 | 11 | 22 |
| 24 | सिक्किम | 4 | 0 | 4 |
| 25 | तमिलनाडु | 32 | 25 | 7 |
| 26 | तेलंगाना | 31 | 12 | 19 |
| 27 | त्रिपुरा | 8 | 1 | 7 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 75 | 18 | 57 |
| 29 | उत्तराखंड | 13 | 4 | 9 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 23 | 14 | 9 |
| 31 | अंदमान व निकोबार | 3 | 0 | 3 |
| 32 | चंडीगढ़ | 1 | 1 | 0 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 1 | 0 | 1 |
| 34 | दमण और दीव | 2 | 0 | 2 |
| 35 | लक्षद्वीप (संघराज्य क्षेत्र) | 1 | 0 | 1 |
| 36 | पुदुचेरी | 4 | 1 | 3 |
| | **कुल** | **718** | **228** | **490** |

## चार्ट I.28
## स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के कार्यालयों का राज्य-वार वितरण
## (संख्याएँ प्रत्येक राज्य में कार्यालयों की संख्या दर्शाती हैं)




*अस्वीकरण : उपर्युक्त मानचित्र केवल प्रदर्शक है और वास्तविक भौगोलिक सीमा नहीं दर्शाता।*

### I.4.5.13 अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) की कार्यपद्धतिः

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान आईआरडीएआई के पास 27 टीपीए पंजीकृत थे। वर्ष 2017-18 के दौरान किसी नये टीपीए को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान नहीं किया गया। 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार प्राधिकरण के पास पंजीकृत टीपीए की सूची सारणी सं. .82 में दी गई है। 2017-18 के दौरान प्राधिकरण द्वारा नवीकृत टीपीए पंजीकरणों की सूची सारणी सं. .83 में दी गई है। टीपीए ने अपने नेटवर्कों में नये अस्पतालों को जोड़ने के द्वारा अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार किया है जैसा कि सारणी सं. .84 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

**सारणी I.82**

**31 मार्च 2018 को अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) की सूची**

| क्रम सं. | अन्य पक्ष प्रबंधक (टीपीए) का नाम | पंजीकरण संख्या | सीओआर कब तक वैध |
|---|---|---|---|
| 1 | युनाइटेड हेल्थ केयर पारेख इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 002 | 20.03.2020 |
| 2 | मेडी असिस्ट इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 003 | 20.03.2020 |
| 3 | एमडी इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 005 | 20.03.2020 |
| 4 | पैरमाउन्ट हेल्थ सर्विसेज़ एण्ड इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 006 | 20.03.2020 |
| 5 | ई-मेडीटेक इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 007 | 20.03.2020 |
| 6 | हेरिटेज हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 008 | 20.03.2020 |
| 7 | फ़ोकस हेल्थ इंश्योरेंस (टीपीए) प्राइवेट लिमिटेड | 010 | 20.03.2020 |
| 8 | मेडीकेयर इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | 012 | 20.03.2020 |
| 9 | फैमिली हेल्थ प्लान इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 013 | 20.03.2020 |
| 10 | रक्षा हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 015 | 31.03.2020 |
| 11 | वाइडल हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 016 | 15.05.2020 |
| 12 | अन्युता इंश्योएंस टीपीए इन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड | 017 | 15.05.2020 |
| 13 | ईस्ट वेस्ट असिस्ट इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 018 | 15.05.2020 |
| 14 | मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 019 | 14.05.2020 |
| 15 | जेनिन्स इंडिया इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 020 | 10.06.2020 |
| 16 | अलंकित इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 021 | 17.11.2020 |
| 17 | हेल्थ इंडिया इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड | 022 | 17.11.2020 |
| 18 | गुड हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 023 | 26.01.2021 |
| 19 | विपुल मेडकॉर्प इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 024 | 28.02.2019 |
| 20 | पार्क मेडीक्लेम इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 025 | 27.09.2019 |
| 21 | सेफ़वे इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 026 | 19.07.2020 |
| 22 | अनमोल मेडीकेयर इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 027 | 26.10.2020 |
| 23 | डेडिकेटेड हेल्थकेयर सर्विसेज़ टीपीए (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | 028 | 25.04.2018 |
| 24 | ग्रैंड इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 029 | 15.05.2018 |
| 25 | रॉथशील्ड इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 030 | 15.07.2019 |
| 26 | एरिक्सन इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 035 | 17.12.2018 |
| 27 | हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ़ इंडिया लिमिटेड | 036 | 05.06.2020 |

**सारणी I.83**
**2017-18 के दौरान नवीकृत टीपीए पंजीकरणों की सूची**

| क्रम सं. | टीपीए का नाम | पंजीकरण संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वाइडल हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 016 |
| 2 | अन्युता इंश्योएंस टीपीए इन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड | 017 |
| 3 | ईस्ट वेस्ट असिस्ट इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 018 |
| 4 | मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 019 |
| 5 | जेनिन्स इंडिया इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 020 |
| 6 | अलंकित इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 021 |
| 7 | हेल्थ इंडिया इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड | 022 |
| 8 | गुड हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 023 |
| 9 | अनमोल मेडीकेयर इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 027 |
| 10 | हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ़ इंडिया लिमिटेड | 036 |
| 11 | सेफ़वे इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 026 |

### जीवन बीमा कंपनियों का स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

### पॉलिसियाँ और प्रीमियम

**I.4.5.14** जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा विपणन किये गये स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के संबंध में

2017-18 के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं ने विभिन्न स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से रु.930 करोड़ का कुल प्रीमियम प्राप्त किया। जबकि नवीकरण प्रीमियम ने कुल प्रीमियम के 75% (रु.694 करोड़) का अंशदान किया, शेष 25% (रु.236 करोड़) का अंशदान नये व्यवसाय ने किया।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 7.36 लाख जीवनों को बीमारक्षा प्रदान करते हुए 5.50 लाख नई पॉलिसियाँ जारी की गईं, जबकि 14.88 लाख जीवनों को सम्मिलित करते हुए 9.15 लाख पॉलिसियों का नवीकरण किया गया।

**I.4.5.15 जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य बीमा अनुवृद्धियों (राइडर्स) के संबंध में**

अनुवृद्धियाँ जो मूल उत्पादों के साथ संबद्ध की जाती हैं, पॉलिसीधारकों को एक मूल्य संवर्धन के रूप में दी जाती हैं। जीवन बीमा पॉलिसियों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य बीमा अनुवृद्धियों के माध्यम से रु.234 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त किया गया। इन अनुवृद्धियों से प्राप्त कुल प्रीमियम में से नवीकरण 47% (रु.111 करोड़) रहे जबकि शेष 53% (रु.123 करोड़) का अंशदान नये व्यवसाय द्वारा किया गया।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 6.79 लाख जीवनों को समाविष्ट करते हुए नये जीवन बीमा मूल उत्पादों के साथ 4.02 लाख स्वास्थ्य बीमा अनुवृद्धियाँ जारी की गईं। इसी अवधि के दौरान 20.9 लाख जीवनों को समाविष्ट करते हुए जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध 17.27 लाख अनुवृद्धियों का नवीकरण किया गया।

### जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से संबंधित दावों का विवरण

**I.4.5.16 जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से संबंधित दावे**

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं ने 64039 दावों के निपटान के लिए दावों के रूप में रु.239 करोड़ अदा किये। स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के संबंध में जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा पंजीकृत दावों की कुल संख्या में से 79 प्रतिशत दावों का भुगतान किया गया, जबकि 20 प्रतिशत दावों को निराकृत किया गया अथवा अस्वीकृत किया गया।

**I.4.5.17 जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य बीमा अनुवृद्धियों (राइडर्स) से संबंधित दावे**

अनुवृद्धियों (राइडर्स) संबंधी दावों के संबंध में पंजीकृत दावों में से 77 प्रतिशत दावों का भुगतान किया गया, जबकि 21 प्रतिशत दावों को निराकृत / अस्वीकृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान अनुवृद्धियों के संबंध में 1134 दावों के निपटान के लिए जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा रु.11.34 करोड़ की दावा राशि का भुगतान किया गया।

## सारणी I.84
## अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) द्वारा सूचीबद्ध नेटवर्क अस्पतालों संबंधी सूचना 2017-18

| क्रम सं. | टीपीए का नाम | वर्ष के प्रारंभ में नेटवर्क में अस्पतालों की संख्या | वर्ष के दौरान जोड़े गये अस्पतालों की संख्या | वर्ष के दौरान नेटवर्क से वापस लिये गये / हटाये गये अस्पतालों की संख्या | वर्ष के अंत में नेटवर्क में अस्पतालों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलंकित इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 4079 | 681 | 1 | 4759 |
| 2 | अनमोल मेडीकेयर इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 453 | 19 | 0 | 472 |
| 3 | अन्युता इंश्योएंस टीपीए इन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड | 311 | 114 | 68 | 357 |
| 4 | डेडिकेटेड हेल्थकेयर सर्विसेज़ टीपीए (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | 5855 | 473 | 231 | 6097 |
| 5 | ईस्ट वेस्ट असिस्ट इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 3933 | 1089 | 0 | 5022 |
| 6 | ई-मेडीटेक इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 5640 | 464 | 60 | 6044 |
| 7 | एरिक्सन इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 4094 | 725 | 0 | 4819 |
| 8 | फैमिली हेल्थ प्लान इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 7075 | 425 | 230 | 7270 |
| 9 | फ़ोकस हेल्थ इंश्योरेंस (टीपीए) प्राइवेट लिमिटेड | टीपीए कंपनी द्वारा डेटा प्रस्तुत नहीं किया गया | | | |
| 10 | जेनिन्स इंडिया इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 4259 | 368 | 123 | 4504 |
| 11 | गुड हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 5003 | 502 | 63 | 5442 |
| 12 | ग्रैंड इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 1842 | 112 | 0 | 1954 |
| 13 | हेल्थ इंडिया इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड | 4908 | 836 | 209 | 5535 |
| 14 | हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ़ इंडिया लिमिटेड | 1616 | 420 | 0 | 2036 |
| 15 | हेरिटेज हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 5733 | 1111 | 471 | 6373 |
| 16 | एमडीइंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 10179 | 1929 | 1417 | 10691 |
| 17 | मेडी असिस्ट इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 7348 | 1151 | 909 | 7590 |
| 18 | मेडीकेयर इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | 4948 | 477 | 715 | 4710 |
| 19 | मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 6483 | 171 | 157 | 6497 |
| 20 | पैरमाउन्ट हेल्थ सर्विसेज़ एण्ड इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 13967 | 1554 | 120 | 15401 |
| 21 | पार्क मेडीक्लेम इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 2219 | 795 | 0 | 3014 |
| 22 | रक्षा हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 5065 | 2020 | 112 | 6973 |
| 23 | रॉथशील्ड इंश्योरेंस टीपीए लिमिटेड | 3272 | 214 | 0 | 3486 |
| 24 | सेफ़वे इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 4551 | 946 | 327 | 5170 |
| 25 | युनाइटेड हेल्थ केयर पारेख इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 4567 | 311 | 73 | 4805 |
| 26 | वाइडल हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 8332 | 1462 | 902 | 8892 |
| 27 | विपुल मेडकॉर्प इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड | 8767 | 579 | 166 | 9180 |
| | **कुल** | **134499** | **18948** | **6354** | **147093** |

टिप्पणी: * अस्पतालों की सहबद्धता एक से अधिक टीपीए के साथ हो सकती है।

**सारणी I.85**
**नये व्यवसाय से जीवन बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य व्यवसाय (नियमित और एकल प्रीमियम पॉलसियों से प्रथम वर्ष प्रीमियम)**

*(पॉलिसियों और जीवनों की संख्याएँ वास्तविक हैं तथा प्रीमियम ₹करोड़ रुपये में)*

| व्यवसाय का प्रकार | जारी की गई नई पॉलिसियों की सं. | समाविष्ट नये जीवनों की सं. | नये व्यवसाय से सकल प्रीमियम |
|---|---|---|---|
| सरकार प्रायोजित योजनाएँ | 0 | 0 | 0 |
| सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | 211 | 123747 | 10 |
| वैयक्तिक व्यवसाय | 549818 | 612638 | 226 |
| **कुल** | **550029** | **736385** | **236** |

**सारणी I.86**
**नवीकरण व्यवसाय से जीवन बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य व्यवसाय**
**(नियमित प्रीमियम पॉलिसियों से नवीकरण प्रीमियम)**

*(पॉलिसियों और जीवनों की संख्याएँ वास्तविक हैं तथा प्रीमियम ₹करोड़ में)*

| व्यवसाय का प्रकार | नवीकृत पॉलिसियों की संख्या | नवीकृत पॉलिसियों के अंतर्गत समाविष्ट जीवनों की संख्या | नवीकरण व्यवसाय से सकल प्रीमियम |
|---|---|---|---|
| सरकार प्रायोजित योजनाएँ | 0 | 0 | 0 |
| सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | 0 | 0 | 0 |
| वैयक्तिक व्यवसाय | 915975 | 1487709 | 694 |
| **कुल** | **915975** | **1487709** | **694** |

**सारणी I.87**
**जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य अनुवृद्धियों (राइडर्स) के संबंध में नया व्यवसाय**

*(अनुवृद्धियों और जीवनों की संख्याएँ वास्तविक हैं) (प्रीमियम ₹ करोड़ में)*

| व्यवसाय का प्रकार | जारी की गई नई अनुवृद्धियों की संख्या | स्वास्थ्य बीमा अनुवृद्धियों के अंतर्गत समाविष्ट नये जीवनों की सं. | नये व्यवसाय से सकल प्रीमियम |
|---|---|---|---|
| सरकार प्रायोजित योजनाएँ | 0 | 0 | 0 |
| सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | 237 | 1729626 | 89 |
| वैयक्तिक व्यवसाय | 402333 | 678728 | 34 |
| **कुल** | **402570** | **2408354** | **123** |

**सारणी I.88**
**जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य अनुवृद्धियों (राइडर्स) के संबंध में नवीकरण व्यवसाय**

*(अनुवृद्धियों और जीवनों की संख्याएँ वास्तविक हैं) (प्रीमियम ₹करोड़ में)*

| व्यवसाय का प्रकार | जीवन बीमा उत्पादों के भाग के रूप में नवीकृत अनुवृद्धियों की संख्या | ऐसी अनुवृद्धियों के अंतर्गत समाविष्ट जीवनों की संख्या | नवीकृत अनुवृद्धियों से सकल प्रीमियम |
|---|---|---|---|
| सरकार प्रायोजित योजनाएँ | 0 | 0 | 0 |
| सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | 170 | 237080 | 8.4 |
| वैयक्तिक व्यवसाय | 1726917 | 1856333 | 102.4 |
| **कुल** | **1727087** | **2093413** | **110.8** |

**सारणी I.89**

**स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के संबंध में जीवन बीमाकर्ताओं के द्वारा संभाले गये दावों का विवरण**

*(दावों की संख्या वास्तविक है तथा राशि ₹ करोड़ में)*

| विवरण | मात्रक | सरकार प्रायोजित योजनाएँ | सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | वैयक्तिक व्यवसाय | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2017 को बकाया दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 0<br>0 | 1122<br>5.9 | 1122<br>5.9 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान सूचित दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 11<br>2.5 | 79765<br>378.0 | 79776<br>380.5 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान अदा किये गये दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 9<br>1.8 | 64030<br>238.8 | 64039<br>240.6 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान निराकृत/अस्वीकृत | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 2<br>0.7 | 15820<br>122.1 | 15822<br>122.8 |
| 31 मार्च 2018 को बकाया दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 0<br>0 | 1037<br>22.6 | 1037<br>22.6 |

**सारणी I.90**

**स्वास्थ्य बीमा अनुबृद्धियों (रइडर्स) के संबंध में जीवन बीमाकर्ताओं के द्वारा संभाले गये दावों का विवरण**

*(दावों की संख्या वास्तविक है तथा राशि ₹ करोड़ में)*

| विवरण | मात्रक | सरकार प्रायोजित योजनाएँ | सामूहिक व्यवसाय सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर | वैयक्तिक व्यवसाय | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2017 को बकाया दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 0<br>0 | 57<br>0.5 | 57<br>0.5 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान सूचित दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 246<br>15.1 | 1175<br>24.7 | 1421<br>39.8 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान अदा किये गये दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 107<br>5.9 | 1027<br>22.6 | 1134<br>28.5 |
| वित्तीय वर्ष के दौरान निराकृत/ अस्वीकृत | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 139<br>9.2 | 176<br>1.6 | 315<br>10.8 |
| 31 मार्च 2018 को बकाया दावे | संख्या<br>राशि | 0<br>0 | 0<br>0 | 29<br>0.9 | 29<br>0.9 |

### I.4.6 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में व्यवसाय

#### I.4.6.1 वर्तमान विनियमों का सारांशः

आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 ने वार्षिक आधार पर बीमाकर्ताओं द्वारा पूरे किये जानेवाले लक्ष्य निर्धारित किये हैं। इन विनियमों के अनुसार बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे (i) कुल व्यवसाय में से सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत जीवनों के प्रतिशत के तौर पर; तथा (ii) जीवन बीमाकर्ताओं के लिए सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से जोखिम-अंकन की जानेवाली पॉलिसियों की संख्या के प्रतिशत के तौर पर, जब कि साधारण और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए अंकित सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में निर्धारित वर्ष-वार लक्ष्य पूरे करें। उक्त विनियम बीमाकर्ताओं से यह अपेक्षा करते हैं कि वे इन खंडों में व्यवसाय का जोखिम-अंकन अपने परिचालनों के प्रारंभ के वर्ष के आधार पर करें तथा लागू लक्ष्य प्रत्येक बीमाकर्ता के परिचालनों के वर्ष के साथ संबद्ध किये गये हैं। इन दायित्वों को पूरा करने के लिए, उक्त विनियमों में आगे यह भी व्यवस्था है कि यदि कोई बीमा कंपनी अपने परिचालन वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में प्रारंभ करती है और संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालन में है तो (iii) उपर्युक्त अवधि के लिए कोई ग्रामीण अथवा सामाजिक लक्ष्य लागू नहीं होंगे; तथा (iv) विनियमों में निर्दिष्ट किये गये रूप में वार्षिक दायित्व अगले वित्तीय वर्ष से गणना में लिये जाएँगे जो अनुपालन के प्रयोजन के लिए परिचालनों के पहले वर्ष के रूप में माना जाएगा। उन मामलों में जहाँ कोई बीमा कंपनी वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में परिचालन प्रारंभ करती है, वहाँ पहले वर्ष के लिए लागू दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इन विनियमों में विनिर्दिष्ट दायित्वों का 50 प्रतिशत होंगे तथा सामाजिक क्षेत्र के लिए 2500 जीवन होंगे।

#### 2017-18 के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं के दायित्वों की पूर्ति

#### ग्रामीण क्षेत्र दायित्व

**I.4.6.2** 2017-18 के दौरान निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियाँ बिना सहारा कंपनी ने अपने ग्रामीण क्षेत्र दायित्वों को पूरा किया था। वर्ष 2017-18 में जोखिम-अंकित कुल पॉलिसियों के प्रतिशत के रूप में ग्रामीण क्षेत्र में उनके द्वारा जोखिम-अंकित पॉलिसियों की संख्या उनके लिए लागू दायित्वों के अनुसार थी।

**I.4.6.3** सरकारी क्षेत्र का एकमात्र बीमाकर्ता, भारतीय जीवन बीमा निगम 2017-18 के लिए ग्रामीण क्षेत्र में अपने दायित्वों का अनुपालनकर्ता रहा।

**I.4.6.4** जीवन बीमाकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में 64.75 लाख पॉलिसियों का जोखिम-अंकन किया अर्थात 2017-18 में उनके द्वारा जोखिम-अंकित नई वैयक्तिक पॉलिसियों (281.63 लाख पॉलिसियों) के 23 प्रतिशत का जोखिम-अंकन ग्रामीण क्षेत्र में किया गया। एलआईसी ने नई पॉलिसियों के 22.4 प्रतिशत का एवं निजी बीमाकर्ताओं ने अपनी नई वैयक्तिक पॉलिसियों के 24.8 प्रतिशत का जोखिम-अंकन ग्रामीण क्षेत्र में किया।

#### सामाजिक क्षेत्र दायित्व

**I.4.6.5** 2017-18 के दौरान सभी बाईस* निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने और सरकारी क्षेत्र के भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने सामाजिक क्षेत्र दायित्वों को पूरा किया। सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा बीमारक्षा प्रदान किये गये जीवनों की संख्या आईआरडीए (ग्रामीण अथवा सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 में निर्धारित शर्तों से अधिक थी।

**I.4.6.6** *मेसर्स सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. को बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 52 बी (2) के अधीन आईआरडीएआई के आदेश संदर्भ आईआरडीए/एफएण्डए/ओआर/ एफए/148/06/2017 के द्वारा 24 जून 2017 से किसी प्रकार के नये व्यवसाय का जोखिम-अंकन नहीं करने के लिए निर्देश दिया गया।

#### साधारण बीमाकर्ताओं के दायित्व

**I.4.6.7** सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के बीमार्ताओं (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) ने वर्ष 2017-18 के लिए ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों का अनुपालन किया।

**सारणी I.91**
**ग्रामीण और सामाजिक दायित्वों के संबंध में साधारण बीमाकर्ताओं (स्टैंडअलोन और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं को छोड़कर) का अनुपालन 2017-18**

| बीमाकर्ता | ग्रामीण क्षेत्र (सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम) | | | सामाजिक क्षेत्र (जीवनों की संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य (%) | प्राप्त (%) | अनुपालन किया (हाँ/नहीं) | लक्ष्य (%) | प्राप्त (%) | अनुपालन किया (हाँ/नहीं) |
| एक्को | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. |
| बजाज अलायंज़ | 7 | 9.69 | हाँ | 5 | 45.88 | हाँ |
| भारती अक्सा | 7 | 28.82 | हाँ | 5 | 303.57 | हाँ |
| चोलमंडलम | 7 | 18 | हाँ | 5 | 17 | हाँ |
| डीएचएफएल जनरल | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. |
| एडेलवेइस | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. |
| फ्यूचर जनराली | 7 | 29.44 | हाँ | 5 | 8.44 | हाँ |
| गो डिजिट | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. | ला.न. |
| एचडीएफसी एरगो | 5 | 35.9 | हाँ | 3.5 | 36 | हाँ |
| आईसीआईसीआई लोम्बार्ड | 7 | 22 | हाँ | 5 | 9 | हाँ |
| इफ़्को टोकियो | 7 | 27.01 | हाँ | 5 | 40.88 | हाँ |
| कोटक महिन्द्रा | 3 | 6 | हाँ | 1 | 1.7 | हाँ |
| लिबर्टी वीडियोकॉन | 5 | 7.56 | हाँ | 2.5 | 3.16 | हाँ |
| मैगमा एचडीआई | 5 | 59.52 | हाँ | 2.5 | 5.7 | हाँ |
| नेशनल इंश्योरेंस | 7 | 12.89 | हाँ | 5 | 14.85 | हाँ |
| रहेजा क्यूबीई | 7 | 8.44 | हाँ | 4.5 | 29.01 | हाँ |
| रिलायंस | 7 | 26.41 | हाँ | 5 | 25.8 | हाँ |
| रॉयल सुंदरम | 7 | 8.72 | हाँ | 5 | 14.77 | हाँ |
| एसबीआई | 6 | 37 | हाँ | 4 | 5.79 | हाँ |
| श्रीराम | 7 | 7.32 | हाँ | 5 | 10.84 | हाँ |
| टाटा एआईजी | 7 | 20.41 | हाँ | 5 | 39.14 | हाँ |
| दी न्यू इंडिया | 7 | 18.4 | हाँ | 5 | 73.62 | हाँ |
| दी ओरियन्टल | 7 | 15.93 | हाँ | 5 | 73.29 | हाँ |
| युनाइटेड | 7 | 16.64 | हाँ | 5 | 74.34 | हाँ |
| यूनिवर्सल सोम्पो | 7 | 56.31 | हाँ | 5 | 91.17 | हाँ |

ला.न. लागू नहीं

**सारणी I.92**
**ग्रामीण क्षेत्र दायित्वों के संबंध में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का अनुपालन 2017-18**

| बीमाकर्ता | बीमाकर्ता की कार्यावधि (वित्तीय वर्ष 2017-18 की समाप्ति पर) | लक्ष्य (अंकित सकल प्रीमियम के % रूप में) | वित्तीय वर्ष के लिए सकल प्रीमियम (₹ करोड़ में) | ग्रामीण क्षेत्र में प्राप्त प्रीमियम की राशि (₹ करोड़ में) | प्राप्त (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| आदित्य बिड़ला | 1 | 1% | 24317 | 351 | 1.44% |
| अपोलो म्यूनिख | 10 | 3.50% | 171751 | 7380 | 4.30% |
| सिगना टीटीके | 4 | 2.50% | 34640 | 5814 | 16.78% |
| मैक्स बूपा | 8 | 3.00% | 75447 | 3963 | 5.25% |
| रेलीगेर | 6 | 2.50% | 109161 | 9913 | 9.10% |
| स्टार हेल्थ | 12 | 3.50% | 416111 | 57471 | 13.81% |

**I.4.6.8 स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्व**

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान सभी छह स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता अपने ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के अनुपालनकर्ता रहे। इन छह बीमाकर्ताओं के लक्ष्यों और उपलब्धियों का विवरण सारणी .92 और .93 में दिया गया है।

**सारणी I.93**
**सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के संबंध में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का अनुपालन 2017-18**

| क्रम सं. | बीमाकर्ता | बीमाकर्ता की कार्यावधि (वित्तीय वर्ष 2017-18 की समाप्ति पर) | लक्ष्य (समाविष्ट जीवनों के % के रूप में) | पिछले वित्तीय वर्ष में प्राप्त कुल व्यवसाय (जीवन लाख में) | सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत समाविष्ट जीवनों की संख्या (लाख में) | प्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदित्य बिड़ला | 1 | 0.50% | 2 | 0.59 | 28.58% |
| 2 | अपोलो म्यूनिख | 10 | 5% | 42 | 2.50 | 6.00% |
| 3 | सिगना टीटीके | 4 | 1.50% | 4 | 0.11 | 2.68% |
| 4 | मैक्स बूपा | 8 | 4.00% | 24 | 0.98 | 4.07% |
| 5 | रेलीगेर | 6 | 3.00% | 20 | 5 | 25.80% |
| 6 | स्टार हेल्थ | 12 | 5% | 92 | 14 | 15.78% |

**I.4.7 वित्तीय सूचना-प्रणाली और बीमांकिक मानक**

**नियुक्त बीमांकक प्रणाली**

**I.4.7.1 नियुक्त बीमांकक प्रणाली भारतीय बीमा उद्योग में एक दशक से भी अधिक समय से विद्यमान है।**

प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह एक बीमांकक की नियुक्ति करे जो नियुक्त बीमांकक के रूप में जाना जाता है।

नियुक्त बीमांकक बीमाकर्ता के प्रबंधक-वर्ग को बीमांकिक परामर्श देने के लिए उत्तरदायी है, विशेष रूप से उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण, बीमा संविदा शब्दावली और अभिव्यक्तियों, निवेश और पुनर्बीमा; कंपनी की शोधक्षमता को सुनिश्चित करने और समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन करने के क्षेत्रों में।

नियुक्त बीमांकक को बीमाकर्ता के कब्जे में अथवा उसके नियंत्रण के अंतर्गत विद्यमान समस्त सूचना अथवा सभी दस्तावेजों तक पहुँच होती है, यदि नियुक्त बीमांकक के कार्यों और कर्तव्यों के उचित और प्रभावी कार्यनिष्पादन के लिए ऐसी पहुँच आवश्यक हो।

**I.4.8 धन-शोधन निवारण / आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (एएमएल/सीएफटी) कार्यक्रम**

**एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश**

**I.4.8.1** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) और उसके अधीन बनाये गये नियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीमा क्षेत्र को एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश (दिशानिर्देश) पहले मार्च 2006 में जारी किये गये। तब से बीमा क्षेत्र भारत में एक प्रभावी एएमएल/सीएफटी व्यवस्था की दिशा में कार्य करता रहा है। ये दिशानिर्देश पीएमएलए के अंतर्गत अपेक्षित रूप में ग्राहक के संबंध में उचित सावधानी की प्रक्रियाओं, सूचना देने के दायित्वों और अभिलेख-पालन की आवश्यकताओं के महत्व पर बल देते हैं।

**I.4.8.2** बीमाकर्ताओं ने लेखा-परीक्षा समिति के माध्यम से अपने बोर्ड के विस्तृत पर्यवेक्षण के अधीन विभिन्न अपेक्षाओं के

कार्यान्वयन की दिशा में प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ स्थापित की हैं। बीमाकर्ता के आंतरिक लेखा-परीक्षा/निरीक्षण विभागों के माध्यम से प्रणालियों की प्रभावात्मकता की नियमित समीक्षा की जाती है। उक्त दिशानिर्देशों के अनुपालन की भी निगरानी आईआरडीएआई द्वारा दोनों प्रत्यक्ष (ऑन-साइट) और परोक्ष (ऑफ़-साइट) प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाती है।

**नकदी स्वीकरण का प्रारंभ**

**I.4.8.3** बीमा क्षेत्र बहुत कुछ बैंकिंग क्षेत्र के समान है जहाँ दोनों ही देश में जनता के बीच बचत को प्रोत्साहित करने के लिए माध्यम और सहायक साधन हैं। देश में बीमा संबंधी कानूनों के अनुसार भी यह अनिवार्य है कि प्रत्येक कंपनी के व्यवसाय का कुछ अनुपात अवश्य ग्रामीण क्षेत्र से उत्पन्न हो। भारत में गाँवों की विपुल संख्या के होते हुए, जिसकी तुलना में बैंकों की व्याप्ति सीमित है, नकदी की स्वीकृति के संबंध में प्रतिबंधों के द्वारा उत्पन्न की गई बाधाओं को हटाने के लिए आईआरडीएआई ने बैंकिंग क्षेत्र में प्रचलित रूप में ही निर्धारित शर्त को पंक्तिबद्ध किया था। इसका उद्देश्य प्रभावी ढंग से ग्रामीण व्यवसाय प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनियों को प्रोत्साहित करना भी था और इसके परिणामस्वरूप सुधार लाना था।

**I.4.8.4** यह अपेक्षा 26 मई 2011 की सीबीडीटी अधिसूचना एस.ओ. 1214 (ई) के भी अनुरूप थी जो आय-कर नियम, 1962 के नियम 114बी को संशोधित करती है और खंड (क्यू) को निविष्ट करती है जो प्रत्येक व्यक्ति से अपेक्षा करता है कि वह उन सभी लेनदेनों से संबंधित दस्तावेजों में अपनी स्थायी खाता संख्या (पैन) को उद्धृत करे जहाँ किसी बीमाकर्ता को जीवन बीमा प्रीमियम के रूप में एक वर्ष में कुल पचास हजार रुपये या उससे अधिक राशि का भुगतान निहित हो, जैसा कि बीमा अधिनियम 1938 (1938 का 4) की धारा 2 के खंड (9) में परिभाषित है।

**I.4.8.5** 'नकदी में प्रीमियम के स्वीकरण' के संबंध में अधिक सख्त नियंत्रण रखने के लिए आईआरडीएआई ने कठोर नियंत्रणों को अनिवार्य कर दिया है, जैसे ग्राहक से प्राप्त किये जानेवाले पैन संख्या के सत्यापन की आवश्यकता। बीमाकर्ताओं के लिए यह भी आवश्यक है कि वे पैन विवरण के प्रकटीकरण से बचने के लिए किसी भी प्रकार के प्रयास को रोकने के लिए उपयुक्त व्यवस्था निर्धारित करें। बीमाकर्ताओं को निदेश दिया गया है कि इन अपेक्षाओं के संबंध में धोखा देने के संभव प्रयासों की स्थिति में वे इसकी सूचना संदिग्ध गतिविधि के रूप में वित्तीय आसूचना यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) को दें।

**साधारण बीमा कंपनियों के लिए लागू एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश**

**I.4.8.6** इस तथ्य पर विचार करते हुए कि साधारण बीमा कंपनियों के लिए लागू एएमएल/सीएफटी अपेक्षाएँ जीवन बीमा कंपनियों पर लागू अपेक्षाओं से भिन्न हैं, उक्त दिशानिर्देशों का आशोधन किया गया है ताकि वे साधारण बीमा व्यवसाय के विशिष्ट लक्षणों के सूक्ष्म भेदों के अनुरूप हो सकें। विभिन्न संबंधित पहलुओं पर साधारण बीमा परिषद के माध्यम से सभी साधारण बीमा कंपनियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। साधारण बीमा कंपनियों पर यथाप्रयोज्य एएमएल/ सीएफटी ढाँचे की विभिन्न शर्तों/ अपेक्षाओं पर एक समेकित परिपत्र फरवरी 2013 में जारी किया गया। इस परिपत्र के द्वारा बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे प्रत्येक उत्पाद की प्रोफाइल के अपने जोखिम-निर्धारण के आधार पर एएमएल/ सीएफटी अपेक्षाओं को लागू करें। स्टैंडअलोन मेडिकल और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के संबंध में पूर्व में दी गई छूट अब समाप्त की गई है।

**जीवन बीमाकर्ताओं के लिए एएमएल/ सीएफटी दिशानिर्देशों का संशोधन**

**I.4.8.7** केन्द्र सरकार द्वारा 2013 में पीएमएल (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 में किये गये संशोधन के अनुसरण में जीवन बीमाकर्ताओं के लिए 2010 में जारी किये गये आईआरडीएआई के एएमएल/ सीएफटी संबंधी मास्टर परिपत्र में उक्त संशोधनों के अनुरूप संशोधन किया गया। संशोधित मास्टर परिपत्र का प्रारूप अभिमतों के लिए जीवन बीमा परिषद, और एफआईयू-आईएनडी को परिचालित किया गया। प्राप्त अभिमतों के आधार पर मास्टर परिपत्र के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया। उक्त मास्टर परिपत्र 28 सितंबर 2015 को जारी किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग/ सूचना की साझेदारी

**I.4.8.8** जून 2010 में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) में भारत की सदस्यता के बाद भारत एफएटीएफ सचिवालय के प्रति प्रतिबद्ध कार्य योजना पर कार्य कर रहा है। आईआरडीएआई ने वचनबद्ध विभिन्न कार्य-बिन्दुओं पर कार्रवाई पूरी की है। मई 2013 से आईआरडीएआई अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के बहुराष्ट्रीय सहमति ज्ञापन (एमएमओयू) का एक हस्ताक्षरकर्ता है जो सहयोग और सूचना की साझेदारी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई (देशी अथवा विदेशी संस्था से संबंधित गोपनीय सूचना की साझेदारी) विनियम, 2013 प्रचलित हैं जिनमें इस बात की व्यवस्था है कि गोपनीय सूचना की साझेदारी किस तरीके से / किन निकायों के संबंध में अन्य विनियामक निकायों के साथ की जा सकती है।

### विभिन्न एजेंसियों / विभागों के साथ समन्वय

**I.4.8.9** आईआरडीएआई भारत में एएमएल/सीएफटी व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में विभिन्न एजेंसियों / विभागों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है तथा यह राजस्व विभाग द्वारा गठित एएमएल/ सीएफटी संबंधी राष्ट्रीय जोखिम निर्धारण (एनआरए) के लिए कार्यदल का भाग है। एफएटीएफ की संशोधित सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए आर्थिक कार्य विभाग (एफएटीएफ कक्ष) द्वारा गठित कोर कार्य दल (सीडब्ल्यूजी) का भी आईआरडीएआई एक हिस्सा है।

**I.4.8.10** इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई धन-शोधन निवारण और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने संबंधी यूरेशियन समूह (ईएजी), जो एक एफएटीएफ शैली का क्षेत्रीय निकाय है, के साथ भी सक्रिय रूप से संबद्ध है।

**I.4.8.11** आईआरडीएआई ने वित्तीय आसूचना यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) के साथ नियमित इंटरऐक्शन प्रारंभ किया है तथा 'बीमा क्षेत्र के लिए लाल झंडा संकेतकों' पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के संबंध में उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ गठित कार्य दल में सक्रिय रूप से भाग लिया है। आईआरडीएआई केन्द्रीय केवाईसी रजिस्ट्री निर्मित करने की वित्तीय सेवाएँ विभाग की पहल का भी भाग है।

**I.4.8.12** धन-शोधन निवारण अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों की अपेक्षाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में निरंतर समन्वित प्रयासों के भाग के रूप में आईआरडीएआई और एफआईयू-आईएनडी ने 29 जनवरी 2014 को परस्पर सहयोग संबंधी एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।

उक्त एमओयू के अनुसार, आईआरडीएआई और एफआईयू-आईएनडी निम्नलिखित सहित परस्पर हित के क्षेत्रों में एक दूसरे का सहयोग करेंगेः

क) उनके संबंधित डेटाबेसों में उपलब्ध आसूचना और जानकारी की साझेदारी करना।

ख) वह कार्यविधि और तरीका निर्धारित करना जिसमें सूचना देनेवाली संस्थाएँ पीएमएल (अभिलेखों का अनुरक्षण) नियमों के अंतर्गत एफआईयू-आईएनडी को सूचना देंगी।

ग) सूचना देनेवाली संस्थाओं के लिए लोकसंपर्क और प्रशिक्षण संचालित करना।

घ) आईआरडीएआई द्वारा विनियमित सूचना देनेवाली संस्थाओं के एएमएल/ सीएफटी कौशल का दर्जा बढ़ाना।

ङ) बीमा क्षेत्र में धन-शोधन निवारण/ आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (एएमएल/ सीएफटी) संबंधी जोखिमों और असुरक्षितताओं का निर्धारण।

च) बीमा क्षेत्र में संदिग्ध लेनदेन रिपोर्टों (एसटीआर) के लिए लाल झंडा संकेतकों का अभिनिर्धारण।

छ) पीएमएलए के अंतर्गत सूचना देनेवाली संस्थाओं के दायित्वों के साथ उनके अनुपालन का पर्यवेक्षण और निगरानी।

ज) संबंधित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत एक दूसरे के दायित्वों का अनुपालन।

**केन्द्रीय केवाईसी अभिलेख रजिस्ट्री का परिचालन**

**I.4.8.13** ग्राहकों की केवाईसी संबंधी सूचना के विषय में बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं को सुविधा प्रदान करने के लिए जिससे ग्राहक द्वारा किसी वित्तीय उत्पाद/ सेवा का उपयोग किये जाने के प्रत्येक समय बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं द्वारा केवाईसी संबंधी कार्रवाई की बहुलता से बचा जा सके, माननीय वित्त मंत्री ने केन्द्रीय बजट 2012-13 में घोषित किया कि केवाईसी डेटा के पंजीकरण की बहुलता से बचने के लिए एक 'केन्द्रीय अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) भंडार' (डिपॉजिटरी) को विकसित किया जाएगा।

**I.4.8.14** पीएमएल (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 में 2015 के संशोधन के अनुसार, सूचना देनेवाली प्रत्येक संस्था ग्राहक आधारित संबंध स्थापित करने के तीन दिन के अंदर ग्राहक के केवाईसी अभिलेखों की इलेक्ट्रॉनिक प्रति केन्द्रीय अभिलेख रजिस्ट्री ('सीकेवाईसीआर') के पास दाखिल करेगी।

**I.4.8.15** आईआरडीएआई ने दिनांक 12 जुलाई 2016 के परिपत्र के अनुसार बीमाकर्ताओं को वैयक्तिक पॉलिसीधारकों के केवाईसी अभिलेख केन्द्रीय केवाईसी रजिस्ट्री को अपलोड करने के लिए सूचित किया।

**यूआईडीएआई (भारतीय विलक्षण पहचान प्राधिकरण)**

**I.4.8.16** यूआईडीएआई ने अन्य बातों के साथ-साथ आधार संख्या के ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के लिए क्रियाविधि निर्धारित करते हुए आधार (अधिप्रमाणन) विनियम, 2016 जारी किये। तदनुसार, आईआरडीएआई ने परिपत्र दिनांक 31 अगस्त 2017 के जरिये बीमाकर्ताओं को यूआईडीएआई द्वारा उपलब्ध कराई गई 'ई-केवाईसी अधिप्रमाणन सुविधा' के माध्यम से ग्राहक का सत्यापन निष्पादित करने के लिए सूचित किया।

**आधार और पैन सहबद्धता**

**I.4.8.17** केन्द्र सरकार ने राजपत्र अधिसूचना दिनांक 1 जून 2017 के द्वारा बीमा सहित वित्तीय सेवाएँ प्राप्त करने के लिए आधार और पैन/ फार्म 60 को अनिवार्य (मैंडेटरी) बनाते हुए तथा वर्तमान पॉलिसियों को भी उनके साथ सहबद्ध करने के लिए धन-शोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) दूसरा संशोधन नियम, 2017 अधिसूचित किये हैं।

तदनुसार, आईआरडीएआई ने परिपत्र दिनांक 8 नवंबर 2017 के द्वारा सभी बीमाकर्ताओं को अगले अनुदेशों की प्रतीक्षा किये बिना इन्हें कार्यान्वित करने के लिए सूचित किया।

इसके परिणामस्वरूप, केन्द्र सरकार ने 12.12.2017 को पीएमएल (अभिलेखों का रखरखाव) (सातवाँ संशोधन) नियम, 2017 अधिसूचित किये हैं और 13.12.2017 को राजपत्र अधिसूचना जारी की है। तदनुसार, सूचित करनेवाली संस्था को ग्राहकों द्वारा आधार संख्या अथवा स्थायी खाता संख्या (पैन) अथवा फार्म 60 की प्रस्तुति की तारीख 31 मार्च 2018 तक अथवा खाता आधारित संबंध के प्रारंभ की तारीख से छह महीने तक बढ़ाई गई है। यह आईआरडीएआई द्वारा परिपत्र दिनांक 18 दिसंबर 2017 के अनुसार जारी किया गया।

तदुपरांत, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रिट याचिका (सिविल) सं. 494/2012 में आदेश दिनांक 13.03.2018 के अनुसार आधार की सहबद्धता की समय-सीमा को तब तक बढ़ाया जब तक इस मामले की अंतिम रूप से सुनवाई नहीं की जाती और निर्णय घोषित नहीं किया जाता।

तदनुसार, आईआरडीएआई ने 20 मार्च 2018 को परिपत्र जारी किया।

**I.4.9 फ़सल बीमा**

**I.4.9.1** भारतीय फ़सल बीमा बाजार में सरकार द्वारा प्रायोजित फ़सल बीमा योजनाओं की प्रधानता है। सरकार का फ़सल बीमा कार्यक्रम 1985 में व्यापक फ़सल बीमा योजना (सीसीआईएस) लागू करने से प्रारंभ हुआ। सीसीआईएस को रबी 1999 में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एनएआईएस) से प्रतिस्थापित किया गया।

एनएआईएस को 2015-16 तक जारी रखा गया। उक्त दोनों योजनाओं- एनएआईएस और सीसीआईएस- के अंतर्गत नियंत्रित प्रीमियम दर प्रभारित की गई तथा संगृहीत प्रीमियम से अधिक दावा देयता को राज्य और केन्द्र सरकारों के द्वारा साझा किया गया।

इस बीच, खरीफ 2007 में प्रायोगिक मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस), रबी 2009-10 में प्रायोगिक आशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एमएनएआईएस) तथा 2009-10 में नारियल वृक्ष (कोकोनट पाम) बीमा योजना (सीपीआईएस) प्रारंभ की गई। 2013-14 में डब्ल्यूबीसीआईएस, एमएनएआईएस और सीपीआईएस को राष्ट्रीय फ़सल बीमा कार्यक्रम (एनसीआईपी) के छत्र के अंतर्गत विलयित किया गया। राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एनएआईएस) एनसीआईपी का भाग नहीं था तथा इसे 2013-14 से एनसीआईपी द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। तथापि, एनएआईएस को 2015-16 तक जारी रखा गया। बीमाकर्ता द्वारा बीमांकिक प्रीमियम वसूल किया गया, किसान के प्रीमियम को सहायता (सब्सिडी) प्रदान की गई तथा दावा देयता पूर्णतः बीमाकर्ता द्वारा वहन की गई।

वर्तमान और पूर्व की योजनाओं से प्राप्त जानकारी तथा हितधारकों के अभिमतों पर विचार करते हुए, एनसीआईपी/एनएआईएस की समीक्षा की गई और एक अपेक्षाकृत परिपक्व योजना 'प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)' 2016 में प्रारंभ की गई। खरीफ 2016 से पीएमएफबीवाई ने एनसीआईपी में पूर्व की एनएआईएस/एमएनएआईएस को प्रतिस्थापित किया। एनसीआईपी के अंतर्गत डब्ल्यूबीसीआईएस घटक पर भी विचार किया गया तथा प्रीमियम संरचना और नियंत्रण संरचना को पीएमएफबीवाई के अनुरूप कर दिया गया। इस समीक्षित डब्ल्यूबीसीआईएस घटक को पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के रूप में नाम दिया गया। नारियल वृक्ष (कोकोनट पाम) बीमा योजना किसी परिवर्तन के बिना जारी रखी गई है।

किसान को वित्तीय संरक्षण तथा फ़सल, आस्ति, जीवन और छात्र सुरक्षा की व्यापक जोखिम बीमारक्षा उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत पैकेज बीमा योजना (यूपीआईएस) भी प्रायोगिक आधार पर 2016 में प्रारंभ की गई।

### 1.4.9.2 प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)

प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) प्राथमिक रूप से एक क्षेत्र उपज सूचकांक आधारित योजना है, जहाँ एक अधिसूचित क्षेत्र के लिए हानियाँ (पूर्व-अधिसूचित न्यूनतम उपज के संदर्भ में) सामान्य फ़सल अनुमान सर्वेक्षण (जीसीईएस) के अंतर्गत आवश्यक संख्या में नमूना फ़सल कटाई प्रयोगों (सीसीई) के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। तथापि, पीएमएफबीवाई के अंतर्गत आधारभूत जोखिम (अर्थात किसान की प्रत्याशाओं और योजना से भुगतान में असंतुलन) को कम करने के लिए स्थानीकृत हानियों (ओलावृष्टि, भू-स्खलन और बाढ़ के कारण) तथा फ़सल के बाद की हानियों (चक्रवात/चक्रवातीय वर्षा और बेमौसम वर्षा के कारण) का आकलन वैयक्तिक कृषि-क्षेत्र स्तरीय सर्वेक्षण के आधार पर किया जाता है। पीएमएफबीवाई कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण 'बुआई/रोपण से बीमित क्षेत्र के बाधित होने' की स्थिति में भी किसानों को संरक्षण प्रदान करती है। न्यूनतम पैदावार से 50% से कम उपज होने की प्रत्याशा के लिए कारणभूत मौसम के बीच की प्रतिकूल परिस्थितियों के होने की स्थिति में बीमित किसानों को तत्काल राहत देने के लिए पीएमएफबीवाई अंतिम उपज के डेटा की प्रतीक्षा किये बिना लेखागत (ऑन-अकाउंट) आंशिक भुगतान (संभावित दावों के 25% तक) के लिए व्यवस्था करती है।

पीएमएफबीवाई सभी ऋणी किसानों के लिए अनिवार्य बीमारक्षा (कवरेज) को अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) करती है तथा गैर-ऋणी किसानों को भी प्रोत्साहित किया जाता है। यह योजना सभी खाद्य और तिलहन फसलों तथा वार्षिक वाणिज्यिक/ बागबानी फसलों के लिए खुली है जिनके लिए पिछली पैदावार का डेटा उपलब्ध है तथा जिनके लिए सामान्य फसल आकलन सर्वेक्षण (जीसीईएस) के भाग के रूप में आवश्यक संख्या में फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) संचालित किये गये हैं। बीमे का यूनिट प्रमुख फसलों के लिए गाँव/ग्राम पंचायत है; तथा अन्य फसलों के लिए यूनिट का आकार इस स्तर से अधिक हो सकता है।

पीएमएफबीवाई के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर बीमित राशि वित्त के मान के समान है, जो सामान्यतः उत्पादन लागत के समकक्ष है। पीएमएफबीवाई बाजार संचालित है जब उसका संबंध प्रीमियम दरों की खोज से है। जबकि बीमा कंपनियाँ बीमांकिक कीमत से युक्त प्रीमियम दर (एपीआर) प्रभारित करती हैं, किसान को खरीफ फसलों के लिए 2% और रबी फसलों के लिए 1.5% तथा वाणिज्यिक/ बागबानी फसलों के लिए 5% अधिकतम भुगतान करना चाहिए।

बीमांकिक प्रीमियम दर और किसानों द्वारा देय बीमा प्रभारों की दर के बीच के अंतर को सामान्य प्रीमियम सब्सिडी की दर के रूप में माना जाएगा, जिसकी साझेदारी केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा समान रूप से की जाएगी। तथापि, राज्य/ संघराज्य क्षेत्र सरकारें निर्धारित सब्सिडी से अधिक अतिरिक्त सब्सिडी अपने बजट से देने के लिए स्वतंत्र हैं।

### I.4.9.3 पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)

पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) प्राथमिक रूप से उन फ़सलों के लिए परिकल्पित है जिनके लिए ऐतिहासिक उपज डेटा उपलब्ध नहीं है अथवा उपज अनुमान प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं है, परंतु वे भी मौसमी जोखिमों और उत्पादन हानि के लिए अरक्षित हैं।

पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना क्षेत्र मौसम सूचकांक आधारित योजना है, जिसमें अधिसूचित क्षेत्रों के लिए मानी गई हानियाँ (अधिसूचित भुगतान-संरचना के संदर्भ में) किसी अधिसूचित संदर्भ मौसम स्टेशन (आरडब्ल्यूएस) से प्राप्त मौसम के डेटा के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। ओला-वृष्टि / मेघ-विस्फोट को भी उन किसानों के लिए वर्धित लाभ (ऐड-ऑन)/ सूचकांक-प्लस उत्पादों के रूप में कवर किया जा सकता है जिन्होंने डब्ल्यूबीसीआईएस के अंतर्गत पहले ही सामान्य कवरेज प्राप्त किया हो। ऐड-ऑन कवरों की हानियों का निर्धारण वैयक्तिक कृषि-क्षेत्र स्तर पर किया जाता है।

पीएमएफबीवाई के समान ही, आरडब्ल्यूबीसीआईएस सभी ऋणी किसानों के लिए अनिवार्य बीमारक्षा (कवरेज) है तथा गैर-ऋणी किसानों के लिए वैकल्पिक है। आरडब्ल्यूबीसीआईएस के अंतर्गत बीमित राशि (एसआई) जिला-स्तरीय तकनीकी समिति (डीएलटीसी) द्वारा निर्णीत रूप में 'वित्त के मान' पर आधारित है। यदि वित्त का मान डीएलटीसी द्वारा घोषित नहीं किया गया है, तो बीमित राशि मोटे तौर पर फ़सलों की खेती की लागत पर आधारित होगी तथा इसका निर्णय राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

पीएमएफबीवाई के समान ही, आरडब्ल्यूबीसीआईएस बाजार संचालित है जब इसका संबंध प्रीमियम दरों की खोज से है। यहाँ भी, बीमा कंपनियाँ बीमांकिक कीमत से युक्त प्रीमियम दर (एपीआर) प्रभारित करती हैं, किसान को केवल खरीफ फसलों के लिए 2% और रबी फसलों के लिए 1.5% तथा वाणिज्यिक / बागबानी फसलों के लिए 5% का भुगतान करना चाहिए।

**सारणी I.94**
**प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत बीमा प्रीमियम की दर**

| मौसम | फ़सलें | किसानों के द्वारा देय अधिकतम प्रीमियम (बीमित राशि का % ) |
|---|---|---|
| खरीफ | खाद्यान्न और तिलहन फ़सलें | बीमित राशि का 2.0% अथवा बीमांकिक दर, जो भी कम हो |
| रबी | खाद्यान्न और तिलहन फ़सलें | बीमित राशि का 1.5% अथवा बीमांकिक दर, जो भी कम हो |
| खरीफ और रबी | वार्षिक वाणिज्यिक/ वार्षिक बागबानी संबंधी | बीमित राशि का 5% अथवा बीमांकिक दर, जो भी कम हो |

### I.4.9.4 नारियल (कोकोनट पाम) बीमा योजना (सीपीआईएस)

सीपीआईएस बीमित नारियल वृक्ष की मृत्यु के लिए कारणभूत जोखिमों के घटित होने के कारण अथवा उसके अनुत्पादक होने के कारण होनेवाली संपूर्ण हानि को बीमारक्षा प्रदान करती है। यह योजना उन सभी वैयक्तिक किसानों/ रोपकों/ उत्पादकों के लिए उपलब्ध है जो बंदों, खेतों अथवा निवास-स्थान के निकटस्थ क्षेत्र/ भूखंड में एकल तौर पर अथवा समूह में स्थित (इंटरक्रॉप्ड) रूप में उगनेवाले कम से कम 5 स्वस्थ 'गिरीदार फलों' (नट्स) से युक्त सभी प्रकार के नारियल वृक्षों अर्थात लंबे (7 से 60 वर्ष की आयु के दायरे में), बौने और संकर (4 से 60 वर्ष की आयु के दायरे में) नारियल वृक्षों को प्रस्तुत करते हैं।

नारियल वृक्ष (कोकोनट पाम) बीमा के अंतर्गत बीमित राशि और प्रीमियम विभिन्न आयु समूहों के अंतर्गत निम्नानुसार हैं :

| वर्षों में नारियल वृक्ष की आयु | प्रति नारियल वृक्ष बीमित राशि (रुपये) | प्रीमियम प्रति वृक्ष / वर्ष (रुपये) |
|---|---|---|
| चौथा - 15वाँ | 900 | 9.00 |
| 16वाँ - 60वाँ | 1750 | 14.00 |

**सारणी I.95 31-03-2018 की स्थिति के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान फ़सल बीमा**

| क्रम सं. | कंपनी | पीएमएफबीवाई | | | | आरडब्ल्यूबीसीआईएस | | | | कुल फसल बीमा व्यवसाय (पीएमएफबीवाई + आरडब्ल्यूबीसीआईएस + अन्य) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाविष्ट किसानों की सं. | सकल अंकित प्रीमियम | सूचित दावे: राशि | सूचित दावे: लाभार्थियों की सं. | समाविष्ट किसानों की सं. | सकल अंकित प्रीमियम | सूचित दावे: राशि | सूचित दावे: लाभार्थियों की सं. | समाविष्ट किसानों की सं. | सकल अंकित प्रीमियम | सूचित दावे: राशि | सूचित दावे: लाभार्थियों की सं. |
| 1 | एआईसी | 15908307 | 767194 | 1063055 | 8928598 | 200425 | 21826 | 44042 | 178491 | 16123906 | 789339 | 1233939 | 14201166 |
| 2 | बजाज अलायंज़ | 3195195 | 170481 | 39211 | 118103 | 43439 | 13052 | 75642 | 400102 | 3238634 | 183535 | 114852 | 518205 |
| 3 | भारती अक्सा | 871576 | 37946 | 9176 | 48456 | 0 | 0 | 0 | 0 | 871576 | 37946 | 9176 | 48456 |
| 4 | चोलमंडलम एमएस | 862960 | 37282 | 13927 | 201830 | 58698 | 12434 | 2585 | 335015 | 921658 | 49716 | 16512 | 536845 |
| 5 | फ्यूचर जनराली इंडिया | 0 | (137) | 6436 | 36696 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | (137) | 6436 | 36696 |
| 6 | एचडीएफसी एरगो | 1992514 | 92877 | 150717 | 993439 | 372699 | 127257 | 26481 | 374930 | 2364942 | 220131 | 177234 | 1374816 |
| 7 | आईसीआईसीआई लोम्बार्ड | 2139078 | 236927 | 123244 | 869287 | 2852 | 65 | 242 | 6343 | 2163575 | 237106 | 138206 | 1870649 |
| 8 | इफ्को टोकियो | 2158269 | 91267 | 165233 | 556470 | 198363 | 16462 | 1795 | 265 | 2433267 | 107861 | 186304 | 1358825 |
| 9 | दी न्यू इंडिया एश्योरेंस | 2907094 | 178449 | 121825 | 354601 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2907094 | 178449 | 121825 | 354601 |
| 10 | नेशनल इंश्योरेंस | 3613124 | 135416 | 117550 | 1110346 | 78786 | 8343 | 14198 | 71923 | 3691910 | 143760 | 131748 | 1182269 |
| 11 | दी ओरियन्टल इंश्योरेंस | 2104052 | 82522 | 113207 | 645637 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2104052 | 82522 | 113207 | 645637 |
| 12 | रिलायंस | 3005156 | 93428 | 24431 | 452332 | 44742 | 24692 | 11520 | 82411 | 3049898 | 118114 | 47596 | 1784102 |
| 13 | रॉयल सुंदरम | 6557 | 189 | 1 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6557 | 189 | 1 | 35 |
| 14 | एसबीआई जनरल | 705008 | 51209 | 6668 | 36007 | 164553 | 18821 | 3202 | 48878 | 869561 | 70030 | 9871 | 84885 |
| 15 | श्रीराम जनरल | 0 | (2723) | 12739 | 315468 | 2432 | 319 | 3472 | 17335 | 2432 | (2403) | 16211 | 332803 |
| 16 | टाटा एआईजी | 1380718 | 41569 | 30799 | 210721 | 168 | 7 | 3684 | 87665 | 1380886 | 41576 | 34482 | 298386 |
| 17 | युनाइटेड इंश्योरेंस * | 3005825 | 147040 | 147346 | 2647401 | 25770 | 0 | 1599 | 12295 | 3031595 | 147040 | 148945 | 2659696 |
| 18 | यूनिवर्सल सोम्पो | 2154521 | 112542 | 78807 | 242306 | 0 | 0 | 19702 | 0 | 2334563 | 124385 | 98509 | 258369 |
| | **कुल** | **46009954** | **2273479** | **2224370** | **17767733** | **1192927** | **243278** | **208164** | **1615653** | **47496106** | **2529159** | **2605054** | **27546441** |

टिप्पणियाँ : * पीएमएफबीवाई के सकल प्रीमियम में तेलंगाना खरीफ 2017 के लिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस प्रीमियम भी शामिल है.. पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस द्विभाजन का समाधान 31-03-2018 की स्थिति के अनुसार पोर्टल पर होने के कारण।

लाभार्थियों की संख्या में केवल वे ही लाभार्थी शामिल हैं जिनको 2017-18 के दौरान दावों का भुगतान किया गया है।

समाविष्ट किसानों की संख्या, ,लाभार्थियों की संख्या अनंतिम है।

ऋणात्मक जीडब्ल्यूपी प्रविष्टियों के विपर्यय के कारण (2017-18 में किसी व्यवसाय का जोखिम-अंकन नहीं किया गया तथा विपर्यय 2016-17 व्यवसाय से संबंधित है)

आरडब्ल्यूबीसीआईएस : लाभार्थियों की कुल संख्या समाविष्ट किसानों की संख्या से अधिक है - पिछले वर्षों से संबंधित दावा भुगतान 2017-18 में किये जाने के कारण।

उक्त योजना का प्रबंधन नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) द्वारा किया जाता है। प्रीमियम पर, 50% सब्सिडी का भुगतान नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) द्वारा किया जाता है तथा 25% संबंधित राज्य सरकार द्वारा एवं प्रीमियम का शेष 25% किसान / उत्पादक द्वारा अदा किया जाता है। यदि राज्य सरकार प्रीमियम का 25% अंश वहन करने के लिए सहमत नहीं है, तो किसानों / उत्पादकों को प्रीमियम का 50% अदा करना होगा, यदि वे बीमा योजना में रुचि रखते हों। वर्तमान में भारतीय कृषि बीमा कंपनी उक्त योजना की एकमात्र एजेंसी है।

### I.4.9.5 एकीकृत पैकेज बीमा योजना (यूपीआईएस)

यूपीआईएस का उद्देश्य किसानों को एक छत्र के अंतर्गत विभिन्न सूक्ष्म-बीमा उत्पाद उपलब्ध कराना है तथा अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रीमियम दरों पर अभिनिर्धारित आवश्यकता के अनुसार बीमा के विभिन्न प्रकारों (पीएमएफबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, आवास और अंतर्वस्तु बीमा, छात्र सुरक्षा बीमा, कृषि ट्रैक्टर बीमा, कृषि पम्प-सेट बीमा) में से खरीदने के लिए सुविधा उत्पन्न करना है। यूपीआईएस के कुल 7 खंड हैं, जिनमें से पीएमएफबीवाई एक अधिदेशात्मक खंड है और 2 अन्य खंडों का चयन अधिदेशात्मक तौर पर करना होगा।

### I.4.10 सूक्ष्म बीमा

**I.4.10.1** जनसाधारण के निम्नतर आय खंडों तक बीमा के व्यापन को सुसाध्य बनाने के लिए आईआरडीएआई ने 2005 में सूक्ष्म बीमा विनियम अधिसूचित किये थे। उक्त विनियम ग्रामीण और शहरी निर्धन वर्ग के लिए वहनीय बीमा उत्पाद वितरित करने के लिए तथा सूक्ष्म बीमा को वित्तीय समावेशन में अपनी भूमिका अदा करने में समर्थ बनाने के लिए एक मंच उपलब्ध कराते हैं।

**I.4.10.2** सूक्ष्म बीमा विनियम मुख्य रूप से निम्न आय वाले लोगों को बीमारक्षा, प्रीमियम और लाभ के मानकों के कुछ स्तरों का पालन करते हुए मानकीकृत लोकप्रिय बीमा उत्पादों के साथ सामान्य जोखिमों का सामना करने और उनसे निरापद होने में सहायता करने के लिए वहनीय बीमा उत्पादों के साथ संरक्षण देने पर बल देते हैं। ये विनियम सूक्ष्म बीमा उत्पादों का विपणन करने में बीमा कंपनियों के लिए एजेंटों के रूप में कार्य करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) को अनुमति देते हैं तथा दोनों जीवन और साधारण बीमाकर्ताओं को कॉम्बीसूक्ष्म बीमा उत्पादों (व्यवसाय की विभिन्न व्यवस्थाओं का संयोजन) को बढ़ावा देने के लिए भी अनुमति देते हैं।

**I.4.10.3** प्राधिकरण ने व्यापक तौर पर सूक्ष्म बीमा विनियम, 2005 की समीक्षा की। इस संबंध में प्राधिकरण ने 13 मार्च 2015 को संशोधित विनियम अधिसूचित किये हैं जिनमें इसने सूक्ष्म बीमा व्यवसाय के बेहतर व्यापन को सुसाध्य बनाते हुए सूक्ष्म बीमा एजेंटों के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के व्यवसाय प्रतिनिधियों सहित और भी अनेक संस्थाओं, जैसे जिला सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अनुमति प्रदान की है तथा पॉलिसीधारकों के संरक्षण के लिए अतिरिक्त उपायों को शामिल किया है।

**जीवन बीमा क्षेत्र**

**I.4.10.4** जबकि वर्ष 2017-18 के लिए सूक्ष्म बीमा खंड के अंतर्गत वैयक्तिक नया व्यवसाय रु.47.04 करोड़ के प्रीमियम के साथ 8.39 लाख नई पॉलिसियों पर रहा, सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत समाविष्ट जीवन 5.89 करोड़ थे जहाँ प्रीमियम रु.1386.37 करोड़ का था। एलआईसी ने इस संविभाग में प्राप्त व्यवसाय के प्रति 5.65 लाख वैयक्तिक पॉलिसियाँ और रु. 17.87 करोड़ नया व्यावसायिक प्रीमियम संगृहीत करने के द्वारा अंशदान किया तथा सामूहिक व्यवसाय में रु. 631.85 करोड़ प्रीमियम के साथ 3.73 करोड़ जीवनों को समाविष्ट करने के द्वारा अंशदान किया। निजी क्षेत्र ने वैयक्तिक व्यवसाय में शेष 2.74 पॉलिसियों और रु. 29.17 करोड़ प्रीमियम का अंशदान किया तथा सामूहिक सूक्ष्म व्यवसाय में 2.16 करोड़ जीवनों और रु. 754.52 करोड़ के प्रीमियम का अंशदान किया।

**I.4.10.5** 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार सूक्ष्म बीमा एजेंटों की संख्या 52907 रही; जिसमें से 19183 एजेंट एलआईसी से संबंधित थे तथा शेष 33724 एजेंटों ने निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया। जीवन बीमा उद्योग के कुल 52,907 सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंटों में से गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 12.7% बनाते हैं, स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी) 0.7%, सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (एमएफआई) 0.6%, व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) 0.2% तथा अन्य सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंट 85.8% बनाते हैं। 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार 17 जीवन बीमाकर्ताओं के 38 सूक्ष्म बीमा उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में उपलब्ध थे। इन 38 उत्पादों में से 23 वैयक्तिक उत्पाद थे और शेष 15 सामूहिक उत्पाद थे।

**सारणी I.96**

**2017-18 के लिए सूक्ष्म बीमा संविभाग के अंतर्गत नया व्यवसाय**

*(प्रीमियम ₹लाख में)*

| बीमाकर्ता | वैयक्तिक | | सामूहिक | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | पॉलिसियाँ | प्रीमियम | योजनाएँ | प्रीमियम | समाविष्ट जीवन |
| निजी कुल | 274470 | 2917.02 | 968 | 75452.04 | 21586921 |
| भा.जी.बी.निगम | 564541 | 1786.808 | 892 | 63184.98 | 37316017 |
| **उद्योग कुल** | **839011** | **4703.83** | **1860** | **138637.02** | **58902938** |

*टिप्पणी : नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल हैं।*

**सारणी I.97**

**जीवन बीमाकर्ताओं के सूक्ष्म बीमा एजेंटों का विवरण 2017-18**

| बीमाकर्ता | 1 अप्रैल 2017 को | परिवर्धन | विलोपन | 31 मार्च 2018 को |
|---|---|---|---|---|
| निजी कुल | 16422 | 17928 | 626 | 33724 |
| भा.जी.बी.निगम | 19301 | 1601 | 1719 | 19183 |
| **उद्योग कुल** | **35723** | **19529** | **2345** | **52907** |

**सारणी I.98**

**जीवन बीमाकर्ताओं के सूक्ष्म बीमा एजेंटों का विवरण 2017-18**

| सूक्ष्म बीमा एजेंट | निजी कुल | एलआईसी | उद्योग कुल |
|---|---|---|---|
| सूक्ष्म-बीमा एजेंट कुल | 33724 | 19183 | 52907 |
| गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) | 126 | 6587 | 6713 |
| स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी) | 20 | 338 | 358 |
| सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (एमएफआई) | 26 | 294 | 320 |
| व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) | 22 | 91 | 113 |
| **अन्य सूक्ष्म-बीमा एजेंट** | **33530** | **11873** | **45403** |

## सारणी I.99
## सूक्ष्म बीमा संविभाग के अंतर्गत वैयक्तिक मृत्यु दावे 2017-18

*(लाभ की राशि ₹ लाख में)*

| जीवन बीमाकर्ता | कुल दावे | | भुगतान किये गये दावे | | निराकृत / अस्वीकृत दावे | | अदावी दावे | | वर्ष के अंत में लंबित दावे | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पॉलिसियों की सं. | लाभ की राशि | पॉलिसियों की सं. | लाभ की राशि | पॉलिसियों की सं. | लाभ की राशि | पॉलिसियों की सं. | लाभ की राशि | पॉलिसियों की सं. | लाभ की राशि |
| निजी कुल | 2925 | 271.60 | 2909 | 260.41 | 14 | 10.59 | 1 | 0.17 | 1 | 0.43 |
| | 100% | 100% | 99.45% | 95.88% | 0.48% | 3.90% | 0.03% | 0.06% | 0.03% | 0.16% |
| एलआ-ईसी | 7353 | 1324.68 | 7228 | 1304.15 | 108 | 12.54 | 0 | 0.00 | 17 | 7.99 |
| | 100% | 100% | 98.30% | 98.45% | 1.47% | 0.95% | | | 0.23% | 0.60% |
| **उद्योग कुल** | **10278** | **1596.29** | **10137** | **1564.56** | **122** | **23.14** | **1** | **0.17** | **18** | **8.42** |
| | **100%** | **100%** | **98.63%** | **98.01%** | **1.19%** | **1.45%** | **0.01%** | **0.01%** | **0.18%** | **0.53%** |

टिप्पणी : प्रतिशत कुल दावों में से संबंधित दावों का प्रतिशत दर्शाते हैं।

## सारणी I.100
## सूक्ष्म बीमा संविभाग के अंतर्गत सामूहिक मृत्यु दावे 2017-18

*(लाभ की राशि ₹ लाख में)*

| जीवन बीमाकर्ता | कुल दावे | | भुगतान किये गये दावे | | निराकृत / अस्वीकृत दावे | | अदावी दावे | | वर्ष के अंत में लंबित दावे | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जीवनों की सं. | लाभ की राशि | जीवनों की सं. | लाभ की राशि | जीवनों की सं. | लाभ की राशि | जीवनों की सं. | लाभ की राशि | जीवनों की सं. | लाभ की राशि |
| निजी कुल | 61934 | 15914.88 | 61682 | 15844.67 | 154 | 41.90 | 0 | 0.00 | 98 | 28.31 |
| | 100% | 100% | 99.59% | 99.56% | 0.25% | 0.26% | - | - | 0.16% | 0.18% |
| एलआईसी | 155615 | 97657.34 | 155602 | 97652.54 | 13 | 4.80 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| | 100% | 100% | 99.99% | 100.00% | 0.01% | 0.00% | - | - | - | 0.00% |
| **उद्योग कुल** | **217549** | **113572.22** | **217284** | **113497.21** | **167** | **46.70** | **0** | **0.00** | **98** | **28.31** |
| | **100%** | **100%** | **99.88%** | **99.93%** | **0.08%** | **0.04%** | **-** | **-** | **0.05%** | **0.02%** |

टिप्पणी : प्रतिशत कुल दावों में से संबंधित दावों का प्रतिशत दर्शाते हैं।

## सारणी I.101
## सूक्ष्म बीमा वैयक्तिक श्रेणी में निपटाये गये अवधि-वार मृत्यु दावे 2017-18

*(पॉलिसियों की संख्या)*

| जीवन बीमाकर्ता | अवधि | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 दिन के अंदर | 31 से 90 दिन | 91 से 180 दिन | 181 दिन से 1 वर्ष | 1 वर्ष से अधिक | निपटाये गये कुल दावे |
| निजी कुल | 2831 | 63 | 15 | 0 | 0 | 2909 |
| | 97.32% | 2.17% | 0.52% | 0.00% | 0.00% | 100.00% |
| एलआईसी | 7104 | 95 | 6 | 9 | 14 | 7228 |
| | 98.28% | 1.31% | 0.08% | 0.12% | 0.19% | 100.00% |
| **उद्योग कुल** | **9935** | **158** | **21** | **9** | **14** | **10137** |
| | **98.01%** | **1.56%** | **0.21%** | **0.09%** | **0.14%** | **100.00%** |

टिप्पणी : प्रतिशत निपटाये गये कुल दावों में से संबंधित दावों के प्रतिशत दर्शाते हैं।

**सारणी I.102**
**सूक्ष्म बीमा सामूहिक श्रेणी में निपटाये गये अवधिवार मृत्यु दावों का विवरण 2017-18**

*(जीवनों की संख्या)*

| जीवन बीमाकर्ता | अवधि | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 दिन के अंदर | 31 से 90 दिन | 91 से 180 दिन | 181 दिन से 1 वर्ष | 1 वर्ष से अधिक | निपटाये गये कुल दावे |
| निजी कुल | 57060<br>92.51% | 4535<br>7.35% | 83<br>0.13% | 2<br>0.00% | 2<br>0.00% | 61682<br>100.00% |
| एलआईसी | 154805<br>99.49% | 797<br>0.51% | 0<br>0.00% | 0<br>0.00% | 0<br>0.00% | 155602<br>100.00% |
| **उद्योग कुल** | **211865<br>97.51%** | **5332<br>2.45%** | **83<br>0.04%** | **2<br>0.00%** | **2<br>0.00%** | **217284<br>100.00%** |

टिप्पणी : प्रतिशत निपटाये गये कुल दावों में से संबंधित दावों का अंश दर्शाते हैं।

### सूक्ष्म बीमा - साधारण बीमा क्षेत्र

**I.4.10.6** सूक्ष्म बीमा, सूक्ष्म बीमा उत्पादों के माध्यम से प्रदत्त बीमा है। साधारण सूक्ष्म बीमा उत्पाद स्वास्थ्य बीमा, संपत्ति और सामान, जैसे झोंपड़ी, पशुधन, साधनों अथवा उपकरणों तथा वैयक्तिक दुर्घटना की बीमारक्षा को सम्मिलित करते हैं जो वैयक्तिक अथवा सामूहिक आधार पर रुपये एक लाख की अधिकतम राशि की बीमारक्षा एवं एक वर्ष की अवधि से युक्त हैं।

**I.4.10.7** प्राधिकरण ने विभिन्न खंडों में सूक्ष्म बीमा को प्रचारित करने के लिए उन संस्थाओं अथवा व्यक्तियों की श्रेणियों का विस्तार किया है जिन्हें सूक्ष्म बीमा एजेंटों के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, जिनमें शामिल हैं गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी), सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (एमएफआई), भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एनबीएफसी-एमएफआई, जिला सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शहरी सहकारी बैंक, व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी), प्राथमिक कृषि सहकारी सोसाइटियाँ (पीएसीएस) और अन्य सहकारी सोसाइटियाँ।

**I.4.10.8** जनसाधारण के निम्न आय खंड को लक्ष्यीकृत करते हुए पंजीकृत साधारण बीमा कंपनियों द्वारा लगभग इक्यानवे (91) उत्पाद प्रस्तावित किये गये हैं (उदा. मवेशी सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, किसान कृषि पंपसेट सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, जनता वैयक्तिक दुर्घटना सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, रेशम-कीट सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, भेड़ और बकरी सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, संपूर्ण गृह सुरक्षा पॉलिसी आदि.)। प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (सूक्ष्म बीमा) विनियम, 2015 के अधीन सूक्ष्म बीमा एजेंटों द्वारा अपेक्षा और विपणन किये जाने के लिए गैर-ऋणी किसानों को सम्मिलित करते हुए प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को अनुमति प्रदान की है।

इसके अलावा, साधारण बीमा व्यवसाय की विभिन्न व्यवस्थाओं के अंतर्गत एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 में वर्गीकृत रूप में सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्यमों को जारी की गई साधारण बीमा पॉलिसियाँ भी प्रति एमएसएम उद्यम 10,000 रुपये प्रीमियम प्रति वर्ष तक साधारण सूक्ष्म बीमा व्यवसाय के रूप में अर्हता प्राप्त करेंगी।

**I.4.10.9** सूक्ष्म बीमा एक कम कीमत और उच्च परिमाण वाला व्यवसाय है, इसलिए इसकी सफलता और धारणीयता मुख्य रूप से इसके लेनदेनों की लागतों को कम रखने पर निर्भर हैं। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32बी और 32सी तथा आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र के संबंध में बीमाकर्ताओं के लिए दायित्व निर्धारित करते हैं, जिन्होंने भी भारत में सूक्ष्म बीमा उत्पादों के विकास और संवर्धन में बहुत कुछ अंशदान किया है।

वर्ष 2017-18 में सूक्ष्म बीमा एजेंटों द्वारा जारी की गई साधारण बीमा पॉलिसियों की कुल संख्या निम्नानुसार हैः

| माध्यम | निजी | सरकारी | कुल* |
|---|---|---|---|
| सूक्ष्म बीमा एजेंट | 2098 | 99507 | 101605 |

*इसमें स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई सूक्ष्म बीमा पॉलिसियाँ शामिल नहीं हैं।

### I.4.11 प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये निर्देश, आदेश और विनियम

**I.4.11.1** प्राधिकरण ने 2017-18 के दौरान कई परिपत्र, निर्देश और आदेश जारी किये। 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 तक की अवधि के दौरान जारी किये गये ऐसे सभी परिपत्रों, निर्देशों और आदेशों की सूची अनुबंध 8 में दी गई है। इसके अतिरिकत, 31 मार्च 2018 तक प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित सभी विनियमों का विवरण अनुबंध 9 पर रखा गया है।

### I.4.12 सूचना अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005

**I.4.12.1** वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण ने नीचे सारणी .103 में दर्शाये गये अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(1) के अनुसार केन्द्रीय जन सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) के रूप में पदनामित किया है।

**I.4.12.2** इसी अवधि के दौरान आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(2) के अनुसार सौंपे गये कार्यों का निर्वहण करने के लिए आरटीआई अधिनियम, 2005 की उपर्युक्त धारा के अनुसार प्राधिकरण द्वारा श्री दीपक खन्ना, उप महाप्रबंधक को अपने दिल्ली कार्यालय के लिए केन्द्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है तथा श्री विकास राणे, सहायक प्रबंधक को अपने मुंबई कार्यालय के लिए केन्द्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है।

इसके अलावा, इसी अवधि के दौरान आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अनुसार सौंपे गये कार्यों का निर्वहण करने के लिए आरटीआई अधिनियम, 2005 की उपर्युक्त धारा के अनुसार श्री ए. रमणा राव, महाप्रबंधक और श्री सुरेश माथुर, कार्यकारी निदेशक को प्रथम अपील प्राधिकारियों के रूप में पदनामित किया गया।

**सारणी I.103 केन्द्रीय जन सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) की सूची**

| क्रम सं. | सीपीआईओ का नाम और पदनाम (श्री/श्रीमती/सुश्री) | विभाग |
|---|---|---|
| 1 | एम. पुल्ला राव, कार्यकारी निदेशक (सामान्य) | लेखा, प्रशासन, भवन, आंतरिक लेखा-परीक्षा, कॉरपोरेट सेवाएँ, मानव संसाधान और राजभाषा कार्यान्वयन |
| 2 | एस.पी. चक्रवर्ती, महाप्रबंधक | बीमांकिक |
| 3 | टी.एस. नाईक, महाप्रबंधक | एजेंसी वितरण और उपभोक्ता कार्य |
| 4 | जे. अनिता, उप महाप्रबंधक | संचार खंड (27.08.2017 तक) |
| | के.जी.पी.एल. रमादेवी, महाप्रबंधक | संचार खंड और आईएमएफ (28.08.2017 से) |
| 5 | पी.के. मैती, महाप्रबंधक | प्रवर्तन |
| | ममता सूरी, मुख्य महाप्रबंधक | एफएण्डए (जीवन और गैर-जीवन) (27.08.2017 तक) |
| 6 | ए. रमणा राव, महाप्रबंधक | एफएण्डए (जीवन) (28.08.2017 से) |
| | आर.के. शर्मा, महाप्रबंधक | एफएण्डए (गैर-जीवन) (28.08.2017 से) |
| 7 | डी.वी.एस. रमेश, महाप्रबंधक | स्वास्थ्य |
| 8 | एस.एन.जयसिंहन, महाप्रबंधक | निवेश |
| 9 | ए.आर. नितियानंदम, मुख्य महाप्रबंधक | सूचना प्रौद्योगिकी |
| 10 | जे. मीनाकुमारी, मुख्य महाप्रबंधक | निरीक्षण |
| 11 | रणदीप सिंह जगपाल, मुख्य महाप्रबंधक | मध्यवर्ती दलाल |
| 12 | मारिमुत्तु पी, सहायक प्रबंधक | मध्यवर्ती सर्वेक्षक, आईएमएफ और न्यायनिर्णयन (27.08.2017 तक) |
| | निमिषा श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक | मध्यवर्ती सर्वेक्षक (28.08.2017 से) |
| 13 | मारिमुत्तु पी, सहायक प्रबंधक | न्यायनिर्णयन |
| 14 | एच. अनंतकृष्णन, मुख्य महाप्रबंधक | विधि |
| 15 | वी. जयंत कुमार, मुख्य महाप्रबंधक | जीवन |
| 16 | यज्ञप्रिया भरत, मुख्य महाप्रबंधक | गैर-जीवन |
| 17 | एन.एम. बेहेरा, उप महाप्रबंधक | पुनर्बीमा |
| 18 | ए. वेंकटेश्वर राव, महाप्रबंधक | क्षेत्रीय विकास और सतर्कता |

# भाग-II
# कार्यप्रणाली और परिचालनों की समीक्षा

## II.1 बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों का विनियमन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने बीमा क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास के प्रयोजन के लिए विनियामक शर्तों में उल्लेखनीय परिवर्तन किये हैं। महत्वपूर्ण विनियामक परिवर्तनों में निम्नलिखित शामिल हैं :

### II.1.1 आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017

बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 का संशोधन किये जाने के उपरांत प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 अधिसूचित किये हैं।

आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 द्वारा किये गये कुछ महत्वपूर्ण सुधार निम्न लिखित हैं :

- विनियमों की प्रयोज्यता सूक्ष्म बीमा एजेंटों, आईएमएफ, वेब संग्राहकों और बीमा भंडारों (रिपोजिटरियों) तक विस्तारित की गई है।
- स्पष्टता लाने के लिए नये शब्दों अर्थात संभावित ग्राहक, शिकायत, शिकायतकर्ता, वितरण माध्यमों को परिभाषित किया गया है।
- ये विनियम निर्धारित करते हैं कि सभी बीमाकर्ता निम्नलिखित के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति बनाएँगे-
  - बीमा संबंधी जागरूकता में वृद्धि करना
  - सेवा मानदंडों को परिभाषित करना
  - शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए क्रियाविधि निर्धारित करना
  - अपविक्रय (मिस-सेलिंग) और अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए कदम उठाना
  - संभावित ग्राहकों के लिए उचित सूचना प्रवाह को सुनिश्चित करना
- **बिक्री केन्द्र संबंधी प्रावधान**
  - बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि दूरस्थ विपणन पद्धतियों, जैसे इंटरनेट, एसएमएस, दूर-विपणन, परस्पर सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम आदि पर निष्पादित विक्रय प्राधिकृत और अर्हता-प्राप्त विक्रेताओं द्वारा किया जाएगा।
  - यह अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) है कि अनुयाचन (कैन्वैसिंग) से पहले संभावित ग्राहक की सहमति प्राप्त की जाए।
  - यह सुनिश्चित करने के लिए लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि संपर्क किये गये संभावित ग्राहक के पास बीमाकर्ता की पहचान, वितरण माध्यम, उत्पाद, प्रस्ताव के लाभों और शर्तों आदि के संबंध में स्पष्टता है। इस प्रकार किये गये अनुयाचन के साथ संभावित ग्राहक के लिए किसी भी प्रकार की विवशता, असुविधा अथवा परेशानी संबद्ध नहीं होगी।
  - यदि संभावित ग्राहक विक्रेता की सलाह पर निर्भर है, तो ऐसा विक्रेता उसको निष्पक्ष रूप से परामर्श देगा।
- **बीमा के लिए प्रस्ताव**
  - जीवन व्यवसाय अथवा साधारण व्यवसाय हेतु बीमा रक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव के विषय में अवश्य एक लिखित अथवा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज द्वारा साक्ष्य दिया जाना चाहिए।
  - प्रस्ताव का फार्म भरने में निर्विवादयता और नामांकन से संबंधित कुछ प्रावधानों के बारे में अनिवार्य रूप से संभावित ग्राहक को स्पष्ट किया जाना चाहिए।
  - बीमाकर्ता प्रस्तावों पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई करेगा तथा बकाया प्रस्ताव जमाराशि, यदि कोई हो, जोखिम-अंकन के निर्णय के तत्काल बाद वापस करेगा तथा ऐसा न करने पर वह दंडात्मक ब्याज अदा करने के लिए बाध्य होगा।

- **पॉलिसियों और अन्य परंतुकों में बताये जानेवाले विषय**
    - जीवन बीमा पॉलिसियों, साधारण बीमा पॉलिसियों और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में बताये जानेवाले विषयों के बारे में सविस्तार प्रतिपादित किया गया है।
    - बीमाकर्ताओं को चाहिए कि वे पॉलिसी दस्तावेज में विक्रेता के नाम और संपर्क के विवरण का उल्लेख करें।
    - जीवन बीमाकर्ता फ्री-लुक निरसन प्रावधान के बारे में सूचित करें।
    - प्रत्येक बीमाकर्ता को दावा दर्ज कराने के संबंध में पूरी की जानेवाली अपेक्षाओं के संबंध में तथा दावे का निपटान शीघ्र करने के लिए उसके द्वारा अनुसरण की जानेवाली क्रियाविधियों के संबंध में बीमाकृत व्यक्ति को अवगत करना होगा।
- **जीवन, साधारण और स्वास्थ्य जीवन पॉलिसियों में दावा प्रक्रियाएँ :**
    - जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के संबंध में दावा प्रक्रियाएँ अद्यतन की गई हैं तथा जाँच-पड़ताल संचालित करने और दावों का निपटान करने के लिए समय-सीमाएँ संशोधित की गई हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दावों पर कार्रवाई कुशलतापूर्वक और गति के साथ की जाए।
    - बीमाकर्ताओं को दावों का निपटान निर्धारित समय-सीमाओं के अनुसार करना चाहिए। विलंब होने की स्थिति में बीमाकर्ता दावेदार से अंतिम आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की तारीख से दंडात्मक ब्याज अदा करने के लिए बाध्य हैं।
- **सामान्य सिद्धांत:**
    - संशोधित साधारण सिद्धांतों का एक उपबंध शामिल किया गया है जिसका पाठ निम्नानुसार है: प्रत्येक जीवन बीमाकर्ता सहभागी एवम प्रचलित में रहने वाले पॉलिसियों का जमा बोनस और यूलिप पॉलिसियों का मूल्य की सूचना वर्ष में एक बार अपने पालिसी धारको को देगा।
- **शिकायत निवारण प्रक्रिया**
    - प्रत्येक बीमाकर्ता पॉलिसीधारकों की शिकायतों का समाधान कुशलतापूर्वक और गति के साथ करने के लिए उचित प्रक्रियाएँ और प्रभावी व्यवस्था को सक्रिय रखेगा। प्रत्येक बीमाकर्ता कॉरपोरेट स्तर पर शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति करेगा।
    - बीमाकर्ता के प्रत्येक अन्य कार्यालय में भी एक पदनामित शिकायत अधिकारी होगा जो उस कार्यालय का प्रधान होगा।
    - प्रत्येक बीमाकर्ता के पास अपने प्रत्येक कार्यालय में शिकायतें प्राप्त करने, उन्हें पंजीकृत करने और उनका निपटान करने के लिए आईटी प्रणालियों सहित एक प्रणाली और एक प्रक्रिया विद्यमान होगी।
    - सभी बीमाकर्ता पॉलिसीधारक को ऑनलाइन अपनी शिकायत का पंजीकरण करवाने/ अपनी शिकायत की स्थिति का पता लगाने की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राधिकरण द्वारा स्थापित समेकित शिकायत प्रबंधन प्रणाली (आईजीएमएस) का आवश्यक रूप से भाग बनें।

### II.1.2 आईआरडीएआई (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2017

प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2017 15/05/2017 को अधिसूचित किये हैं, जिन्होंने उस समय विद्यमान आईआरडीए (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2000 का अधिक्रमण किया है। इन विनियमों में किये गये मुख्य परिवर्तनों में शामिल हैं :

क. नियुक्त बीमांकक के कर्तव्यों और दायित्वों में परिवर्तन (जैसे गणितीय आरक्षित निधियों के परिकलन का समन्वय, गणितीय आरक्षित निधियों के परिकलन में प्रयुक्त डेटा की पर्याप्तता और गुणवत्ता का निर्धारण करना, गणितीय आरक्षित निधियों के परिकलन में प्रयुक्त कार्यपद्धतियों और अंतर्निहित मॉडलों एवं किये गये पूर्वानुमानों की उपयुक्तता को सुनिश्चित करना, आदि)।

ख. वार्षिक सांविधिक मूल्यांकन में फेलोशिप के बाद के अनुभव को समाविष्ट करना।

ग. व्यवसाय की निरंतरता का खंड प्रारंभ करना, जहाँ कोई भी बीमाकर्ता/ पुनर्बीमाकर्ता एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए किसी नियुक्त बीमांकक के बिना बीमा/ पुनर्बीमा का व्यवसाय संचालित नहीं करेगा तथा

घ. अस्थायी उपबंध जहाँ प्राधिकरण का अध्यक्ष विशिष्ट परिस्थितियों का सामना करने के लिए (उदाहरण के लिए, बीमाकर्ता बीमांककों की नियुक्ति करने में असमर्थ हैं) समय-समय पर दिशानिर्देश जारी कर सकता है, ताकि सांविधिक कार्य बाधित न हों।

### II.1.3 आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018 जारी किये हैं जिन्होंने आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2013 का अधिक्रमण किया है। उक्त नये विनियमों में बीमा मध्यवर्ती के रूप में बीमा दलाल का पर्यवेक्षण और निगरानी करने के लिए विनियामक शर्तों में उल्लेखनीय परिवर्तन किये गये हैं। उक्त विनियमों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :

- प्रत्यक्ष/पुनर्बीमा/सम्मिश्र दलाल की परिभाषा में आशोधन।
- शब्द 'लाइसेंस' को शब्द 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' से प्रतिस्थापन।
- 'दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्ति', 'शुल्क' और 'जोखिम प्रबंध' की परिभाषा समाविष्ट की गई।
- व्यावसायिक क्षतिपूर्ति बीमा कवरेज की सीमाएँ बदली गईं।
- आईटी बुनियादी संरचना को आवेदन पर विचार करने के लिए एक घटक बनाया गया।
- दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्ति को आधार संख्या के आधार पर एनआईए, पुणे अथवा प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य निकाय से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और उसे परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए तथा वह प्रमाणपत्र से युक्त होना चाहिए।
- न्यूनतम प्रदत्त पूँजी / अंशदान प्रत्यक्ष दलालः 75 लाख रुपये, पुनर्बीमा दलालः 4 करोड़ रुपये और सम्मिश्र दलालः 5 करोड़ रुपये।
- प्रवर्तक और निवेशक की संकल्पना प्रारंभ की गई।
- आवेदन को अस्वीकृत करने अथवा वापस लेने की स्थिति में एक वर्ष की विराम (कूलिंग ऑफ़) अवधि। यदि विदेशी निवेशक उद्यम से निकल जाता है, तो यह 2 वर्ष है।
- एक व्यक्ति केवल एक ही बीमा दलाल कंपनी में प्रवर्तक रह सकता है।
- एक निवेशक बहुविध दलाली कंपनियों में 25% ईक्विटी हित तक धारण कर सकता है।
- सभी निवेशकों को एकसाथ लेने पर कुल पूँजी धारिता दलाल कंपनी में 25% से अधिक नहीं हो सकती।
- बीमा दलाल द्वारा दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्ति और पीओएस को बेची गई पॉलिसियों की संबद्धता (टैगिंग) के विषय में अपविक्रय (मिस-सेलिंग) की रोकथाम की जाएगी।
- केन्द्र सरकार की अधिसूचना के आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि।
- विदेशी निवेशकों द्वारा धारित ईक्विटी पूँजी के परिकलन की पद्धति विनिर्दिष्ट की गई।
- निर्धारित भारतीय स्वामित्व-प्राप्त और भारतीय नियंत्रण का अनुपालन।
- प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन अपेक्षितः

क. जहाँ अंतरण के बाद दलाल के शेयरों में अंतरिती की कुल प्रदत्त ईक्विटी धारिता अथवा अंशदान उनकी प्रदत्त पूँजी अथवा अंशदान के 20% से अधिक होने की संभावना हो;

ख. जहाँ किसी व्यक्ति, फर्म, एक ही प्रबंधन के अधीन स्थित समूह द्वारा संयुक्त रूप से अथवा अलग-अलग अंतरण किये जाने के लिए उद्दिष्ट शेयरों का अभिहित (नॉमिनल) मूल्य प्रदत्त मूल्य अथवा अंशदान के 10% से अधिक हो।

- निवल मालियत (नेट वर्थ) और जमाराशि की अपेक्षाओं में कोई परिवर्तन नहीं है।
- दावा परामर्श-कार्य के लिए सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की गई।

- बीमा उत्पादों की तुलना और वितरण के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति प्रारंभ की गई।
- ग्राहक की लिखित सहमति के आधार पर और करार के आधार पर सह-दलाली की अनुमति दी गई। खुदरा ग्राहकों के लिए कोई सह-दलाली नहीं होगी।
- बीमाकर्ताओं के सीईओ और सीएफओ एवं बीमा दलाल के सीईओ और सीएफओ को अपवाद के आधार पर एक वार्षिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा यदि वे निर्धारित सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक और अन्य भुगतान करते हैं।
- बीमा दलाल के बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) कार्यकलापों के लिए विनियामक ढाँचा।
- व्यावसायिक विश्लेषण-विज्ञान परियोजना (बीएपी) को अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाया गया।
- व्यवसाय के समामेलन और विलयन एवं अधिग्रहण और अंतरण के लिए विनियामक ढाँचा।
- वार्षिक शुल्क का कोई भुगतान नहीं। 3 वर्ष की अवधि अर्थात् पंजीकरण प्रमाणपत्र की विधिमान्यता की अवधि के लिए प्रारंभिक शुल्क प्रशासनिक सुविधा के लिए लागू किया गया।
- बीमा दलालों द्वारा मुख्य से इतर (नॉन-कोर) कार्यकलापों का बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) प्रारंभ किया गया।
- एक ही समूह के अंदर बीमाकर्ताओं और दलालों के दायित्व विनिर्दिष्ट किये गये जो संबंधित पंजीकरण धारित करते हैं।
- ऑनलाइन विक्रय, दूर-विपणन (टेली-मार्केटिंग) और दूरस्थ विपणन (डिस्टैंस मार्केटिंग) बीमा वेब संग्राहक विनियमों तथा बीमा ई-कॉमर्स संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।
- दूर-विपणन और दूरस्थ विपणन स्थान में समता बनाये रखने के लिए वेब संग्राहक को केवल टेली-कॉलिंग की सीमा तक आउटसोर्सिंग की अनुमति का प्रस्ताव किया गया।
- पुनर्बीमा/ सम्मिश्र दलाल के लिए विदेशी से विदेशी पुनर्बीमा व्यवसाय की अनुमति दी गई।
- सभी मध्यवर्तियों के लिए एक सामान्य डेटाबेस विकसित करने के लिए प्रधान अधिकारी, दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्ति और पीओएस के पास आधार संख्या के आधार पर प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**II.1.4 आईआरडीएआई (बीमा वेब संग्राहक) विनियम, 2017.**

प्राधिकरण ने वर्तमान विनियमों का अधिक्रमण करते हुए 13 अप्रैल 2017 को आईआरडीएआई (बीमा वेब संग्राहक) विनियम, 2017 अधिसूचित किये हैं। ये विनियम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किये गये तथा राजपत्र अधिसूचना 13 अप्रैल 2017 को जारी की गई।

**उक्त विनियमों की कुछ मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :**

- उक्त विनियमों में प्राधिकृत सत्यापक की परिभाषा शामिल की गई है तथा शब्द लाइसेंस को अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप शब्द पंजीकरण प्रमाणपत्र से प्रतिस्थापित किया गया है।
- न्यूनतम प्रदत्त पूँजी और निवल मालियत को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया गया है।
- पंजीकरण के प्रमाणपत्र / नवीकरण के लिए आवेदन को अस्वीकृत करनेवाले आदेश की सूचना आवेदक को अस्वीकृति के लिए कारण बताते हुए लिखित में ऐसी अस्वीकृति से 30 दिन के अंदर दी जाएगी।
- आवेदक अधिनियम के उपबंधों के अनुसार प्राधिकरण के आदेश के विरुद्ध प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण (एसएटी) के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 26% से बढ़ाकर 49% की गई है तथा वेब संग्राहक में विदेशी निवेशक द्वारा धारित ईक्विटी पूँजी का परिकलन करने की पद्धति भारतीय बीमा कंपनियों के समान परिभाषित की गई है।
- वेब संग्राहक के अंश को गिरवी नहीं रखना चाहिए और उसे भार-रहित रखना चाहिए तथा जहाँ अंतरण के बाद अंतरिती की कुल प्रदत्त ईक्विटी धारिता अथवा अंशदान

वेब संग्राहक के शेयरों में उनकी प्रदत्त पूँजी अथवा अंशदान के 15% से अधिक होने की संभावना है, वहाँ प्राधिकरण का पूर्व-अनुमोदन आवश्यक है।

- वार्षिक शुल्क को 3 वर्ष के लिए 25,000 रुपये के नवीकरण शुल्क से प्रतिस्थापित करते हुए अध्याय  में पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए मानदंड परिभाषित किया गया है।
- वेब संग्राहकों के पास बीमा उत्पादों की अपेक्षा (सॉलिसिटिंग) और सर्विसिंग करने की पद्धति के संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होनी चाहिए तथा व्यावसायिक क्षतिपूर्ति नीति को सविस्तार प्रतिपादित किया गया है।
- प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में प्रधान अधिकारी के द्वारा प्राधिकरण को अनुपालन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- वेब संग्राहक केवल उन्हीं बीमाकर्ताओं को सूचीबद्ध करेंगे जिन्हें प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।
- दूर-विपणन के माध्यम से पॉलिसियों का विक्रय करने के लिए टेली-कॉलरों को प्राधिकृत सत्यापकों से प्रतिस्थापित किया गया है तथा प्राधिकृत सत्यापनकर्ता की भूमिका परिभाषित की गई है।
- बीमाकर्ता को बीमा वेब संग्राहकों द्वारा अग्रताओं के प्रेषण के लिए कोई प्रभार अदा नहीं किया जाएगा।
- बीमा पॉलिसियों के विक्रय के रूप में परिवर्तित की गई अग्रताएँ बीमा वेब संग्राहक को बीमा मध्यवर्तियों के लिए यथाप्रयोज्य रूप में पारिश्रमिक अर्जित करने के लिए हकदार बनाएँगी।
- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा एजेंटों और बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन अथवा पारिश्रमिक अथवा प्रतिफल का भुगतान) विनियम 2016 में विनिर्दिष्ट प्रतिफल अंश के अंतर्गत यथाविनिर्दिष्ट रूप में समग्र उच्चतम सीमा के अधीन अपनी वेबसाइट पर तुलनात्मक चार्टों में बीमा वेब संग्राहक द्वारा प्रदर्शित किये गये प्रत्येक उत्पाद के प्रति पचास हजार रुपये प्रति वर्ष से अनधिक एकसमान शुल्क।
- बीमा वेब संग्राहकों द्वारा प्राप्त पॉलिसियों के संबंध में आउटसोर्सिंग विनियमों के अनुसूची  के फार्म  में उल्लिखित प्रावधानोम के अंतर्गत, उनके द्वारा दी जा सकनेवाली 'बीमा सेवाएँ' प्रदान करने के लिए बीमा वेब संग्राहक बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) कार्य कर सकता है। ऐसी स्थितियों में बीमाकर्ता बीमा वेब संग्राहकों के साथ किये गये सेवा करारों में निर्धारित पारस्परिक तौर पर सहमति-प्राप्त रूप में बीमा वेब संग्राहकों को उचित सेवा प्रभार अदा कर सकता है।
- प्रमाणपत्र के स्वैच्छिक अभ्यर्पण के लिए प्रक्रिया और क्रियाविधियाँ विनियमों में परिभाषित हैं।

**II.1.5 आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) (पहला संशोधन) विनियम, 2017**

आईआरडीएआई ने 5 मई 2017 को आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) (पहला संशोधन) विनियम, 2017 अधिसूचित किये। मुख्य संशोधन निम्नलिखित हैं :

1. अर्हता मानदंड संबंधी अनुसूची-, अनुबंध 1 का संशोधन मुख्य रूप से यह विनिर्दिष्ट करने के लिए किया गया कि तकनीकी उपाधि (डिग्री) और डिप्लोमा निम्नलिखित से प्राप्त करना चाहिए

क. एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान अथवा

ख. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा

ग. मानव संसाधान विकास विभाग (एमएचआरडी) द्वारा मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय महत्व के संस्थान

2. विनियम 3(8)(ग) यह विनिर्दिष्ट करने के लिए समाविष्ट किया गया है कि प्रशिक्षणार्थी सर्वेक्षक के रूप में नामांकन के बाद आवेदक से यह अपेक्षित है कि वह नामांकन की तारीख से 5 वर्ष के अंदर प्रशिक्षण और परीक्षाओं की समाप्ति के बाद लाइसेंस के लिए आवेदन करे।
3. विनियम 6(3)(क)() का संशोधन योग्यता की अपेक्षाओं के संबंध में व्यवसायरत सर्वेक्षकों की चिंता का समाधान करने के लिए किया गया। आईआरडीए/आदेश/ एसएलए/ 30/3/2002 दिनांक 30 मार्च 2002 के मुताबिक किये गये श्रेणीकरण के अनुसार पात्र विभाग बताते हुए प्राधिकरण

द्वारा जारी किया गया पत्र योग्यता के प्रमाण के रूप में माना जा सकता है।

4. विनियम 17(3) का संशोधन यह विनिर्दिष्ट करने के लिए किया गया कि प्रशिक्षण देनेवाले लाइसेंस-प्राप्त सर्वेक्षक के लिए यह आवश्यक है कि उसके पास पिछले 8 वर्ष से उस विशिष्ट विभाग में सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए एक विधिमान्य लाइसेंस हो।

5. प्राधिकरण ने इन विनियमों की अनुसूची के अंतर्गत निर्धारित फार्म-आईआरडीएआई -19 के अनुसार विनियम 21(4) के अंतर्गत छमाही की समाप्ति से 45 दिन के अंदर छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निम्नानुसार फार्मेट निर्धारित किया।

### II.1.6 आईआरडीएआई (बीमा एजेंट अथवा बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन, पारिश्रमिक अथवा प्रतिफल का भुगतान) (पहला संशोधन) विनियम, 2016

प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (बीमा एजेंट अथवा बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन, पारिश्रमिक अथवा प्रतिफल का भुगतान) विनियम, 2016 में पहला संशोधन अप्रैल 2017 में किया। विनियम 5(च) को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया गयाः

'बीमाकर्ता द्वारा देय कमीशन अथवा पारिश्रमिक की अधिकतम दरः

i) इन विनियमों के द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम दर; अथवा

ii) किन्हीं अन्य विनियमों अथवा दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कमीशन अथवा पारिश्रमिक की कोई अन्य दर में,

iii) जो भी कम हो ।

प्राधिकरण ने अनुसूची- में, साधारण बीमा (मोटर को छोड़कर अन्य) - विनियम 5(घ) और सारणी साधारण और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा (जैसा लागू हो) में शब्द 'कॉरपोरेट' को शब्द 'वाणिज्यिक' से प्रतिस्थापित किया है।

### II.1.7 आईआरडीएआई के (बीमा एजेंट अथवा बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन, पारिश्रमिक अथवा प्रतिफल का भुगतान) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2016

आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई के (बीमा एजेंट अथवा बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन, पारिश्रमिक अथवा प्रतिफल का भुगतान) विनियम, 2016 30 अक्तूबर 2017 को अधिसूचित किये। मुख्य संशोधन निम्नलिखित हैं :

प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में अधिकतम कमीशन अथवा पारिश्रमिक जिसकी अनुमति साधारण बीमाकर्ताओं अथवा स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के लिए दी गई है, निम्नानुसार हैः

| क्रम सं. | व्यवसाय की पद्धति | बीमा एजेंटों/ बीमा मध्यवर्तियों को देय अधिकतम कमीशन/ पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| 5 | स्वास्थ्य सरकारी योजना | सरकारी योजना/ अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट रूप में अन्यथा स्वास्थ्य सामूहिक (केवल नियोक्ता-कर्मचारी) वार्षिक खंड |

प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में अधिकतम कमीशन अथवा पारिश्रमिक जो साधारण बीमा (मोटर) के लिए अनुमत है, निम्नानुसार हैः

| क्रम सं. | व्यवसाय की पद्धति | बीमा एजेंटों / बीमा मध्यवर्तियों को देय अधिकतम कमीशन/ पारिश्रमिक | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मोटर (व्यापक) | | मोटर (स्टैंड-अलोन टीपी) | |
| | | दुपहिया को छोड़कर अन्य | दुपहिया | दुपहिया को छोड़कर अन्य | दुपहिया |
| 1 | पंजीकरण प्रमाणपत्र पहले वर्ष से तीसरे वर्ष तक | 15% (ओडी अंश) + (शून्य टीपी अंश) | 17.5% (ओडी अंश) + (शून्य टीपी अंश) | 2.5% | 2.5% |
| 2 | पंजीकरण प्रमाणपत्र चौथे वर्ष से आगे | 15% (ओडी अंश + 2.5% (टीपी अंश) | 17.5% (ओडी अंश + 2.5% टीपी अंश) | 2.5% | 2.5% |

**II.1.8 बीमा भंडारों (रिपोजिटरीस) के संबंध में और बीमा पॉलिसियों के इलेक्ट्रॉनिक निर्गम से संबंधित संशोधित दिशानिर्देश दिनांक 29 मई 2015 तथा बीमा ई-कॉमर्स संबंधी दिशानिर्देश दिनांक 9 मार्च 2017 (परिपत्र 7 सितंबर 2017 को जारी किया गया)**

प्राधिकरण ने अपने विकासात्मक अधिदेश के भाग के रूप में और एक किफायती तरीके से पॉलिसीधारकों तक पहुँचने के लिए कई कदम उठाये हैं। इनमें बीमा रिपोजिटरियों, बीमा ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक बीमा पॉलिसियों के निर्गम, इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों के अनुरक्षण, आदि से संबंधित संशोधित दिशानिर्देश शामिल हैं।

1. इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर  ऑनलाइन / इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से ई-बीमा खाता (ईआईए) खोलने में सुविधा प्रदान करने के लिए प्राधिकरण ई-हस्ताक्षर के विकल्प के रूप में ईआईए खोलने के लिए 'एकबारगी (वनटाइम) पासवर्ड' द्वारा विधिमान्यता की अनुमति देता है।

2. एकबारगी (वनटाइम) पासवर्ड (ओटीपी) आधारित ई-केवाईसी  प्राधिकरण ईआईए खोलने के लिए बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पॉलिसियों के इलेक्ट्रॉनिक निर्गम संबंधी संशोधित दिशानिर्देशों के खंड 22(डी)() को प्रतिस्थापित करता है;

क. () प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये केवाईसी / एएमएल दिशानिर्देशों का अनुपालन निम्नलिखित किसी भी सुविधा से किया जा सकता हैः

ख. क) प्राधिकरण के परिपत्र सं. आईआरडीएन एसडीडी/ सीआईआर/विविध/204/08/ 2017 दिनांक 31 अगस्त 2017 में दिये गये रूप में यूआईडीएआई द्वारा प्रदत्त ई-केवाईसी सुविधा।

ग. ख) प्राधिकरण के परिपत्र सं. आईआरडीएन एसडीडी/ जीडीयू सीआईआर/175/09/ ओसीटी/ 2015 दिनांक 28 सितंबर 2015 के अंतर्गत अथवा समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये किसी अन्य परिपत्र द्वारा अनुमत विधिमान्य केवाईसी दस्तावेज।

घ. प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य सुविधा।

3. ईआईए (इलेक्ट्रॉनिक बीमा खाता) खोलने के लिए ई-मेल आईडी/ मोबाइल संख्या  प्राधिकरण ई-मेल आईडी/ मोबाइल संख्या को भेजे जा रहे केवल एक ओटीपी के साथ ई-मेल आईडी अथवा मोबाइल संख्या के आधार पर ईआईए (इलेक्ट्रॉनिक बीमा खाता) खोलने की अनुमति देता है।

**II.1.9 आईआरडीएआई (भारतीय बीमा कंपनियों में निजी ईक्विटी निधियों द्वारा निवेश) दिशानिर्देश, 2017**

प्राधिकरण ने निम्नलिखित को विनिर्दिष्ट करते हुए आईआरडीएआई (भारतीय बीमा कंपनियों में निजी ईक्विटी निधियों द्वारा निवेश) दिशानिर्देश, 2017 जारी किये हैं :

- ये दिशानिर्देश असूचीबद्ध बीमा कंपनियों पर और उन निजी ईक्विटी निधियों पर लागू हैं जिन्होंने असूचीबद्ध बीमा कंपनियों में निवेशक के रूप में अथवा प्रवर्तक के रूप में निवेश किया है।
- निजी ईक्विटी निधि निम्नलिखित जैसी कुछ शर्तों के अनुपालन के अधीन निवेशक की क्षमता में बीमा कंपनी में सीधे निवेश कर सकती हैः
- उक्त निधि बीमा कंपनी की प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूँजी के दस प्रतिशत से अधिक शेयर किसी बीमा कंपनी में धारित नहीं करेगी;
- निजी ईक्विटी निधि/यों द्वारा संयुक्त रूप से निवेश सहित सभी भारतीय निवेशक बीमा कंपनी की प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूँजी के पच्चीस प्रतिशत से अधिक धारित नहीं करेंगे।
- निजी ईक्विटी निधि को निम्नलिखित जैसी कुछ शर्तों के अनुपालन के अधीन  प्रवर्तक की क्षमता में विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) के द्वारा बीमा कंपनी में निवेश करने की अनुमति दी गई हैः

क. एक निजी ईक्विटी निधि एक से अधिक जीवन बीमा, गैर-जीवन बीमा, स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमा और पुनर्बीमा कंपनी के लिए प्रवर्तक नहीं होगी।

ख. किये गये निवेश पाँच वर्ष की अवरुद्धता अवधि (लॉक-इन पीरियड) के अधीन होंगे। उक्त अवरुद्धता अविधि एसपीवी पर एवं एसपीवी के शेयरधारकों पर भी लागू होगी।

ग. उपर्युक्त अवरुद्धता अवधि एसपीवी के 10 प्रतिशत से कम पूँजी धारित करनेवाले एसपीवी के शेयरधारक/शेयरधारकों पर लागू नहीं होगी।

घ. 25 प्रतिशत से अधिक नये शेयरों के निर्गम द्वारा एसपीवी में नये शेयरधारकों के किसी भी प्रवेश के लिए प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन आवश्यक होगा।

- निवेश योग्य और उपयुक्त (फिट एण्ड प्रोपर) मानदंड के अधीन होगा। 'योग्य और उपयुक्त' के लिए एक घोषणा प्राधिकरण के पास फाइल किया जाएगा।

**II.1.10 साधारण बीमा उत्पादों के लिए उत्पाद फाइलिंग प्रक्रियाओं से संबंधित दिशानिर्देश आईआरडीएआई / एनएल/जीडीएल/एफएण्डयू/030/02/2016 दिनांक 18 फरवरी 2016 में आंशिक आशोधन**

**उत्पादों का वर्गीकरण**

प्राधिकरण ने आईआरडीए/एनएल/जीडीएल/एफएण्डयू/109/05/2017 दिनांक 3 मई 2017 द्वारा साधारण बीमा उत्पादों के लिए उत्पाद फाइलिंग प्रक्रियाओं से संबंधित दिशानिर्देशों के विषय में स्पष्टीकरण जारी किये हैं जो आईआरडीएआई/एनएल/जीडीएल/एफएण्डयू/030/02/ 2016 दिनांक 18 फरवरी 2016 के अनुसार जारी किये गये।

उपर्युक्त दिशानिर्देशों के पैरा 5 के आंशिक आशोधन में प्राधिकरण ने निम्नलिखित स्पष्टीकरण जारी किये।

(क) उन साधारण बीमा उत्पादों, जो दोनों खुदरा और वाणिज्यिक के रूप में वर्गीकृत हैं, के लिए आवश्यक है कि उन्हें उपयुक्त रूप से नाम में परिवर्तन अथवा नाम के पहले या बाद में, जैसी स्थिति हो, कुछ जोड़कर अलग किया जाए तथा यह आवश्यक है कि उनके लिए अलग विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) हो। अतः सभी बीमाकर्ता खुदरा और वाणिज्यिक के रूप में बेचे जा रहे वर्तमान उत्पादों की सूची 01 अक्तूबर 2017 को अथवा उससे पहले पुनः प्रस्तुत करें। उत्पाद के लिए अपेक्षित यूआईएन प्राधिकरण द्वारा बीएपी के माध्यम से आबंटित किया जाएगा।

(ख) उपर्युक्त दिशानिर्देशों की अनुसूची के अंतर्गत पैरा 13 वर्धित लाभ (ऐड-ऑन) कवर/कवरों से यह अपेक्षा करता है कि वे मूल उत्पाद, उसके वर्गीकरण, फाइलिंग और अनुमोदन प्रक्रियाओं का अनुसरण करें।

फिलहाल, जब तक उत्पादों का पुनः वर्गीकरण पूरा किया जाता है, तब तक वर्तमान में खुदरा उत्पादों के रूप में वर्गीकृत उत्पादों के अंतर्गत केवल 5 करोड़ से अधिक बीमित पॉलिसी राशि से युक्त वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए विकसित ऐड-ऑन कवर यूज़ एण्ड फाइल प्रक्रियाओं के अनुसार फाइल किये जाएँ।

उपर्युक्त दिशानिर्देशों में निर्धारित सभी अन्य प्रक्रियाओं का लागू होना जारी रहेगा।

**II.2 बीमा उद्योग के साथ संबद्ध वैयक्तिक एजेंट**

**जीवन बीमाकर्ता**

**II.2.1** वैयक्तिक एजेंटों की संख्या 31 मार्च 2017 को विद्यमान 20.89 लाख की तुलना में 31 मार्च 2018 को 20.83 थी। जबकि निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने 2.45% की गिरावट दर्ज की, वहीं एलआईसी ने 1.56% की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2017-18 के अंत में जबकि एलआईसी के पास एजेंटों की संख्या 11.49 लाख थी, निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं की तदनुरूपी संख्या 9.34 लाख रही।

बॉक्स मद 3

**लेखांकन विषयों संबंधी स्थायी समिति (एससीएआई)**

निम्नलिखित से संबंधित नीतिगत विषयों पर परामर्श देने के लिए प्राधिकरण द्वारा उक्त लेखांकन विषयों संबंधी स्थायी समिति (एससीएआई) गठित की गई थीः

क. जीवन, गैर-जीवन और पुनर्बीमा व्यवसाय को समाविष्ट करते हुए बीमा उद्योग के लेखांकन, लेखा-परीक्षा और निवेशों से संबंधित विशिष्ट आवश्यकताएँ;

ख. 'बीमा संविदाओं' और 'वित्तीय लिखतों' के लिए विशिष्ट आईएफआरएस का अध्ययन करना एवं वर्तमान लेखांकन विनियमों में आवश्यक परिवर्तन सुझाना;

ग. जीवन, गैर-जीवन और पुनर्बीमा व्यवसाय के लिए लेखांकन और लेखा-परीक्षा मानकों का अंगीकरण;

घ. लेखांकन विनियमों के अंतर्गत बीमा उद्योग के लिए विशिष्ट मानकों, मूल्यांकन प्रक्रिया, प्रकटीकरण मानदंड;

ङ. राजस्व निर्धारण, प्रावधानीकरण और आस्ति वर्गीकरण के लिए मानदंड;

च. जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं के लेखांकन और निवेशों से संबंधित विनियम;

छ. निवेश जोखिम प्रबंध प्रणालियों और प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वोत्तम प्रथाओं की सिफारिश करना;

ज. लेखांकन और निवेश विनियमों के अंतर्गत ऐसी रिपोर्टिंग के लिए फार्मेटों के साथ आवधिक रिपोर्टिंग;

झ. समिति द्वारा संदर्भित रूप में लेखांकन, निवेश और लेखा-परीक्षाओं से संबंधित अन्य नीतिगत विषय।

वर्ष 2017-18 के दौरान लेखांकन विषयों संबंधी स्थायी समिति (एससीएआई) का पुनर्गठन किया गया। अपनी पदेन क्षमता को छोड़कर अन्यथा 5 वर्ष से अधिक अवधि के लिए पद धारण करनेवाले समिति के सदस्य सेवानिवृत्त हो गये हैं तथा उनके स्थान पर नये सदस्य लिये गये हैं। समिति के नये चुने गये सदस्य और अध्यक्ष अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे। तथापि, वे पुनः नियुक्ति के लिए पात्र हैं। उक्त समिति की अध्यक्षता श्री एम. एम. चितले कर रहे हैं जो आईसीएआई के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं और व्यवसायरत सनदी लेखाकार हैं।

**II.2.2** वर्ष 2017-18 के दौरान जीवन उद्योग में नियुक्त एजेंटों की कुल संख्या 6.04 लाख थी तथा सेवासमाप्त एजेंटों की संख्या 6.10 लाख थी। एक ओर जहाँ निजी बीमाकर्ताओं ने 3.38 लाख एजेंटों की नियुक्ति की और 3.62 लाख एजेंटों की सेवासमाप्ति की, वहीं दूसरी ओर एलआईसी ने 2.66 लाख एजेंटों को नियुक्त किया और 2.48 लाख की सेवा समाप्त की।

**सारणी II.1**
**जीवन बीमाकर्ताओं के वैयक्तिक एजेंटों का विवरण 2017-18 क्षेत्र के लिहाज से**

| बीमाकर्ता | 1 अप्रैल 2017 को | परिवर्धन | विलोपन | 31 मार्च 2018 को |
|---|---|---|---|---|
| निजी कुल | 957341 | 338165 | 361650 | 933856 |
| भा.जी.बी.निगम | 1131181 | 265806 | 248176 | 1148811 |
| **उद्योग कुल** | **2088522** | **603971** | **609826** | **2082667** |

**सारणी II.2**
**जीवन बीमाकर्ताओं के वैयक्तिक एजेंटों का विवरण -2017-18**

| एजेंट | निजी कुल | भा.जी.बी.नि. | उद्योग कुल |
|---|---|---|---|
| कुल वैयक्तिक एजेंट | 933856 | 1148811 | 2082667 |
| पुरुष | 646942 | 856505 | 1503447 |
| महिलाएँ | 286914 | 292306 | 579220 |

**II.2.3** जीवन बीमा उद्योग के कुल 20.83 लाख वैयक्तिक एजेंटों में से 72% पुरुष थे और 28% महिलाएँ थीं। एलआईसी के लिए पुरुष और महिला वैयक्तिक एजेंटों का अनुपात 75% और 25% पर था। निजी कम्पएनियों के संदर्भ में पुरुष और महिला अनुपात 69% और 31% पर रहा।

## कॉरपोरेट एजेंट

**II.2.4** 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार अब तक प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 के अधीन 526 कॉरपोरेट एजेंटों को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किये हैं। 526 कॉरपोरेट एजेंटों में से 238 बैंक हैं तथा 288 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (एनबीएफसी)/ सहकारी सोसाइटियाँ/सीमित देयता भागीदारी फर्म (एलएलपी) और अन्य पात्र फर्म हैं।

**सारणी II.3**
**कारपोरेट एजेंटों का विवरण 2017-18**

| विवरण | बैंक | एनबीएफसी और अन्य | कुल |
|---|---|---|---|
| **कॉरपोरेट एजेंटों की सं.** | **238** | **288** | **526** |
| श्रेणी जीवन | 17 | 58 | 75 |
| श्रेणी साधारण | 19 | 43 | 62 |
| श्रेणी स्वास्थ्य | 0 | 1 | 1 |
| श्रेणी सम्मिश्र | 202 | 186 | 388 |
| खुली संरचना से युक्त कॉरपोरेट एजेंट | 110 | 131 | 241 |

## माध्यम-वार नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन

### II.2.5 वैयक्तिक नया व्यवसाय जीवन

वैयक्तिक नये व्यवसाय (एनबी) प्रीमियम के प्रति वैयक्तिक एजेंटों का अंशदान 2016-17 के 68.79% की तुलना में घटकर वर्ष 2017-18 के दौरान 65.93% रहा है। एलआईसी ने वैयक्तिक एजेंटों के माध्यम से अपने वैयक्तिक एनबी प्रीमियम का 95.99% प्राप्त किया जबकि निजी क्षेत्र के लिए वैयक्तिक एजेंटों का अंश 27.87% था।

कॉरपोरेट एजेंटों का अंश जो 2016-17 के दौरान 24.78% पर था, वर्ष 2017-18 में बढ़कर 26.50% हो गया है। निजी जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्राप्त नये व्यवसाय प्रीमियम में कॉरपोरेट एजेंटों का अंश 2017-18 में 57.07 प्रतिशत पर उल्लेखनीय था (2016-17 में 56.51 प्रतिशत)। दूसरी ओर, एलआईसी का केवल 2.68 प्रतिशत ही था।

बैंकों और अन्य कॉरपोरेट एजेंसी माध्यमों के बीच, कुल नये व्यवसाय में बैंकों का अंश 2016-17 में विद्यमान 23.48% से बढ़कर 2017-18 में 25.19% रहा।

बीमाकर्ताओं के प्रत्यक्ष विक्रय माध्यम का अंश 2016-17 के 4.54% से बढ़कर 2017-18 में 5.60% हुआ। ऑनलाइन विक्रय माध्यम के प्रतिशत में परिवर्तन नहीं है तथा यह पिछले वर्ष की तरह 2017-18 में 0.54% पर है। जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने अपने नये व्यवसाय का 10.91% प्रत्यक्ष विक्रय के माध्यम से प्राप्त किया, एलआईसी ने अपने नये व्यवसाय का 1.47% इस माध्यम से प्राप्त किया। निजी बीमाकर्ताओं ने ऑनलाइन विक्रय के माध्यम से अपने नये व्यवसाय का 1.03% प्राप्त किया, वहीं एलआईसी ने इसके माध्यम से 0.16% प्राप्त किया।

**सारणी II.4**
**2017-18 के लिए जीवन बीमाकर्ताओं का वैयक्तिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन - माध्यम-वार**

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

| जीवन बीमाकर्ता | वैयक्तिक एजेंट | कॉरपोरेट एजेंट | | दलाल | प्रत्यक्ष विक्रय | सूक्ष्म बीमा एजेंट | सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) | वेब संग्राहक | आई एमएफ | ऑन लाइन | विक्रय केन्द्र | कुल वैयक्तिक नया व्यवसाय | रिफ़रल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बैंक | अन्य* | | | | | | | | | | |
| निजी कुल | 27.87 | 54.15 | 2.92 | 2.87 | 10.91 | 0.00 | 0.01 | 0.17 | 0.08 | 1.03 | 0.00 | 100.00 | 0.01 |
| एलआईसी | 95.59 | 2.61 | 0.07 | 0.05 | 1.47 | 0.03 | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.16 | 0.00 | 100.00 | 0.00 |
| **उद्योग कुल** | **65.93** | **25.19** | **1.32** | **1.28** | **5.6** | **0.02** | **0.002** | **0.07** | **0.04** | **0.54** | **0.001** | **100** | **0.004** |

**बैंकों को छोड़कर कोई अन्य संस्था, परंतु कॉरपोरेट एजेंट के रूप में लाइसेंस-प्राप्त।*

### चार्ट II.1
### निजी जीवन बीमाकर्ताओं का वैयक्तिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार




### चार्ट II.2
### भारतीय जीवन बीमा निगम का वैयक्तिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार




### चार्ट II.3
### जीवन बीमा उद्योग का वैयक्तिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार




### चार्ट II.4
### निजी जीवन बीमाकर्ताओं का सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार




### चार्ट II.5
### भारतीय जीवन बीमा निगम का सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार




### चार्ट II.6
### जीवन बीमा उद्योग का सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन 2017-18 माध्यम-वार



वैयक्तिक व्यवसाय के अंतर्गत जीवन बीमा उद्योग एनबी प्रीमियम के प्रति दलालों, सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंटों, सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी), वेब संग्राहकों और आईएमएफ माध्यमों का अंशदान क्रमशः 1.28%, 0.02%, 0.002%, 0.07% और 0.04% है।

### II.2.6 सामूहिक नया व्यवसाय

प्रत्यक्ष विक्रय का सामूहिक व्यवसाय के लिए वितरण का प्रबल माध्यम रहना निरंतर जारी है, जहाँ 2017-18 के दौरान प्रीमियम का इसका अंश 94.38 प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष में तदनुरूपी अंश 95.45 प्रतिशत था। इस माध्यम ने निजी और सरकारी माध्यमों के सामूहिक नये व्यवसाय (एनबी) प्रीमियम के क्रमशः 74.41% और 98.96% का अंशदान किया।

निजी बीमाकर्ताओं के सामूहिक व्यवसाय का एक और महत्वपूर्ण वितरण माध्यम बैंक थे। वर्ष 2017-18 के दौरान बैंकों ने निजी बीमाकर्ताओं के मामले में कुल सामूहिक नये व्यवसाय प्रीमियम के 12.57% का अंशदान किया जबकि पिछले वर्ष में यह 9.67% था।

एलआईसी ने अपने पारंपरिक वैयक्तिक एजेंसी बल के जरिये सामूहिक व्यवसाय का 0.99% प्राप्त किया जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने 0.95% प्राप्त किया।

सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत उद्योग के नव-व्यवसाय प्रीमियम के प्रति दलाल माध्यम का अंशदान 0.93% था।

### II.3 बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध मध्यवर्ती बीमा विपणन फर्म

**II.3.1** बीमा विपणन फर्म (आईएमएफ) एक बीमा मध्यवर्ती है जो प्राधिकरण द्वारा 2015 में प्रारंभ किया गया है। आईएमएफ का पंजीकरण प्राधिकरण द्वारा भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा विपणन फर्म) विनियम, 2015 (आएमएफ विनियम) के अधीन किया जाता है तथा यह पंजीकरण जिला-वार है। आईएमएफ खुली संरचना का अनुसरण करते हैं, जिसमें उन्हें किसी भी समय अधिकतम दो जीवन, दो साधारण और दो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने और प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। आईएमएफ को सभी प्रकार के जीवन बीमा उत्पाद प्राप्त करने की अनुमति है, जबकि साधारण बीमा के संबंध में केवल बीमा उत्पादों की खुदरा व्यवस्थाओं की ही अनुमति दी गई है। आईएमएफ भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, पीएफआरडीए, डाक विभाग आदि के द्वारा अनुमत रूप में अन्य वित्तीय उत्पादों का भी वितरण ऐसे प्राधिकारियों से उचित अनुमोदन प्राप्त करने के बाद कर सकते हैं। यह एक वन स्टॉप शॉप के रूप में परिकल्पित है जो व्यक्ति के जीवन के विभिन्न चरणों पर अपेक्षित वित्तीय उत्पाद उपलब्ध कराता है।

**सारणी II.5**
**2017-18 के लिए जीवन बीमाकर्ताओं का सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन - माध्यम-वार**

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

| जीवन बीमाकर्ता | वैयक्तिक एजेंट | कॉरपोरेट एजेंट | | दलाल | प्रत्यक्ष विक्रय | सूक्ष्म बीमा एजेंट | सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) | वेब संग्राहक | आई एमएफ | ऑन लाइन | विक्रय केन्द्र | कुल वैयक्तिक नया व्यवसाय | रिफ़रल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बैंक | अन्य* | | | | | | | | | | |
| निजी कुल | 0.95 | 12.57 | 7.01 | 4.82 | 74.41 | 0.18 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.06 | 100.00 | 0.00 |
| एलआईसी | 0.99 | 0.00 | 0.01 | 0.04 | 98.96 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 0.00 |
| **उद्योग कुल** | **0.98** | **2.35** | **1.31** | **0.93** | **94.38** | **0.03** | **0.00** | **0.00** | **0.00** | **0.00** | **0.01** | **100.00** | **0.00** |

*इसमें इसका विदेशी नया व्यवसाय प्रीमियम शामिल नहीं है।*
**बैंकों को छोड़कर कोई अन्य संस्था, परंतु कॉरपोरेट एजेंट के रूप में लाइसेंस-प्राप्त।*
*टिप्पणी: 1) नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल है।*
*2) रिफ़रल व्यवस्थाओं द्वारा प्राप्त अग्रताएँ संबंधित माध्यमों में शामिल की गई हैं।*

**सारणी II.6**
**2017-18* में बीमा विपणन फर्मों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन**

| श्रेणी | जीवन | साधारण | स्वास्थ्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पॉलिसियों की सं. | 2962 | 13134 | 1450 | 17546 |
| नया व्यवसाय (लाख रुपये में) | 2064 | 1067 | 179 | 3310 |
| नवीकरण प्रीमियम (लाख रुपये में) | 350 | 70 | 26 | 446 |

**वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए डेटा अनंतिम है तथा यह 88 आईएमएफ से संगृहीत किया गया है। .*

प्राधिकरण कंपनियों के रजिस्ट्रार के पास कंपनी के के पंजीकरण के लिए 'अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)' जारी करता है तथा आईएमएफ के पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों का प्रसंस्करण करता है। दोनों के लिए आवेदन एक ऑनलाइन पोर्टल www.imf.irda.gov.in के माध्यम से प्राप्त किये जाते हैं।

**II.3.2** प्राधिकरण ने मई 2018 में आईएमएफ के लिए तीन कार्यशालाएँ चंडीगढ़, अहमदाबाद और हैदराबाद में आयोजित की हैं। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य आईएमएफ के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना तथा वर्तमान आईएमएफ को अनुपालन की अपेक्षाओं से सुग्राही बनाना रहा है। उक्त आईएमएफ से परिचालनात्मक प्रतिसूचना (फीडबैक) प्राप्त की गई है।

प्राधिकरण ने आदेश संदर्भः आईआरडीए/आईएनटी/ओआरडी/आईएमएफ/092/06/2018 दिनांक 15 जून 2018 के द्वारा आईएमएफ विनियमों की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति आईएमएफ विनियमों की समीक्षा करने के लिए गठित की गई है जिससे समाज के सभी स्तरों के लिए बीमा रक्षा (कवरेज) के व्यापन के उद्देश्य को विकसित करने और उसे पूरा करने में इस माध्यम को समर्थ बनाया जा सके। इस समिति के लिए अधिदेश (मैंडेट) में आईएमएफ विनियमों का पुनरीक्षण करना; उन क्षेत्रों के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने के लिए सिफारिशें करना जिन पर विनियम अनभिव्यक्त हैं; तथा इस माध्यम को आगे और मजबूत करने के संबंध में सिफारिशें करना।

**II.3.3** वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण ने 98 आईएमएफ पंजीकरण जारी किये हैं तथा 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार पंजीकरणों की संचयी संख्या 212 है। वित्तीय वर्ष 2017-18 प्राधिकरण के द्वारा 356 अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किये गये हैं तथा 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार जारी किये गये एनओसी की संचयी संख्या 990 है। इस अवधि के दौरान आईएमएफ द्वारा उत्पन्न किया गया व्यवसाय सारणी II.6 में दर्शाये गये रूप में है।

**सारणी II.7**
**बीमा विपणन फर्मों का तुलनात्मक व्यावसायिक कार्यनिष्पादन**

(लाख रु. में)

| श्रेणी | | पॉलिसियों की सं. | नया व्यवसाय प्रमियम |
|---|---|---|---|
| जीवन | 2016-17* | 2612 | 1432 |
| | 2017-18 | 2962 | 2064 |
| | % वृद्धि | 13.40 | 44.13 |
| साधारण | 2016-17* | 5015 | 368 |
| | 2017-18 | 13134 | 1067 |
| | % वृद्धि | 161.89 | 190.00 |
| स्वास्थ्य | 2016-17* | 1358 | 131 |
| | 2017-18 | 1450 | 179 |
| | % वृद्धि | 6.77 | 37.20 |

*वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए डेटा अनंतिम है तथा इसे 91आईएमएफ से संगृहीत किया गया है।

**चार्ट II.7**
**आईएमएफ के माध्यम से बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई पॉलिसियाँ**




**चार्ट II.8**
**आईएमएफ के माध्यम से संगृहीत नया व्यवसाय प्रीमियम (लाख रु. में)**




31.03.2017 को और 31.03.2018 को यथाविद्यमान आईएमएफ की राज्य-वार उपस्थिति सारणी II.8 में दर्शाई गई है। आईएमएफ की जिला-वार उपस्थिति चार्ट II.9 में नक्शे में दर्शाई गई है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए आईएमएफ के व्यवसाय की मात्रा एवं भौगोलिक विस्तार --दोनों के तौर पर वृद्धि पाई जाती है। सारणी II.7 बीमा विपणन फर्मों का तुलनात्मक व्यावसायिक कार्यनिष्पादन दर्शाती है। चार्ट II.7 पॉलिसियों की संख्या की तुलना दर्शाती है। चार्ट II.8 प्रथम वर्ष प्रीमियम की तुलना दर्शाती है।

**सारणी II.8**
**बीमा विपणन फर्मों की राज्य-वार उपस्थिति**

| क्रम सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | आईएमएफ की सं. (31.03.2017 को) | आईएमएफ की सं. (31.03.2018 को) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3 | 6 |
| 2 | बिहार | 3 | 5 |
| 3 | चंडीगढ़ | 1 | 5 |
| 4 | दिल्ली | 18 | 31 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | 2 |
| 6 | गुजरात | 9 | 20 |
| 7 | हरियाणा | 6 | 8 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 2 |
| 9 | जम्मू व कश्मीर | 0 | 2 |
| 10 | झारखंड | 0 | 1 |
| 11 | कर्नाटक | 4 | 5 |
| 12 | केरल | 3 | 5 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 2 | 2 |
| 14 | महाराष्ट्र | 24 | 38 |
| 15 | ओडिशा | 0 | 1 |
| 16 | पंजाब | 6 | 12 |
| 17 | राजस्थान | 1 | 3 |
| 18 | तमिलनाडु | 5 | 5 |
| 19 | तेलंगाना | 6 | 16 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 19 | 32 |
| 21 | उत्तराखंड | 0 | 2 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 4 | 9 |
| | **कुल** | **114** | **212** |

**चार्ट II.9**

**31.03.2018 को आईएमएफ की जिला-वार उपस्थिति का मानचित्र**

*अस्वीकरण: उपरोक्त मानचित्र केवल प्रतिनिधि है और वास्तविक भौगोलिक सीमा नहीं दिखाता है।*

## सर्वेक्षक और हानि निर्धारक

II.3.4 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक साधारण बीमा पॉलिसियों से संबंधित मूल्यांकन और निपटान की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएम में यह व्यवस्था है कि कोई भी व्यक्ति साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में तब तक कार्य नहीं करेगा जब तक वह एक विधिमान्य लाइसेंस धारित नहीं करता। ऐसी हानि के संबंध में कोई भी दावा जो भारत में घटित हुई हो और किसी बीमाकर्ता के संबंध में उत्पन्न हो गई हो अथवा उसको सूचित की गई हो, जिसके लिए साधारण बीमा की किसी पॉलिसी पर मूल्य में प्राधिकरण द्वारा विनियमों में विनिर्दिष्ट राशि के समान अथवा उससे अधिक राशि का भारत में भुगतान अथवा निपटान किया जाना अपेक्षित हो तब तक भुगतान के लिए स्वीकृत नहीं किया जाएगा और उसका निपटान नहीं किया जाएगा जब तक सर्वेक्षक अथवा हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए लाइसेंस धारण करनेवाले किसी व्यक्ति से घटित हानि के संबंध में एक रिपोर्ट प्राप्त नहीं की जाती। बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 द्वारा संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64 यूएम के अनुसार प्राधिकरण के द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में शैक्षणिक योग्यता और भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारिक संस्थान (आईआईआई एसएलए) की सदस्यता सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए किसी भी व्यक्ति के लिए सांविधिक अपेक्षाएँ हैं।

## शिकायतें सर्वेक्षक और हानि निर्धारक

II.3.5 प्राधिकरण का सर्वेक्षक लाइसेंसीकरण विभाग सर्वेक्षकों से सर्वेक्षण कार्यों का पैनल बनाने, बीमा कंपनियों द्वारा सर्वेक्षण शुल्क का भुगतान नहीं किये जाने, आंतरिक सर्वेक्षकों और व्यपगत लाइसेंस धारकों को आईआईआईएसएलए द्वारा सदस्यता देने से अस्वीकार करने, आईआईआईएसएलए द्वारा सदस्यता के स्तर का अस्वीकरण, आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त करता है। ऐसी शिकायतें संबंधित बीमा कंपनियों और आईआईआईएसएलए को उनके स्तर पर समाधान करने के लिए प्रेषित की जाती हैं। पॉलिसीधारक भी सर्वेक्षकों/ सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध शिकायतें करते हैं जो सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रति प्राप्त न होने, सर्वेक्षण रिपोर्ट के निर्गम में विलंब, कदाचार, आईआरडीए सर्वेक्षक विनियमों का उल्लंघन, आदि से संबंधित हैं। इस प्रकार की शिकायतें सर्वेक्षकों को समस्याओं के शीघ्र निपटान के लिए भेजी जाती हैं। उपर्युक्त के अतिरिक्त, विभाग द्वारा सर्वेक्षकों और कॉर्पोरेट सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध विभिन्न आरटीआई संबंधी और शिकायतों संबंधी अन्य संदर्भ भी प्राप्त किये जाते हैं।

वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण ने 102 शिकायतें प्राप्त कीं, 100 शिकायतों का समाधान किया गया तथा 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 2 बकाया थीं।

**सारणी II.9**
**सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों को जारी किये गये लाइसेंस**

| | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|
| **नये लाइसेंस** | | |
| वैयक्तिक | 255 | 285 |
| कॉरपोरेट | 8 | 9 |
| **उप जोड़** | **263** | **294** |
| नवीकरण | | |
| वैयक्तिक | 1360 | 1444 |
| कॉरपोरेट | 15 | 24 |
| **उप जोड़** | **1375** | **1468** |
| **प्रशिक्षणार्थी नामांकन** | **1129** | **1291** |

**सारणी II.10**
**सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों से संबंधित शिकायतें**

| संबंधित अवधि | अवधि के प्रारंभ में बकाया | प्राप्त | समाधान किया गया | अवधि के अंत में बकाया |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल 2016- मार्च 2017 | 1 | 110 | 108 | 3 |
| अप्रैल 2017- मार्च 2018 | 3 | 102 | 100 | 2 |

**बीमा दलाल**

**II.3.6** प्राधिकरण ने बीमा दलालों को भारतीय बाजार में परिचालन करने के लिए 2003 से अनुमति दी तथा आईआऱडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2002 के उपबंधों के अनुसरण में सर्वप्रथम दलाल लाइसेंस 30 जनवरी 2003 को जारी किया गया। वर्ष 2013-14 में इन विनियमों का अधिक्रमण आईआरडीए (बीमा दलाल) 2013 द्वारा किया गया। इसके बाद आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2013 का अधिक्रमण वर्ष 2017-18 में आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018 द्वारा किया गया। उक्त विनियमों ने प्रत्यक्ष बीमा दलालों के लिए 75 लाख रुपये, पुनर्बीमा दलालों के लिए 400 लाख रुपये तथा सम्मिश्र बीमा दलालों के लिए 500 लाख रुपये की पूँजीगत अपेक्षा निर्धारित की। बीमा दलाली निरंतर लोकप्रिय हो रही है तथा पंजीकरणों की संख्या 2003 से बढ़ते हुए 535 हो गई है (31.03.2018 की स्थिति के अनुसार)।

**II.3.7** पंजीकृत दलालों की 535 की कुल संख्या में से 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार विधिमान्य दलाल 426 हैं तथा 109 ऐसे हैं जो प्रचलन में नहीं हैं। उक्त 426 विधिमान्य दलालों में से 363 प्रत्यक्ष दलाल हैं, 58 सम्मिश्र दलाल और 5 पुनर्बीमा दलाल हैं। प्राधिकरण ने 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 तक की अवधि के दौरान 50 नये लाइसेंस जारी किये हैं। इनमें 45 प्रत्यक्ष दलाल, 4 सम्मिश्र दलाल और एक पुनर्बीमा दलाल शामिल हैं।

**II.3.8** उक्त अवधि के दौरान प्राधिकरण ने 113 बीमा दलाल लाइसेंसों का नवीकरण किया है। संशोधित विनियमों के अनुसार, बीमा दलाल अपने लाइसेंस की समाप्ति से 90 दिन पहले अग्रिम रूप से नवीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। बीमा दलालों के अनुपालन स्तरों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्राधिकरण कदम उठाता रहा है। इनमें से कुछ के अंतर्गत शामिल हैं कार्यशालाओं का संचालन, भारतीय बीमा दलाल संघ के साथ नियमित रूप से परस्पर सक्रियता, आदि।

कागज रहित परिवेश की दिशा में अग्रसर होने के लिए एक प्रारंभिक कदम के तौर पर विभाग ने 1 जनवरी 2016 से व्यवसाय विश्लेषण-विज्ञान परियोजना (बीएपी) को कार्यान्वित किया है। बीमा दलाल के पंजीकरण प्रमाणपत्र , बीमा दलाल के पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए नये आवेदनों का प्रसंस्करण तथा कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी मामलों से संबंधित कार्रवाई बीएपी मॉड्यूल के माध्यम से की जा रही है।

**सारणी II.11**

**31-03-2018 को राज्य-वार बीमा दलालों के पंजीकृत कार्यालय**

| राज्य का नाम | पंजीकृत कार्यालयों की संख्या | श्रेणी-वार पंजीकृत कार्यालय | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रत्यक्ष दलाल | सम्मिश्र दलाल | पुनर्बीमा दलाल |
| आंध्र प्रदेश | 1 | 1 | शून्य | शून्य |
| बिहार | 1 | 1 | शून्य | शून्य |
| चंडीगढ़ | 6 | 6 | शून्य | शून्य |
| गुजरात | 21 | 19 | 2 | शून्य |
| हरियाणा | 5 | 5 | शून्य | शून्य |
| झारखंड | 1 | 1 | शून्य | शून्य |
| कर्नाटक | 17 | 15 | 2 | शून्य |
| केरल | 13 | 13 | शून्य | शून्य |
| महाराष्ट्र | 129 | 94 | 31 | 4 |
| मध्य प्रदेश | 5 | 5 | शून्य | शून्य |
| नई दिल्ली | 74 | 64 | 10 | शून्य |
| ओडिशा | 2 | 2 | शून्य | शून्य |
| पंजाब | 10 | 10 | शून्य | शून्य |
| राजस्थान | 7 | 7 | शून्य | शून्य |
| तमिलनाडु | 39 | 35 | 4 | शून्य |
| तेलंगाना | 35 | 31 | 4 | शून्य |
| उत्तर प्रदेश | 31 | 27 | 3 | 1 |
| पश्चिम बंगाल | 29 | 27 | 2 | शून्य |
| **कुल** | **426** | **363** | **58** | **5** |

**चार्ट II.10**
**31.03.2018 को बीमा दलालों का मानचित्र**




*अस्वीकरण: उपरोक्त मानचित्र केवल प्रतिनिधि है और वास्तविक भौगोलिक सीमा नहीं दिखाता है।*

बॉक्स मद 4

## बीमा में डिजिटलीकरण के संवर्धन में आईआरडीएआई के कदम

**बीमा रिपोजिटरी प्रणाली**

1. प्राधिकरण ने बहुत पहले ही 20 अप्रैल 2011 को बीमा रिपोजिटरी प्रणाली प्रारंभ की। उपर्युक्त दिशानिर्देशों के उपबंधों के अधीन 'बीमा रिपोजिटरियों' के रूप में कार्य करने के लिए पाँच संस्थाओं को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। उक्त बीमा रिपोजिटरी प्रणाली का औपचारिक रूप से प्रारंभ 16 सितंबर 2013 को किया गया।

2. बीमा रिपोजिटरी का निर्माण करने का उद्देश्य पॉलिसीधारकों को बीमा पॉलिसियाँ इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखने की सुविधा उपलब्ध कराना तथा बीमा पॉलिसी में परिवर्तन, आशोधन और संशोधन गति और सहीपन के साथ लाना जिससे बीमा पॉलिसियों के निर्गम और अनुरक्षण में कार्यकुशलता, पारदर्शिता और लागत में कमी लाई जा सके।

3. इस इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म का उन्नयन हितधारकों, अधिक विशेष रूप से समावेशी खंडों के हित के लिए करने हेतु यह देखा गया है कि इसमें बहुविध विनियमित संस्थाओं की सहभागिता आवश्यक है। इसी समय यह प्रत्याशा की गई कि कार्यकुशलता लाने और प्रयासों के दुहराव से बचने के लिए यह प्लेटफार्म स्वयं को इसके लिए अनुकूल बनाए। उक्त दिशानिर्देशों में 29 मई 2015 को संशोधन किया गया।

4. प्रस्तावित बीमा रिपोजिटरी (आईआर) प्रणाली के लाभः यह प्रत्याशा की गई कि उक्त बीमा रिपोजिटरी प्रणाली सभी हितधारकों को उल्लेखनीय लाभ पहुँचाएगी। पॉलिसीधारक के लिए यह सुविधा होगी कि वह अपनी सभी बीमा पॉलिसियों को एक स्थान पर देख सकेगा तथा अपनी पॉलिसियों की स्थिति के संबंध में आवधिक विवरण भी प्राप्त कर सकेगा। पॉलिसी बांडों के भंडारण और अनुरक्षण की लागत में उल्लेखनीय कमी आने की आशा की जाती है। प्रस्तावित आईआर प्रणाली समावेशी संवृद्धि के लिए बढ़ावा देगी तथा एक किफायती तरीके से दूरस्थ स्थानों तक पहुँच को प्रोत्साहित करेगी। बीमा रिपोजिटरी प्रणाली का संवर्धित उपयोग बीमा रिपोजिटरियों की भूमिका को केवल इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियों का भंडारण करने से भी आगे बढ़ावा देगा। प्रस्तावित प्रणाली के अंतर्गत बहुविध केवाईसी से बचाया जा सकेगा। केवाईसी के प्रवर्तकों और केवाईसी उपभोक्ताओं के रूप में केवाईसी करने की लागत में भारी कमी आएगी।

5. इसे कार्यान्वित करने के लिए प्राधिकरण ने विभिन्न बीमा व्यवस्थाओं, जैसे जीवन, मोटर, मोटर से इतर के लिए एक्सएमएल मानक भी जारी किये हैं।

6. भारतीय बीमा बाजार में वर्तमान में निम्नलिखित बीमा रिपोजिटरियाँ परिचालन कर रही हैं :
   क. एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट लिमिटेड
   ख. सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड
   ग. कार्वी इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड
   घ. सीएएमएस इंश्योरेंस रिपोजिटरी सर्विसेज़ लिमिटेड

7. सुचारु संचालन को बाधित करनेवाली समस्याओं को मोटे तौर पर 'सुरक्षा समस्याओं' और 'प्रक्रिया संबंधी समस्याओं' के रूप में श्रेणीकृत किया जा सकता है। इन्हें हल करने के लिए आईआरडीए ने बीमा रिपोजिटरी प्रणाली में अपनाये जाने के लिए 'सुरक्षा समस्याओं' का समाधान करने तथा 'प्रक्रियाओं' के संबंध में सुझाव देने के लिए ढाँचे के विषय में सुझाव देने के लिए दो समितियों का गठन किया था। इन समितियों ने आईआर प्रणाली में सुरक्षा को सुधारने के लिए विभिन्न सिफारिशें कीं तथा इसके सुचारु कार्यचालन में सहायता प्रदान करनेवाली प्रक्रियाओं का मानकीकरण किया।

8. जबकि इन समितियों की सिफारिशों पर विचार किया गया, यह महसूस किया गया कि बीमा उद्योग में विभिन्न संस्थाओं को ऐसी प्रणालियाँ स्थापित करनी चाहिए जो इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियाँ जारी करने में समर्थ बनाएँ। अतः आईआरडीए ने दिशानिर्देश संदर्भः आईआरडीए/एनएल/जीडीएल/एमआईएससी/137/06/2014 दिनांक 10 जून 2014 द्वारा प्रायोगिक कार्यान्वयन योजना के लिए निर्देश जारी किये जिनमें सभी जीवन बीमाकर्ताओं और बीमा रिपोजिटरियों से कहा गया कि वे 1 जुलाई 2014 से प्रारंभ होनेवाले दो-माह के एक ई-बीमा प्लेटफार्म में सहभागिता करें।

9. प्रायोगिक अवधि के दौरान प्राप्त अनुभव, बीमाकर्ताओं और बीमा रिपोजिटरियों से प्राप्त प्रतिसूचना (फीडबैक), कुछ प्रमुख हितधारकों के साथ अनुवर्ती परस्पर सक्रियताओं और तदुपरांत प्राधिकरण के अंदर इस विषय में आगे और विचार करने के आधार पर अप्रैल 2011 में जारी किये गये दिशानिर्देशों में कुछ आशोधन करने का प्रस्ताव किया गया। उसकी संवर्धित भूमिका में यह प्रस्ताव किया गया कि केवल

इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियों के निर्गम और भंडारण से आगे बढ़कर उक्त प्रणाली का उन्नयन किया जाए। लागतें कम करने के लिए सकारात्मक कदम उठाना, दुहराव से बचना तथा बीमा के विकास को बढ़ावा देना संशोधित दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएँ हैं।

**10. निम्नलिखित सहित संशोधित दिशानिर्देशों में परिवर्तनों का सारांशः**

1. ई-बीमा खातों के अंतर्गत सेवाओं का वर्गीकरणः ई-बीमा खातों के अंतर्गत प्रदान की जानेवाली विभिन्न सेवाओं का श्रेणीकरण निम्न रूप में किया गयाः
   - क. संविभाग सेवाएँ जहाँ पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसियों के संविभाग का निर्माण कर सकेंगे।
   - ख. मूलभूत सेवाएँ ये मानक न्यूनतम सेवाएँ हैं जो बीमा रिपोजिटरियों (आईआर) द्वारा उपलब्ध कराई जाएँगी। इनमें स्थिति, मुद्रण विकल्प, आवधिक रिपोर्टें, लघु विवरण आदि शामिल हैं। आईआरडीए एक नियमित आधार पर इन सेवाओं की सूची की समीक्षा करेगा।
   - ग. प्रमुख सेवाएँ ये सेवाएँ आईआर के द्वारा प्रदान की जानेवाली संविभाग और मूलभूत सेवाओं के अतिरिक्त हैं। प्रीमियम और लेनदेन वृत्त, प्रीमियम स्मरण-पत्र, विभिन्न दावों की अधिसूचनाएँ, संविभाग विश्लेषण साधन, कुछ पॉलिसी संबंधी सेवाएँ प्रदान करना।
2. केवाईसी सूचना की साझेदारीः केवाईसी सूचना के पुनः उपयोग में सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्रीय सूचकांक सर्वर (आईट्रिक्स) में एक केवाईसी रिपोजिटरी डेटाबेस स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो वर्तमान में आईआर प्रणाली को समर्थन कर रहा है। संस्थाएँ जो केवाईसी विधिमान्यता निष्पादित करती हैं, 'केवाईसी प्रवर्तकों' के रूप में पहचानी जाएँगी तथा संस्थाएँ जो इस सूचना का उपयोग करती हैं, 'केवाईसी उपभोक्ताओं' के रूप में पहचानी जाएँगी। केवाईसी सूचना की साझेदारी से यह प्रत्याशित है कि यह विक्रय की प्रक्रिया को सुगम बनाएगी तथा बीमा पॉलिसियों (दोनों इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक) के अधिक तेजी से निर्गम को समर्थन देगी। केवाईसी की साझेदारी को समर्थन देने के लिए एक उपयुक्त राजस्व मॉडल का निर्माण करने का प्रस्ताव है।
3. कुछ स्थितियों में इलेक्ट्रॉनिक निर्गमः पॉलिसियों की निम्नलिखित श्रेणियों में बीमाकर्ताओं से भी अपेक्षित है कि वे इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियाँ जारी करें।
   - क. ऑनलाइन अथवा वेब संग्राहकों अथवा सामान्य सेवा केन्द्रों के माध्यम से बेची गई सभी बीमा पॉलिसियाँ।
   - ख. नीचे निर्धारित मानदंडों के अंतर्गत आनेवाली पॉलिसियाँ :
4. आईआर के लिए व्यावसायिक प्रस्तावः संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत बीमा रिपोजिटरियों (आईआर) के लिए राजस्व निम्नलिखित स्रोतों से होगाः
   - क. इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियाँ रखने के लिए बीमाकर्ताओं से
   - ख. प्रमुख (प्रीमियर) सेवाओं के लिए पॉलिसीधारक से
   - ग. बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) कार्यकलाप निष्पादित करने के लिए बीमाकर्ताओं से
   - घ. 'केवाईसी - प्रवर्तक' राजस्व
5. बीमाकर्ताओं के लिए व्यावसायिक प्रस्तावः बीमाकर्ताओं के लिए व्यावसायिक प्रस्ताव होगाः
   - क. 'केवाईसी-प्रवर्तक' राजस्व।
   - ख. केवाईसी की साझेदारी के कारण पॉलिसियों का शीघ्रतर निर्गम
   - ग. इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियों के भंडारण / अनुरक्षण की घटी हुई लागत
   - घ. इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्यिक मार्ग के माध्यम से प्राप्त बढ़ा हुआ कवरेज
   - ङ. समावेशी खंडों तक पहुँच
6. मानक परिचालन प्रक्रियाएँ : आईआर प्रणाली में परिचालनों के अधिक सुगम संचालन को सुसाध्य बनाने के लिए इन दिशानिर्देशों के भाग के रूप में निम्नलिखित क्षेत्रों के संबंध में मानक परिचालन प्रक्रियाएँ (एसओपीएस) शामिल की गई हैं :
   - क. ईआईए खोलना
   - ख. ई-पॉलिसियों का निर्गम / परिवर्तन
   - ग. केवाईसी डेटा की साझेदारी

घ. प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए टर्नअलाउंड समय परिभाषित किए गये हैं।

ङ. ईआईए विवरण और कार्यप्रणाली की साझेदारी

च. एपी आवेदनों की नियुक्ति, नवीकरण

छ. अंतर आईआर अंतरण

ज. सुरक्षा ढाँचा

11. 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार खोले गये ई-बीमा खातों और विभिन्न बीमा रिपोजिटरियों द्वारा 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार जारी की गई ई-बीमा पॉलिसियों की संख्या निम्नानुसार हैं :

| रिपोजिटरी का नाम | कुल ई-पॉलिसियाँ | कुल ईआइ खाते |
|---|---|---|
| एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट लिय | 558514 | 555701 |
| सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी लि. | 69135 | 354388 |
| कार्वी इंश्योरेंस रिपोजिटरी लि. | 132049 | 174553 |
| सीएएमएस रिपोजिटरी सर्विसेज़ लि. | 487777 | 515681 |
| **कुल** | **1247475** | **1600323** |

12. विभिन्न आईआर के पास खोले गये ई-बीमा खातों में अपलोड की गई ई-बीमा पॉलिसियों की संख्या निम्नानुसार हैः

| व्यवसाय की श्रेणी | आईआर द्वारा जारी की गई ई-बीमा पॉलिसियों की संख्या |
|---|---|
| जीवन | 1231135 |
| साधारण | 4822 |
| स्वास्थ्य | 11518 |
| **कुल** | **1247475** |

**इलेक्ट्रॉनिक बीमा पॉलिसियों के निर्गम संबंधी विनियम,2016**

1. बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रवर्तन के परिणामस्वरूप, बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 में एक नई धारा समाविष्ट की गई है जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक बीमाकर्ता अपने द्वारा किये गये समस्त व्यवसाय के संबंध में बीमित राशि और प्रीमियम के तौर पर एक विनिर्दिष्ट न्यूनतम सीमा से अधिक वाली पॉलिसियाँ इलेक्ट्रॉनिक रूप में इस अधिनियम के अधीन बनाये गये विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किये जानेवाले तरीके से और रूप में जारी करने के लिए प्रयास करेगा।

2. प्राधिकरण ने इलेक्ट्रॉनिक बीमा पॉलिसियों के निर्गम और न्यूनतम (थ्रेशोल्ड) सीमाओं के संबंध में विनियम बनाये हैं।

3. उक्त विनियमों की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं :

- उसकी व्याकरण संबंधी विभिन्नताओं और सहार्थी अभिव्यक्तिओं के साथ 'ई-हस्ताक्षर संबद्ध करने' से इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के द्वारा एक इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को प्रमाणीकृत करने के प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति के द्वारा किसी कार्यपद्धति अथवा प्रक्रिया को अपनाना अभिप्रेत है;
- 'ई-प्रस्ताव' से संभावित ग्राहकों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में फाइल की गई और ई-हस्ताक्षर के साथ संबद्ध की गई बीमा पॉलिसी का प्रस्ताव फार्म अभिप्रेत है।
- 'ई-बीमा पॉलिसी' अथवा 'इलेक्ट्रॉनिक बीमा पॉलिसी' से वह पॉलिसी दस्तावेज अभिप्रेत होगा जो बीमाकर्ता द्वारा जारी की गई तथा विधि के द्वारा निर्धारित लागू प्रावधानों के अनुसार डिजिटल तौर पर हस्ताक्षरित और पॉलिसीधारक को सीधे इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा पंजीकृत बीमा रिपोजिटरी के प्लेटफार्म के माध्यम से जारी की गई बीमा संविदा का प्रमाण है।

- इलेक्ट्रॉनिक विधि से बीमा व्यवसाय की अपेक्षा करनेवाला प्रत्येक बीमाकर्ता प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित भौतिक प्रस्ताव फार्म के ही समान एक ई-प्रस्ताव का निर्माण करेगा। यह आवश्यक है कि इस प्रकार का फार्म डिजिटल तरीके से ऐसी सूचना प्राप्त करने में समर्थ हो, जो सुगम प्रसंस्करण और सर्विसिंग में सहायक हो सके।
- उक्त ई-प्रस्ताव फार्म में इलेक्ट्रॉनिक बीमा खाता (ईआईए) संख्या को प्राप्त करने के लिए एक स्तंभ भी होगा, जो प्रस्तावक के द्वारा भरा जाएगा।
- यदि संभावित ग्राहक के पास कोई ईआईए खाता संख्या नहीं है, तो बीमाकर्ता ईआईए संख्या के निर्माण में सहायता करेगा।
- संभावित ग्राहक ई-बीमा प्रस्ताव फार्म में आवश्यक विवरण प्रस्तुत करेंगे, जिसपर प्रस्तावक के किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणीकरण से युक्त ई-हस्ताक्षर होंगे।
- पॉलिसीधारक को सीधे बीमाकर्ता द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी की गई सभी पॉलिसियाँ भौतिक रूप में भी जारी की जाएँगी, जब तक कि प्राधिकरण इस बात से संतुष्ट होने पर कि यह पॉलिसीधारकों के हित में तथा बीमा उद्योग के सुव्यवस्थित विकास के लिए है, भौतिक रूप में ऐसे निर्गम से छूट नहीं देता।

  बशर्ते कि ऐसी छूटों के साथ विनिर्दिष्ट शर्तें निर्धारित की जा सकती हैं जो बीमाकर्ता के द्वारा पूरी की जाएँगी।

  उपर्युक्त के बावजूद, पॉलिसीधारकों द्वारा माँग की जाने पर, बीमाकर्ताओं द्वारा भौतिक पॉलिसी भी जारी की जाएगी।
- इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियाँ बीमाकर्ताओं द्वारा पॉलिसीधारकों को सीधे अथवा पंजीकृत बीमा रिपोजिटरियों के माध्यम से जारी की जा सकती हैं।
- बीमाकर्ता इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसियाँ जारी करेंगे जो बीमित राशि की सीमा अथवा नीचे निर्धारित एकल/ वार्षिक प्रीमियम की सीमा से अधिक हैं :

| व्यवसाय की व्यवस्था | बीमित राशि* (निम्न के समान या उससे अधिक) (रु.में) | एकल/वार्षिक प्रीमियम* (निम्न के समान या उससे अधिक) |
|---|---|---|
| विशुद्ध अवधि (आरओपी सहित अवधि को छोड़कर)** | 10,00,000/- | 10,000/- |
| विशुद्ध अवधि को छोड़कर अन्य (आरओपी के साथ अवधि सहित)** | 1,00,000/- | 10,000/- |
| पेंशन पॉलिसियाँ | लागू नहीं | 10,000/- |
| तात्कालिक वार्षिकियाँ (पेंशन प्रति वर्ष) | लागू नहीं | 10,000/- |
| मोटर को छोड़कर अन्य सभी खुदरा साधारण बीमा पॉलिसियाँ | 10,00,000/- | 5,000/- |
| वैयक्तिक स्वास्थ्य | 5,00,000/- | 10,000/- |
| मोटर खुदरा | सभी पॉलिसियाँ | सभी पॉलिसियाँ |
| विविध व्यक्तिगत वैयक्तिक दुर्घटना और देशी यात्रा | 10,00,000/- | 5,000/- |
| व्यक्तिगत यात्रा बीमा (विदेशी) | सभी पॉलिसियाँ | |

**बीमा ई-कॉमर्स संबंधी दिशानिर्देश**

1. आईआरडीए के विकासात्मक अधिदेश (मैंडेट) के भाग के रूप में प्राधिकरण बीमा के स्थान में ई-कॉमर्स के संवर्धन के लिए सहायता प्रदान कर रहा है जो बीमा व्यवसाय के संचालन की लागत को कम करेगा तथा उच्चतर कार्यकुशलता और अधिकाधिक पहुँच को संभव बनायेगा।,बीमा व्यापन में वृद्धि करने और एक किफायती तरीके से वित्तीय समावेशन को क्रियान्वित करने के लिए ई-कॉमर्स को एक प्रभावी माध्यम के रूप में देखा जाता है। इसके परिणामस्वरूप, प्राधिकरण ने बीमा ई-कॉमर्स के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये हैं।
2. उक्त दिशानिर्देश बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म को परिभाषित करते हैं जो एक प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म है। यह केवल आईआरडीए द्वारा प्रदान किये गये पंजीकरण प्रमाणपत्र से युक्त संस्थाओं को ही अनुमति देता है, जैसे बीमाकर्ता, बीमा मध्यवर्ती।
3. बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म भारत में बीमा ई-कॉमर्स कार्यकलाप करेगा, जैसे बीमा उत्पादों का विक्रय और उनकी सर्विसिंग।

4. उक्त दिशानिर्देश एक बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया निर्धारित करते हैं। इसमें शामिल हैं, आवेदन फाइल करना, सूचना और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना, अनुमति प्रदान करना और उसकी शर्तें।

5. उक्त दिशानिर्देश आंतरिक निगरानी, समीक्षा तथा प्रणालियों और नियंत्रणों का मूल्यांकन भी निर्धारित करते हैं।

6. इस प्रकार की बाह्य लेखा-परीक्षा का विस्तार समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित रूप में होगा।

7. इसके अतिरिक्त, सहभागी प्रणालियों की वार्षिक समीक्षा करते हुए, हर समय मानकीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन अथवा अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोग के सूचना सुरक्षा प्रबंध प्रणाली मानक या उसके समकक्ष का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

8. सहभागी सीआईएसए लेखा-परीक्षक और सूचना सुरक्षा प्रबंध प्रणाली की रिपोर्ट बोर्ड अथवा उसकी उप-समिति के समक्ष उनकी टिप्पणियों के लिए प्रस्तुत करेगा।

9. उक्त दिशानिर्देश बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म और उसके दायित्वों के लिए एक आचरण-संहिता प्रस्तावित करते हैं।

10. उक्त दिशानिर्देश परिचालन संबंधी विषयों को भी समाविष्ट करते हैं तथा नियमित इंटरनेट वेबसाइट (डेस्कटॉप और मोबाइल) अथवा मोबाइल ऐप अथवा दोनों पर उपलब्ध आईएसएनपी को भी समाविष्ट करते हैं। यह विभेदक कीमत-निर्धारण के लिए अनुमति देता है जब विक्रय बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म के माध्यम से किया जाता है।

11. बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म पर किये गये बीमा व्यवसाय के लिए प्रस्ताव फार्म पर आर्द्र (वेट)/ भौतिक हस्ताक्षर नहीं होंगे तथा इसके बदले इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर अथवा डिजिटल हस्ताक्षर अथवा एकल कारक प्रमाणीकरण जैसे एकबारगी (वन टाइम) पासवर्ड, पैन कार्ड और जन्मतिथि प्रमाणीकरण पर्याप्त होगा। बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म पर बीमा पॉलिसियों का विक्रय करने से पहले एक ई-बीमा खाते का निर्माण अनिवार्य (मैंडेटरी) कर दिया गया है।

12. प्राधिकरण द्वारा 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार प्रसंस्करण किये गये आईएसएनपी आवेदनों की संख्या निम्नानुसार हैः

| | प्रसंस्करण किये गये आवेदनों की संख्या |
|---|---|
| बीमाकर्ता | 47 |
| दलाल | 67 |
| कॉरपोरेट एजेंट | 17 |
| वेब संग्राहक | 19 |
| **कुल** | **150** |

**बीमाकर्ताओं के लिए सूचना और साइबर सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश**

1. प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं के लिए सूचना और साइबर सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश अप्रैल 2017 में जारी किये हैं जो 1 अप्रैल 2018 से लागू होंगे।

2. ये दिशानिर्देश सभी बीमाकर्ताओं पर लागू हैं। मध्यवर्तियों और अन्य विनियमित संस्थाओं के मामले में, जिनके साथ पॉलिसीधारक संबंधी सूचना की साझेदारी की जाती है, यह सुनिश्चित करना बीमाकर्ताओं का दायित्व है कि वे पर्याप्त व्यवस्थाएँ कार्यान्वित करें जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सूचना और साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाए।

3. उन बीमाकर्ताओं को जिन्होंने व्यवसाय के प्रारंभ की तारीख से तीन वर्ष पूरे नहीं किये हैं, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) के रूप में एक पूर्णकालिक व्यक्ति को नियुक्त करने की अपेक्षा से छूट दी गई है। तथापि, उक्त सीआईएसओ के दायित्व का ध्यान बोर्ड को रिपोर्ट करनेवाले किसी भी अधिकारी के द्वारा रखा जा सकता है। दिशानिर्देशों के दस्तावेज में निर्धारित सभी अन्य अपेक्षाएँ इन बीमाकर्ताओं पर लागू होंगी।

4. कार्यान्वयन के लिए समय-सीमाएँ

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एकमात्र मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) के रूप में एक उपयुक्त रूप से अर्हता-प्राप्त और अनुभवी वरिष्ठ स्तर के अधिकारी को नियुक्त करना और पदनामित करना जो उनकी सूचना आस्तियों की सुरक्षा हेतु पॉलिसियों को सुस्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करने और उन्हें प्रवर्तित करने तथा सूचना सुरक्षा समिति (आईएससी) के गठन के लिए उत्तरदायी होगा। | 30 अप्रैल 2017 |
| 2 | अंतराल विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करना (इस दिशानिर्देश दस्तावेज में बताई गई अपेक्षाओं की तुलना में एएस-आईएस) | 30 जून 2017 |
| 3 | साइबर संकट प्रबंध योजना बनाना | 30 जून 2017 |
| 4 | बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति और साइबर सुरक्षा नीति को अंतिम रूप देना | 31 जुलाई 2017 |
| 5 | बोर्ड द्वारा अनुमोदित सूचना और साइबर सुरक्षा नीति के अनुरूप सूचना और साइबर सुरक्षा बीमा (एश्योरेंस) कार्यक्रम (कार्यान्वयन योजना/ दिशानिर्देश) बनाना | 30 सितंबर 2017 |
| 6 | प्रथम व्यापक सूचना और साइबर सुरक्षा बीमा (एश्योरेंस) लेखा-परीक्षा को पूरा करना | 31 मार्च 2018 |

उपर्युक्त समय-सीमाओं के अनुसार बीमाकर्ताओं ने 31 मार्च 2018 तक पूर्णतः अनुपालन किया है।

**डिजिटल नवोन्मेषण संबंधी अद्यतन स्थिति बीमा मध्यवर्ती सभी बीमा एजेंटों, दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्तियों, कॉरपोरेट एजेंटों के विनिर्दिष्ट व्यक्तियों, वेब संग्राहक के प्राधिकृत सत्यापकों, विक्रय केंद्र विक्रेताओं, आदि के संबंध में आईआईबी में रखे गये डेटाबेस का निर्माण**

यह स्मरण किया जा सकता है कि डेटाबेस का निर्माण विक्रय केन्द्र विक्रेता संबंधी दिशानिर्देशों के निर्गम के साथ प्रारंभ हुआ। इसका उद्देश्य बीमाकर्ताओं और बीमा मध्यवर्तियों द्वारा नामांकित पीओएस के दोहराव को रोकना था। आगे बढ़ते हुए यह देखा गया कि इसी तर्क का विस्तार बीमा एजेंटों और बीमा मध्यवर्तियों के विपणन व्यक्तियों तक किया जा सकता है जिनमें दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्तियों, कॉरपोरेट एजेंटों के विनिर्दिष्ट व्यक्तियों, वेब संग्राहक के प्राधिकृत सत्यापकों को शामिल किया जाएगा। विशिष्ट पहचान क्षेत्र आधार संख्या अथवा पैन संख्या है।

आईआईबी में रखा गया एनवॉय (ईएनवीओवाई) नामक एक पोर्टल स्थापित किया गया है जो दलाल अर्हता-प्राप्त व्यक्तियों, प्राधिकृत सत्यापकों, कॉरपोरेट एजेंटों के विनिर्दिष्ट व्यक्तियों को शामिल करता है। बीमा पॉलिसियों की अपेक्षा और प्राप्ति से संबद्ध वैयक्तिक बीमा एजेंटों और सभी अन्य व्यक्तियों को संबद्ध करते हुए डेटाबेस का निर्माण प्रगति पर है।

## वेब संग्राहक

II.3.9 प्राधिकरण ने बीमा पॉलिसियों की ऑनलाइन तुलना और वितरण करने के लिए वेब संग्राहक के रूप में ज्ञात एक प्रणाली विकसित करने के लिए पहल की। यह पहल ई-कॉमर्स में विकासशील प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए बीमा पॉलिसियों के संभावित खरीदारों के हित के लिए की गई। प्राधिकरण ने प्रारंभ में नवंबर 2011 में विभिन्न बीमा कंपनियों के बीमा उत्पादों की तुलना के लिए लाइसेंस हेतु आवेदन करने के लिए प्रौद्योगिकीगत प्रगति का उन्नयन करने के संबंध में उत्साही उद्यमियों को समर्थ बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किये थे। उक्त दिशानिर्देशों के आधार पर प्राधिकरण ने 6 वेब संग्राहकों को लाइसेंस जारी किये थे।

तदुपरांत प्राधिकरण ने 'आईआरडीए (वेब संग्राहक) विनियम, 2013' और 'आईआरडीएआई (बीमा वेब संग्राहक) विनियम, 2017' जारी किये। वर्तमान में 26 वेब संग्राहक विद्यमान हैं।

## सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी)

II.3.10 प्राधिकरण ने 5 अक्तूबर 2015 को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (सामान्य सेवा केन्द्रों द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2015 अधिसूचित किये हैं।

### सारणी II.12
### प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित वेब संग्राहक
### ( 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार)

| क्रम. सं. | वेब संग्राहक का नाम |
|---|---|
| 1 | कॉमेट इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 2 | पॉलिसीएक्स.कॉम इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 3 | ओए इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर्स प्रा. लि. |
| 4 | फ़िनगूल इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 5 | ईजी पॉलिसी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 6 | पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 7 | माई इंश्योरेंस क्लब इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 8 | ग्रेट इंडिया इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. . |
| 9 | बून इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 10 | कम्पेअर पॉलिसी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 11 | बाई स्मार्ट पॉलिसी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 12 | एमएसएफ इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 13 | पॉलिसी मंत्र इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. . |
| 14 | डेस्टिनेशन इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि.. |
| 15 | ए एण्ड ए दुकान इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 16 | ज़िबिका इंडिया इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 17 | मैंगोट्री इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 18 | ईटीइंश्योर इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. . |
| 19 | कवर्नेस्ट इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 20 | पॉलिसी प्लैनर इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 21 | सीएनबी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 22 | वनस्टेपॉलिसी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 23 | इन्स्टाबीमा इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 24 | आर्वी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. . |
| 25 | रिस्कओवरी इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |
| 26 | पॉलिसी मास्टर इंश्योरेंस वेब एग्रिगेटर प्रा. लि. |

### चार्ट II.11
### वेब संग्राहक अग्रता विवरण आगंतुक/ अग्रता परिवर्तित (2017-18)




### चार्ट II.12
### वेब संग्राहक - पॉलिसियों की संख्या



सीएससी विनियमों द्वारा प्रस्तावित बीमा सेवाओं की मुख्य-मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं :

1. सीएससी-एसपीवी बीमा उत्पादों का विपणन करेंगे तथा उन बीमा कंपनियों के सीएससी नेटवर्क के माध्यम से अन्य बीमा संबंधी सेवाएँ भी प्रदान करेंगे जिन्होंने सीएससी-एसपीवी के साथ करार किया है।

2. सीएससी-एसपीवी सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ लिमिटेड, विशेष प्रयोजन माध्यम है जो सीएससी नेटवर्क के माध्यम से भारत के नागरिकों को सरकारी, निजी और सामाजिक क्षेत्र सेवाओं के वितरण को सुसाध्य बनाने के लिए संस्थापित है।

3. ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) ग्राम-स्तरीय उद्यमी (वीएलई) व्यक्ति होगा जो बीमा उत्पादों का विपणन करने और बीमे से संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामान्य सेवा केन्द्र का परिचालन और प्रबंध करने के लिए पंजीकृत और सीएससी- एसपीवी द्वारा प्राधिकृत हो। उसे 20 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, एनआईईएलआईटी द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए तथा उसके पास 10वीं कक्षा या उसकी समकक्ष न्यूनतम योग्यता होनी चाहिए।

4. निम्नलिखित के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तें, शैक्षिक योग्यताएँ और प्रशिक्षण की अपेक्षा विनियमों में विनिर्दिष्ट की गई है

क. सीएससी-एसपीवी का प्रधान अधिकारी

ख. सीएससी-एसपीवी का आरएपी।

5. सीएससी-एसपीवी के प्रधान अधिकारी की उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए योग्य और उचित (फिट एण्ड प्रोपर) मानदंड प्रस्तावित किया गया है।

6. सीएससी-एसपीवी को पंजीकरण, विधिमान्यता प्रदान करने और पंजीकरण के नवीकरण की प्रक्रिया भी विनिर्दिष्ट की गई है।

7. सीएससी ढाँचे के अंदर सेवा भागीदार एजेंसी हैं जिसमें राज्य द्वारा पदनामित एजेंसी अथवा सेवा केन्द्र एजेंसी अथवा सीएससी योजना के अंतर्गत अन्य कोई एजेंसी शामिल है जो ग्राम-स्तरीय उद्यमी (वीएलई) को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करेगी।

8. उक्त विनियमों में प्रधान अधिकारी, आरएपी, सीएससी-एसपीवी और बीमाकर्ताओं के लिए आचरण-संहिता तथा कर्तव्य और दायित्व निर्धारित किये गये हैं। इन विनियमों में ग्राहकों की शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया की रूपरेखा दी गई है।

9. सीएससी-एसपीवी, सेवा भागीदार एजेंसी और आरएपी के बीच पारिश्रमिक, प्रदत्त कमीशन के क्रमशः 8% से अनधिक, 12% से अनधिक और 80% से अन्यून अनुपात में विनिर्दिष्ट किया गया है। तथापि, आरएपी द्वारा प्रस्तावित की जानेवाली बीमा संबंधी सेवाओं के संबंध में निर्णय करना सीएससी-एसपीवी और बीमाकर्ता के बीच छोड़ दिया गया है।

10. प्रति बीमाकर्ता ‘20 लाख रुपये के ऑन-बोर्डिंग प्रभार, जो एक निलंब (एस्क्रो) खाते में अदा किये जाते हैं, सीएससी-एसपीवी द्वारा बीमाकर्ताओं पर प्रभारित करने की अनुमति दी गई है ताकि आरएपी स्तर पर बॉयो-मेट्रिक और आईआरआईएस उपस्कर की बुनियादी संरचना को सुसाध्य बनाया जा सके, जिसे सक्रिय होने के समय निर्मुक्त किया जाता है।

11. सीएससी-एसपीवी इस माध्यम के अंतर्गत एकमात्र उत्पादों का विपणन करेंगे जिनके संबंध में शब्द ‘सीएससी‘ प्रारंभ में होंगे। मोटर बीमा के अंतर्गत बीमित राशि को छोड़कर इन पॉलिसियों में अधिकतम अनुमत बीमित राशि ‘2 लाख रुपये है। वर्तमान में फाइल एण्ड यूज़ दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा जीवन बीमाकर्ताओं के नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त लाभरहित असंबद्ध परिवर्ती बीमा उत्पाद एवं नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त विशुद्ध सावधि बीमा उत्पाद अनुमोदित किये गये हैं। इसी प्रकार, मोटर बीमा, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, मवेशी/पशुधन बीमा, किसान की पैकेज पॉलिसी तथा साधारण बीमा का अग्नि (फायर) और संबद्ध जोखिमपूर्ण निवास बीमा को प्राधिकरण ने अनुमोदन प्रदान किया है।

12. सीएससी-एसपीवी और आरएपी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के लिए क्रियाविधि भी प्रस्तावित विनियमों में विनिर्दिष्ट की गई है।

13. उक्त विनियमों में बीमाकर्ताओं और सीएससी-एसपीवी द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवारी रिपोर्टें भी विनिर्दिष्ट की गई हैं।

14. सीएससी-एसपीवी माध्यम के संबंध में सांख्यिकी 1.4.2017 से 31.3.2018 तक की अवधि के लिए निम्नानुसार हैः

क. उन आरएपी की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिन्हें प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं 18,826

ख. कुल नया बीमा प्रीमियम रु.132.54 करोड़ = रु.47.32 करोड़ (साधारण) + रु. 2.02 करोड़ (जीवन) + रु. 83.2 करोड़ (फसल)

ग. संगृहीत कुल प्रीमियम (नया और नवीकरण) रु. 422.80 करोड़

घ. लेनदेनों की कुल संख्या -- 11.48 लाख

ङ. बीमाकर्ताओं की संख्या जिनके साथ करार हस्ताक्षरित किये गये हैं : साधारण 18; स्वास्थ्य 5; जीवन 19.

च. बेची गई पॉलिसियों की संख्या ) मोटर अन्य पक्ष 2,61,489; ) मोटर पैकेज 52,929; ) वैयक्तिक दुर्घटना ए 8,107; ) जीवन बीमा (नया) 23,876 तथा ) अन्य 1192

छ. समाविष्ट किसानों की कुल संख्या 8.29 लाख 3.88 लाख (रबी) + 4.41 लाख (खरीफ)

ज. मोटर व्यापक, यात्रा बीमा, फ़सल बीमा और सरकारी बीमा योजनाओं जैसे नये उत्पाद अनुमोदित उत्पादों की सूची में जोड़े गये हैं।

**बिक्री केंद्र विक्रेता जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता**

**पी.ओ.एस - जीवन बीमा कर्ता**

**II.3.11** नियामक के विकास जनादेश के हिस्से के रूप में बड़े पैमाने पर लोगों को जीवन बीमा उत्पादों तक आसानी से पहुंच प्रदान करने और बीमा प्रवेश और घनत्व बढ़ाने के लिए एक अतिरिक्त फिलिप देने के लिए, प्राधिकरण ने जीवन बीमा कंपनियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं।

**पीओएस - लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स की कुछ प्रमुख विशेषताएं**

परिभाषित पीओएस उत्पाद को सरल सादे वेनिला प्रकार के उत्पादों के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें प्रत्येक लाभ को पूर्वनिर्धारित किया जाता है और बिक्री के समय स्पष्ट रूप से खुलासा किया जाता है और समझना बहुत आसान होता है

- उत्पादों की श्रेणियों को निर्धारित किया गया है जिन्हें पैरामीटर निर्दिष्ट करने वाले पीओएस उत्पाद के रूप में पेश किया जा सकता है
- पीओएस उत्पाद के तहत केवल गैर-जुड़े और व्यक्तिगत उत्पादों की पेशकश की अनुमति
- पीओएस उत्पाद के लिए एक प्रमुख फ़ीचर दस्तावेज़ - सह - प्रस्ताव फ़ॉर्म निर्धारित किया
- निर्धारित चैनल जो पीओएस उत्पादों को मांग सकते हैं
- पीओएस उत्पाद व्यवसाय पर प्राधिकरण को अर्ध वार्षिक रिटर्न जमा करना।

**पीओएस व्यक्तियों की कुछ प्रमुख विशेषताएं - जीवन बीमा**

- परिभाषित पीओएस व्यक्ति जो न्यूनतम योग्यता रखने वाले व्यक्ति के रूप में प्रशिक्षण ले चुके हैं और दिशानिर्देशों और अनुरोधों में निर्दिष्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट उत्पादों को केवल बाजारों में निर्दिष्ट करते हैं।
- प्रशिक्षण, परीक्षा, पीओएस व्यक्तियों की नियुक्ति पर निर्धारित प्रावधान
- उन उत्पादों को निर्दिष्ट किया जिन्हें पीओएस व्यक्तियों द्वारा अनुरोध किया जा सकता है।

**पीओएस- साधारण बीमाकर्ता और स्वास्थ्य बीमा कर्ता**

**II.3.12** प्राधिकरण ने पाया कि ऐसे कई व्यक्ति हैं जो बीमा पॉलिसियों की अपेक्षा और विपणन से संबंधित सरल और नेमी कार्यकलापों से संबद्ध हैं। उदाहरण के लिए मोटर बीमा, यात्रा बीमा, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, आदि में अधिकांश उत्पादों के लिए बहुत कम जोखिम-अंकन अपेक्षित है। ये

अधिकांश तौर पर पहले से जोखिम अंकित होते हैं जिनमें संभावित ग्राहक द्वारा दी गई सूचना के आधार पर प्रणाली द्वारा बीमा पॉलिसी स्वचालित रूप से उत्पन्न की जाती है। ऐसे उत्पाद के लिए आवश्यक हस्तक्षेप अल्पतम है तथा ऐसे व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण और परीक्षा न्यूनतर परिमाण की हो सकती है।

देश में बीमा व्यवसाय की वृद्धि को सुसाध्य बनाने तथा बीमा व्यापन और बीमा सघनता को बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने अपनी विकासात्मक कार्यसूची के भाग के रूप में 'बिक्री केंद्र विक्रेताओं' संबंधी निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किये।

उक्त दिशानिर्देशों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :

1. 'बिक्री केंद्र विक्रेता' जो केवल प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कुछ पहले से जोखिम-अंकित उत्पादों की ही अपेक्षा और विपणन कर सकते हैं।
2. प्रत्येक 'बिक्री केंद्र विक्रेता' उसकी आधार कार्ड संख्या अथवा उसके पैन कार्ड द्वारा पहचाना जाएगा।
3. प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित ऐसे पहले से जोखिम-अंकित उत्पादों की अपेक्षा और विपणन करनेवाले व्यक्ति 'बिक्री केंद्र विक्रेता' कहलाएँगे।
4. उक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होगा।
5. स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता सहित साधारण बीमाकर्ता अथवा बीमा मध्यवर्ती जो बिक्री केन्द्र विक्रेता (पीओएस पर्सन) की नियुक्ति करने का प्रस्ताव करता हैः
    - क. बीमा सूचना केन्द्र (आईआईबी), हैदराबाद में रखे गये डेटाबेस के साथ पुनः जाँच (क्रॉस-चेकिंग) करने के द्वारा यह सुनिश्चित करेगा कि आवेदक किसी अन्य बीमाकर्ता अथवा बीमा मध्यवर्ती के पास नियुक्त नहीं है।
    - ख. उम्मीदवार के लिए पंद्रह (15) घंटे का आंतरिक प्रशिक्षण आयोजित करेगा।
    - ग. प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक समाप्ति के बाद परीक्षा का संचालन करेगा।
    - घ. परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाले उम्मीदवार को परिपत्र के साथ संलग्न फार्मेट में एक प्रमाणपत्र जारी करेगा।
    - ङ. शर्तें विनिर्दिष्ट करते हुए एक लिखित करार निष्पादित करने के द्वारा सफल उम्मीदवार को बिक्री केन्द्र विक्रेता (पीओएस पर्सन) के रूप में नियुक्त करेगा।
    - च. दिन की समाप्ति पर आईआईबी डेटाबेस में विवरण अपलोड करेगा।
    - छ. प्रशिक्षण और परीक्षा का उचित अभिलेख उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति से जिसमें इनका आयोजन किया गया हो, कम से कम पाँच (5) वर्ष के लिए रखेगा जो प्रत्यक्ष (ऑनसाइट) निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के निरीक्षण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।
6. एक 'बिक्री केन्द्र विक्रेता' किसी बीमा कंपनी अथवा बीमा मध्यवर्ती का प्रतिनिधित्व कर सकता है।
7. उक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' केवल निम्नलिखित पूर्व-जोखिम-अंकित उत्पाद ही बेच सकता है।
    - क. दुपहिया, निजी कार और वाणिज्यिक वाहनों के लिए मोटर व्यापक बीमा पैकेज पॉलिसी।
    - ख. दुपहिया, निजी कार और वाणिज्यिक वाहनों के लिए अन्य पक्ष देयता (ऐक्ट ओनली) पॉलिसी।
    - ग. वैयक्तिक दुर्घटना पॉलिसी
    - घ. यात्रा बीमा पॉलिसी
    - ङ. गृह बीमा पॉलिसी
    - च. फ़सल बीमा
    - छ. स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी
    - ज. गंभीर बीमारी
    - झ. स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति
    - ञ. सरकारी योजनाएँ, जैसे पीएमएफबीवाई/ पीएमएसबीवाई/डब्ल्यूबीसीआईएस/ सीपीआईएस
    - ट. पशुधन बीमा
    - ठ. कृषि पम्पसेट बीमा
    - ड. अग्नि (फायर) और संबद्ध जोखिम (निवास)
    - ढ. प्राधिकरण द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमोदित कोई अन्य पॉलिसी।

8. 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के माध्यम से बेची गई प्रत्येक पॉलिसी अलग से पहचानी जाएगी और नाम से पहले 'पीओएस (उत्पाद का नाम)' होगा।

9. बीमा कंपनी प्राधिकरण के पास सूचनार्थ फाइल एण्ड यूज़ दिशानिर्देशों के अधीन उत्पाद को फाइल करेगी।

10. प्रत्येक प्रस्ताव फार्म चाहे वह कागज पर हो अथवा कागज-रहित रूप में हो, बीमा पॉलिसी और अन्य संबंधित दस्तावेज आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड को दर्ज करने के लिए व्यवस्था से युक्त होंगे जिससे पॉलिसी को 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के साथ संबद्ध किया जा सके जो उपर्युक्त पॉलिसी को बेच रहा है।

11. प्रस्ताव फार्म अथवा बीमा पॉलिसी में 'बिक्री केंद्र विक्रेता' की आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड संख्या को दर्ज करने के लिए बीमा कंपनी उत्तरदायी होगी। बीमा कंपनी 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के आचरण के लिए जिम्मेदार होगी जो उसका प्रतिनिधित्व कर रहा है।

12. बीमा मध्यवर्ती के माध्यम से किये जानेवाले विक्रय के लिए बीमा मध्यवर्ती प्रस्ताव फार्म में 'बिक्री केंद्र विक्रेता' की आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड संख्या को दर्ज करेगा और बीमा पॉलिसी में ऐसा ही करने के लिए बीमा कंपनी से अपेक्षा करेगा। बीमा मध्यवर्ती अपने द्वारा नियुक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के आचरण के लिए जिम्मेदार होगा तथा बिक्री केंद्र विक्रेता की ओर से कोई भी कदाचार उसे अधिनियम के अनुसार दंड के लिए भागी बनायेगा।

13. बीमा मध्यवर्ती के पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण करते समय जिन कारकों पर विचार किया जाएगा उनमें से एक बीमा मध्यवर्ती के रजिस्टरों में विद्यमान 'बिक्री केंद्र विक्रेता' का आचरण होगा।

14. 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार विवरण निम्नानुसार हैः

15. पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या 123640

16. प्रवर्तक एजेंसियों की संख्या ) बीमाकर्ता - 26; ) बीमा दलाल 59; ) कॉरपोरेट एजेंट - 11

17. प्रवर्तक एजेंसियों के पीओएस की संख्या ) बीमाकर्ता - 47947; ) बीमा दलाल - 46700; ) कॉरपोरेट एजेंट 28993

18. साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के 610 उत्पादों और ऐड-ऑन्स के लिए प्राधिकरण द्वारा मंजूरी दी गई।

### II.3.13 मोटर बीमा सेवा प्रदाता (एमआईएसपी)

दिशानिर्देशों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :

1. उद्देश्यः इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य मोटर बीमा पॉलिसियों का वितरण और उनकी सर्विसिंग करने में ऑटोमोटिव व्यापारी की भूमिका की पहचान करनी है ताकि बीमा से संबंधित उनके कार्यकलापों का विनियामक पर्यवेक्षण किया जा सके।

2. 'ऑटोमोबाइल व्यापारी', 'ऑटोमोबाइल विनिर्माता', 'वितरण शुल्क' और 'मोटर बीमा सेवा प्रदाता (एमआईएसपी)' की परिभाषा दी गई है।

3. उक्त दिशानिर्देश किसी ऑटोमोबाइल व्यापारी के रूप में एमआईएसपी की नियुक्ति के लिए पात्रता की शर्तें उपलब्ध कराते हैं, जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 42 में निर्धारित रूप में किसी भी अनर्हता से ग्रस्त नहीं है।

4. एमआईएसपी अपने उद्देश्यों में अथवा अपने विलेख (डीड) अथवा इसी प्रकार के किसी अन्य दस्तावेज में, ऐड-ऑन्स सहित मोटर बीमा पॉलिसियों के वितरण और उनकी सर्विसिंग को शामिल करेगा।

5. एमआईएसपी या तो बीमाकर्ता(ओं) द्वारा या बीमा मध्यवर्ती द्वारा प्रवर्तित किया जाएगा।

6. एमआईएसपी की भूल-चूक के कृत्यों के लिए प्रवर्तन करनेवाली संस्था/ संस्थाएँ उत्तरदायी होंगी।

7. एमआईएसपी एक पदनामित व्यक्ति को नियुक्त करेगा तथा मोटर बीमा पॉलिसियों का वितरण करनेवाले सभी व्यक्ति कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होंगे तथा बिक्री केन्द्र विक्रेता के लिए निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे।

8. उनकी आधार संख्या के आधार पर उन्हें विलक्षण पहचान संख्या (यूआईएन) दी जाएगी।

9. एमआईएसपी की नियुक्ति सामान्यतः बीमाकर्ताओं के मामले में तब तक विधिमान्य होगी, जब तक कि निरस्त नहीं की जाती तथा बीमा मध्यवर्तियों के मामले में तब तक विधिमान्य होगी जब तक पंजीकरण प्रमाणपत्र विधिमान्य है।

10. एमआईएसपी द्वारा स्थापित नियंत्रणों, प्रणालियों, प्रक्रियाओं, और रक्षोपायों की आवधिक समीक्षा कम से कम वर्ष में एक बार प्रवर्तक संस्था / संस्थाओं द्वारा की जाएगी।

11. एमआईएसपी की विस्तृत आचरण-संहिता और प्रवर्तक संस्था / संस्थाओं के दायित्व निर्धारित किये गये हैं।

12. दूसरा भाग परिचालन संबंधी विषयों से संबंधित है।

13. एमआईएसपी सुनिश्चित करेगा कि हर समय निम्नलिखित न्यूनतम शर्तों का पालन किया जाता है।

क. एमआईएसपी के माध्यम से मोटर बीमा पॉलिसियों का वितरण बीमाकर्ता अथवा बीमा मध्यवर्ती अथवा मोटर बीमा सेवा प्रदाता, जैसी स्थिति हो, के बीच किये गये करार के आधार पर होगा।

ख. एमआईएसपी केवल ऐड-ऑन्स सहित मोटर बीमा पॉलिसियों का वितरण और/ या सर्विसिंग करेगा।

ग. एमआईएसपी को देय अधिकतम वितरण शुल्क निम्नानुसार होगाः

घ. एमआईएसपी अथवा उसकी कोई सहयोगी कंपनी बीमाकर्ता से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई शुल्क, प्रभार, बुनियादी संरचना व्यय, विज्ञापन व्यय, प्रलेखीकरण प्रभार, कानूनी शुल्क, परामर्श शुल्क, अथवा कोई अन्य भुगतान प्राप्त नहीं करेगी चाहे वह किसी भी नाम से कहलाए तथा बीमाकर्ता प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से एमआईएसपी अथवा उसकी सहयोगी कंपनी को उपर्युक्त का भुगतान नहीं करेगा, चाहे वह किसी भी नाम से कहलाए।

ङ. एमआईएसपी ई-बीमा खाता के निर्माण एवं ई-बीमा पॉलिसियों के निर्गम में सहायता प्रदान करेगा।

च. एमआईएसपी की प्रवर्तक संस्था/ संस्थाएँ और एमआईएसपी के पास पॉलिसीधारकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए एक व्यवस्था उपलब्ध होगी।

छ. यदि एमआईएसपी के एक से अधिक बीमाकर्ता हों, तो सभी ऐसे बीमाकर्ता संयुक्त रूप से और अलग-अलग एमआईएसपी के कार्यों के लिए बाध्य होंगे तथा दंड के लिए भागी होंगे।

ज. बीमा मध्यवर्ती लाइसेंस / पंजीकरण प्रमाणपत्र धारित करनेवाले ऑटोमोटिव व्यापारियों को मोटर बीमा पॉलिसियाँ वितरित करने और उनकी सर्विसिंग करने की अनुमति नहीं होगी।

झ. मोटर बीमा पॉलिसियाँ वितरित करने और सर्विसिंग करने के लिए वे वर्तमान लाइसेंस / पंजीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पित करेंगे तथा आवश्यक रूप से मोटर बीमा सेवा प्रदाता बनेंगे।

14. इन दिशनिर्देशों के कार्यान्वयन की प्रभावी तारीख 1 नवंबर 2017 थी।

15. 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार विवरण निम्नानुसार हैः

| | **एमआईएसपी को देय अधिकतम वितरण शुल्क** | **बीमाकर्ता द्वारा बीमा मध्यवर्ती को देय अधिकतम पारिश्रमिक और प्रतिफल*** |
|---|---|---|
| दुपहिया ऑटोमोटिव वाहन | ऑटोमोटिव वाहन के ओडी अंश का 22.5% | ऑटोमोटिव वाहन के ओडी अंश का 22.5% |
| दुपहिया ऑटोमोटिव वाहन को छोड़कर अन्य | ऑटोमोटिव वाहन के ओडी अंश का 19.5% | ऑटोमोटिव वाहन के ओडी अंश का 19.5% |

**बीमाकर्ता एक ही मोटर बीमा पॉलिसी पर दोनों पारिश्रमिक और प्रतिफल एवं वितरण शुल्क का भुगतान नहीं करेगा।*

क) पंजीकृत एमआईएसपी की संख्या 19989

ख) प्रवर्तक एजेंसियों की संख्या )बीमाकर्ता - 17; )बीमा दलाल - 16; ) कॉरपोरेट एजेंट 4

ग) प्रवर्तक एजेंसियों के एमआईएसपी की संख्या ) बीमाकर्ता - 4378; ) बीमा दलाल - 13332;) कॉरपोरेट एजेंट 2279.

## II.4 बीमा शिक्षण से संबद्ध व्यावसायिक संस्थान

**II.4.1** भारतीय बीमा क्षेत्र ने बीमा शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए माँग में वृद्धि देखी है। इस स्थिति के होते हुए प्राधिकरण भारत में और विदेशों में बीमा शिक्षण से संबद्ध व्यावसायिक संस्थानों के साथ संपर्क में रहता है।

**II.4.2** प्राधिकरण ने वर्ष 2002 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से बीमा और संबंधित विषयों में प्रशिक्षण और व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए एक व्यावसायिक संस्थान अर्थात बीमा और जोखिम प्रबंध संस्थान (आईआईआरएम) की स्थापना की। प्राधिकरण उक्त संस्थान के प्रयासों में उसे लगातार समर्थन दे रहा है।

**II.4.3** भारतीय बीमा संस्थान (आईआईआई) वेब संग्राहकों, कॉरपोरेट एजेंटों और बीमा विपणन फर्मों के लिए प्रशिक्षण निकाय और परीक्षा निकाय दोनों है। यह दलालों के लिए प्रशिक्षण निकाय तथा एजेंटों की भर्ती-पूर्व परीक्षाओं के लिए परीक्षा निकाय भी है। यह संस्थान सर्वेक्षकों की विभिन्न परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तैयार कर रहा है तथा सर्वेक्षकों की परीक्षाएँ भी संचालित कर रहा है। इस संस्थान ने सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) दिशानिर्देशों के अधीन ग्राम स्तरीय उद्यमियों के लिए पाठ्यक्रम भी तैयार किया है।

**II.4.4** भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तित और स्थापित तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित एक संस्थान है। सर्वेक्षक का लाइसेंस प्रदान करने के लिए इस संस्थान की सदस्यता अनिवार्य है। यह संस्थान एक स्व-नियंत्रित निकाय के रूप में कार्य करता है।

**II.4.5** भारतीय बीमांकक संस्थान (आईएआई) की परिषद में प्राधिकरण का सांविधिक प्रतिनिधित्व है, जो भारत में बीमांककों के व्यवसाय के विनियमन के लिए एक सांविधिक और व्यावसायिक निकाय है। इसके उद्देश्यों में अन्य बातों के साथ-साथ बीमांकक के व्यवसाय के सदस्यों द्वारा किये जानेवाले व्यवहार को विनियमित करना भी शामिल है। बीमा शिक्षण से संबंधित एक और उल्लेखनीय समन्वित प्रबंध विद्यालय राष्ट्रीय बीमा अकादमी (एनआईए), पुणे है जो संस्थागत और वैयक्तिक आधार पर अनुसंधान और परामर्श संबंधी कार्यकलापों का संवर्धन, विकास और पोषण करता है।

## II.5 वाद, अपीलें और न्यायालयों के निर्णय

**II.5.1** 2017-18 के दौरान सर्वोच्च न्यायालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों, प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण (एसएटी), सिविल अदालतों, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों (एमएसीटी), और लोक अदालतों के समक्ष दायर किये गये मामलों के तौर पर वादों एवं निपटाये गये / खारिज किये गये मामलों का भी विवरण सारणी .13 और .14 में दिया गया है।

## II.6 बीमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

**II.6.1** आईआरडीएआई घरेलू तौर पर विनियामक उपाय प्रारंभ करने और उन्हें कार्यान्वित करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के महत्व को स्वीकार करता है। इस संदर्भ में और अपने विनियामक उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए आईआरडीएआई विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों, फोरमों और विदेशी विनियमनकर्ताओं के साथ संबंध बनाया हुआ है। आईआरडीएआई वित्तीय वर्ष 2017-18 में भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में निरंतर चल रही गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलिप्त रहा है और योगदान कर रहा है।

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के साथ जारी है, जो बीमा क्षेत्र के पर्यवेक्षण के लिए सिद्धांत, मानक और अन्य सहायक सामग्री विकसित करने और उनके कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने के लिए

**सारणी II.13**
**दायर किये गये कानूनी मामलों का विवरण 2017-18**

| क्रम सं. | दायर किये गये मामलों का ब्योरा | साधारण | एच आर | स्वास्थ्य | सीएडी | जीवन | दलाल | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्वोच्च न्यायालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 2 | विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट याचिकाएँ | 2 | 2 | 2 | 7 | 2 | 7 | 22 |
| 3 | प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट अपीलें, एलपीए | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर समीक्षा/पुनःस्थापन याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | उच्च न्यायालयों में दायर अवमानना याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | उपभोक्ता मामले (डीसीएफ+एससीडीआरसी) | 0 | 0 | 0 | 47 | 0 | 0 | 47 |
| 8 | दीवानी व लोक अदालत मामले | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 |
| 9 | एमएसीटी मामले | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | जनहित वाद | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 11 | आपराधिक याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **4** | **3** | **4** | **61** | **3** | **11** | **86** |

**सारणी II.14**
**निपटाये गये/ खारिज किये गये कानूनी मामलों का विवरण 2017-18**

| क्रम सं. | विवरण | साधारण | | एचआर | | स्वास्थ्य | | सीएडी | | जीवन | | दलाल | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क | ख | क | ख | क | ख | क | ख | क | ख | क | ख | क | ख |
| 1. | सर्वोच्च न्यायालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2. | विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई रिट याचिकाएँ | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 1 | 6 |
| 3. | प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 5 | 0 |
| 4. | विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई रिट अपीलें, एलपीए | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई समीक्षा/ पुनःस्थापन याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | उच्च न्यायालयों में निपटाई गई अवमानना याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | उपभोक्ता मामले | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| 8. | दीवानी व लोक अदालत मामले | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | एमएसीटी मामले | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | जनहित वाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | आपराधिक याचिकाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **2** | **1** | **0** | **1** | **1** | **1** | **0** | **10** | **1** | **0** | **3** | **2** | **7** | **15** |

क- आईआरडीएआई को निर्देशों के साथ		ख आईआरडीएआई को निर्देशों के बिना

जिम्मेदार एक अंतरराष्ट्रीय मानक निर्धारक निकाय है। आईएआईएस सदस्यों के लिए अपने अनुभवों की साझेदारी करने तथा बीमा पर्यवेक्षण और बीमा बाजारों को समझने के लिए एक मंच उपलब्ध कराता है। आईआरडीएआई आईएआईएस समिति की विभिन्न बैठकों में सहभागिता कर रहा है तथा मानक निर्धारण और कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों में योगदान किया है।

आईआरडीएआई वित्त मंत्रालय को वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के बीमा क्षेत्र संबंधी मामलों में चालू कार्य के संबंध में निरंतर विचार और निविष्टियाँ उपलब्ध कराता रहा है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड ऐसा अंतरराष्ट्रीय निकाय है जिसे विश्व में वित्तीय क्षेत्र विनियामक सुधारों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने का दायित्व जी20 द्वारा अधिदेशात्मक तौर पर सौंपा गया है।

बीमा क्षेत्र के विनियमनकर्ता के रूप में अपनी अन्य परिवर्ती प्रतिबद्धताओं के भाग के रूप में आईआरडीएआई ने अंतरराष्ट्रीय विषयों/ संधियों और वित्तीय क्षेत्र संबंधी वार्ताओं के संबंध में भारत सरकार को निविष्टियाँ उपलब्ध कराई हैं।

आईआरडीएआई बीमा पर्यवेक्षकों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रशिक्षण और एक्सपोज़र कार्यक्रम संचालित करता है। अप्रैल 2017 में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के अंतर्गत प्रवर्तित एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन टीम आईआरडीएआई, भारत के कार्यालय में आई। इस अध्ययन टीम को बीमा और पर्यवेक्षण की संकल्पनागत रूपरेखा, पर्यवेक्षक की भूमिका और कार्यों के बारे में समझाया गया।

बीमा क्षेत्र में विनिमय और सहयोग को मजबूत करने के लिए आईआरडीएआई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं में भी भाग लेता है।

### आईएआईएस के साथ संबंध:

**II.6.2** 1994 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) लगभग 140 देशों का निरूपण करनेवाले प्रायः 200 अधिकार-क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षक प्राधिकरणों का प्रतिनिधित्व करता है।

आईएआईएस वैश्विक बीमा सिद्धांत, मानक और मार्गदर्शी पत्र जारी करता है, बीमा पर्यवेक्षण से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करता है तथा बीमा पर्यवेक्षकों के लिए बैठकें और सेमिनार आयोजित करता है। आईएआईएस वित्तीय क्षेत्र के अन्य मानक निर्धारक निकायों एवं वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ घनिष्ठतापूर्वक कार्य करता है। यह एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित करता है जहाँ पर्यवेक्षक, उद्योग के प्रतिनिधि और अन्य व्यवसायी बीमा क्षेत्र की गतिविधियों और बीमा विनियमन को प्रभावित करनेवाले विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं।

एक कार्यकारी समिति जिसके सदस्य विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, आईएआईएस का नेतृत्व करती है। एशियाई क्षेत्र से उक्त कार्यकारी समिति में पाँच सदस्य प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्ष, आईआरडीएआई एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करनेवाले सदस्यों में से एक हैं तथा अन्य सदस्य चीन, जापान, कोरिया और सिंगापुर के बीमा विनियमनकर्ता हैं।

### आईएआईएस समितियाँ / कार्यदल

**II.6.3** आईआरडीएआई की दो प्रमुख समितियों अर्थात नीति विकास समिति एवं कार्यान्वयन समिति आईएआईएस की रणनीतिक दिशा और प्रबंधन मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। ये समितियाँ वित्तीय स्थिरता और कार्यान्वयन एवं आईएआईएस पर्यवेक्षी सामग्री आदि के मूल्यांकन के क्षेत्र में मानक निर्धारण कार्यकलापों की निगरानी करती हैं।

आईएआईएस समिति की प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक समिति ने अपने कर्तव्यों के निर्वाह में सहायता के लिए विभिन्न कार्यदलों / कार्यबलों की स्थापना की है। आईआरडीएआई की सहभागिता वित्तीय समावेशन, कॉरपोरेट अभिशासन, बाजार व्यवहार, समष्टि विवेकपूर्ण नीति और निगरानी तथा पूँजी विकास के पहलुओं की जाँच करनेवाले आईएआईएस कार्य दलों में है।

आईआरडीएआई आईएआईएस के कार्य में व्यक्तियों की उपस्थिति के द्वारा आयोजित समितियों/ कार्यदल/ कार्यबलों की बैठकों में और टेली-कान्फ्रेंस के माध्यम से सक्रिय सहभागिता करते हुए योगदान करता है। उक्त विचार-विमर्श एवं जानकारी का आदान-प्रदान वैश्विक बीमा मानकों के निर्माण और अंगीकरण के रूप में परिवर्तित होते हैं। आईएआईएस की समितियों/ कार्यदलों/ कार्यबलों की बैठकों में सहभागिता ने अत्यंत उपयोगी निविष्टियाँ उपलब्ध कराई हैं तथा वे आईआरडीएआई के अपने घरेलू विनियम-निर्माण में बहुत उपयोगी रही हैं।

### आईएआईएस आईआरडीएआई का प्रवेश मंत्रिमंडल का अनुमोदन

संघ सरकार के मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के बहुपक्षीय सहमति-ज्ञापन (एमएमओयू) के एक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में आईआरडीएआई के प्रवेश के लिए अपना कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया है। अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ का बहुपक्षीय सहमति-ज्ञापन (एमएमओयू) सूचना के आदान-प्रदान के क्षेत्र में एवं सूचना के अनुरोधों पर कार्रवाई करने के लिए क्रियाविधि के रूप में सहयोग करने के लिए हस्ताक्षरकर्ताओं के उद्देश्य का एक वक्तव्य है।

### बीमा विनियमनकर्ताओं का एशियाई फोरम

**II.6.4** बीमा विनियमनकर्ताओं का एशियाई फोरम (एएफआईआर) एशिया और ओशनिया क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षकों का एक मंच है जिसकी स्थापना 2005 में क्षेत्रीय बीमा विनियमन सहयोग पर बीजिंग घोषणा के आधार पर की गई थी। एएफआईआर का मिशन क्षमता निर्माण को मजबूत बनाना, बीमा विनियामक क्षमता को सुसाध्य बनाना तथा एशिया और ओशनिया क्षेत्रों में विनियामक सहयोग को बढ़ावा देना है।

एएफआईआर के अंतर्गत बीमा विनियामक और पर्यवेक्षी प्राधिकरण हैं जो एशिया ओशिनिया के क्षेत्र के स्तर पर सामान्य लक्ष्य प्राप्त करने तथा बीमा उद्योग और विनियमन से संबंधित विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से परस्पर जुड़ गये हैं। एएफआईआर में वर्तमान में 21 सदस्य हैं।

एएफआईआर के सदस्य वार्षिक तौर पर बैठक करते रहे हैं जहाँ प्रत्येक सहभागी अधिकार-क्षेत्र बारी-बारी से मेजबान आयोजक है। सर्वप्रथम एएफआईआर सम्मेलन बीजिंग में 2006 में आयोजित किया गया और उसके उपरांत सिओल (2007), सिंगापुर (2008), चीनी-ताईपेई (2009), जापान (2010), थाईलैंड (2011), मकाऊ (2012), हैदराबाद, भारत (2013), बीजिंग (2014), कोलंबो (2015), ताईपेई (2016) और सिंगापुर (2017 ) में इसके सम्मेलन आयोजित किये गये।

### दक्षिण एशियाई बीमा विनियमनकर्ताओं की बैठक और अंतरराष्ट्रीय बीमा सम्मेलन- इतिवृत्त

दक्षिण एशियाई देशों के बीमा विनियमनकर्ता 2013 से बैठकें करते रहे हैं। उक्त विनियमनकर्ताओं की बैठकों का आयोजन उनके संबंधित अधिकार-क्षेत्रों में विकास की पहलुओं की सूचना देने तथा सहभागी सदस्य अधिकार-क्षेत्रों के बीच सहयोग के संभव क्षेत्रों के विषय में चर्चा करने के उद्देश्य से किया जाता है। इन बैठकों के दौरान एक अंतर्राष्ट्रीय बीमा सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

दक्षिण एशिया के बीमा विनियमनकर्ताओं की सर्वप्रथम बैठक 2013 में बंगला देश में (प्रथम दक्षिण एशियाई बीमा विनियमनकर्ताओं की बैठक) आयोजित की गई। दूसरी दक्षिण एशियाई बीमा विनियमनकर्ताओं की बैठक 2014 में पाकिस्तान में हुई तथा तीसरी बैठक मई 2016 में नेपाल में हुई। आईआरडीएआई ने बंगला देश और नेपाल में संपन्न बैठकों में सहभागिता की। इन बैठकों के साथ ही, एक अंतरराष्ट्रीय बीमा सम्मेलन भी आयोजित किया गया। नेपाल में आयोजित तीसरी बैठक के दौरान यह प्रस्ताव किया गया कि अगली बैठक की मेजबानी आईआरडीएआई, भारत करे।

### दक्षिण एशियाई बीमा विनियमनकर्ताओं की चौथी बैठक और अंतरराष्ट्रीय बीमा सम्मेलन

फरवरी 2018 में आईआरडीएआई ने दक्षिण एशियाई बीमा विनियमनकर्ताओं की चौथी बैठक की मेजबानी की जिसके

उपरांत हैदराबाद, भारत में एक अंतरराष्ट्रीय बीमा सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें भारतीय बीमा उद्योग से और विदेशों से कुल 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित सहभागियों में दक्षिण एशिया के बीमा पर्यवेक्षकों तथा भारत और विदेशों के बीमा उद्योग के प्रतिनिधि एवं विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करनेवाले प्रतिनिधि शामिल हैं। बीमाकर्ता अर्थात भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि., भारतीय साधारण बीमा निगम, दी न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लि., एसबीआइ लाइफ, आईसीआईसीआई प्रुडेन्शियल, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, एचडीएफसी लाइफ, बजाज अलायंज़ लाइफ और बजाज अलायंज़ जनरल, टाटा एआईए लाइफ, अपोलो म्युनिख ने उक्त कार्यक्रम में सहयोग दिया।

उक्त सम्मेलन की विषय (थीम) था, 'बीमा क्षेत्र की बदलता गतिमान परिदृश्य'। दो-दिवसीय उक्त कार्यक्रम 10 फरवरी 2018 को क्षेत्र में बीमा क्षेत्र की गतिविधियों एवं बीमा विनियमन पर चर्चा करने के लिए और पर्यवेक्षण के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए दक्षिण एशिया के बीमा पर्यवेक्षकों की बैठक के साथ प्रारंभ हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता श्री टी. एस. विजयन, अध्यक्ष, आईआरडीएआई ने की। बैठक के बाद, सम्मेलन का औपचारिक रूप से उद्घाटन 10 फरवरी 2018 को किया गया। देश-विदेश से आये हुए सहभागियों का स्वागत करते हुए श्री टी. एस. विजयन, अध्यक्ष, आईआरडीएआई ने उद्घाटन भाषण दिया तथा श्री वी. के. शर्मा, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम जो उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे, ने मुख्य भाषण दिया। उद्घाटन सत्र के बाद दो दिन के लिए व्याप्त पैनल चर्चाएँ और परस्पर सक्रियता से युक्त (इंटर एक्टिव) सत्र रहे। विचार-विमर्श के लिए विषयों में शामिल हैं, जोखिम आधारित पर्यवेक्षण, ई-कॉमर्स, साइबर सुरक्षा और साइबर देयता बीमा, स्वास्थ्यरक्षा, प्रौद्योगिकी द्वारा सहायता-प्राप्त फ़सल बीमा योजनाएँ, तकनीकी नवोन्मेषण विनियमनकर्ता की भूमिका, उपभोक्ता संरक्षण और जागरूकता। प्राधिकरण के अधिकारियों, उद्योग के कार्यकारी अधिकारियों, विदेशों के बीमा विशेषज्ञों एवं एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों ने पैनलिस्टों / वक्ताओं के रूप में भाग लिया।

भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकय्या नायडू ने 11 फरवरी 2018 को आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर माननीय उप राष्ट्रपति ने आईआरडीएआई का नया कार्यालय भवन राष्ट्र को समर्पित किया।

### अन्य वचनबद्धताएँ

**II.6.5** जी20/ वित्तीय स्थिरता बोर्ड : वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो वित्तीय प्रणाली की असुरक्षिततताओं का समाधान करने तथा वित्तीय स्थिरता के हित में सुदृढ़ विनियामक, पर्यवेक्षी और अन्य नीतियों के विकास और कार्यान्वयन को संचालित करने के लिए स्थापित किया गया है। एफएसबी का एक मुख्य अधिदेश है वित्तीय विनियमन पर जी20 की नीतिगत घोषणाओं को कार्यान्वित करना। एफएसबी में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) द्वारा किया जाता है।

एफएसबी की बैठकों में चर्चित बीमा संबंधी विषयों पर अपने विचार और अभिमत वित्त मंत्रालय को उपलब्ध कराने के द्वारा आईआरडीएआई एफएसबी के कार्य में अंशदान करता है। आईआरडीएआई बीमा के लिए संगत एफएसबी के सर्वेक्षणों / प्रश्नावलियों / समीक्षाओं के लिए प्रतिक्रियाएँ भी देता है।

### II.6.6 वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम

वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम (एफएसएपी) जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) का एक संयुक्त कार्यक्रम है, किसी भी देश के वित्तीय क्षेत्र का एक व्यापक और गहन मूल्यांकन है। विकासशील और उभरते बाजार वाले देशों में एफएसएपी मूल्यांकन आईएमएफ और विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किये जाते हैं तथा इसमें दो घटक होते हैं : अर्थात वित्तीय स्थिरता का मूल्यांकन (आईएमएफ का मुख्य दायित्व) तथा वित्तीय विकास का मूल्यांकन (विश्व बैंक का मुख्य दायित्व)। एफएसएपी 29 प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण अधिकार-क्षेत्रों के लिए प्रत्येक पाँच वर्षों के लिए अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) हैं। भारत के लिए पिछला एफएसएपी 2011-12 में संचालित किया गया

था और रिपोर्ट आईएमएफ द्वारा 29 अगस्त 2013 को प्रकाशित की गई थी।

एफएसएपी मिशन आईएमएफ-डब्ल्यूबी टीम द्वारा दिसंबर 2016 में प्रारंभ किया गया था तथा उसके बाद दो और विजिट मार्च और जून-जुलाई 2017 में किये गये थे। संयुक्त आईएमएफ-डब्ल्यूबी टीम ने विभिन्न संबंधित मंत्रालयों / विभागों / एजेंसियों और सभी वित्तीय विनियमनकर्ताओं अर्थात आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई और पीएफआरडीए तथा कुछ चयनित बीमा कंपनियों और अन्य हितधारकों अर्थात भारतीय बीमांकक संस्थान और बीमा लोकपाल के अधिकारियों के साथ संपर्क किया। तदुपरांत, आईएमएफ और डब्ल्यूबी ने भारत के लिए क्रमशः वित्तीय प्रणाली स्थिरता मूल्यांकन (एफएसएसए) और वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन (एफएसए) रिपोर्टें 21 दिसंबर 2017 को जारी कीं।

भारत 2017 एफएसएपी के भाग के रूप में आईएमएफ ने 'बीमा क्षेत्र विनियमन और पर्यवेक्षण' पर एक तकनीकी नोट भी प्रकाशित किया है। यह तकनीकी नोट भारतीय बीमा क्षेत्र के विनियमन और पर्यवेक्षण में हाल की प्रगति का एक मूल्यांकन उपलब्ध कराता है। यह नोट पिछले एफएसएपी (2011) के बाद बीमा क्षेत्र के विनियमन और पर्यवेक्षण में अनेक मुख्य गतिविधियों पर फ़ोकस करता है तथा उस सीमा का मूल्यांकन करता है जहाँ तक 2011 भारत एफएसएपी की सिफारिशों को कार्यान्वित किया गया है। उक्त रिपोर्ट में आईएमएफ-विश्व बैंक टीम ने भारतीय बीमा बाजार के लिए भी सिफारिशें की हैं। इस रिपोर्ट में टिप्पणी की गई है कि बीमा विनियमन संबंधी अधिकांश 2011 एफएसएपी सिफारिशें कार्यान्वित की गई हैं। उक्त रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि केवल अंशतः संप्रेक्षित (पीओ) के रूप में 2011 में रेटिंग प्राप्त चार आईसीपी के विषय में संबंधित सभी सिफारिशें वैधानिक परिवर्तन करने, गैर-जीवन रिज़र्विंग अपेक्षाओं को मजबूत करने और बीमा संबंधी धोखाधड़ी के संबंध में आवश्यकताओं का एक सेट समाविष्ट करने के द्वारा लागू की गई हैं।

**II.6.7 ओईसीडी आईएनएफई:** आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) वित्तीय समावेशन के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में वित्तीय शिक्षा संबंधी विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए सरकारों को एक विलक्षण नीतिगत फोरम उपलब्ध कराता है। ओईसीडी का वित्तीय शिक्षा संबंधी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क (आईएनएफई) वित्तीय साक्षरता के महत्व को पहचानकर ओईसीडी सरकारों द्वारा 2008 में प्रारंभ किया गया। भारत आईएनएफई की गतिविधियों में नियमित रूप से सहभागिता करता है तथा भारत के चार वित्तीय विनियमनकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) तथा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) इस संबंध में सक्रिय हैं। आईआरडीएआई अप्रैल 2012 में ओईसीडी आईएनएफई का सदस्य बना। ओईसीडी आईएनएफई बैठकों के दौरान सहभागी वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन के संबंध में विश्व भर में की गई पहलुओं का साझा करते हैं।

### द्विपक्षीय वचनबद्धता

**II.6.8** आईआरडीएआई ने अब तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीमा प्राधिकरण के साथ एक द्विपक्षीय सहमति ज्ञापन (एमओयू) कर लिया जो उनके संबंधित विधियों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विनियामक और संबंधित पर्यवेक्षी सूचना के विनिमय के माध्यम से बीमा पर्यवेक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए किया गया।

### मंत्रालय संदर्भः विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संधियों और वार्ताओं के प्रति अंशदान

**II.6.9** 2017-18 के दौरान आईआरडीएआई ने बीमा सेक्टर से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं के संबंध में भारत सरकार के साथ एक प्रभावी और उपयोगी संयोजन के प्रति योगदान करना जारी रखा।

इस दिशा में आईआरडीएआई विभिन्न द्विपाक्षिक वार्ताओं के लिए बीमा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न प्रश्नों, कार्यसूची मदों और विषयों पर वित्त मंत्रालय को निविष्टियाँ उपलब्ध कराता

है। आईआरडीएआई ने अन्य बातों के साथ-साथ भारत-ईएफटीए एवं भारत-आरईसीपी वार्ता, ब्रसेल्स में जुलाई 2017 में भारत-ईयू उप आयोग, वित्तीय बाजारों संबंधी चौथी भारत-जापान वार्ता, चौथी भारत-स्विट्जरलैंड वित्तीय वार्ता, भारत-ईयू समष्टि आर्थिक और वित्तीय वार्ता, भारत-यूएसए विनियामक वार्ता एवं विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मामलों में निविष्टियाँ उपलब्ध कराईं।

आईआरडीएआई ने विकासशील / अल्पतम विकसित देशों का समर्थन, बीमा के विभिन्न पहलुओं पर उनका ज्ञान सुधारने और बढ़ाने के उद्देश्य से उनकी आवश्यकता पर आधारित तकनीकी निविष्टियाँ उपलब्ध कराने के रूप में करने के लिए पहल की। संपर्क के विवरण के साथ उक्त प्रस्ताव 'अंतरराष्ट्रीय मामले' खंड के अंतर्गत आईआरडीएआई की वेबसाइट में प्रस्तुत किया गया है।

## II.7 शिकायतें

### समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीएमएस)

**II.7.1** आईआरडीएआई द्वारा प्रारंभ की गई आईजीएमएस बीमा उद्योग की शिकायतों का भंडार (रिपोज़िटरी) है जो न केवल बीमाकर्ताओं के पास ग्राहकों की शिकायतें उठाने के लिए, बल्कि बीमाकर्ताओ के विरुद्ध पंजीकृत ग्राहक शिकायतों पर विभिन्न विश्लेषणात्मक रिपोर्टें उत्पन्न करने के लिए भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है।

### प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायतें विभाग (डीएआरपीजी), भारत सरकार

**II.7.2** आईआरडीएआई के आईजीएमएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों के अलावा, बीमाकर्ताओं के विरुद्ध डीएआरपीजी पोर्टल में दर्ज शिकायतें भी आईआरडीएआई को भेजी जाती हैं। आईआरडीएआई नियमित रूप से जीएआरपीजी के पोर्टल में पहुँचता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि बीमा क्षेत्र से संबंधित शिकायतें डाउनलोड की जाएँ और बीमाकर्ताओं द्वारा उनकी जाँच करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### जीवन बीमाकर्ता

**II.7.3** 2017-18 के दौरान बीमा कंपनियों ने अपने द्वारा सँभाली गई शिकायतों में से 99.87 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया। निजी जीवन बीमाकर्ताओ ने सूचित की गई शिकायतों के 99.74 प्रतिशत का समाधान किया, जबकि एलआईसी ने 100 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया, जिसके परिणामस्वरूप 31.3.2018 को एलआईसी के पास कोई लंबित शिकायतें नहीं थीं।

जैसा कि चार्ट II.13 से देखा जा सकता है, शिकायत निवारण दिशानिर्देशों के तौर पर आईजीएमएस के अनुसार वर्गीकरण 2016-17 की तुलना में 2017-18 के दौरान अनुचित व्यवसाय प्रथाओं के अंतर्गत शिकायतों में 17% की पर्याप्त कमी तथा प्रस्ताव प्रसंस्करण के अंतर्गत शिकायतों में 1% की सीमांत कमी; वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान अन्य के अंतर्गत शिकायतों में 10% की वृद्धि एवं पॉलिसी सर्विसिंग के अंतर्गत शिकायतों में 8% की वृद्धि निर्दिष्ट करता है। दावों और यूलिप से संबंधित के अंतर्गत शिकायतों ने पिछले 2 वर्षों के दौरान कुल शिकायतों में से वही अंश बनाये रखा है।

### साधारण बीमाकर्ता

**सारणी II.15**
**शिकायतों की स्थिति (आईजीएमएस के अनुसार) जीवन बीमाकर्ता 2017-18**

| बीमाकर्ता | 1 अप्रैल 2017 को बकाया | 2017-18 के दौरान सूचित की गई शिकायतें | 2017-18 के दौरान समाधान की गई | 31 मार्च 2018 को बकाया |
|---|---|---|---|---|
| एलआईसी | 0 | 77184 | 77184 | 0 |
| निजी | 247 | 77183 | 77229 | 201 |
| **कुल** | **247** | **154367** | **154413** | **201** |

सारणी II.16
2017-18 के दौरान शिकायतों की स्थिति साधारण बीमाकर्ता

| बीमाकर्ता | 1 अप्रैल 2017 को बकाया | 2017-18 के दौरान सूचित की गई शिकायतें | 2017-18 के दौरान समाधान की गई | 31 मार्च 2018 को बकाया |
|---|---|---|---|---|
| सरकारी | 518 | 22568 | 21784 | 1302 |
| निजी | 268 | 21427 | 21351 | 344 |
| **कुल** | **786** | **43995** | **43135** | **1646** |

**II.7.4** वर्ष 2017-18 के दौरान साधारण बीमा कंपनियों ने सँभाली गई शिकायतों के 96.32 का समाधान किया। निजी साधारण बीमाकर्ताओं ने अपने द्वारा सँभाली गई शिकायतों के 98.41 प्रतिशत का समाधान किया तथा सरकारी साधारण बीमा कंपनियों ने 94.36 प्रतिशत का समाधान किया। 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार समाधान के लिए कुल 1646 शिकायतें लंबित थीं, जिनमें से 344 निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों से तथा 1302 सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनियों से संबंधित थीं।

चार्ट II.14 से यह देखा जा सकता है कि पॉलिसी संबंधी शिकायतों के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों में 5% कमी है तथा अन्य के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों में 1% की कमी है। 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान दावों के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों में 5% की वृद्धि है

**चार्ट II.14**
**पिछले 2 वर्षों के दौरान पंजीकृत साधारण बीमा शिकायतों का शिकायत प्रकार-वार वर्गीकरण**




**चार्ट II.13:**
**पिछले 2 वर्षों के दौरान प्राप्त जीवन बीमा शिकायतों का वर्गीकरण**




**चार्ट II.15**
**पिछले 3 वर्षों के दौरान पॉलसी प्रकार-वार साधारण बीमा शिकायतें**



**सारणी II.17**
**शिकायतों की गति: जीवन बीमाकर्ता**

| क्र. सं. | बीमाकर्ता | 2016-17 | | | | 2017-18 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित |
| (i) | सरकारी कुल | 0 | 30784 | 30784 | 0 | 0 | 77184 | 77184 | 0 |
| (ii) | निजी कुल | 935 | 90063 | 90751 | 247 | 247 | 77183 | 77229 | 201 |
| | **कुल जोड़:** | **935** | **120847** | **121535** | **247** | **247** | **154367** | **154413** | **201** |

**सारणी II.18**
**शिकायतों की गति: साधारण बीमाकर्ता**

| क्र. सं. | बीमाकर्ता | 2016-17 | | | | 2017-18 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित |
| (i) | सरकारी कुल | 525 | 19053 | 19060 | 518 | 518 | 22568 | 21784 | 1302 |
| (ii) | निजी कुल | 446 | 33051 | 33229 | 268 | 268 | 21427 | 21351 | 344 |
| | **कुल जोड़:** | **971** | **52104** | **52289** | **786** | **786** | **43995** | **43135** | **1646** |

**सारणी II.19**
**शिकायतों की गति: उद्योग**

| बीमाकर्ता | 2016-17 | | | | 2017-18 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान सूचित की गई | वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई | वर्ष के अंत में लंबित |
| उद्योग (जीवन + साधारण) | 1906 | 172951 | 173824 | 1033 | 1033 | 198362 | 197548 | 1847 |

और प्रीमियम के संबंध में सूचित की गई शिकायतों में 2% वृद्धि है। अन्य सभी श्रेणियों के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों ने पिछले वर्ष के ही अंश को बनाये रखा है।

पॉलिसी प्रकार के अंतर्गत शिकायतों का विश्लेषण निर्दिष्ट करता है कि मोटर बीमा के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों की तुलना में पिछले 3 वर्षों के दौरान स्वास्थ्य बीमा संबंधी शिकायतें अधिक हैं।

**चार्ट II.16**
**शिकायतों की गति - उद्योग - पिछले दो वर्ष**




### शिकायतें 2016-17 की तुलना में 2017-18 की स्थिति

**II.7.5 जीवन बीमा उद्योग** सूचित की गई शिकायतों की संख्या में वर्ष 2017-18 में लगभग 28% की वृद्धि रही है (2016-17 की 120847 की तुलना में 2017-18 में 15467)। 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार लंबित

शिकायतों का जहाँ तक संबंध है, यह पाया गया है कि 31.3.2017 की 247 की तुलना में 201 शिकायतें लंबित थीं।

**II.7.6 साधारण बीमा उद्योग** सूचित की गई शिकायतों की संख्या में, 2016-17 में सूचित की गई संख्या की तुलना में वर्ष 2017-18 में 16% की कमी रही है (2016-17 की 52104 की तुलना में 2017-18 में 43995)। जहाँ तक लंबित शिकायतों का संबंध है, 31.3.2017 को लंबित 786 की तुलना में 31.3.2018 को यह संख्या 1646 है।

**II.7.7 उद्योग-** वर्ष 2017-18 में उद्योग ने 25411 शिकायतों की वृद्धि देखी है। वर्ष 2016-17 की 172951 शिकायतों की तुलना में वर्ष 2017-18 में कुल 198362 शिकायतें सूचित की गईं। शिकायतों की संख्या में प्रतिशत के तौर पर अभिव्यक्त वृद्धि लगभग 14.69% है।

**सारणी II.20**
**31.3.2018 को लंबित शिकायतें शून्य दर्ज करनेवाले बीमाकर्ता**

| क्रम सं. | बीमाकर्ता का प्रकार | बीमाकर्ता का नाम | निम्न तारीख को लंबित | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 31.3.2018 | 31.3.2017 |
| 1 | जीवन बीमाकर्ता | एलआईसी | 0 | 0 |
| 2 | | एइगॉन लाइफ | 0 | 0 |
| 3 | | अवीवा | 0 | 0 |
| 4 | | भारती अक्सा | 0 | 8 |
| 5 | | एडलवेइस टोकियो | 0 | 0 |
| 6 | | एक्साइड लाइफ | 0 | 0 |
| 7 | | फ्यूचर जनराली | 0 | 15 |
| 8 | | आईडीबीआई फेडरल | 0 | 0 |
| 9 | | मैक्स लाइफ | 0 | 0 |
| 10 | | एसबीआई लाइफ | 0 | 2 |
| 11 | | स्टार यूनियन दाईची | 0 | 0 |
| 12 | | टाटा एआईए | 0 | 0 |
| 13 | साधारण बीमाकर्ता | एचडीएफसी एर्गो जनरल | 0 | 0 |
| 14 | | कोटक जनरल | 0 | 2 |
| 15 | | एलएण्डटी जनरल | 0 | 0 |
| 16 | | लिबर्टी जनरल | 0 | 3 |
| 17 | | मैक्स बूपा हेल्थ | 0 | 0 |
| 18 | | श्रीराम जनरल | 0 | 0 |
| 19 | | यूनिवर्सल सोम्पो | 0 | 0 |

**सारणी II.21**
**1.4.2017 से 31.3.2018 तक डीएआरपीजी पोर्टल में पंजीकृत और आईआरडीएआई को प्रेषित शिकायतों की प्राप्ति और निपटान**

| शिकायत का स्रोत | प्रारंभिक शेष | अवधि के दौरान प्राप्त | कुल प्राप्तियाँ | अवधि के दौरान निपटाये गये मामले | 31/03/2018 को लंबित |
|---|---|---|---|---|---|
| डीएआरपीजी | 13 | 293 | 306 | 291 | 15 |
| डीपीजी | 7 | 238 | 245 | 226 | 19 |
| स्थानीय/इंटरनेट | 59 | 1433 | 1492 | 1441 | 51 |
| पेंशन | 1 | 8 | 9 | 9 | 0 |
| पीएमओ | 79 | 1864 | 1943 | 1878 | 65 |
| राष्ट्रपति सचिवालय | 1 | 27 | 28 | 28 | 0 |
| **कुल** | **160** | **3863** | **4023** | **3873** | **150** |

**सारणी II.22**
**आईआरडीएआई को प्रेषित शिकायतें - 31.3.2018 को लंबित**

| संस्था का नाम | 01/04/2017 को आगे लाई गई | प्राप्त शिकायत | निपटाई गइ शिकायत | 31/03/2018 को लंबित | 0 से 15 दिन तक लंबित | 16 से 30 दिन तक लंबित | 31 से 60 दिन तक लंबित | 60 दिन से अधिक लंबित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आईआरडीएआई | 160* (148+12) | 3863 | 3873 | 150 | 104 | 37 | 9 | 0 |

*टिप्पणी: * वित्तीय वर्ष 2016-17 से संबंधित 12 शिकायतें डीएआरपीजी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 में बढ़ाई गईं और प्रारंभिक शेष में जोड़ी गईं।*

जहाँ तक 31.3.2018 को लंबित शिकायतों का संबंध है, 12 जीवन बीमाकर्ताओं और 7 साधारण बीमाकर्ताओं ने शून्य लंबित दर्शाया है।

**II.7.8** वर्ष के दौरान डीएआरपीजी पोर्टल में पंजीकृत शिकायतों में से आईआरडीएआई को 3863 शिकायतें भेजी गई हैं। वर्ष के दौरान कुल 3873 शिकायतें निपटाई गई हैं। 31.3.2018 को 150 शिकायतें लंबित थीं। 31.3.2018 को लंबित 150 शिकायतों में से समाधान के लिए कोई भी शिकायत 60 दिन से अधिक लंबित नहीं थी।

## II.8 बीमा संघ और बीमा परिषदें

### II.8.1 जीवन बीमा परिषद

जीवन बीमा परिषद बीमाकर्ताओं का एक प्रतिनिधि निकाय है, जो भारत में जीवन बीमा व्यवसाय लेते हैं।

बीमा अधिनियम 1 9 38 की धारा 64 एफ के अनुसार, जीवन बीमा परिषद की कार्यकारी समिति एक गवर्निंग कमेटी है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे, अर्थात: - (ए) अपने व्यक्तिगत व्यक्ति में चुने गए जीवन बीमा परिषद के सदस्यों के चार प्रतिनिधि सदस्यों द्वारा इस तरह की क्षमता परिषद के उप-कानूनों में निर्धारित की जा सकती है; (बी) एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बीमा कारोबार से जुड़ा नहीं है, प्राधिकरण द्वारा मनोनीत; (सी) तीन व्यक्तियों को क्रमशः बीमा एजेंटों, मध्यस्थों और पॉलिसीधारकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्राधिकरण द्वारा नामित किया जा सकता है; (डी) स्व-सहायता समूहों और बीमा सहकारी समितियों से प्रत्येक एक प्रतिनिधि: बशर्ते कि खंड (ए) में उल्लिखित प्रतिनिधियों में से एक को जीवन बीमा परिषद की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया जाएगा।

जीवन बीमा परिषद के सदस्यों के भीतर बनाई गई कुछ अन्य कार्यात्मक समितियां हैं, जो नीचे दी गई हैं:

### विधि और अनुपालन उप-समिति

यह समिति आम तौर पर विनियामक परिपत्र, अधिसूचना इत्यादि को लागू करने और उसके खिलाफ प्रतिक्रिया प्रदान करने में उनके सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करती है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में जीवन बीमा परिषद की विधि और अनुपालन उप-समिति विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन बार मिले। चर्चाओं के आधार पर जीवन बीमा परिषद ने आईआरडीएआई और अन्य सरकारी प्राधिकरणों को उपयुक्त अभ्यावेदन प्रेषित किये हैं। कुछ विषयों की सूची नीचे दी जा रही है जिन पर बैठकों में लंबी चर्चाएँ हुईं और संबंधित प्राधिकरण को अभ्यावेदन प्रेषित किया गयाः

- आईआरडीए (जीवन बीमा के लिए मानक प्रस्ताव पार्म) विनियम, 2013 के निरसन के संबंध में एक्सपोज़र प्रारूप।
- बाह्यस्रोतीकरण कार्यकलापों की वर्गीकरण सूची जिन्हें सामान्य मानकों के रूप में सभी बीमाकर्ताओं द्वारा अपनाया गया है।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि खाते के परिचालन के संबंध में प्राधिकरण द्वारा माँगे गये स्पष्टीकरण।
- उद्योग द्वारा अनुभव की जा रही स्टाम्प शुल्क संबंधी समस्याएँ (अंतिम अभिमत प्रतीक्षित है)।

**जोखिम प्रबंध उप-समिति**

यह समिति लाइफ इंश्योरेंस उद्योग द्वारा सामना किए जाने वाले जोखिम कारकों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करती है और इसे कम करती है। इस समिति में लाइफ इंश्योरेंस के चीफ रिस्क ऑफिसर (सीआरओ) शामिल हैं।

जोखिम प्रबंध समिति की पहली बैठक 22 फरवरी 2018 को आयोजित की गई। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा दिये गये कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं :-

- समिति के अंदर एक संपादकीय टीम बनाना जो उद्योग के लिए दो महीने में एक बार निकलने वाली 'ऑनलाइन पत्रिका' प्रकाशित करेगी जिसमें दैनंदिन तौर पर सदस्यों द्वारा अनुभव किये जा रहे जोखिमों को समाविष्ट किया जाएगा।
- उद्योग के लिए 'सामान्य जोखिम जाँच-सूची' निकालना जो अनुमोदन के लिए जीबी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी तथा अनुमोदन प्राप्त होने पर इसे उद्योग द्वारा अपनाया जाएगा।

**बीमा जागरूकता उप-समिति** जीवन बीमा परिषद की बीमा जागरूकता समिति को नवंबर 2017 में पुनः प्रवर्तित किया गया। वर्तमान में इस समिति में चार सदस्य हैं।

उक्त समिति की पहली बैठक 24 नवंबर 2017 को गुरुग्राम में संपन्न हुई तथा तब से उक्त समिति और उसके सदस्य प्रतिनिधि नियमित रूप से बैठकें कर रहे हैं।

उक्त समिति जीवन बीमा उद्योग के लिए एक समग्र दृष्टिकोण से युक्त अभियान को अंतिम रूप देने के अग्रवर्ती स्तर पर है।

**जीवन बीमा परिषद द्वारा आईआरडीएआई को अन्य गतिविधियां / प्रतिक्रिया**

**'आईआरडीएआई को रिपोर्टिंग करने के प्रयोजनों के लिए उद्योग हेतु सामान्य न्यूनतम मानकों' संबंधी रिपोर्ट:** जीवन बीमा परिषद की 22 नवंबर 2017 को आयोजित 6वीं आम सभा में कार्यसूची की मद - 'जीवन बीमाकर्ताओं के स्व-विनियामक संगठन का निर्माण' पर विचार-विमर्श किया गया। विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि आईआरडीएआई को रिपोर्टिंग के प्रयोजनों के लिए उद्योग हेतु सामान्य न्यूनतम मानक तैयार करने के लिए सदस्य कंपनियों का एक सशक्तीकृत दल गठित किया जाए। उक्त सशक्तीकृत दल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट पर जीवन बीमा परिषद की आम सभा द्वारा विचार किया जाएगा। तदनुसार सचिव, जीवन बीमा परिषद सहित, 6 सदस्य कंपनियों से युक्त सशक्तीकृत दल गठित किया गया।

उक्त सशक्तीकृत दल ने बैठकों की एक शृंखला का आयोजन किया तथा अपनी चर्चाओं में अंतिम रूप से निष्कर्ष निकाला कि रिपोर्टिंग के छह क्षेत्र होंगे जिनमें उद्योग द्वारा एकरूपता और सुसंगति की अपेक्षा की जाएगी। समिति की रिपोर्ट प्रतीक्षित है।

**विक्रय/ अपेक्षा के स्तर पर उपयुक्तता सूचना संगृहीत/ प्रलेखीकृत करने के लिए एक फार्मेट विकसित करने के लिए बैठक:** आईआरडीएआई ने उपर्युक्त विषय-वस्तु पर जीवन बीमा परिषद की राय माँगी थी। तदनुसार, इस विषय पर 24 अक्तूबर 2017 को आयोजित जीवन बीमा परिषद की विधि और अनुपालन उप-समिति की बैठक में चर्चा की गई, जिसमें लंबे विचार-विनिमय के बाद सदस्यों की एकमत राय थी कि संभावित ग्राहक की उपयुक्तता सूचना संगृहीत करने के लिए अपना स्वयं का फार्मेट तैयार करने हेतु बीमाकर्ताओं को अनुमति दी जाए। यह आईआरडीएआई को उनके उचित रूप से विचार करने के लिए प्रस्तुत किया गया।

**आईआरडीएआई (बीमा उत्पादों के वितरण के लिए डेटाबेस की साझेदारी) विनियम, 2010 के संबंध में समिति गठित की गई** आईआरडीएआई ने रिफ़रल व्यवसाय

माध्यम की प्रभावात्मकता में सुधार लाने के लिए जीवन बीम परिषद के विचार माँगते हुए 31 मई 2017 को एक पत्र भेजा था। इस प्रयोजन के लिए, इसके सभी पहलुओं की जाँच करने के लिए एक समिति का गठन किया तथा समिति की अंतिम सिफारिश सभी सदस्यों के बीच उनके विचार जानने के लिए परिचालित की गई। सदस्यों से प्राप्त अभिमतों के आधार पर समिति ने जीवन बीमा परिषद को अंतिम सिफारिश प्रस्तुत की, जो तदुपरांत आईआरडीएआई को भेजी गई।

आईएमएफ के आईएसपी के त्यागपत्र की समीक्षा करने के लिए समिति गठित की गई: आईआरडीएआई द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की पहली बैठक 08 जनवरी 2018 को जीवन बीमा परिषद में आयोजित की गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद समिति ने एक जाँच-सूची और प्रक्रियाएँ तैयार कीं जिन्हें आईएसपी का त्यागपत्र जीवन बीमा परिषद को भेजने से पहले आईएमएफ के द्वारा अपनाया जाएगा। समिति ने इसे विचारार्थ और अनुमोदन के लिए इसका अनुपालन करने का उपयुक्त निर्देश आईएमएफ को जारी करने के अनुरोध सहित प्राधिकरण को प्रस्तुत किया है। उपर्युक्त के संबंध में तिमाही रिपोर्ट प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाती है।

### II.8.2 साधारण बीमा परिषद

**II.8.2.1** साधारण बीमा परिषद (जीआई काउन्सिल) आईआरडीएआई के पास पंजीकृत स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं, पुनर्बीमाकर्ताओं, विदेशी पुनर्बीमाकर्ता शाखाओं (एफआरबी) और लॉयड्स इंडिया सहित साधारण बीमाकर्ताओं का एक प्रतिनिधि निकाय है। यह भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 2001 से बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64सी के अधीन गठित की गई है। वर्तमान में साधारण बीमा परिषद के सदस्यों की संख्या 42 है अर्थात 4 सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ता, 21 निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता, 6 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, 2 विशेषीकृत बीमाकर्ता (एआईसी और ईसीजीसी), पुनर्बीमाकर्ता (जीआईसी आरई) और विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की 8 शाखाएँ।

साधारण बीमा परिषद की कार्यकारी समिति में परिषद की उप-विधियों में निम्नलिखित व्यक्ति हैं, अर्थात :-

(क) परिषद की उप-विधियों में निर्धारित किये जानेवाले तरीके से सदस्यों द्वारा अपनी वैयक्तिक क्षमता में चुने गए साधारण बीमा परिषद के सदस्यों के चार प्रतिनिधि;

(ख) आईआरडीएआई द्वारा नामित बीमा व्यवसाय से असंबद्ध एक प्रसिद्ध व्यक्ति, तथा

(ग) क्रमशः बीमा एजेंटों, अन्य पक्ष प्रबंधकों, सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों तथा पॉलिसीधारकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आईआरडीएआई द्वारा नामित किये गये चार व्यक्ति होते हैं।

(क) में उल्लिखित रूप में चुने गये प्रतिनिधियों में से एक प्रतिनिधि को साधारण बीमा परिषद की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना जाता है।

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64एल(1) के अनुसार साधारण बीमा परिषद के पास निम्नलिखित कार्य हैं :

(क) साधारण बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं को आचरण के मानक और सुदृढ़ प्रथाएँ स्थापित करने के विषय में तथा साधारण बीमा पॉलिसियों के धारकों को कुशल सेवा प्रदान करने के विषय में सहायता और परामर्श प्रदान करना;

(ख) कमीशन और अन्य व्ययों के विषय में भारत में व्यवसाय करनेवाले ऐसे बीमाकर्ताओं के व्ययों को नियंत्रित करने के विषय में प्राधिकरण को परामर्श देना;

(ग) साधारण बीमा पॉलिसियों के धारकों के हितों के विपरीत तरीके से कार्य करनेवाले किसी ऐसे बीमाकर्ता के मामले में प्राधिकरण की जानकारी में लाना;

(घ) प्राधिकरण के अनुमोदन से खंड (क) से (ग) तक में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय के लिए प्रासंगिक अथवा अनुषंगी विधि से कार्य करना, जैसा कि भारत के राजपत्र में परिषद द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है।

**II.9 बीमा लोकपाल 2017-18**

**II.9.1** 1 नवंबर 1998 को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित सार्वजनिक शिकायतों के निवारण के तहत भारत सरकार द्वारा बीमा लोकपाल संस्थान का गठन किया गया था। बीमा परिषद (जीबीआईसी) की शासी निकाय प्रत्येक बीमा कंपनी से एक प्रतिनिधि (जीवन और सामान्य दोनों), सिविल सेवा, न्यायपालिका और बीमा उद्योग से निकाले गए बीमा लोकपाल नियुक्त करते हैं। यह संस्थान परेशान पॉलिसीधारकों के लिए बनाया गया था ताकि उनकी शिकायतों को अदालत प्रणाली से लागत प्रभावी, कुशल, निष्पक्ष और त्वरित तरीके से सुलझाया जा सके।

वर्तमान में 17 बीमा लोकपाल अलग-अलग स्थानों पर हैं और किसी भी व्यक्ति को बीमाकर्ता के खिलाफ शिकायत है, वह स्वयं या उसके कानूनी उत्तराधिकारी, नामांकित या असाइनरी के माध्यम से, बीमा लोकपाल को लिखित में शिकायत कर सकता है जिसके क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार शाखा या कार्यालय बीमाकर्ता के खिलाफ शिकायत की गई है या आवासीय पता या शिकायतकर्ता के निवास स्थान की जगह स्थित है।

कोई बीमाधारक शिकायत के साथ लोकपाल से संपर्क कर सकता है यदि:

- आपने शिकायत के साथ पहली बार अपनी बीमा कंपनी से संपर्क किया है और
    - उन्होंने इसे खारिज कर दिया है
    - इसे आपकी संतुष्टि के लिए हल नहीं किया गया है या
    - 30 दिनों के लिए बिल्कुल इसका जवाब नहीं दिया
- आपकी शिकायत किसी भी पॉलिसी से संबंधित है जो आपने अपनी क्षमता में एक व्यक्ति के रूप में ली है और
- दावा किए गए खर्च सहित दावे का मूल्य 30 लाख रुपये से अधिक नहीं है।

**लोकपाल को शिकायत इस बारे में हो सकती है:**

ए) आईआरडीएआई अधिनियम, 1 999 के तहत तैयार नियमों में निर्दिष्ट समय से परे दावों के निपटारे में देरी।

बी) जीवन बीमाकर्ता, सामान्य बीमाकर्ता या स्वास्थ्य बीमाकर्ता द्वारा दावों का कोई आंशिक या कुल अस्वीकृति।

सी) बीमा पॉलिसी के मामले में भुगतान या देय प्रीमियम के बारे में कोई विवाद

डी) पॉलिसी दस्तावेज या पॉलिसी अनुबंध में किसी भी समय पॉलिसी नियमों और शर्तों की गलतफहमी।

ई) विवाद के संबंध में विवाद से संबंधित बीमा पॉलिसियों का कानूनी निर्माण।

एफ) बीमाकर्ताओं और उनके एजेंटों और मध्यस्थों के खिलाफ पॉलिसी सर्विसिंग संबंधित शिकायतों।

जी) जीवन बीमा पॉलिसी जारी करना, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी सहित सामान्य बीमा पॉलिसी जो प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव फॉर्म के अनुरूप नहीं है।

एच) जीवन बीमा में प्रीमियम की प्राप्ति के बाद बीमा पॉलिसी जारी नहीं करना और स्वास्थ्य बीमा सहित सामान्य बीमा और

i) बीमा अधिनियम, 1 9 38 के प्रावधानों के उल्लंघन या नियम, परिपत्र, दिशानिर्देश या आईआरडीएआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों या पॉलिसी अनुबंध के नियमों और शर्तों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप, जहां तक वे संबंधित हैं क्लॉज (ए) से (एफ) में उल्लिखित मुद्दों के लिए।

**समझौता प्रक्रिया**

**सिफ़ारिश करना**

लोकपाल मध्यस्थ के रूप में कार्य करेगा और

- विवाद के तथ्यों के आधार पर उचित सिफारिश पर पहुंचे
- अगर आप इसे पूर्ण और अंतिम निपटारे के रूप में स्वीकार करते हैं, तो लोकपाल उस कंपनी को सूचित करेगा जो 15 दिनों में शर्तों का पालन करना चाहिए

**पुरस्कार**

- अगर सिफारिश द्वारा निपटारे काम नहीं करता है, तो लोकपाल शिकायतकर्ता से सभी आवश्यकताओं को प्राप्त करने के 3 महीने के भीतर एक पुरस्कार पास करेगा और जो बीमा कंपनी पर बाध्यकारी होगा

**एक बार पुरस्कार पारित हो जाने के बाद**

- बीमाकर्ता पुरस्कार की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर पुरस्कार का अनुपालन करेगा और लोकपाल के अनुपालन को अंतरंग करेगा।

**II.9.2** 2017-18 के दौरान सारे भारत में व्याप्त सत्रह लोकपाल केन्द्रों ने कुल 25478 शिकायतें प्राप्त की हैं। जबकि 13419 शिकायतें (लगभग 52 प्रतिशत) जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित हैं, शेष 12059 शिकायतें (लगभग 48 प्रतिशत) साधारण बीमाकर्ताओं से संबंधित हैं। यह मार्च 2017 के अंत में लोकपालों के विभिन्न कार्यालयों के पास लंबित 2330 शिकायतों के अतिरिक्त है।

**II.9.3** 2017-18 के दौरान लोकपालों ने 17225 शिकायतों का निपटान किया है। इन शिकायतों में से लोकपालों ने 74 प्रतिशत शिकायतों को अस्वीकार्य / विचार करने के लिए अयोग्य के रूप में घोषित किया। कुल शिकायतों के 13 प्रतिशत के लिए अधिनिर्णय / सिफारिशें जारी की गईं। इसके अलावा, 8 प्रतिशत शिकायतें वापस ली गईं/ निपटाई गईं, जबकि लगभग 5 प्रतिशत शिकायतें खारिज की गईं। 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 10583 शिकायतें लंबित थीं।

**सारणी II.23**
**2017-18 के दौरान बीमा लोकपालों के द्वारा शिकायतों का निपटान**

| बीमाकर्ता | 1.4.17 को बकाया शिकायतें | 2017-18 के दौरान प्राप्त | कुल | 2017-18 के दौरान निपटाई गई शिकायतें | निम्नलिखित के द्वारा निपटाई गई शिकायतों की संख्या | | | | 31.3.2018 को बकाया शिकायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | |
| जीवन | 1376 | 13419 | 14795 | 9475 | 1137<br>12% | 567<br>6% | 452<br>5% | 7319<br>77% | 5320 |
| साधारण | 954 | 12059 | 13013 | 7750 | 1082<br>14% | 734<br>9% | 475<br>6% | 5459<br>70% | 5263 |
| **सम्मिलित** | **2330** | **25478** | **27808** | **17225** | **2219**<br>**13%** | **1301**<br>**8%** | **927**<br>**5%** | **12778**<br>**74%** | **10583** |

टिप्पणी: (i) सिफारिशें / अधिनिर्णय (ii) वापस लेना / समझौता (iii) खारिज करना (iv) अस्वीकरण / विचार करने योग्य नहीं

सारणी II.24
बीमा लोकपालों की सूची - क्षेत्र/न्याय क्षेत्र वार

| क्र. सं | कार्यालय का नाम | शुरुआत का वर्ष | राज्यवार क्षेत्राधिकार का क्षेत्रफल | वर्तमान लोकपाल का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदबाद | 1999 | गुजरात,<br>ददर नगर हवेलि,<br>दामन और दिउ | रिक्त |
| 2 | बेंगलुरु | 2014 | कर्नाटका। | श्रीमति नीरजा शाह |
| 3 | भोपाल | 2000 | मध्य प्रदेश<br>चत्तिस गढ | श्री गुरु शरण श्रीवास्तव |
| 4 | भुबनेश्वर | 2000 | ओडिस्सा | रिक्त |
| 5 | छंडीगड | 1999 | पुंजाब<br>हर्याणा<br>हिमाचल प्रदेश<br>जम्मु और कश्मीर,<br>चंडीगढ | डा. दिनेश कुमार वर्मा |
| 6 | चेन्नै | 1999 | तमिल नाडु<br>पुदुच्चेरि<br>करैकल (पुदुच्चेरि का भाग) | श्री एम. वसंत क्रिष्ण |
| 7 | दिल्ली | 1999 | दिल्ली | रिक्त |
| 8 | गुवाहति | 1999 | असोम<br>मेघालया<br>मणिपूर<br>मिजोराम<br>अरुणाचल प्रदेश<br>नागैलंड और त्रिपुरा | श्री कृति बि साहा |
| 9 | हैदराबाद | 1999 | आंध्रा प्रदेश<br>तेलंगाणा<br>यानाम और<br>पुदुच्चेरि का कुच भाग | श्री आई सुरेश बाबु |
| 10 | जयपुर | 2014 | राजस्थान | श्रीमति संध्या बालिगा |
| 11 | कोच्चि | 2000 | केरला<br>लक्षद्वीप<br>माहे- पांडिचेरी का एक हिस्सा है | रिक्त |

| क्र. सं | कार्यालय का नाम | शुरुआत का वर्ष | राज्यवार क्षेत्राधिकार का क्षेत्रफल | वर्तमान लोकपाल का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 12 | कोलकत्ता | 2000 | पश्चिम बंगाल,<br>सिक्किम<br>अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | रिक्त |
| 13 | लकनऊ | 1999 | उत्तर प्रदेश के जिले<br>ललितपूर, झांसि, महोबा, हमिरपुर, बंडा, चित्रकूट, इल्लहबाद, मिर्जापूर, फतेह्पूर, सोनभद्रा, प्रतापगढ, जानुपूर, बनारस, गाजीपूर, जलौन, कानपूर, लकनऊ, उन्नाओ, सीतापूर, लक्ष्मीपूर, बर्र्च, बाराबंकि, रायबरेलि, श्रवस्ति, गोंडा, फैजाबाद, अमेति, कौशाम्बि, बलरामपूर, बस्ति, अम्बेद्कर नगर, सुल्तानपूर, महराज गंज, संतकबीर नगर, आजमगढ, कुशीनगरा, गोरख्पूर, डिओरिआ, माउ, घाज़ीपूर, चंदौलि, बल्लिया, सिध्धार्ध नगर। | रिक्त |
| 14 | मुंबई | 2000 | गोवा<br>मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र<br>नवी मुंबई और ठाणे को छोड़कर | श्री मिलिंद ए खारत |
| 15 | नोइडा | 2014 | उत्तरांचल राज्य और उतारप्रदेश राज्य का निमलिखित जिले:<br>आग्रा, अलिगढ, बागपत, बरैलि, बिजनोर, बुदौन, बुलंदशहर, एतह, कनूज, मैंनपूरि, मठुरा, मीरुट, मोरदाबाद, मुजाफरनगर, ओरय्या, पिलिभित, एतावा, फरूखाबाद, फिरोजबाद, गौतमबोधानगर, गझियाबाद, हार्दोई, शहजानपूर, हापूर, शाम्ली, रामपूर, कशगंज, सम्भाल, अमरोहा, हात्रास, कांशीराम नगर, सहरानपूर | रिक्त |
| 16 | पाट्ना | 2014 | बिहार<br>झारखंड | रिक्त |
| 17 | पूने | 2014 | महाराष्ट्रा,<br>नवी मुंबई और ठाणे का क्षेत्रफल<br>मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को छोड़कर | रिक्त |

# भाग-III
# प्राधिकरण के सांविधिक और विकासात्मक कार्य

आईआरडीए अधिनियम, 1999 (आईआरडीए अधिनियम) की धारा 14 बीमा व्यवसाय और पुनर्बीमा व्यवसाय का विनियमन करने, संवर्धन करने तथा उनकी सुव्यवस्थित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण के कर्तव्य निर्धारित करती है। उपर्युक्त धारा की उप-धारा (2) में प्राधिकरण की शक्तियाँ और कार्य निर्धारित किये गये हैं। वार्षिक रिपोर्ट के भाग में प्राधिकरण द्वारा अपने कार्यों का निर्वहण एवं अपने को दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2017-18 में संपन्न की गई प्राधिकरण की गतिविधियों को समाविष्ट किया गया है।

**III.1 आवेदक को पंजीकरण प्रमाणपत्र का निर्गम, ऐसे पंजीकरण का नवीकरण, आशोधन, प्रत्याहरण, निलंबन अथवा निरसन**

**III.1.1** वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, निम्नलिखित 4 नई कंपनियों को भारत में साधारण बीमा कंपनियों के रूप में लाइसेंस प्रदान किया गया हैः

क) डीएचएफएल जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पंजीकरण का दिनांकः 22.05.2017, पंजीकरण सं. 155)

ख) एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पंजीकरण का दिनांकः 18.09.2017, पंजीकरण सं. 157)

ग) गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पंजीकरण का दिनांकः 20.09.2017, पंजीकरण सं. 158)

घ) एडेलवेइस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पंजीकरण का दिनांकः 18.12.2017, पंजीकरण सं. 159)

इन बीमाकर्ताओं के प्रवेश के साथ साधारण बीमाकर्ताओं की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

**III.1.2** भारतीय पुनर्बीमा कंपनियाँ: 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार, दो भारतीय पुनर्बीमा कंपनियाँ अर्थात भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी) और आईटीआई रीइंश्योरेंस लिमिटेड आईआरडीएआई के पास पंजीकृत हैं।

विदेशी पुनर्बीमाकर्ता की शाखाएँ और लॉयड्स इंडियाः बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 का संशोधन ‘भारत में स्थापित शाखा के माध्यम से पुनर्बीमा व्यवसाय में लगी हुई विदेशी कंपनी‘ को परिभाषित करता है। इस उप-खंड के प्रयोजनों के लिए, ’विदेशी कंपनी‘ से अभिव्यक्ति भारत के बाहर किसी भी देश के कानून के अंतर्गत स्थापित अथवा निगमित कंपनी अथवा निकाय अभिप्रेत होगा तथा इसमें लॉयड्स अधिनियम, 1871 (युनाइटेड किंगडम) के अधीन स्थापित लॉयड्स अथवा उसके किसी सदस्य शामिल है।

बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रवर्तन के परिणामस्वरूप, विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं और लॉयड्स को भारत में अपने शाखा कार्यालय स्थापित करने हेतु प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है। प्राधिकरण ने इस संबंध में कई विनियम अधिसूचित किये हैं।

2017-18 के दौरान जिन विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं को भारत में अपने पुनर्बीमा शाखा कार्यालयों के माध्यम से पुनर्बीमा व्यवसाय करने के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किया गया, उनका विवरण सारणी .1 में दिया गया है।

इस प्रकार, 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार आठ विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाएँ हैं, इसके अतिरिक्त लॉयड्स इंडिया और लॉयड्स इंडिया की एक सर्विस कंपनी (एमएस ऐम्लिन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड) आईआरडीएआई के पास पंजीकृत हैं।

**सारणी III.1**

**2017-18 के दौरान पंजीकृत विदेशी बीमाकर्ताओं की शाखाएँ/समूह, लॉयड्स इंडिया की सर्विस कंपनियाँ**

| क्र. सं. | विदेशी पुनर्बीमाकर्ता/ लॉयड्स | पंजीकरण के प्रमाणीकरण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | जनरल रीइंश्योरेंस एजी, जर्मनी | 09-05-2017 |
| 2. | एएक्सए फ्रांस वीआईई, फ्रांस | 28-07-2017 |

**III.2** पॉलिसी के समनुदेशन, पॉलिसीधारकों द्वारा नामांकन, बीमायोग्य हित, बीमा दावे के निपटान, पॉलिसी के अभ्यर्पित मूल्य और बीमा संविदाओं की अन्य शर्तों से संबंधित मामलों में पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण।

**III.2.1** प्राधिकरण ने विक्रय स्थल, दावे के स्थान, आदि पर बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के लिए विभिन्न कर्तव्य और अकर्तव्य (डूज़ एण्ड डोंट्ज़) की हिदायतें देते हुए आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 जारी किये हैं। प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं के लिए पॉलिसीधारकों के संरक्षण हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति प्रचलित रखने के लिए भी शर्त निर्धारित की है जिसमें उपर्युक्त विनियमों के अंतर्गत पॉलिसीधारकों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए विभिन्न सेवा मानदंड और समय-सीमाएँ (टर्नअराउंड टाइम) भी शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त, उक्त विनियम पॉलिसीधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए बीमाकर्ताओं को एक प्रभावी व्यवस्था स्थापित करने का भी अधिदेश देते हैं। प्राधिकरण ने अपने उपभोक्ता कार्य विभाग (सीएडी) के माध्यम से जीवन और साधारण बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए एक 'शिकायत प्रकोष्ठ' एवं 'शिकायत कॉल सेंटर' स्थापित किया है जिससे एक त्वरित, किफायती और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली उपलब्ध कराई जा सके। यह प्रणाली शिकायतकर्ताओं को अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करवाने और उनकी स्थिति का पता लगाने में समर्थ बनाती है। निर्धारित समय के अंदर बीमाकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतों का समाधान करवाने के लिए पॉलिसीधारकों की मदद करने में एक सहायक भूमिका अदा करने के अलावा, प्राधिकरण एक निरंतर आधार पर उन अंतर्निहित समस्याओं की जाँच करता है जो शिकायतों के लिए कारण बनती हैं तथा संबद्ध प्रणालीगत समस्याओं को ठीक करने की दिशा में कार्य करता है। प्राधिकरण ने सभी बीमाकर्ताओं को यह भी अधिदेश दिया है कि वे कॉर्पोरेट अभिशासन के लिए दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप से एक पॉलिसीधारक संरक्षण समिति गठित करें। उक्त विनियम शिकायत निवारण प्रक्रिया भी निर्धारित करते हैं तथा इनमें वे परिस्थितियाँ भी निर्धारित हैं जिनमें शिकायत को समाप्त समझा जाता है। बीमा क्षेत्र में विश्वास और भरोसे को बढ़ाने के लिए गंभीरता, तत्परता और समानुभूति के साथ पॉलिसीधारकों की शिकायतों पर कार्रवाई करने के संबंध में न केवल फ्रंटलाइन स्टाफ को, बल्कि संगठन के सभी स्तरों पर ग्राहक सेवा स्टाफ/ अधिकारियों को भी सुग्राही बनाने के लिए विद्यमान प्रणालियों की समीक्षा करने की आवश्यकता के बारे में भी बल दिया गया है।

**III.2.2** प्राधिकरण ने सभी बीमा कंपनियों को सूचित किया है कि वे अपरिहार्य परिस्थितियों के अंतर्गत, पॉलिसी में विनिर्दिष्ट समय के बाद सूचित किये गये अथवा प्रस्तुत किये गये वास्तविक दावों को अस्वीकार न करें। सूचना अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने में विलंब के कारण किसी दावे को अस्वीकार करने का बीमाकर्ता का निर्णय सुदृढ़ तर्क अथवा विधिमान्य कारणों पर आधारित होना चाहिए, क्योंकि सूचना देने की समय-सीमा का आधार न तो अपने आप मे पूर्ण है और न ही इसे अलग रूप से देखे जाने की कोई औचित्य। इस स्थिति के होते हुए बीमाकर्ता किसी दावे को तब तक अस्वीकार नहीं करेगा, जब तक कि विलंब के लिए कारणों का विशिष्ट रूप से पता नहीं लगाया जाता, उन्हें अभिलिखित नहीं किया जाता और बीमाकर्ता स्वयं इस बात से संतुष्ट नही हो जाता कि उन दावों को अन्य प्रकार से भी अस्वीकृत किया जा सकता था, भले ही उन्हें समय पर क्यों न सूचित किया गया हो।

**III.2.3** अदावी राशियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान निम्नानुसार परिपत्रों के माध्यम से किया गया हैः

क) अदावी राशियों की परिभाषा दी गई ''अदावी राशि के अंतर्गत मृत्यु दावा, परिपक्वता दावा, उत्तरजीविता लाभ, वापसी के लिए देय प्रीमियम, प्रीमियम के लिए समायोजित नहीं की गई प्रीमियम जमाराशि और क्षतिपूर्ति दावों आदि के रूप में पॉलिसीधारक को देय कोई भी राशि शामिल है जो दावा राशि के निपटान के लिए नियत तारीख से छह महीने से अधिक अदावाकृत रही हो।''

ख) अदावी राशियों का अनुरक्षण मुद्रा बाजार लिखतों और/ या अनुसूचित बैंकों की मीयादी जमाराशियों में अधिदेशित निवेश के साथ एक एकल वियोजित (सेग्रिगेटेड) निधि के रूप में करने की आवश्यकता है। व्ययों की वसूली के लिए 20 आधार अंकों पर उच्चतम सीमा रखी गई है। अदावी राशियों संबंधी सूचना का प्रकटीकरण वेबसाइट पर करना आवश्यक है और बैंक

खाते को सभी नई पॉलिसियों के लिए संबद्ध करना अधिदेशात्मक कर दिया गया है। पॉलिसीधारकों को सूचना देना अधिदेशात्मक किया गया है तथा समयावधि (एजिंग) की सूचना देने के लिए एक फार्मेट निर्धारित किया गया है। किसी विनियोजन अथवा प्रतिलेखन (राइट बैक) की अनुमति नहीं दी गई है।

ग) अदावी राशियों की गणना शोधक्षमता मार्जिन के लिए नहीं की जाएगी तथा अदावी राशियों और लेखा-टिप्पणियों में प्रकटीकरणों के लिए समयावधि (एजिंग) के संबंध में सूचना-प्रणाली (रिपोर्टिंग) निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर आगे के लिए, अर्जित की गई निवेश आय को अदावी राशि निधि में आबंटित करना अधिदेशात्मक किया गया है। यह भी निर्धारित किया गया कि बीमाकर्ता बीमाकृत व्यक्तियों/ पॉलिसीधारकों/ दावेदारों को इस प्रकार जमा की गई निवेश आय के साथ ही, अभिनिर्धारित अदावी राशि का भुगतान करे। न्यायालय सहित किसी सांविधिक निकाय द्वारा दिये गये किसी अधिनिर्णय/ आदेश की स्थिति में, जिसमें ब्याज का कोई घटक सम्मिलित हो, उसपर आगे कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

**III.2.4** सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों अथवा मोटर अन्य पक्ष बीमा के दावेदारों की सहायता करने की दृष्टि से मोटर वाहनों की बीमा स्थिति से संबंधित डेटा तक पहुँच हेतु समर्थ बनाने के लिए प्राधिकरण ने भारतीय बीमा सूचना ब्यूरो के माध्यम से एक वेब आधारित सुविधा उपलब्ध कराई है। इस सुविधा के अंतर्गत उपयोगकर्ताओं को वाहन, बीमा की स्थिति और पॉलिसी जारी करनेवाले कार्यालय के पते का विवरण उपलब्ध कराया जाता है।

**III.2.5** जीवन बीमा पॉलिसियों की सर्विसिंग में बीमा एजेंटों द्वारा बीमा कार्य छोडकर जाने से उत्पन्न शून्यता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा बीमा पॉलिसियों की निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए भी, प्राधिकरण ने यह निर्धारित किया है कि बीमा कंपनियाँ कालातीत एवँ देखभाल-रहित (ऑर्फ़न) जीवन बीमा पॉलिसियों का आबंटन ऐसे वैयक्तिक बीमा एजेंटों को करें जिनका पंजीकरण प्रचलन में हो। आबंटित एजेंट का विवरण बीमाकर्ता द्वारा संबंधित पॉलिसीधारक को सूचित किया जाएगा।

**III.2.6** यह देखने के बाद कि आस्थगित वार्षिकी योजनाओं में, निहित तारीख से पहले पॉलिसीधारकों से वार्षिकी विकल्प प्राप्त न होने के कारण निहित तारीख पर वार्षिकी के प्रारंभ में विलंब हो रहा है तथा वार्षिकीग्राहियों को असुविधा/ हानि हो रही है, पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए प्राधिकरण ने आस्थगित पेंशन/ वार्षिकी योजनाओं के संबंध में जहाँ सभी वार्षिकियाँ 1 अप्रैल 2016 से देय होनेवाली हैं, निम्नानुसार अधिदेश लागू किया है।

- बीमाकर्ता प्रस्ताव के स्तर पर प्रस्तावक द्वारा विधिवत प्रयुक्त वार्षिकी विकल्प प्राप्त करेगा। प्रस्ताव फार्मों में आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। इसे प्रस्ताव/ पॉलिसी अभिलेख में लिया जाएगा।

- उन सभी आस्थगित वार्षिकी पॉलिसियों में जहाँ जीवन बीमाकर्ता ने प्रस्ताव के स्तर पर प्रस्तावक द्वारा प्रयुक्त वार्षिकी विकल्प प्राप्त नहीं किया है, वहाँ वह आगे और समय की हानि के बिना प्राप्त किया जा सकता है और पॉलिसी अभिलेखों में लिया जा सकता है।

- निहित तारीख से कम से कम 6 महीने पहले बीमाकर्ता उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के अंतर्गत वार्षिकी राशि और चयनित विकल्प की सूचना देते हुए पॉलिसीधारक को एक सूचना-पत्र भेजेगा। बीमाकर्ता पॉलिसीधारक को नवीनतम सूचना के आधार पर अपने निर्णय की समीक्षा करने और पूर्व में अपने द्वारा चयनित किये गये विकल्प के बजाय किसी अन्य वार्षिकी विकल्प का चयन करने के लिए एक अवसर प्रदान करेगा। उस सूचना-पत्र में बीमाकर्ता पॉलिसीधारक को एक विशिष्ट तारीख देते हुए स्पष्ट रूप से सूचित करेगा कि संशोधित विकल्प, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए अंतिम तारिख निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले हो।

- यदि निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले कोई संशोधित विकल्प प्राप्त नहीं होता है, तो बीमाकर्ता बिन्दु 2 पर बताये गये रूप में प्रस्ताव के स्तर पर प्रयुक्त/ बाद में संगृहीत मूल विकल्प के अनुसार आगे बढ़ सकता है और वार्षिकी भुगतानों के लिए कार्रवाई कर सकता है। यदि पॉलिसीधारक द्वारा किसी संशोधित विकल्प का प्रयोग किया जाता है जो बीमाकर्ता द्वारा निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले प्राप्त किया जाता है, तो वार्षिकी भुगतानों के संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए तथा संशोधित विकल्प के अनुसार भुगतान किया जाना चाहिए।

III.2.7 वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान गुजरात, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, मुंबई और बिहार में बाढ़ के कारण जान और माल को हुई हानि के परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाले बीमा दावों पर कार्रवाई करने के लिए सक्षम अधिकारी ने बीमाकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे कार्यविधि को सरल बनाएँ और दावा निपटान में शीघ्रता लाने के लिए कुछ सक्रिय कदम उठाएँ। इसके अलावा, 2018-19 के दौरान भी प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे केरल राज्य में हाल में आई बाढ़ (अगस्त 2018) और कर्नाटक राज्य के कुछ बाढ़-प्रभावित जिलों के संबंध में इन्हीं प्रावधानों का विस्तार करें।

III.2.8 प्राधिकरण ने यह अधिदेशित किया कि 'सभी बीमा उत्पाद संभावित पॉलिसीधारक को 4% और 8% के सकल निवेश प्रतिलाभों पर गारंटीकृत और अगारंटीकृत लाभों को समझाते हुए तथा समय-समय पर आईआरडीएआई अथवा जीवन बीमा परिषद द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में आवश्यकतानुरूप तैयार किया गया लाभ निदर्शन उपलब्ध कराएँगे'। यह भी सूचित किया गया कि जहाँ भी यह विवरण विज्ञापनों में दिया जाता है, तब फॉंट आकार में समान प्रमुखता के साथ, एक ही स्थान पर और एक ही पृष्ठ पर 4% और 8% के निवेश प्रतिलाभों सहित दोनों ही परिदृश्यों के साथ होना चाहिए, ताकि संभावित ग्राहक दोनों परिदृश्यों की तुलना कर सकें; जिससे प्रतिफल के आधार पर संभव लाभ को बेहतर ढंग से समझाया जा सके।

III.2.9 उल्लेखनीय व्यावसायिक वृद्धि के साथ निरंतरता की दरों में सुधार लाने के लिए, प्राधिकरण ने कार्यपद्धति तथा नियुक्त बीमांकक की रिपोर्ट के साथ बोर्ड द्वारा अनुमोदित निरंतरता रिपोर्ट जैसी अन्य आवश्यकताओं को अधिदेशात्मक किया है। इस अधिदेश का उद्देश्य समस्त विनियामक रिपोर्टिंग और आंतरिक मूल्यांकनों में निरंतरता दर के परिकलन में समरूप और सुव्यवस्थित कार्यपद्धति को प्राप्त करना भी है।

### III.3 मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए आवश्यक योग्यताएँ, आचरण-संहिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण विनिर्दिष्ट करना

III.3.1 बीमा व्यवसाय में सभी मध्यवर्तियों के लिए लाइसेंसीकरण और आचरण-संहिता को आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 के अधीन बनाये गये विनियमों में बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (लाइसेंसीकरण, व्यावसायिक अपेक्षाएँ और आचरण संहिता) विनियम, 2000, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा दलाल) विनियम, 2002, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 और भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 द्वारा स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया गया है।

III.3.2 विनियामक पर्यवेक्षण को आगे और मजबूत करने के लिए प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित विनियामक ढाँचा निर्धारित किया गया है।

जारी किये गये परिपत्र सं. आईआरडीए/आईएनटी/सीआईआर/टीएण्डई/136/07/2016 वितरण के विभिन्न चैनलों के लिए प्रशिक्षण और परीक्षा आवश्यकताओं के अतिसंवेदनशीलता।

### III.4 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए आचरण संहिता विनिर्दिष्ट करना

III.4.1 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के कर्तव्य और दायित्व आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 के अध्याय में विनिर्दिष्ट किये गये हैं। विनियम 13 में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें कही गई हैं कि:

- यह प्रत्येक लाइसेंसप्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक का कर्तव्य होगा कि वह किसी भी आकस्मिकता से उत्पन्न होनेवाली हानियों (चाहे बीमाकृत हों अथवा नहीं) का अन्वेषण, प्रबंध, परिमाण निर्धारण, प्रमाणीकरण और निपटारा करे तथा उसके संबंध में बीमाकर्ता अथवा बीमाकृत व्यक्ति को सूचित करे।
- सभी लाइसेंसप्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक उपर्युक्त कार्य सक्षमता, वस्तुनिष्ठता और व्यावसायिक सत्यनिष्ठता के साथ करेंगे तथा आईआरडीएआई सर्वेक्षक विनियम, 2015 में निर्धारित रूप में आचरण-संहिता का कड़ाई से पालन करेंगे।

III.4.2 उनके व्यावसायिक कार्य के आचरण के लिए व्यावसायिक और नीतिपरक आवश्यकताओं के संबंध में आचरण-संहिता विनियमों के अध्याय में विनिर्दिष्ट की गई

है। विनियम 16 उक्त संहिता के संबंध में विस्तार से प्रतिपादित करता है जो अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करता है कि प्रत्येक सर्वेक्षक और हानि निर्धारकः

- व्यावसायिक कामकाज में नीतिपरक ढंग से और सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करेगा;
- व्यावसायिक और कारोबार के निर्णयन में वस्तुनिष्ठता के लिए प्रयास करेगा;
- बीमाकर्ता से प्राप्त अनुदेशों पर उस बीमाकर्ता द्वारा जारी की गई पॉलिसी के अंतर्गत पॉलिसीधारक के दावे के संबंध में कार्य करते समय निष्पक्ष ढंग से कार्य करेगा;
- अपने कार्य की प्रक्रिया के दौरान जिन लोगों के साथ वह संपर्क में आता है, उन सभी लोगों के साथ शिष्टता और सम्मान के साथ आचरण करेगा;
- उन क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य स्वीकार नहीं करेगा अथवा निष्पादित नहीं करेगा जिसके लिए उसके पास लाइसेंस नहीं हो;
- अपना व्यावसायिक कार्य उचित सावधानी, अनुरक्षण कौशल तथा उससे प्रत्याशित किये जानेवाले तकनीकी और व्यावसायिक मानकों के उचित ध्यान के साथ करेगा;
- बीमा व्यवसाय में केवल सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में ही कार्य करेगा तथा कोई व्यावसायिक सलाहकारी अथवा परामर्श सेवा अथवा कार्य नहीं करेगा जो हित का संघर्ष उत्पन्न कर सकता है;
- प्राधिकरण के बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) दिशानिर्देशों के द्वारा अनुमत गतिविधियों को छोड़कर कोई अन्य बाह्यस्रोतीकरण कार्य निष्पादित नहीं करेगा;
- प्रत्येक सर्वेक्षक और हानि निर्धारक जो किसी बीमाकर्ता का कर्मचारी है, केवल सर्वेक्षण और हानि का निर्धारण ही करेगा तथा दावों के निपटान में स्वयं को संबद्ध नहीं करेगा।

**III.4.3** इसके अलावा, पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए प्राधिकरण ने आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हित का संरक्षण) विनियम, 2017 बनाये हैं। उपर्युक्त विनियम के विनियम 9 के अंतर्गत गैर-जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में दावों के निपटान पर कार्रवाई करते समय सर्वेक्षकों और हानि-निर्धारकों द्वारा आचरण-संहिता का पालन करने पर अतिरिक्त रूप से बल दिया गया है।

**III.4.4** वर्ष 2017-18 के दौरान, प्राधिकरण ने सर्वेक्षकों से संबंधित निम्नलिखित परिपत्र/ आदेश जारी किये हैं:

- आदेश सं. आईआरडीए/एयूआर/सीओएमएम/ओआरडी/262/11/2017 दिनांक 5 दिसंबर 2017 द्वारा प्राधिकरण ने इससे संबंधित विभिन्न समस्याओं का विस्तृत परीक्षण करने के बाद उन्हें चार्टर की हैसियत प्रदान करने के लिए आईआईआईएसएलए के अनुरोध पर विचार करने के लिए तथा उपयुक्त ढाँचा / सिफारिशें सुझने के लिए एक समिति का गठन किया। उक्त समिति की अवधि 31 मार्च 2018 तक थी जो 30 जून 2018 तक आगे और बढ़ाई गई है।
- कॉरपोरेट सर्वेक्षकों के समापन/ विघटन के संबंध में एक परिपत्र संदर्भ सं. आईआरडीए/एनएल/सीआईआर/एमआईएससी/042/03/2018 दिनांक 6 मार्च 2018 जारी किया गया, जिसके द्वारा उन लाइसेंस-प्राप्त सर्वेक्षकों को, जो कॉरपोरेट संस्थाओं में निदेशक और भागीदार हैं, यह स्पष्ट किया गया कि उपर्युक्तानुसार निर्धारित रूप में वे कॉरपोरेट सर्वेक्षक लाइसेंस का आशोधन/ अभ्यर्पण किये बिना वैयक्तिक कार्य न करें तथा यह कि ऐसे कार्य को आईआरडीएआई सर्वेक्षक विनियमों के विनियम 23 और 24 के अधीन विनियामक कार्रवाई लागू करते हुए प्राधिकरण द्वारा निर्धारित आचरण संहिता के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा।
- विनियामक अपेक्षाओं पर तथा इस तथ्य पर बल देने कि विनियमों का पालन करने में किसी भी विफलता के कारण निलंबन / निरसन और दंड सहित, कठोर विनियामक कार्रवाई प्रारंभ की जा सकती है, प्राधिकरण ने 27 अप्रैल 2018 को कॉरपोरेट सर्वेक्षकों के लिए एक आधे दिन का सेमिनार आयोजित किया। अधिकांश कॉरपोरेट सर्वेक्षकों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।

## III.5 बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्यक्षमता का संवर्धन

### बीमा भंडार (रिपोज़िटरीज़)

III.5.1 बीमा रिपोज़िटरी प्रणाली बीमा पॉलिसियों को अमूर्तीकृत (डीमेटीरियलाइज़) करने के लिए प्राधिकरण की एक पहल है। उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राधिकरण ने अप्रैल 2011 में बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पॉलिसियों के इलैक्ट्रॉनिक निर्गम के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये।

III.5.2 प्राधिकरण ने आगे मौजूदा प्रणाली को बढ़ावा देने और बाजार की प्रवृत्ति को समझने के लिए 'बीमा रिपोजिटरी प्रणाली के प्रायोगिक प्रारंभ संबंधी दिशानिर्देश' जारी किये। इस पहल पर प्रतिसूचना (फीडबैक) अत्यंत सकारात्मक रही तथा लगभग 1.8 लाख ईआईए (इलैक्ट्रॉनिक बीमा खाते) खोले गये हैं। इसके अलावा, लगभग 50,000 पॉलिसीधारकों ने अपनी हॉर्ड कॉपी को इलैक्ट्रॉनिक रूप में परिवर्तित करने के लिए रुचि दर्शाई।

III.5.3 इसके उपरांत, मई 2015 में प्राधिकरण ने 'बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पॉलिसियों के इलैक्ट्रॉनिक निर्गम संबंधी संशोधित दिशानिर्देश' जारी किये हैं। वर्तमान में कुल 16 लाख ईआईए खाते निर्मित किये गये हैं तथा कुल 12.47 लाख पॉलिसियों को इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में परिवर्तित किया गया है।

अनुमोदित बीमा रिपोजिटरियो की सूची सारणी .2 में दी गई है।

**सारणी III.2**
**प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित बीमा भंडार (रिपोज़िटरीस)**
**(31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | नाम |
|---|---|
| 1 | नेशनल इंश्योरेंस-पॉलिसी रिपोजिटरी (एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट लिमिटेड) |
| 2 | सीडीएसएल इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड |
| 3 | सीएएमएस रिपोजिटरी सर्विसेज़ लिमिटेड, चेन्नै |
| 4 | कार्वी इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड, हैदराबाद |

### इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रबंध और निपटान प्रणाली (ईटीएएसएस)

III.5.4 इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रबंध और निपटान प्रणाली (ईटीएएसएस) एक समाशोधन गृह (क्लियरिंग हाउस) प्रणाली है जो सह-बीमा और पुनर्बीमा लेनदेनों से संबंधित दस्तावेजों और लेखा-विवरणों की साझेदारी को सुसाध्य बनाती है तथा अंतर-संस्था शेषों के सुगमतापूर्वक समाधान में सहायता पहुँचाने के लिए अभिकल्पित है। ईटीएएसएस स्वचालित वार्ता, लेनदेन स्थापन, जोखिमों का बंधन, प्रलेखीकरण, लेखांकन, शेष राशियों का समाधान और निपटान, संदेश-प्रेषण, जोखिम प्रबंध, आदि के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्यात्मकता उपलब्ध कराती है। ईटीएएसएस प्रणाली सदस्यों की सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी आवश्यकताओं का समाधान करने के साथ ही, पुनर्बीमा और सह-बीमा परिचालनों में संपूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए प्रयास करेगी। प्राधिकरण ने ईटीएएसएस के सुचारु परिचालन को सुसाध्य बनाने तथा उसके निरंतर विकास और संरक्षण के लिए 11 मई 2015 को 'ईटीएएसएस प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश' जारी किये थे। जीआई परिषद को 'प्रशासक' के रूप में प्राधिकृत किया गया है और उन्हें सह-बीमा की अन्य व्यवस्थाओं और बाद में पुनर्बीमा की आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए ईटीएएसएस प्रणाली का विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया है।

ईटीएएसएस की चरण 1 परियोजना ने केवल फायर एलओबी में ही सह-बीमा लेनदेनों के साथ संबंध रखा। प्रारंभिक सॉफ्टवेयर का विकास अग्रणी बीमाकर्ता से एक पूर्व-परिभाषित एक्सएमएल फार्मेट में सह-बीमा प्रीमियम और दावा लेनदेनों का निविष्ट डेटा ग्रहण करने की क्षमता के साथ किया गया। अग्रणी बीमाकर्ता द्वारा निविष्ट किये गये डेटा तक तब अन्य सह-बीमाकर्ता पहुँच सकेंगे जो तब उसमें निहित विवरण की पुष्टि कर सकेंगे अथवा विवाद कर सकेंगे। सभी सहभागियों द्वारा पुष्टि के आधार पर वित्तीय विनिमय घटित हो सकते हैं।

ईटीएएसएस की चरण 2 परियोजना ने संबद्ध विकल्पी पुनर्बीमा लेनदेनों के साथ फायर एलओबी के लिए सही लेनदेन-संबंधी मूल्यों को ग्रहण करने से संबंध रखा। सॉफ्टवेयर विकास विभिन्न

बीमा कंपनियों द्वारा आंतरिक रूप से अनुसरण की गई विभिन्न प्रक्रियाओं के परिवर्तनों (वैगरीज़) के साथ संबंधित रहा है तथा इसने ईटीएएसएस में डेटा अपलोड को मानकीकृत किया है। जीआई परिषद ने सभी सदस्य कंपनियों द्वारा अनुसरण किये जानेवाले कुछ प्रक्रिया संबंधी अधिदेश सुझाये हैं। प्रत्येक पखवाडे में खातों के निपटान का एक विवरण उत्पन्न किया जाएगा जिसका उपयोग प्रथम दृष्टि में सदस्य कंपनियों के बीच निधियों के विप्रेषण के लिए किया जाएगा। यह चरण 1 अप्रैल 2016 से 'प्रयोग' (लाइव) में लाया गया।

प्रयोग में आने (गो 'लाइव') के बाद ईटीएएसएस सभी एलओबी से सह-बीमा शेष राशियों के समेकन के साथ संबंध रखती है। सभी एलओबी में अंतर-कंपनी लेनदेन उक्त प्रणाली में ग्रहण किये जाते हैं तथा पुष्टीकरण/ विवाद की उसी प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है। सभी प्रकार के लेनदेनों और निपटानों पर, जो अंतर-कंपनी हैं, इस वर्शन के द्वारा कार्रवाई की जाती है। ईटीएएसएस प्रणाली सह-बीमा के क्षेत्र में अंतर-कंपनी विवादों की संख्या को नीचे लाई है। साथ ही, यह परिकल्पित है कि इस प्रणाली के माध्यम से स्वचालित डेटा प्रविष्टि और निपटानों को अपनाने के बाद निपटानों के समय में अत्यंत कमी आएगी। यह परिकल्पित है कि उक्त चरण के अंत में निपटान ऑनलाइन किये जाएँगे। इस संबंध में प्राधिकरण ने समय-समय पर प्रशासक के द्वारा निर्धारित रूप में ईटीएएसएस के नियमों, दिशानिर्देशों और परिचालन ढाँचे का पालन करने के लिए सभी साधारण बीमाकर्ताओं को दिनांक 27.06.2018 का परिपत्र जारी किया है।

## डेटा मानक

**III.5.5** बीमा क्षेत्र में बहुविध संस्थाओं की आईटी प्रणालियों के सरल इंटरफेसिंग को सुसाध्य बनाने के लिए प्राधिकरण ने डेटा मानकों के संकलन का कार्य प्रारंभ किया था। सूचना के आदान-प्रदान के लिए डेटा मानक सामान्य परिभाषाएँ उत्पन्न करते हैं। यह संगठन के अंदर और बाहर दोनों ही जगह बहुविध प्रणालियों के सरल इंटरफेसिंग में सहायता करता है।

**III.5.6** बीमा रिपोजिटरी प्रणाली का समर्थन करने के लिए मानक विस्तार्य मार्कअप भाषा (एक्सएमएल) योजना (स्कीमा), जिसमें क्षेत्र परिभाषाएँ, क्षेत्र की विशेषताएँ और संदेश की विषय-वस्तु निहित हैं, का पूर्व में जीवन खंड के लिए बहुविध खिलाड़ियों के बीच डेटा के विनिमय के लिए साझा किया गया था। इसी प्रकार, व्यवसाय की 'स्वास्थ्य', 'मोटर' और 'व्यवसाय की अन्य व्यवस्थाओं' की आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए योजनाओं (स्कीमाओं) को अंतिम रूप दिया गया है। ये योजनाएँ (स्कीमाज़) बीमा रिपोजिटरी प्रणाली में जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमा लेनदेनों की 'वैयक्तिक व्यवस्थाओं' का समर्थन करेंगी।

## अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (बीमा कार्यालय)

**III.5.7** विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत निहित उपबंधों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (आईएफएससी) अहमदाबाद, गुजरात (भारत) में खोला गया है जिसे गिफ्ट सिटी, गुजरात कहा जाता है।

केन्द्र सरकार ने 27-03-2015 कोः आईआरडीएआई (विशेष आर्थिक क्षेत्र में बीमा व्यवसाय का विनियमन) नियम, 2015 अधिसूचित किये थे।

आईआरडीएआई ने न केवल देशी खिलाड़ियों द्वारा बल्कि विदेशी (पुनः) बीमा कंपनियों द्वारा भी गिफ्ट सिटी में कार्यालय खोलने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को सुसाध्य बनाते हुए दिशानिर्देश जारी किये हैं।

## बीमा ई-कॉमर्स

**III.5.8** ई-कॉमर्स के माध्यम से बीमा व्यापन में वृद्धि करने का प्रयास करते हुए प्राधिकरण ने परिपत्र सं. आईआरडीए/आईएनटी/जीडीएल/ईसीएम/055/03/2017 दिनांक 09 मार्च 2017 द्वारा बीमा ई-कॉमर्स संबंधी दिशानिर्देश जारी किये हैं।

बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म (आईएसएनपी) से प्राधिकरण की अनुमति से किसी आवेदक द्वारा स्थापित इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म अभिप्रेत है।

किसी वैयक्तिक एजेंट को अलग बीमा स्व-नेटवर्क प्लेटफार्म स्थापित करने की अनुमति नहीं है, इसके बजाय वह बीमाकर्ता के प्लेटफार्म, यदि उपलब्ध हो, का उपयोग कर सकता है।

बीमा स्व-नेटवर्क संबंधी बाजार सहभागियों में निम्नलिखित शामिल होंगेः

i. प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत बीमाकर्ता
ii. प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत बीमा मध्यवर्ती
iii. प्राधिकरण द्वारा इस प्रकार मान्यताप्राप्त कोई अन्य व्यक्ति

प्राधिकरण ने ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए 11 अप्रैल 2017 को आईएसएनपी ऑनलाइन पोर्टल (...) प्रारंभ किया है।

आईएसएनपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बीमाकर्ता और मध्यवर्ती निम्नलिखित कार्य कर सकते हैं :

i. पंजीकरण के लिए एक लॉग-इन क्रेडेन्शियल निर्मित कर सकते हैं।
ii. आईएसएनपी आवेदन फार्म ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।
iii. पहले से भरे हुए समस्त विवरण के साथ आवेदन फार्म का एक प्रिंट वर्शन उत्पन्न कर सकते हैं।
iv. ई-कॉमर्स संबंधी दिशानिर्देश डाउनलोड कर सकते हैं।
v. आईएसएनपी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अकसर पूछे जानेवाले प्रश्नों (एफएक्यू) का खंड पढ़ सकते हैं।
vi. स्थिति की खोज कर सकते हैं और आईआरडीएआई से की गई महत्वपूर्ण घोषणाएँ पढ़ सकते हैं।

बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों से प्राप्त आईएसएनपी आवेदन की स्थिति नीचे दी गई है।

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| बीमाकर्ता | 47 |
| दलाल | 67 |
| वेब संग्राहक | 17 |
| कॉरपोरेट एजेंट | 19 |
| **कुल** | **150** |

## III.6 बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध व्यावसायिक संगठनों का संवर्धन और विनियमन करना

**III.6.1** भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) एक ऐसा संस्थान है जो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 कंपनी के रूप में प्राधिकरण द्वारा आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(एफ) के अधीन प्रवर्तित और संस्थापित (अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा 8 कंपनी के रूप में परिभाषित) है। विधि संशोधन अधिनियम, 2015 द्वारा यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64 यूएम (1) (बी) के अनुसार सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए किसी भी व्यक्ति के लिए आईआईआईएसएलए की सदस्यता अनिवार्य है। उक्त संस्थान की परिषद जिसमें 12 चुने गये सदस्य और 3 नामित सदस्य हैं, संस्थान के कार्यों का नियंत्रण करती है।

आईआरडीएआई ने आईआईआईएसएलए के वित्तीय खातों की लेखा-परीक्षा संचालित करने तथा एमओए/ एओए और संस्थान द्वारा अपनाई गई क्रियाविधियों का अध्ययन करने के लिए मेसर्स आनंदम एण्ड कंपनी (सनदी लेखाकार) को नियुक्त किया है। रिपोर्ट यह निर्दिष्ट करती है कि संस्थान के खाते पूर्ण, सही और संतोषजनक नहीं हैं तथा परिस्थिति के लिए न तो कोई स्वामित्व है और न उत्तरदायित्व। आईआईआईएसएलए को सूचित किया गया है कि वे आवश्यक हस्तक्षेप करें और उचित अभिशासन संरचना को कार्यान्वित करें।

**III.6.2** जीवन बीमा परिषद और साधारण बीमा परिषद जो बीमा अधिनियम, 1938 के अधीन सांविधिक निकाय हैं, क्रमशः जीवन बीमा कंपनियों और गैर-जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये परिषदें विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष विचार-विमर्श और अभ्यावेदनों, बीमा संबंधी जागरूकता की व्याप्ति, वर्तमान / प्रस्तावित विनियामक शर्तों के संबंध में निविष्टियाँ उपलब्ध कराने के द्वारा उद्योग की स्वस्थ संवृद्धि की दिशा में योगदान करती हैं। इन स्व-विनियामक निकायों का विकास उद्योग की संवृद्धि के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए उद्योग के लिए शुभ संकेत देता है।

**बॉक्स मद 5**

## इंश्योरटेक

इंश्योरटेक परिचालन और सर्विसिंग में कार्यक्षमता लाते हुए बीमा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संबंधी नवोन्मेषणों के प्रयोग को निर्दिष्ट करता है। बीमा सहित, वित्तीय सेवाएँ दिन-ब-दिन प्रौद्योगिकी को तेजी से अपना रही हैं। इंश्योरटेक त्वरित गति से उभर रही है जो नये व्यावसायिक मॉडलों, अनुप्रयोगों, क्रियाविधियों और उत्पादों को प्रारंभ करने के लिए गुंजाइश उत्पन्न कर रही है। इंश्योरटेक में नवोन्मेषण विभिन्न स्रोतों से आ रहे हैं दोनों माँग और आपूर्ति की ओर के परिप्रेक्ष्य विद्यमान हैं। विभिन्न प्रकार के नवोन्मेषण हैं जो इंश्योरटेक के दायरे में आते हैं डिजिटल प्लेटफार्म, व्यवसायों का इंटरनेट (आईओटी), बृहत डेटा तुलनाकारी, रोबो सलाहकार, यांत्रिक शिक्षण, कृत्रिम बुद्धि, ब्लॉकचेन, पी2पी, उपयोग पर आधारित इत्यादि। बीमाकर्ता प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि उनका अवबोधन है कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके लिए विघटन का जोखिम है। कई बीमाकर्ताओं के पास विघटन के लिए उनकी सही संभावना को समझ पाने के लिए नई प्रौद्योगिकियों की निगरानी करने के लिए समर्पित टीमें हैं।

बीमा में धारणीय और/या सुवाह्य साधनों का उपयोग एक ऐसा विषय है जो इंश्योरटेक के संदर्भ में बार-बार सामने आता है। आईआरडीएआई के स्वास्थ्य बीमा विनियम जोखिम-निर्धारण और उत्पाद-अभिकल्पन में 'संपूर्ण स्वास्थ्य' (वेलनेस) की भूमिका को मान्यता देते हैं। दोनों स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा के संदर्भ में धारणीय साधनों का उपयोग वैयक्तिक योग्यता को मापने, स्वस्थ जीवन-शैली को सम्मिलित करने आदि के लिए किया जा सकता है। जहाँ तक मोटर बीमा का संबंध है, हाल ही में आईआरडीएआई ने मोटर बीमा में 'टेलीमैटिक्स' के विषय पर एक चर्चा-पत्र प्रस्तुत किया है। वास्तव में, प्रौद्योगिकी की प्रवृत्तियों और बीमा के लिए उनके निहितार्थों को समझना महत्वपूर्ण है, उस समय भी जब उनके द्वारा प्राप्य प्रतीत होनेवाली संभावना और लाभों को काम में लगाने की अपेक्षा की जाती है। नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करते समय विनियमनकर्ता को पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अवश्य उसके साथ-साथ चलना चाहिए। इसी परिदृश्य में आईआरडीएआई ने 'बीमा में धारणीय / सुवाह्य साधनों से संबद्ध नवोन्मेषणों' की जाँच करने के लिए एक कार्य-दल का गठन किया था। इस कार्य-दल का उद्देश्य इंश्योरटेक के विषय में विनियामक और पर्यवेक्षी ढाँचे से संबंधित सिफारिशें करना था, जहाँ तक इसका संबंध जोखिम-निर्धारण, जोखिम-सुधार, उत्पाद-अभिकल्पन और उत्पाद के कीमत-निर्धारण से है। उक्त कार्य-दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

जहाँ तक जोखिम-निर्धारण और जोखिम सुधार का संबंध है, इसमें सहायता प्रदान करनेवाली प्रौद्योगिकी को अवश्य प्रोत्साहित करना चाहिए, परंतु पॉलिसीधारकों के लिए संभावित लागतों के प्रभाव को ध्यान में रखना आवश्यक होगाइसलिए किसी भी नवोन्मेषण से पहले उसका लागत-लाभ विश्लेषण किया जाना चाहिए। जहाँ तक उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण का प्रश्न है, धारणीय/सुवाह्य साधनों के उपयोग के संज्ञान का विवरण उत्पाद-फाइलिंग का भाग होना चाहिए। ऐसे उत्पादों का परीक्षण पहले सैंडबॉक्स परिवेश में (अथवा प्रायोगिक आधार पर) किया जाना चाहिए। ऐसा परिवेश एक सुपरिभाषित स्थान और अवधि के अंदर कारगर होगा। यहाँ एक महत्वपूर्ण बात परिवर्तन की कार्यनीति की होगी, जब प्रस्तावित उत्पाद सैंडबॉक्स परिवेश के बाहर आ जाता है। विनियामक ढाँचे के लिए साधनों के मानकों पर विचार करने की आवश्यकता हो सकती है। इस प्रकार के उत्पादों में सहभागिता हेतु डेटा की साझेदारी करने के लिए ग्राहक की सहमति अनिवार्य है। आईआरडीएआई इंश्योरटेक को प्रोत्साहित करने के लिए एक विनियामक सैंडबॉक्स का निर्माण करने के पहलू की जाँच कर रहा है।

### भारत के बीमा सूचना ब्यूरो

III.6.3 धारा 14 (2) (एफ) प्राधिकरण को बीमा और पुनः बीमा व्यवसाय से जुड़े पेशेवर संगठनों को बढ़ावा देने और विनियमित करने का अधिकार देता है। तदनुसार, प्राधिकरण ने एक क्षेत्र-स्तरीय डेटा भंडार और विश्लेषण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारत के बीमा सूचना ब्यूरो (आईआईबी) की स्थापना की जो सटीक, समय पर, विश्वसनीय बीमा डेटा और विश्लेषण के प्रावधान के माध्यम से हितधारकों को सशक्त बनाएगी।

### बीमा और जोखिम प्रबंधन संस्थान

III.6.4 बीमा और जोखिम प्रबंधन संस्थान (आईआईआरएम) आईआरडीएआई और पूर्व में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा बीमा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और अनुसंधान संगठन के रूप में संयुक्त रूप से प्रचारित एक पेशेवर निकाय है। संस्थान को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत धारा 25 कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया था। आईआईआरएम का समग्र कार्य आईआरडीएआई के अध्यक्ष की अध्यक्षता में निदेशक मंडल द्वारा पर्यवेक्षित किया जाता है।

### भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई)

III.6.5 इसी प्रकार, प्राधिकरण द्वारा लाइसेंसीकृत दलालों से अपेक्षित है कि वे आवश्यक रूप से भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई) के सदस्य हों।

### III.7 अधिनियम के प्रयोजनों के कार्यान्वयन के लिए शुल्क और अन्य प्रभारों की उगाही

III.7.1 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के लिए वर्तमान शुल्क की संरचना अनुबंध 2 में निर्दिष्ट की गई है।

### III.8 बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय से संबद्ध अन्य संगठनों की लेखा-परीक्षा सहित उनसे सूचना माँगना, उनका निरीक्षण करना, उनकी जाँच और अन्वेषण का संचालन करनाः

III.8.1 प्राधिकरण, निरीक्षण विभाग के माध्यम से विनियमित संस्थाओं द्वारा संबंधित अधिनियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों/ परिपत्रों, निदेशों, मानकों, आदि के उपबंधों के अनुपालन के संबंध में उनका स्थान-पर (ऑन-साइट) पर्यवेक्षण करता है।

III.8.2 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 33 और आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(एच) बीमा कंपनियों, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध अन्य संगठनों की जाँच सहित, सूचना माँगने और स्थान पर (ऑन-साइट) निरीक्षण करने के लिए सांविधिक उपबंध निर्धारित करती हैं। पर्यवेक्षी निरीक्षण कम से कम एक दो-मुखी दृष्टिकोण अर्थात परोक्ष (ऑफ़-साइट) जाँच और स्थान पर (ऑन-साइट) निरीक्षण, को संबद्ध करता है। नमूना आधार पर संबंधित अभिलेखों, लेखा-बहियों और व्यावसायिक कार्यकलापों की जाँच के द्वारा विनियमित संस्थाओं की कार्यपद्धति के मूल्यांकन के लिए स्थान पर उनके व्यापक और संकेन्द्रित निरीक्षण किये जाते हैं। विभिन्न विनियामक उपबंधों एवं विनियमित संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, बाजार व्यवहार, कंपनी अभिशासन और समग्र जोखिम प्रोफाइल आदि से संबंधित अन्य प्रयोज्य विधियों के अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए निरीक्षण संबंधी मानक नियम-पुस्तकों (मैनुअलों) को उपयुक्त रूप में आवश्यकतानुसार तैयार किया गया है।

III.8.3 वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, निरीक्षण विभाग ने 107 स्थान पर (ऑनसाइट) निरीक्षण संचालित किये हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

- 11 जीवन बीमा कंपनियाँ;
- 09 साधारण बीमा कंपनियाँ;
- 02 स्वास्थ्य बीमा कंपनियाँ;
- 01 विशेषीकृत बीमा कंपनी;
- 35 कॉरपोरेट एजेंट; तथा
- 49 बीमा दलाल;

**III.9 उस रूप और तरीके को विनिर्दिष्ट करना जिसमें बीमाकर्ताओं और अन्य बीमा मध्यवर्तियों द्वारा लेखा-बहियाँ रखी जाएँगी तथा लेखा-विवरण प्रस्तुत किये जाएँगे**

**III.9.1** बीमाकर्ताओं के वित्तीय विवरण समय-समय पर यथासशोधित आईआरडीए (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 और समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अंतर्गत भी निर्धारित रूप और तरीके से तैयार किये जाते हैं। लेखा-बहियाँ इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित मदें प्रस्तुत करने के लिए रखी जाती हैं।

मध्यवर्तियों के मामले में अपेक्षित है कि लेखा-बहियों और वित्तीय विवरणों का रखरखाव संबंधित विनियमों/ परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में और तरीके से किया जाएगा।

जहाँ कहीं भी प्राधिकरण ने वह रूप और तरीका निर्धारित नहीं किया है जिसमें लेखा-बहियों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए, वहाँ कंपनी अधिनियम/ नियम और अन्य प्रयोज्य अधिनियम/ नियम के उपबंध लागू होंगे।

**III.10 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमनः**

**III.10.1** मास्टर परिपत्र और समय-समय पर संशोधित दिशानिर्देशों के साथ पठित आईआरडीएआई (निवेश) विनियम, 2016 बीमाकर्ताओं के निवेशों का विनियमन करता है।

**III.11 शोधक्षमता मार्जिन के अनुरक्षण का विनियमनः**

**III.11.1** प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार अपेक्षित शोधक्षमता (साल्वेन्सी) मार्जिन का अनुरक्षण करे। प्रत्येक बीमाकर्ता आईआरडीए द्वारा निर्धारित राशि से अन्यून देयताओं की राशि की तुलना में आस्तियों के मूल्य के आधिक्य का अनुरक्षण करेगा, जो अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन के रूप में जाना जाता है। आईआरडीएआई (साधारण बीमा व्यवसाय की आस्तियाँ, देयताएँ और शोधक्षमता मार्जिन) विनियम, 2016 में साधारण बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं, पुनर्बीमाकर्ताओं और विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के लिए अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन की संगणना की पद्धति का विस्तार से वर्णन किया गया है।

**III.11.2** जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में, न्यूनतम अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन पचास करोड़ रुपये (पुनर्बीमाकर्ता के मामले में एक सौ करोड़ रुपये) है तथा इसे प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से गणना कर प्राप्त किया जाएगा। बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 में शोधक्षमता के नियंत्रण स्तर के रूप में कहलानेवाले शोधक्षमता मार्जिन का स्तर विनिर्दिष्ट किया गया है, जिसका उल्लंघन करने पर, प्राधिकरण बीमाकर्ता को छह महीने से अनधिक विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर कमी को सुधारने के लिए कार्रवाई की योजना निर्दिष्ट करते हुए एक वित्तीय योजना प्रस्तुत करने के लिए निदेश देगा।

साधारण बीमाकर्ताओं, पुनर्बीमाकर्ताओं और विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं के मामले में, अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन बीमाकर्ता अथवा पुनर्बीमाकर्ता अथवा विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं के लिए न्यूनतम पूँजीगत अपेक्षा/ समनुदेशित पूँजीगत अपेक्षा के पचास प्रतिशत का अधिकतम; अथवा निम्नानुसार प्रत्येक व्यवसाय की व्यवस्था के लिए संगणित आरएसएम-1 और आरएसएम-2 का उच्चतर होगाः

- आरएसएम-1 से अभिप्रेत है, निवल प्रीमियमों पर आधारित अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के बीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक ए और निवल प्रीमियमों द्वारा गुणा किये गये सकल प्रीमियमों का उच्चतर है। आरएसएम1 के परिकलन के प्रयोजन के लिए 'पिछले 12 महीनों के प्रीमियम' को हिसाब में लिया जाएगा।
- आरएसएम-2 से अभिप्रेत है, निवल उपगत दावों पर आधारित अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के तीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक बी और निवल उपगत दावों के द्वारा गुणा

किये गये सकल उपगत दावों का उच्चतर है। आरएसएम2 के परिकलन के प्रयोजन के लिए 'पिछले 12 महीनों के दावों' और '3 से विभाजित पिछले 36 महीनों के दावों' के अधिकतम के रूप में दावों को हिसाब में लिया जाएगा।

**III.12 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के बीच विवादों का न्यायनिर्णयन**

**III.12.1** आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018 के विनियम 59(2) के अनुसार, किसी बीमा दलाल और बीमाकर्ता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के बीच बीमा दलाल के रूप में उसकी नियुक्ति के दौरान अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न होनेवाला कोई भी विवाद इस प्रकार प्रभावित व्यक्ति द्वारा प्राधिकरण को संदर्भित किया जाएगा; तथा शिकायत अथवा अभ्यावेदन के प्राप्त होने पर प्राधिकरण उस शिकायत की जाँच कर सकता है एवं यदि आवश्यक पाया जाता है तो इन विनियमों के अनुसार जाँच अथवा निरीक्षण अथवा अन्वेषण संचालित करने के लिए अग्रसर हो सकता है।

**III.13 खण्ड 'III.6' में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन के लिए योजनाओं के वित्तपोषण हेतु बीमाकर्ता की प्रीमियम आय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना**

**III.13.1** प्राधिकरण ने पैरा (6) में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन के लिए योजनाओं का वित्तपोषण करने हेतु बीमाकर्ता की प्रीमियम आय का कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं किया है।

**III.14 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में बीमाकर्ताओं द्वारा किये जानेवाले जीवन बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना**

**III.14.1** आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015, 24 अगस्त 2015 को अधिसूचित किये गये हैं तथा ये आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2002 का अधिक्रमण करेंगे। इन विनियमों में उल्लिखित दायित्व वित्तीय वर्ष 2016-17 से लागू होंगे।

बीमाकर्ताओं के दायित्व निम्नानुसार हैं :

**III.14.2 ग्रामीण क्षेत्र**

(क) **जीवन बीमाकर्ता** के संबंध में संबंधित वर्षों में अंकित पॉलिसियों की कुल संख्या के निम्नलिखित प्रतिशत इसके नीचे दर्शाये गये हैं :-

| क्रम संख्या | प्रारंभ से वित्तीय वर्ष | पॉलिसियों की संख्या का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | पहला वर्ष | 7 |
| 2 | दूसरा वर्ष | 9 |
| 3 | तीसरा वर्ष | 12 |
| 4 | चौथा वर्ष | 14 |
| 5 | पाँचवाँ वर्ष | 16 |
| 6 | छठवाँ और सातवाँ वर्ष | 18 |
| 7 | आठवाँ और नौवाँ वर्ष | 19 |
| 8 | दसवाँ वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वर्ष | 20 |

(ख) **साधारण बीमाकर्ता** के संबंध में संबंधित वर्षों में प्रत्यक्ष रूप से अंकित सकल प्रीमियम आय का प्रतिशत नीचे दर्शाया गया है:-

| क्रम संख्या | प्रारंभ से वित्तीय वर्ष | प्रत्यक्ष रूप से अंकित सकल प्रीमियम का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | पहला वर्ष | 2 |
| 2 | दूसरा वर्ष | 3 |
| 3 | तीसरे वर्ष से सातवें वर्ष तक | 5 |
| 4 | आठवाँ वर्ष | 6 |
| 5 | नौवाँ वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वर्ष | 7 |

(ग) **स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं** के संबंध में साधारण बीमाकर्ताओं के लिए निर्धारित दायित्वों का 50%.

**III.14.3 सामाजिक क्षेत्र**

- **सभी बीमाकर्ताओं** के संबंध में (जीवन, साधारण, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य) :-

| वर्षों में बीमाकर्ता का कार्यकाल (एज) | पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राप्त कुल व्यवसाय** पर संगणित सामाजिक क्षेत्र जीवनों का प्रतिशत |
|---|---|
| 1 | 0.5 |
| 2 | 1.0 |
| 3 | 1.5 |
| 4 | 2.0 |
| 5 | 2.5 |
| 6 | 3.0 |
| 7 | 3.5 |
| 8 | 4.0 |
| 9 | 4.5 |
| 10 और उससे अधिक | 5.0 |

***इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए कुल व्यवसाय वैयक्तिक बीमा के मामले में जारी की गई पॉलिसियों की कुल संख्या तथा सामूहिक बीमा के मामले में समाविष्ट जीवनों की संख्या है। पारिवारिक सदस्यों के जीवनों को सम्मिलित करनेवाली वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के मामले में ऐसी पॉलिसी के अंतर्गत समाविष्ट जीवन, लक्ष्य के निर्धारण और वास्तविक कार्यनिष्पादन -- दोनों में गणना में लिये जा सकते हैं।*

उस स्थिति में जहाँ बीमाकर्ता वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में परिचालन प्रारंभ करता है तथा संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालन में है,

i) उपर्युक्त अवधि के लिए कोई ग्रामीण और सामाजिक दायित्व लागू नहीं होंगे, और

ii) जहाँ बीमाकर्ता वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में परिचालन प्रारंभ करता है, वहाँ उसे पहले वर्ष के परिचालनों के रूप में माना जाएगा तथा पहले वर्ष के लिए लागू दायित्व सामाजिक क्षेत्र के लिए 2500 जीवन होंगे। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्र के लिए दायित्व पहले वर्ष के लिए निर्धारित प्रतिशत के आधे होंगे।

# भाग-IV
# संगठनात्मक विषय

## IV.1 संगठन

**IV.1.1** श्री टी.एस. विजयन, जो 21 फरवरी, 2013 से पाँच वर्ष की अवधि के लिए भारत सरकार द्वारा प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये गये थे, 20 फरवरी 2018 तक उक्त पद पर रहे। सुश्री पौर्णिमा गुप्ते (पूर्णकालिक सदस्य बीमांकक), श्री नीलेश साठे, (पूर्णकालिक सदस्य जीवन) और श्री पी. जे. जोसेफ (पूर्णकालिक सदस्य गैर-जीवन) वर्ष के दौरान प्राधिकरण में जारी रहे।

श्रीमती विजयलक्ष्मी राजाराम अय्यर, जो भारत सरकार द्वारा पूर्णकालिक सदस्य वित्त और निवेश के रूप में नियुक्त की गई थीं, 62 वर्ष की आयु की होने तक 31 मई 2017 तक उक्त पद पर रहीं। श्री सुजय बनर्जी, भूतपूर्व महाप्रबंधक एवं निदेशक, ओओआईसीएल को पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) के रूप में 1 मार्च 2018 से नियुक्त किया गया। श्री कुटुंबे प्रवीण हरि, कार्यकारी निदेशक (निवेश/निगरानी एवं लेखांकन), भारतीय जीवन बीमा निगम 12 मार्च 2018 से पूर्णकालिक सदस्य (वित्त एवं निवेश) के रूप में नियुक्त किये गये।

**IV.1.2** श्री एस. बी. माथुर, भूतपूर्व अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम को भारत सरकार द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिए अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया जो उक्त पद पर 23 सितंबर 2017 तक रहे। श्री रवि मित्तल, अपर सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय को श्री एन. श्रीनिवास राव, आर्थिक सलाहकार, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय के स्थान पर प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में 17 जुलाई 2017 से नियुक्त किया गया। सुश्री सुषमा नाथ, भूतपूर्व वित्त सचिव, प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में वर्ष के दौरान जारी रहीं। सीए नीलेश एस. विकमसे, जो 11 फरवरी 2018 तक प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में जारी रहे, के स्थान पर सीए नवीन एन. डी. गुप्ता, अध्यक्ष, भारतीय सनदी लेखाकार संघ, 12 फरवरी 2018 से प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य बन गये।

## IV.2 प्राधिकरण की बैठकें

**IV.2.1** वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान प्राधिकरण की चार बैठकें आयोजित की गईं। इसी अवधि में बीमा सलाहकार समिति की दो बैठकें बुलाई गईं, जिसका विवरण इसके नीचे दिया जाता है:

**प्राधिकरण की बैठकें :**

1) प्राधिकरण की 97वीं बैठक 31 मई 2017 को आयोजित की गई
2) प्राधिकरण की 98वीं बैठक 28 अगस्त 2017 को आयोजित की गई
3) प्राधिकरण की 99वीं बैठक 29 नवंबर 2017 को आयोजित की गई
4) प्राधिकरण की 100वीं बैठक 9 फरवरी 2018 को आयोजित की गई

**बीमा सलाहकार समिति की बैठकें :**

1) बीमा सलाहकार समिति की 34वीं बैठक 21 अगस्त 2017 को आयोजित की गई
2) बीमा सलाहकार समिति की 35वीं बैठक 2 फरवरी 2018 को आयोजित की गई

## IV.3 मानव संसाधन

**IV.3.1** स्टाफ संख्या और अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता की समीक्षा समय-समय पर की जाती है। स्टाफ संख्या की पिछली बार समीक्षा मई 2017 में की गई। 31-03-2018 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत और वास्तविक स्टाफ संख्या की स्थिति नीचे दी जाती है:-

| क्रम सं | श्रेणी | 31-03-2017 को | | 31-03-2018 को | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | वास्तविक | स्वीकृत | वास्तविक |
| 1 | I | 229 | 164 | 224 | 196 |
| 2 | III और IV | 24 | 22 | 22 | 17 |

- वर्ष 2017-18 के दौरान, दो स्टाफ उम्मीदवारों सहित सहायक प्रबंधक के ग्रेड में 29 कर्मचारियों ने, प्रबंधक के ग्रेड में 2 कर्मचारियों ने, सहायक महाप्रबंधक के ग्रेड में 1 कर्मचारी ने और उप महाप्रबंधक के ग्रेड में 1 कर्मचारी ने कार्यग्रहण किया।

- सहायक के ग्रेड में 3 कर्मचारियों ने और सहायक प्रबंधक के ग्रेड में 1 कर्मचारी ने त्यागपत्र दिया।

- श्रेणी में 8 अधिकारियों को जनवरी 2018 में नियुक्ति का प्रस्ताव किया गया, तथा तदुपरांत उन्होंने माह अप्रैल 2018 में कार्यग्रहण किया है।

**निम्नलिखित ग्रेडों में पदोन्नतियाँ जुलाई 2017 में की गईं :**

| पदोन्नत ग्रेड | पदोन्नत संख्या |
|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक | 02 |
| महाप्रबंधक | 05 |
| उप महाप्रबंधक | 02 |
| सहायक महाप्रबंधक | 06 |
| प्रबंधक | 01 |

- दो कर्मचारियों को एनएआईसी अंतरराष्ट्रीय फेलोस कार्यक्रम में नामित किया गया।

- एक कर्मचारी को वित्तीय सेवाएँ एजेंसी, जापान द्वारा आयोजित एक सेमिनार में भेजा गया।

- नये भर्ती किये गये 27 सहायक प्रबंधकों को फरवरी, 2018 में राष्ट्रीय बीमा अकादमी, पुणे में चार सप्ताह का प्रवेश प्रशिक्षण दिया गया और तदुपरांत सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनियों में दो सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण उन्हें दिया गया।

- 19 सहायक प्रबंधकों को सरकारी और निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों में चार सप्ताह का पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) प्रशिक्षण दिया गया।

## IV.4 महिला कर्मचारियों के लिए आंतरिक समिति

**IV.4.1** 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतिकार) अधिनियम, 2013' के उपबंधों के अनुसार इस संबंध में शिकायतों का निवारण करने एवं उक्त अधिनियम में निर्धारित विभिन्न उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से 28-08-2017 के कार्यालय आदेश संदर्भ आईआरडीए/एचआर/ओआरडी/पीईआर/200/08/2017 द्वारा आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का पुनर्गठन किया गया है।

**IV.4.2** वर्ष 2017-18 के दौरान आईसीसी को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

**IV.4.3** पिछले वर्ष में प्राप्त एक शिकायत का निपटान इस वित्तीय वर्ष में किया गया।

**श्रेणी-वार स्टाफ संख्या**

| वर्ग | वर्ग-वार स्टाफ संख्या | | | | | | कुल संख्या का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल संख्या | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | |
| | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 |
| श्रेणी - I | 164 | 196 | 19 | 23 | 4 | 7 | 11.58 | 11.73 | 2.44 | 3.57 |
| श्रेणी - III | 22 | 17 | 5 | 2 | 1 | 1 | 22.72 | 11.76 | 4.54 | 5.88 |
| **कुल** | **186** | **213** | **24** | **25** | **5** | **8** | **12.90** | **11.74** | **2.68** | **3.75** |

## IV.5 राजभाषा का संवर्धन

**IV.5.1** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने कार्यालय के कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने एवं राजभाषा अधिनियम, 1963 और उसके अधीन बनाये गये राजभाषा नियम, 1976 के विभिन्न उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपने संगठित प्रयास करना जारी रखा।

**IV.5.2** राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न उपबंधों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक अलग राजभाषा कार्यान्वयन विभाग (ओएलआई) कार्यरत है। संसद के पटल पर रखे जानेवाले सभी दस्तावेज द्विभाषिक रूप में तैयार किये गये। वर्ष के दौरान, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976, हिन्दी के प्रयोग के लिए भारत सरकार द्वारा दिये गये वार्षिक कार्यक्रम तथा समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों सहित भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये गये। राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हिन्दी में प्राप्त पत्रों/अभ्यावेदनों/अपीलों/आरटीआई आवेदनों का उत्तर हिन्दी में दिया गया। उपर्युक्त नियमों के नियम 11 का कार्यान्वयन भी सुनिश्चित किया गया।

**IV.5.3** राजभाषा विभाग ने राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित फार्मेट के अनुसार आईआरडीएआई के सभी विभागों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट से संबंधित डेटा का संग्रहण किया। समेकित डेटा निर्धारित समयावधि में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। तिमाही प्रगति रिपोर्ट के अलावा, छमाही प्रगति रिपोर्ट, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट और मूल्यांकन रिपोर्टें भी तैयार की गईं और उपर्युकत विभागों को प्रस्तुत की गईं। राजभाषा विभाग ने विभागों द्वारा जब भी अपेक्षा की गई तब हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद की व्यवस्था की। इसने सभी कर्मचारियों को अपने दैनंदिन पत्र-व्यवहार में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, प्राधिकरण की बैठकों की कार्यसूची और उनके कार्यवृत्त हिन्दी में तैयार करने में तथा द्विभाषिक रूप में रजिस्टर रखने में सहायता की एवं कार्यालयीन टिप्पण (नोटिंग्स) और दस्तावेजों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया।

**IV.5.4** राजभाषा विभाग ने कर्मचारियों की हिन्दी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान के अनुसार विवरण दर्ज करने के द्वारा उनके हिन्दी ज्ञान का रोस्टर रखा। विशेष रूप से यह कर्मचारियों को हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ और पारंगत के प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को नामित करने में उपयोगी रहा। 2017-18 के दौरान 15 कर्मचारियों को प्रबोध और प्राज्ञ हिन्दी ज्ञान प्रशिक्षण दिया गया, चार कर्मचारियों को हिन्दी टंकण प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा एक कर्मचारी को हिन्दी-अंग्रेजी-हिन्दी अनुवाद में प्रशिक्षित किया गया।

**IV.5.5** संसदीय राजभाषा समिति की अनुच्छेद और साक्ष्य समिति ने 1 सितंबर 2017 को हैदराबाद में आईआरडीएआई के साथ सफल चर्चा कार्यक्रम संचालित किया। अध्यक्ष, सदस्य (बीमांकक) और कार्यकारी निदेशक माननीय सांसदों के साथ उक्त बैठक में उपस्थित रहे। समिति ने राजभाषा के कार्यान्वयन में आईआरडीएआई द्वारा की गई प्रगति की सराहना की।

**IV.5.6** सभी विभाग-प्रमुखों को सदस्यों के रूप में लेते हुए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन किया गया है तथा प्रत्येक तिमाही में बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया गया है। राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ नई दिल्ली कार्यालय (एनडीआरओ) और मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय (एमआरओ) में भी गठित की गई हैं। कर्मचारियों को हिन्दी से संबंधित नियमों से परिचित कराने एवं अपने दैनंदिन कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए यूनिकोड की सहायता से हिन्दी टंकण और सुगमतापूर्वक प्रयोग की जानेवाली अन्य पद्धतियों का उनसे अभ्यास कराने के लिए हिन्दी कार्यशालाओं का संचालन किया गया। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 92 कर्मचारियों ने इन कार्यशालाओं में भाग लिया। हिन्दी कार्यशालाओं के दौरान हिन्दी संबंधी नियमों, हिन्दी के प्रयोग

के लिए वार्षिक कार्यक्रम और सामान्य हिन्दी टिप्पण (नोटिंग्स) की सामग्री वितरित की गई।

**IV.5.7** शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों की सहभागिता के साथ आईआरडीएआई ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), हैदराबाद (टॉलिक) की छमाही बैठकों में भाग लिया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) हैदराबाद (टॉलिक) द्वारा आईआरडीएआई को राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। नौ कर्मचारियों ने न.रा.का.स. (टॉलिक) के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते।

**IV.5.8** राजभाषा विभाग, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय ने राजभाषा के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए 11 नवंबर 2017 को नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय (एनडीआरओ) का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया। हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध लेखकों द्वारा लिखित 43 हिन्दी पुस्तकें पुस्तकालय में सम्मिलित की गईं। तिमाही गृह-पत्रिका 'स्पंदन' हिन्दी और अंग्रेजी में लिखी गई रचनाओं के साथ प्रकाशित की जा रही है।

**IV.5.9** 14 से 28 सितंबर 2017 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिसका उद्घाटन अध्यक्ष महोदय के द्वारा किया गया। इस आयोजन के लिए कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता में 10-सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इस उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जैसे निबंध लेखन, अनुवाद, टिप्पण और प्रारूप-लेखन, आशुभाषण, नारा/विज्ञापन लेखन और अंताक्षरी। पखवाड़े का समापन-उत्सव एक सांस्कृतिक समारोह के रूप में आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारी और उनके परिवार उपस्थित थे। अध्यक्ष और सदस्य (जीवन) ने प्रधान कार्यालय के विभिन्न वर्गों (हिन्दी भाषी और अहिन्दी भाषी) के अंतर्गत 43 कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किये। हिन्दी पखवाड़ा नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय (एनडीआरओ) और मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय (एमआरओ) में भी मनाया गया जिनमें क्रमशः 15 और 5 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

**IV.5.10** राजभाषा विभाग के अधिकारी ने कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग और राजभाषा नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में ओशन इन्फर्मेशन सर्विसेज़, हैदराबाद के लिए एस्सो-इंडियन नेशनल सेंटर में एक अतिथि-व्याख्यान दिया। राजभाषा विभाग हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपभोक्ता जागरूकता सामग्री प्रकाशित करने के लिए आईआरडीएआई के संचार विभाग के साथ परस्पर सक्रियता सहित नियमित रूप से संपर्क में रहा।

## IV.6 अनुसंधान और विकास

**IV.6.1** यहाँ इसके नीचे सूचीबद्ध अन्य कार्यकलापों के अलावा, वार्षिक रिपोर्ट और भारतीय बीमा सांख्यिकी पर पुस्तिका (हैंड-बुक) के संकलन के लिए केन्द्रीय स्थल (नोडल पॉइन्ट) के रूप में विभाग का रहना जारी है, जो समय-शृंखला डेटा से युक्त एक वार्षिक प्रकाशन है।

**IV.6.2** 2008 में भारतीय बीमा संबंधी हैंड-बुक के प्रथम संस्करण के प्रकाशन के परिणामस्वरूप, अनुसंधान और विकास विभाग ने उद्योग में विभिन्न हितधारकों की बढ़ती हुई आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए इस प्रकाशन के दायरे का विस्तार करना जारी रखा। इस हैंड-बुक का 10वाँ संस्करण फरवरी 2018 में प्रकाशित किया गया जिसमें 98 समय-शृंखला डेटा सारणियाँ शामिल की गईं। प्रस्तुत हैंडबुक में चार वित्तीय वर्षों का डेटा प्रकाशित किया गया है, जबकि अन्य वित्तीय वर्षों का डेटा आईआरडीएआई की वेबसाइट पर सॉफ्ट फार्म में उपलब्ध है। उक्त हैंडबुक के परवर्ती संस्करणों में इसके विस्तार और विषय-वस्तु में सुधार लाने के लिए विभाग के प्रयास जारी हैं।

**IV.6.3** जब भी अपेक्षा की जाती है तब आर एण्ड डी अनुभाग विभिन्न प्रकार का डेटा भारतीय रिज़र्व बैंक, एमओएसपीआई, डीएफएस और ओईसीडी को उपलब्ध कराता रहा है। आर एण्ड डी अनुभाग भारतीय रिज़र्व बैंक को अनुरोध किये जाने पर छाया बैंकिंग संबंधी आवधिक डेटा उपलब्ध करा रहा है। नेटवर्क विश्लेषण तिमाही आधार पर और वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की तैयारी के लिए निविष्टियाँ छमाही तौर पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

**IV.6.4** भारत सरकार ने बीमा क्षेत्र के लिए दो उप-समितियों का गठन किया है, एक 'सेवा उत्पादन सूचकांक' के निर्माण और दूसरी 'सेवा कीमत सूचकांक' के निर्माण के लिए है जिससे थोक मूल्य सूचकांक के निर्माण में उक्त क्षेत्र के उत्पादन को शामिल किया जा सके।

**IV.6.5** क्षेत्रीय विकास विभाग (एसडीडी) का आरएण्डडी अनुभाग सेवा कीमत सूचकांक और सेवा उत्पादन सूचकांक के निर्माण के लिए अपेक्षित डेटा उपलब्ध कराते हुए एमओएसपीआई को निरंतर सहायता प्रदान करता रहा है।

**IV.6.6** विश्व भर में वित्तीय संस्थाओं की अंतर-संबद्धता के कारण अब सारी दुनिया में वित्तीय क्षेत्र में प्रणालीगत जोखिम एक बड़ी चिंता का विषय है। विपुल मात्रा में बीमा कंपनियों की निधियों की राशि का निवेश भी वित्तीय प्रणाली में किया जाता है। ऐसे प्रणालीगत जोखिम की किसी भी संभावना का पता लगाने और वित्तीय स्थिरता को बहाल करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ऐसे डेटा का संग्रहण और विश्लेषण कर रहा है। आईआरडीएआई का क्षेत्रीय विकास विभाग (एसडीडी) भारतीय रिज़र्व बैंक की अपेक्षा के अनुसार 21 चयनित बीमा कंपनियों से उक्त डेटा का संग्रहण तिमाही आधार पर करता रहा है और भारतीय रिज़र्व बैंक को उनके यहाँ विश्लेषण के लिए भेज रहा है।

## IV.7 सूचना प्रौद्योगिकी की स्थिति

प्रौद्योगिकी को निरंतर अपग्रेड करना आईआरडीएआई के विभिन्न विभागों के प्रभावी और कार्यकुशल परिचालन के लिए अत्यावश्यक है। अतः वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी को अपग्रेड करने के अनेक कार्यकलाप संपन्न किये गये हैं।

**IV.7.1** व्यावसायिक विश्लेषण-पद्धति परियोजना (बीएपी):

बीएपी का अभिकल्पन विशेष रूप से विनियमित संस्थाओं के परोक्ष (ऑफ़साइट) पर्यवेक्षण के लिए किया गया था। यह परिचालन विभागों को विभिन्न बीमाकर्ताओं/ मध्यवर्तियों से प्राप्त डेटा का विश्लेषण करने में समर्थ बनाती है तथा आवधिक आधार पर आईआरडीएआई को डेटा/ विवरणियाँ प्रस्तुत करने में भी विनियमित संस्थाओं को समर्थ बनाती है। उक्त पोर्टल को 01 जनवरी 2016 से पूर्णतः परिचालित किया गया है।

चूँकि बीएपी एक विनियामक साधन है, अतः यह अत्यावश्यक है कि इस साधन को विनियामक परिवर्तनों के साथ अद्यतन रखा जाए, जिससे ऑफ-लाइन निगरानी प्रणाली को आईआरडीएआई की वर्तमान विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप रखना सुनिश्चित किया जा सके। इस संबंध में करार में निर्धारित परिवर्तन प्रबंध कार्यपद्धति के अनुसार बीएपी के विभिन्न मॉड्यूलों में परिवर्तनों के कार्यान्वयन के प्रति वर्ष 2017-18 के दौरान 1.36 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई।

संविदा की विधिमान्यता भी 30 नवंबर 2019 तक बढ़ाई गई तथा परियोजना लागत को संशोधित कर 32.57 करोड़ रुपये किया गया जैसा कि 31 मई 2017 को आयोजित प्राधिकरण की 97वीं बैठक में अनुमोदित किया गया।

**बीएपी संबंधी प्रशिक्षण:**

आईआरडीएआई के परिचालन विभागों के सभी नये कार्यग्रहण करनेवाले स्टाफ को बीएपी के उनके संबंधित मॉड्यूलों पर व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष के दौरान, हैदराबाद और मुंबई में बीमा दलालों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये गये।

**बीएपी मॉड्यूल के उपयोग की स्थिति:**

बीएपी में पोर्टल के निम्नलिखित मॉड्यूलों का व्यापक रूप से उपयोग किया गया:

क) निवेश मॉड्यूल (विवरणियों की ऑनलाइन फाइलिंग)
ख) जीवन मॉड्यूल (विवरणियों की ऑनलाइन मॉड्यूल)
ग) विज्ञापन (जीवन/साधारण/स्वास्थ्य)
घ) दलाल मॉड्यूल (पंजीकरण और ऑनलाइन फाइलिंग)
ङ) सर्वेक्षक (पंजीकरण और ऑनलाइन फाइलिंग)
च) उत्पाद फाइलिंग (जीवन और गैर-जीवन)
छ) कार्यालय फाइलिंग (जीवन/साधारण/स्वास्थ्य)
ज) एफएण्डए (जीवन और गैर-जीवन)

विनियमों / दिशानिर्देशों में संशोधनों के कारण निम्नलिखित मॉड्यूलों में बड़े संशोधन किये जा रहे हैं :

क) टीपीए (पंजीकरण और ऑनलाइन फाइलिंग)
ख) स्वास्थ्य (पंजीकरण और ऑनलाइन फाइलिंग)
ग) एफएण्डए (जीवन और गैर-जीवन)
घ) बीमाकर्ता पंजीकरण

**बीएपी में पूरी की गई अन्य गतिविधियाँ**

क) पोर्टल की सुधरी हुई प्रयोक्ता-अनुकूलता।

ख) सर्वेक्षक मॉड्यूल के लिए प्रतिसूचना (फीडबैक) व्यवस्था और प्रायः पूछे जानेवाले प्रश्न (एफएक्यू)।

ग) सर्वेक्षक टैब-सर्वेक्षक एफएक्यू लिंक के अंतर्गत अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए स्वयं-शिक्षण दस्तावेज और वीडियो रखे गये हैं।

घ) सर्वेक्षक मॉड्यूल में उसकी निर्बाध कार्यपद्धति सुनिश्चित करने के लिए बड़े तकनीकी दोष ठीक किये गये हैं।

ङ) विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं और नये बीमाकर्ताओं को बीएपी का भाग बनाया गया है।

### IV.7.2 नवीनतम (स्टेट-ऑफ-आर्ट) आईटी बुनियादी संरचना का कार्यान्वयन

वर्ष के दौरान निम्नलिखित को शामिल करते हुए सभी आईटी सुविधाओं का व्यापक कोटि-उन्नयन (अपग्रेडेशन) किया गया। लेखा-परीक्षा / वीडियो वार्तायोजन (कॉन्फ्रेंसिंग) के लिए सुविधा के साथ स्वचालित बैठक कक्ष।

- बैठक आरक्षण प्रबंधन प्रणाली।
- नेटवर्क परतों के सभी स्तरों पर अंतःरचित (बिल्ट-इन) प्रचुरताओं के साथ उच्च गति वाली 10 गीगाबीट आधार से युक्त नया परिसर नेटवर्किंग परिवेश।
- नेटवर्क के सुचारु परिचालन सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन।
- आंतरिक प्रयोक्ताओं, आगंतुकों, बैठक कक्षों और प्रशिक्षण हॉलों के लिए वाई-फ़ाई संबद्धता की स्थापना।
- नई प्रवेश नियंत्रण प्रणाली, आईपी कैमराओं, फेशियल रीडरों, आगंतुक प्रबंध प्रणाली और उन्नत भौतिक सुरक्षा के लिए बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का कार्यान्वयन।

निम्नलिखित गतिविधियों के सफल समापन के साथ नई आईटी सुविधाओं को पूर्णतः परिचालित किया गयाः

क) सुचारू स्थानांतरण को संभव बनाने के लिए दो कार्यालय परिसरों के बीच अस्थायी लीज्ड लाइन संबद्धता की स्थापना।

ख) परिचालनों के लिए न्यूनतम अनुपलब्धता-समय (डाउन-टाइम) के साथ निर्बाध रूप से समूची आईटी बुनियादी व्यवस्था को पुराने कार्यालय से नये कार्यालय स्थल पर स्थानांतरित करना।

ग) आईआरडीएआई के नये कार्यालय परिसर में नेटवर्किंग की बुनियादी व्यवस्था का संस्थापन करना और उसे परिचालित करना।

घ) कर्मचारियों के लिए 20एमपीबीएस प्राथमिक इंटरनेट लीज्ड लाइन के साथ बैक-अप 20एमपीबीएस इंटरनेट लीज्ड लाइन की स्थापना।

### IV.7.3 ईआरपी परिदृश्य के लिए प्रौद्योगिकी का कोटि-उन्नयन

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों के समापन के साथ, समूचे ईआरपी समाधान का प्रौद्योगिकीगत परिदृश्य नवीनतम वर्शन में सफलतापूर्वक अंतरित किया गयाः

1. उपयुक्त निविदा प्रक्रिया के माध्यम से नये हार्डवेयर सेट-अप का प्रापण, उसका संस्थापन और ईआरपी के नवीनतम वर्शन में अंतरण।
2. ऋण, उपस्थिति, छुट्टी, प्राप्ति, भुगतान, आदि से संबंधित आवश्यकतानुसार तैयार की गई रिपोर्टों का विकास और कार्यान्वयन।

### IV.7.4 अन्य प्रमुख गतिविधियाँ

वर्ष 2017-18 के दौरान पूरी की गई अन्य प्रमुख गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :-

1. सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) एवं केन्द्रीकृत सरकारी अधिप्राप्ति पोर्टल के माध्यम से आईटी आस्तियों की अधिप्राप्ति के लिए ई-प्रापण के प्रति सफलतापूर्वक अंतरण किया।

2. उपयुक्त निविदा प्रक्रिया के माध्यम से बीमा शिकायत निवारण कक्ष (आईजीसीसी) की स्थापना।

3. कॉरपोरेट एजेंसी पंजीकरणों के नवीकरण, केवाईसी विवरण के संग्रहण और वेब-वालेट समाधान के संबंध में आवश्यकताओं पर रोक लगाना (फ्रीजिंग)।

4. आंतरिक कर्मचारियों के लिए 20एमपीबीएस प्राथमिक इंटरनेट लीज्ड लाइन के साथ बैकअप 20एमपीबीएस इंटरनेट लीज्ड लाइन की स्थापना।

5. पुनर्बीमा व्यवसाय को सरल बनाते हुए विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं को आबंटित यूआईएन को देखने के लिए सम्मिश्र और पुनर्बीमा दलालों को समर्थ बनाया।

6. क्षेत्रीय कार्यालयों में संस्थापित आईटी उपस्कर की वार्षिक रखरखाव संविदाओं का नवीकरण

### IV.7.5 पूरी की गई अन्य प्रमुख गतिविधियाँ:

1. आईटी आस्तियों का पुराने से नये भवन में तृटि-रहित अंतरण।

2. पूर्ण अनुपालन के साथ जीएफआर 2017 के अनुसार प्राप्ण पद्धति का कार्यान्वयन, जिसमें जीईएम पोर्टल का उपयोग और सीपीपीपी पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा पद्धति शामिल हैं।

## IV.8 लेखा

**IV.8.1** वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए प्राधिकरण के लेखे भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएण्डएजी) को लेखा-परीक्षा और प्रमाणीकरण के लिए प्रस्तुत किये गये हैं। आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 17 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए लेखा-परीक्षित लेखे राज्यसभा के समक्ष 19 दिसंबर 2017 को तथा लोकसभा के समक्ष 22 दिसंबर 2017 को प्रस्तुत किये गये।

## IV.9 आईआरडीएआई जर्नल

**IV.9.1** प्रचुर मात्रा में सूचना उपलब्ध कराने की समग्र दृष्टि से आईआरडीएआई वर्ष 2002 से आईआरडीएआई जर्नल प्रकाशित कर रहा है जो भारतीय और वैश्विक बीमा क्षेत्र के विकास के बारे में बीमा उद्योग के विभिन्न हितधारकों को सुग्राही बनाने के लिए एक शैक्षिक साधन के रूप में काम आएगा। उच्च अधिकार से युक्त ज्ञान और उद्योग का व्यापक अनुभव रखनेवाले उद्योग के मंजे हुए विशेषज्ञों से प्राप्त अंतर्दृष्टि-पूर्ण लेख जर्नल की शक्ति के विशुद्ध स्रोत रहे हैं। इसके लिए बीमा उद्योग के बहुसर्जक अकादमीशियनों के द्वारा आलेख लिखे जाते हैं तथा उनकी बौद्धिक संपत्ति से यह जर्नल अत्यधिक लाभान्वित हुआ है। प्रायः जर्नल में निहित सामग्री आधुनिक बीमा क्षेत्र की सुविज्ञता की तुलना में अनुभवजन्य परिज्ञान की प्रखर चेतना से युक्त विशेषज्ञों द्वारा दी गई है। आईआरडीएआई जर्नल अपने पाठकगण के लिए सूचना और समाचारों का संग्रहण, प्रसंस्करण और प्रसार करने का निरंतर प्रयास करता है तथा अपने पाठकों के लिए उत्कृष्ट स्तर की रचनाएँ प्रकाशित करना इसका उद्देश्य है। जर्नल में जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्रों के संबंध में सांख्यिकीय सूचना भारतीय बीमा उद्योग की एक विहंगम दृष्टि उपलब्ध कराने के लिए भी प्रकाशित की जाती है। जर्नल की वेब प्रति लगातार सूचना का स्रोत बनी हुई है तथा इसमें विभिन्न हितधारकों के लिए अनेक सामयिक विषय समाविष्ट किये जाते हैं।

इस तिमाही जर्नल का प्रत्येक अंक बीमा उद्योग के लिए संगत एक प्रासंगिक विषय पर केन्द्रित है। जर्नल के प्रारंभ से लेकर उद्योग की गतिशीलता को प्रतिबिंबित करनेवाले विभिन्न विषयों के विस्तार में सम्मिलित ग्राहक सेवा, स्वास्थ्य बीमा, आपदा प्रबंधन, जोखिम न्यूनीकरण में बीमा की भूमिका, बीमा उद्योग में शिकायत निवारण, फसल बीमा, बीमा उद्योग में मध्यवर्तियों की भूमिका, बीमा उद्योग में सीएसआर कार्यकलापों की भूमिका, सूक्ष्म बीमा, मोटर बीमा, बीमा उद्योग में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका, आदि विषय जर्नल द्वारा अत्यंत सावधानीपूर्वक ग्रहण किये गये हैं जिससे पाठकगण को एक आकर्षक और विचारोत्तेजक अनुभव प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, यह जर्नल जनसाधारण के हित के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

## IV.10 आईआरडीएआई कार्यालय भवन

नये भवन का निर्माण पूरा किया गया है तथा अधिभोग प्रमाणपत्र टीएसआईआईसी से 20.12.2017 को प्राप्त किया गया है। आईआरडीएआई ने 26 दिसंबर 2017 से अपने नये कार्यालय परिसर से कार्य करना प्रारंभ किया है। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकय्या नायडू ने 11 फरवरी

2018 को आईआरडीएआई भवन राष्ट्र को समर्पित किया है। इस भवन के निर्माण के लिए 148.98 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की तुलना में 130.33 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई।

**IV.11 आभार-प्रदर्शन**

**IV.11.1** आईआरडीएआई प्राधिकरण के सदस्यों, बीमा सलाहकार समिति के सदस्यों, पुनर्बीमा सलाहकार समिति, वित्तीय सेवाएँ विभाग (वित्त मंत्रालय), परामर्शदात्री समिति के सदस्यों, सभी बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों को अपने समुचित कार्यसंचालन में उनके अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए; तथा आईआरडीएआई के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुसंबद्ध टीम को उनके कर्तव्यों के कुशल निर्वहण के लिए अपनी सराहना और हार्दिक कृतज्ञता को अभिलेखबद्ध करना चाहता है। प्राधिकरण जनसाधारण के सदस्यों, प्रेस, सभी व्यावसायिक निकायों और अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) सहित, अपनी परिषदों के माध्यम से बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को भी समय-समय पर दिये गये उनके मूल्यवान सहयोग के लिए अपने विशेष आभार व्यक्त करता है।

# विवरण

**विवरण 1**

## बीमा व्यापन की अंतरराष्ट्रीय तुलना*

(प्रतिशत में)

| देश | 2016** | | | 2017** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | जीवन | गैर-जीवन | कुल | जीवन | गैर-जीवन |
| आस्ट्रेलिया | 6.52 | 2.99 | 3.53 | 5.81 | 2.33 | 3.48 |
| ब्राजील | 4.04 | 2.28 | 1.76 | 4.05 | 2.28 | 1.77 |
| फ्रांस | 9.23 | 6.06 | 3.17 | 8.95 | 5.77 | 3.18 |
| जर्मनी | 6.08 | 2.75 | 3.33 | 6.04 | 2.63 | 3.41 |
| रूस | 1.38 | 0.25 | 1.13 | 1.4 | 0.36 | 1.04 |
| दक्षिण अफ्रीका | 14.27 | 11.52 | 2.74 | 13.75 | 11.02 | 2.74 |
| स्विट्जरलैंड | 8.85 | 4.72 | 4.12 | 8.53 | 4.41 | 4.12 |
| युनाइटेड किंगडम | 10.16 | 7.58 | 2.58 | 9.58 | 7.22 | 2.36 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 7.31 | 3.02 | 4.29 | 7.1 | 2.82 | 4.28 |
| **एशियाई देश** | | | | | | |
| हांगकांग | 17.6 | 16.2 | 1.41 | 17.94 | 14.58 | 3.36 |
| **भारत#** | **3.49** | **2.72** | **0.77** | **3.69** | **2.76** | **0.93** |
| जापान# | 9.51 | 7.15 | 2.37 | 8.59 | 6.26 | 2.34 |
| मलेशिया# | 4.77 | 3.15 | 1.62 | 4.77 | 3.32 | 1.44 |
| पाकिस्तान | 0.89 | 0.63 | 0.26 | 0.86 | 0.6 | 0.26 |
| चीनी जनतांत्रिक गणराज्य | 4.15 | 2.34 | 1.81 | 4.57 | 2.68 | 1.89 |
| सिंगापुर | 7.15 | 5.48 | 1.67 | 8.23 | 6.64 | 1.58 |
| दक्षिण कोरिया# | 12.08 | 7.37 | 4.72 | 11.57 | 6.56 | 5 |
| श्रीलंका | 1.12 | 0.52 | 0.6 | 1.16 | 0.54 | 0.62 |
| ताइवान | 19.99 | 16.65 | 3.34 | 21.32 | 17.89 | 3.42 |
| थाईलैंड | 5.42 | 3.72 | 1.7 | 5.29 | 3.59 | 1.69 |
| **विश्व** | **6.28** | **3.47** | **2.81** | **6.13** | **3.33** | **2.8** |

*स्रोत: स्विस आरई, सिगमा खंड 3/2017 और 3/2018*

** बीमा व्यापन का मापन जीडीपी (अमेरिकी डॉलर में) की तुलना मे प्रीमियम (अमेरिकी डॉलर में) के अनुपात के रूप में किया जाता है।*

*** डेटा कैलेंडर वर्ष 2016 और 2017 से संबंधित है।*

*# डेटा वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 से संबंधित है।*

विवरण 2

## बीमा सघनता की अंतरराष्ट्रीय तुलना*

(अमेरिकी डॉलर में)

| देश | 2016** | | | 2017** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | जीवन | गैर-जीवन | कुल | जीवन | गैर-जीवन |
| आस्ट्रेलिया | 3397.1 | 1558.5 | 1836.6 | 3247.0 | 1304.0 | 1942.0 |
| ब्राजील | 346.3 | 195.5 | 150.8 | 398.0 | 224.0 | 174.0 |
| फ्रांस | 3395.3 | 2227.7 | 1167.5 | 3446.0 | 2222.0 | 1224.0 |
| जर्मनी | 2547.6 | 1150.6 | 1397.1 | 2687.0 | 1169.0 | 1519.0 |
| रूस | 122.8 | 22.4 | 100.3 | 152.0 | 39.0 | 113.0 |
| दक्षिण अफ्रीका | 762.5 | 615.8 | 146.7 | 842.0 | 674.0 | 167.0 |
| स्विट्जरलैंड | 6933.5 | 3700.3 | 3233.0 | 6811.0 | 3522.0 | 3289.0 |
| युनाइटटेड किंगडम | 4063.6 | 3033.2 | 1030.5 | 3810.0 | 2873.0 | 938.0 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 4174.1 | 1724.9 | 2449.2 | 4216.0 | 1674.0 | 2542.0 |
| **एशियाई देश** | | | | | | |
| हांगकांग | 7678.8 | 7065.6 | 613.2 | 8313.0 | 6756.0 | 1557.0 |
| **भारत#** | **59.7** | **46.5** | **13.2** | **73.0** | **55.0** | **18.0** |
| जापान# | 3731.7 | 2803.4 | 928.3 | 3312.0 | 2411.0 | 901.0 |
| मलेशिया# | 452.2 | 298.3 | 153.9 | 486.0 | 339.0 | 147.0 |
| पाकिस्तान | 13.1 | 9.2 | 3.9 | 13.0 | 9.0 | 4.0 |
| चीनी जनतांत्रिक गणराज्य | 337.1 | 189.9 | 147.2 | 384.0 | 225.0 | 159.0 |
| सिंगापुर | 3776.8 | 2894.5 | 882.4 | 4749.0 | 3835.0 | 915.0 |
| दक्षिण कोरिया# | 3361.9 | 2049.6 | 1312.3 | 3522.0 | 1999.0 | 1523.0 |
| श्रीलंका | 45.6 | 21.2 | 24.5 | 47.0 | 22.0 | 25.0 |
| ताइवान | 4320.7 | 3598.7 | 722.0 | 4997.0 | 4195.0 | 803.0 |
| थाईलैंड | 323.4 | 222.0 | 101.4 | 348.0 | 237.0 | 112.0 |
| **विश्व** | **638.3** | **353** | **285.3** | **650** | **353** | **297** |

*स्रोत: स्विस आरई, सिगमा खंड 3/2017 और 3/2018*

** बीमा सघनता का मापन कुल जनसंख्या की तुलना में प्रीमियम (अमेरिकी डॉलर में) के अनुपात के रूप में किया जाता है।*

*** डेटा कैलेंडर वर्ष 2016 और 2017 से संबंधित है।*

*# डेटा वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 से संबंधित है।*

विवरण 3

# नया व्यवसाय प्रीमियम

(₹ करोड़)

| बीमाकर्ता | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एगॉन लाइफ़ | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 31.21 | 150.37 | 274.87 | 207.65 | 135.90 | 147.22 | 207.50 | 136.33 | 99.57 | 147.05 |
| अवीवा | -- | -- | 13.47 | 76.96 | 192.29 | 407.12 | 721.35 | 1053.98 | 724.56 | 798.37 | 745.39 | 801.86 | 687.40 | 593.76 | 556.89 | 320.80 | 243.91 | 325.57 |
| बजाज अलायंज़ | -- | 7.14 | 63.39 | 179.55 | 857.45 | 2716.77 | 4302.74 | 6674.48 | 4491.43 | 4451.10 | 3465.82 | 2717.31 | 2987.90 | 2592.03 | 2702.10 | 2884.52 | 3290.26 | 4291.14 |
| भारती अक्सा | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 7.78 | 113.24 | 292.93 | 437.43 | 347.78 | 224.59 | 248.92 | 375.61 | 474.20 | 539.49 | 608.61 | 730.86 |
| आदित्य बिर्ला सन लाइफ़ | 0.32 | 28.11 | 129.57 | 449.86 | 621.31 | 678.12 | 882.72 | 1965.01 | 2820.85 | 2960.01 | 2080.30 | 1926.17 | 1836.51 | 1697.49 | 1937.94 | 2220.31 | 2534.26 | 2662.80 |
| केनरा एचएसबीसी | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 296.41 | 622.62 | 817.29 | 687.10 | 606.72 | 608.07 | 476.98 | 859.18 | 982.97 | 1227.74 |
| डीएचएफएल प्रामेरिका | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 3.37 | 37.38 | 74.15 | 103.16 | 140.01 | 172.95 | 579.59 | 727.02 | 873.93 | 1455.68 |
| एडेलवेइस टोकियो | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 10.88 | 47.33 | 80.72 | 122.42 | 183.59 | 227.99 | 342.46 |
| एक्साइड लाइफ़ | -- | 4.19 | 17.66 | 72.10 | 282.42 | 283.98 | 467.66 | 704.44 | 688.95 | 642.43 | 660.49 | 638.14 | 638.20 | 567.81 | 644.75 | 632.85 | 862.76 | 759.90 |
| फ्यूचर जनराली | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 2.49 | 149.97 | 486.08 | 448.61 | 345.03 | 240.43 | 224.90 | 252.41 | 255.59 | 399.87 | 582.35 |
| एचडीएफसी स्टैंडर्ड | 0.002 | 32.78 | 129.31 | 209.33 | 486.15 | 1042.65 | 1648.85 | 2685.37 | 2651.11 | 3257.51 | 4059.33 | 3857.47 | 4436.07 | 4038.93 | 5492.10 | 6487.22 | 8696.36 | 11349.61 |
